कब वह दिन आएगा जब कि
क्षमा मांगने का अवसर न रह जाए।
कि मांगते ही रहेंगे?
और जानते हैं भली-भांति कि
जहां से क्षमा मांगी जा रही है
वहां कोई रूपांतरण नहीं है।
वह आदमी वही है जो पिछले वर्ष था।

CS CamScanner


दुःख !
अपेक्षा दुःख हैं---
त्याग का अर्थ पत्नी का त्याग नही,बच्चों का त्याग नही,घरबार का त्याग नही-----असली त्याग हैं अपेक्षा का त्याग------जिसने किसी दूसरे से सुख की अपेक्षा का त्याग कर दिया----------उसे फिर कोई दुखी नही कर सकता।
ओशो
SRB

CamScanner

8:21 pm 0 KB/s VoLTE 4G 60%

facebook

1K 84 comments • 309 shares

Like Comment Share

Osho Thoughts
अहोभाव · 3d ·

अहोभाव

परमात्मा तुम्हारे भीतर है,
कही और खोजोगे तो व्यर्थ ही समय जाएगा।
ओशो

CamScanner

अहोभाव
अहोभाव
ओशो
पग घुंघरू बांध#4
भक्त होने की क्षमता उसी की है जिसकी आंखे सरलता से गीली हो सकती है; जिसका हृदय आंसू अंडेल सकता है। जिसके भीतर भावना है, वही भक्त हो सकता है। जिसके भीतर भाव है, वही भक्त हो सकता है। और भाव के पास शब्द नहीं हैं। भाव के पास आंसू हैं। भाव के पास तर्क नहीं हैं। भाव के पास नाच है, गीत है, गान है। इसलिए तो मीरा नाची, रोई, गाई।

CamScanner

ओशो
बहुत लोग मेरे पैर छू लेते हैं, उसी वक्त मेरा मन होता है,
मैं भी उनके पैर छुऊं, क्योंकि इसके सिवाय कोई और
उत्तर नहीं हो सकता है। लेकिन इतने-इतने लोगों के
अलग-अलग पैर छूना कठिन होगा, शायद वे मुझे
छूने भी न दें, इसलिए मैं इकट्ठे सबके पैर छू लेता हूं।
सबके पैरों में मेरे प्रणाम स्वीकार करें। सबके
भीतर जो परमात्मा बैठा है, वही किसी दिन जागे,
इसकी कामना करता हूं।

CamScanner

तोड़ेंगे गुरुर इश्क का और इस
कदर सुधर जायेंगे...
खड़ी रहेगी मोहब्बत और हम
सामने से ग़ुजर जायेंगे!

CamScanner

॥श्रीहरिः॥

कोई आफत आ जाय तो दस–पन्द्रह मिनट बैठकर नामजप करो और प्रार्थना करो तो रक्षा हो जायगी। सच्चे हृदय से की गयी प्रार्थना से तत्काल लाभ होता है। घरमें बच्चों से प्रतिदिन घण्टा डेढ़ घण्टा भगवन्नाम का कीर्तन करवाओ तो उनकी जरूर सद्बुद्धि होगी और दुर्बुद्धि दूर होगी।

(एक संत की अमूल्य शिक्षा, पृष्ठ संख्या ६)

- श्रद्धेय स्वामी श्रीरामसखदासजी महाराजी

CS CamScanner


पूरी जिंदगी लगा दी... चाबी खोजने में.... अंत में
पता चला कि ताला क्या दरवाजे भी नहीं है...
परमात्मा के घर में।।
भीतर शून्य बाहर शून्य ! शून्य चारों ओर है। मैं
नही हूँ मुझमे फिर भी "मैं , मैं " *का ही शोर है।
CamScanner

8:16 pm 0 KB/s VoLTE 4G 61%



36 1 comment • 2 shares

Like Comment Share

अनकहे अल्फ़ाज
5d ·

#टूटा_दिल_और_शायर💔🥀

CamScanner


समय और शब्दों का प्रयोग सोच समझकर करना चाहिए, क्योंकि दोनों एक बार निकल जाते हैं तो वापस नहीं आते।
महात्मा गौतम बुद्ध 🙏
74
7 comments
Like
Comment
Share

CamScanner



CamScanner

CamScanner



CS CamScanner



CamScanner

CS CamScanner


OSHO
तुम्हें किसी से कितना ही प्रेम हो,यदि तुम उसकी
स्वतंत्रता छीनने लगोगे तो, उसका प्रेम
तुम्हारे प्रति कम होने लगेगा क्योंकि स्वतंत्रता,
प्रेम से अधिक मूल्यवान है

CamScanner



CamScanner



CamScanner

7:57 pm 0 KB/s 63%

🌸💐🌺🌷🌹🌸💐🌺🌷

दोस्तोवस्की को फांसी की सजा दी गयी थी—रूस के एक चिंतक, विचारक, लेखक को।

लेकिन ऐन वक्त पर माफ कर दिया गया। ठीक छह बजे जीवन नष्ट होने को था, और छह बजने के पांच मिनट पहले खबर आयी जार की कि वह क्षमा कर दिया गया है।

दोस्तोवस्की ने बाद में निरंतर कहता था—उस क्षण जब छह बजने के करीब आ रहे थे तब मेरे मन में न कोई वासना थी, न कोई इच्छा थी, न कोई रस था, कुछ भी न था। मैं इतना शांत हो गया था, और मैं इतना शून्य हो गया था कि मैंने उस क्षण में जाना कि साधु, संत जिस समाधि की बात करते हैं वह क्या है। लेकिन जैसे ही जार का आदेश पहुंचा और मुझे सुनाया गया कि मैं छोड़ दिया जा रहा हूं, मेरी फांसी की सजा माफ कर दी गई। अचानक, जैसे मैं किसी शिखर से नीचे गिर गया। बस वापस लौट आया। सब इच्छाएं; सब क्षुद्रतम इच्छाएं, जिनका कोई मूल्य नहीं था क्षणभर पहले, वे सब वापस लौट आयी। पैर में जूता काट रहा था, उसका फिर पता चलने लगा। नया जूता लेना है, उसकी योजना चल रही थी—सब वापस। दोस्तोवस्की कहता था—उस शिखर को मैं दुबारा नहीं छू पाया। जो उस दिन आसन्न मृत्यु के निकट अचानक घटित हुआ था।

हुआ क्या था? अब मृत्यु इतनी सुनिश्चित हो तो चेतना सब संबंध छोड़ देती है। इसलिए समस्त साधकों ने मृत्यु के सुनिश्चय के अनुभव पर बहुत जोर दिया है। बुद्ध तो भिक्षुओं को मरघट में भेज देते थे कि तुम तीन महीने लोगों को मरते, जलते, मिटते, राख होते देखो। ताकि तुम्हें अपनी मृत्यु बहुत सुनिश्चित हो जाए।

और जब तीन महीने बाद कोई साधक मृत्यु पर ध्यान करके लौटता था तो जो पहली घटना उसके मित्रों को दिखाई पड़ती थी, वह थी रस-परित्याग। रस चला गया। रस के जाने का सूत्र है—चेतना और मन का संबंध टूट जाए। वह संबंध कैसे टूटेगा और संबंध कैसे निर्मित हुआ है?

जब तक मैं सोचता हूं—मैं मन हूं, तब तक संबंध है। यह आइडेंटिटी, यह

CamScanner



मैं तुम्हें जगाने आया था,सिखाने नहीं।
तुम सीखते ही गये और जागे नहीं।
मैंने बोला और बहुत बोला कि मेरा मौन
सुनो।
तुमने मेरे शब्दो का लोरी की तरह उपयोग
किया
अपनी बेहोशी और नींद को ही मजबूत किया
मुर्दों की इस बस्ती में,मेरा हृदय पुकार रहा
कोई तो होगा मेरा प्यारा जो अनहद का
संगीत सुने।
शब्दों के कचरे छोड़े ,जागे,और अपनी प्रभुता
के गीत लिखे।

CamScanner

ईर्ष्या के कारण तुम लगातार दुःख में हो, तुम दूसरो के प्रति द्वेष से भर जाते हो और ईर्ष्या के कारण तुम ढोंगी हो जाते हो। तुम वह होने का ढोंग करते हो जो तुम नही हो , जो तुम्हारे लिए प्राकृतिक नही हैं , दूसरो की नकल करने लगते हो , दूसरो से प्रतियोगिता में लग जाते हो।

CamScanner



CS CamScanner


जिस चीज पर
आप जबर्दस्ती
लगाना चाहते हैं,
उस चीज से चित्त
भागेगा और
जिस चीज पर
आप जबर्दस्ती
हटाना चाहते हैं,
उस पर
चित्त आयेगा।
ओशो

CamScanner



CamScanner

यदि तुमने मुझे प्रेम किया है..
तो मेरा शरीर मिट जाएगा तब भी
मैं तुम्हारे लिए नहीं मर सकता ।
मैं मृत्यु सिखाता हूं ।
B : merai

CamScanner

परमात्मा हमारे अंदर है सचमुच
में ये हमारा तन हरिमंदिर है

43 18 comments

CamScanner

7:18 pm 0 KB/s 66%

Create story

Osho Thoughts
Munabai Makvana · 2h ·

प्रश्न : भगवान! बाबा अलाउद्दीन अपने जीवन के अंतिम दिनों में कहा करते थे : सब माटी होए गेलो, अपि तो किछु नाई, नाद-सूर को पार न पायो। क्या उन्हें सदगुरु न मिला, इसलिए वे ऐसा कहते ... See more



9 1 comment • 1 share

Like Comment Share

CamScanner

7:17 pm 3 KB/s 4G 67%

Instagram

oshosmiles .... more

Add a comment...

1 hour ago • See translation

oshotrack

Take it easy, and remember
“easy is right.”

OSHO

651 likes

oshotrack Don't make the search for truth a serious phenomenon. Take it easy, and remember "easy is right... more

View all 4 comments

2 hours ago

CS CamScanner

7:16 pm 569 KB/s VoLTE 4G 67%

Instagram

Titan Lagan Brown Dial Analog Watch for Women with Day & Date function

jinda_mind_osho



42 likes

View 1 comment

Add a comment...

CamScanner

7:16 pm 0 KB/s 67%

1,195 likes

jusdwayyouare #breakup #love #breakupquotes #sad #lovequotes #quotes #brokenheart #heartbroken... more

jinda_mind_osho
Paras Nath • Kiska Rasta Dekhe (Unwind Instrumental)



99 likes

Add a comment...

CamScanner

7:15 pm 139 KB/s 67%



663 likes

aatamshanti भीड मुर्दों को पूजती है...

.... more

View all 4 comments

CamScanner

7:15 pm 0 KB/s VoLTE 4G 67%

1,34,553 views

sedagokselhealing In shamanic traditions, fire and water are often seen as essential elemental energies with dis... more

View all 3 comments

oshosmiles

OSHO SMILES

सत्य सिर्फ उनके लिए है,
जो अज्ञात की यात्रा पर
साहसपूर्वक निकलने को
तैयार हैं; जो राजी हैं
तूफानों में अपनी नाव
छोड़ देने को।

3 likes

oshosmiles .... more

Add a comment...

3 days ago • **See translation**

ek_aksharr

CamScanner

7:13 pm 0 KB/s 67%

Instagram

m_shashiprakash dance_with_myra_sk oshonanda

oshosmiles

OSHO SMILES

तुम्हारी धारणा के अनुकूल कोई कुछ कह दे,
बस तुम्हें बात जंच जाती है।

और अब जरूरत आ गई है कि तुम्हारी
सारी धारणाएं तोड़नी पड़ेंगी, तो ही इस
देश का कोई भाग्य रूपांतरित हो सकता
है।

2 likes

oshosmiles .... more

Add a comment...

11 hours ago • See translation

phoenixrisingpoet
Sponsored

CamScanner

7:10 pm 1 KB/s 67%

करना मत भूलना 👉👉 @osho_hindi_quotes... more

View all 7 comments

Add a comment...

23 hours ago • **See translation**

oshosmiles

OSHO SMILES

मैं तुमसे यह कहना चाहता हूं कि
संसार दुख है, क्योंकि हम मूढ़ हैं,
अन्यथा संसार दुख नहीं है। जहां
इतने मूढ़ इकट्ठे हों, वहां दुख होना
स्वाभाविक है।

3 likes

oshosmiles .... more

Add a comment...

2 days ago • **See translation**

Suggested reels ▶ **Watch all**

CamScanner


ओशो
सत्य बहुत खतरनाक है, उनसे सावधान
रहना क्योंकि जिसके भी जीवन के भ्रम टूट
जाते है उसका जीना मुश्किल हो जाता है।

CamScanner

लोग एक-दूसरे के प्रेम में पड़ जाते हैं तो कहते हैं कि एक जन्म से ही काम नहीं चलेगा, जन्मों-जन्मों तक साथ रहेंगे। कल का जिनको भरोसा नहीं है, वे जन्मों-जन्मों की बात कर रहे हैं।
ये ही सज्जन कल तलाक देने के लिए अदालत में खड़े मिल जाएंगे। मगर अभी एक दिन पहले कह रहे थे कि जन्मों-जन्मों तक।

CamScanner

आजकल के युग की दास्तां..

बड़े घर - परिवार नही

ज्यादा पढ़ाई - तमीज़ नही

महंगी दवाई - सेहत नही

चंद्रमा छूना है - पड़ोसी का पता नही

आमदनी ज्यादा - सुकून नही

बौद्धिक स्तर ऊंचा - भावना नही

ज्ञान ज्यादा - अक्ल नही

प्रेम सम्बंध बहुत - सच्चा प्यार नही

फेसबुक के दोस्त बहुत - सच्चा दोस्त नही

शराब ज्यादा - पानी नही

इंसान बहुत - इंसानियत नही

घडिया बहुत - समय नही

CS CamScanner

6:48 pm 0 KB/s
68%
facebook

स्याही के धब्बे को इस ढंग से बना दें कि वह तस्वीर का हिस्सा और श्रृंगार बन जाए। न कुशल हुए तो पोंछने की कोशिश करेंगे, इसमें थोड़ी-बहुत तस्वीर खराब भी हो सकती है।

अगर आपने रवींद्रनाथ की कभी हाथ से लिखी, हस्तलिखित प्रतिलिपियां, उनकी हस्तलिखित पांडुलिपियां देखी हैं तो आप बहुत चकित होंगे। रवीनद्रनाथ से कहीं अगर कोई भूल अक्षर में हो जाए तो वे उसको ऐसे नहीं काटते थे, वे उसे काटकर वहां एक चित्र बना देते और कागज को सजा देते। तो उनकी पांडुलिपियां सजी पड़ी हैं। जहां उन्होंने काटा है, वहां सजा दिया है। अच्छा है, पांडुलिपि में करना बुरा नहीं है, आंख को सोहता है। लेकिन आदमी जिदगी में भी यही करता है। वह पश्चात्ताप धब्बों को चित्र बनाने की कोशिश या धब्बों को पोंछ डालने की कोशिश है। पश्चात्ताप प्रायश्चित नहीं है, लेकिन हम सब तो पश्चात्ताप को ही प्रायश्चित समझते हैं।

पश्चात्ताप बहुत साधारण-सी घटना है, जो मन का नियम है। मन के नियम को थोड़ा समझ लें कि पश्चात्ताप पैदा सबको होता है। यह मन का सामान्य नियम है। प्रायश्चित साधना है। अगर महावीर प्रायश्चित का अर्थ पश्चात्ताप करते हों तो यह तो कोई बात ही न हुई।

यह तो सभी को होता है। ऐसा आदमी खोजना कठिन है जो पछताता न हो। अगर आप खोजकर ले आएं, तो वह आदमी ऐसे ही हो सकता है जैसा महावीर हो। बाकी आदमी मिलना मुश्किल है जो पछताता न हो। पश्चात्ताप तो जीवन का सहज क्रम है। हर आदमी पश्चात्ताप करता है। तो इसको साधना में गिनाने की क्या जरूरत है? पश्चात्ताप साधना नहीं, मन का नियम है। मन का यह नियम है कि मन एक अति से दूसरी अति पर डोल जाता है। तो मन के इस नियम में थोड़े गहरे प्रवेश कर जाएं तो पश्चात्ताप समझ में आ जाए। फिर प्रायश्चित की तरफ ध्यान उठ सकता है।

आचार्य श्री रजनीश
महावीर वाणी-(प्रवचन-14)

CamScanner

6:44 pm 0 KB/s VoLTE 4G 69%

Muhabai Makvana

।। प्रायश्चित मतलब स्वयं की चेतना का सम्पूर्ण रूपांतरण ।।

महावीर के पास कोई साधक आता था तो वे उसे पिछले जन्म के स्मरण में ले जाते थे, सिर्फ इसीलिए ताकि वह देख ले कि वह कितनी बार यही सब दोहरा चुका है और यह कहना बंद कर दे कि मेरे कर्म की भूल है और यह जान ले कि भूल मेरी है। पश्चात्ताप, कर्म गलत हुआ, इससे संबंधित है। प्रायश्चित, मैं गलत हूं, इस बोध से संबंधित है। और ये दोनों बातें बहुत भिन्न हैं, इसमें जमीन आसमान का फर्क है। पश्चात्ताप करनेवाला वही का वही बना रहता है और प्रायश्चित करनेवाले को अपनी जीवन चेतना रूपांतरित कर देनी होती है। सवाल यह नहीं है कि मैंने क्रोध किया तो मैं पछता लूं। सवाल यह है कि मुझसे क्रोध हो सका तो मैं दूसरा आदमी हो जाऊं, ऐसा आदमी जिससे क्रोध न हो सके--प्रायश्चित का यह अर्थ है। ट्रांसफमशन आफ द लेवल आफ द बीइंग। यह सवाल नहीं है कि मैंने कल क्रोध किया था, आज मैं नहीं करूंगा। सवाल यह है--कल मुझसे क्रोध हुआ था, मैं कल के ही जीवन तल पर आज भी हूं। वही चेतना मेरी आज भी है। पश्चात्ताप करनेवाला कल के लिए क्षमा मांग लेगा। हर वर्ष हम मांगते हैं मिच्छामि दुक्कड़म, हर वर्ष हम मांगते हैं, क्षमा कर दे । पिछले वर्ष भी मांगा था , उसके पहले भी क्षमा मांगी थी। कब वह दिन आएगा जब कि क्षमा मांगने का अवसर न रह जाए। कि मांगते ही रहेंगे। और जानते हैं भली-भांति कि जहां से क्षमा मांगी जा रही है वहां कोई रूपांतरण नहीं है। वह आदमी वही है जो पिछले वर्ष था।

एक मित्र पिछले पूरे वर्ष से मेरे संबंध में अनूठी कहानियां प्रचारित करते हैं। अब यह पर्युषण पूरे हुए तो उनका कल पत्र आया कि मुझे क्षमा कर दें। ऐसा नहीं कि मैंने जाने अनजाने अपराध किए हों, उनके लिए क्षमा कर दें--पत्र में लिखा है, मैंने अपराध किए हैं, उनके लिए क्षमा कर दें, और मैं हृदय की गहराई से क्षमा मांगता हूं। लेकिन मैं जानता हूं कि पत्र लिखने के बाद उन्होंने वही काम पुनः जारी कर दिया होगा। क्योंकि पत्र लिखने से वह रूपांतरण नहीं हो जानेवाला है। क्षमा मांग लेने से आप नहीं बदल जाएंगे, आप फिर वही होंगे। सच तो यह है--जो क्षमा मांग लेने से आप नहीं बदल जाएंगे, आप फिर वही होंगे। सच तो यह है--जो क्षमा मांग रहा है वही आदमी है जिसने अपराध किया है। प्रायश्चित

CamScanner

यह सारा जगत परमात्मा का है, सब कुछ
उसका है। और कलियुग की रीत देखो।
हर आदमी कह रहा है, मेरा—मेरा।
न जमीन तुम्हारी है; जमीन तुम ले न आये
थे, और न ले जाओगे। न पति तुम्हारा है,
न पत्नी तुम्हारी, न बेटे तुम्हारे।
हमारा क्या! न धन हमारा है, न पद हमारा है।
कुछ भी हमारा नहीं है। हम एक दिन खाली हाथ
आये हैं, और एक दिन खाली हाथ चले जायेंगे।
न हम कुछ लाते हैं, न हम कुछ ले जाते हैं,
मगर बीच में हम कितना शोरगुल मचाते हैं।
उसी शोरगुल का नाम संसार है।
फिर पीछे पछताओगे। जो जहा है वहीं पड़ा
रह जायेगा। जो जैसा है वैसा ही पड़ा रह
जायेगा। अंतिम समय बहुत पछताओगे।
इसके पहले जागो, समझो : मेरा कुछ भी
नहीं है, सब उसका है। मैं भी उसका हूं।
यह बोध उठने लगे तो तुम्हारे जीवन में
धर्म की पहली किरण उतरी।

OshO

CamScanner

Hindi Songs's Lyrics

Lyrics

Jaane Woh Kaise Log The / जाने वो कैसे लोग थे, जिनके प्यार को प्यार मिला

जाने वो कैसे लोग थे जिनके प्यार को प्यार मिला
हमने तो जब कलियाँ माँगी, काँटों का हार मिला

खुशियों की मंज़िल ढूँढी तो ग़म की गर्द मिली
चाहत के नग्में चाहे तो आहें सर्द मिली
दिल के बोझ को दूना कर गया जो ग़मख़्वार मिला

बिछड़ गया हर साथी दे कर पल दो पल का साथ
किसको फ़ुरसत है जो थामे दीवानों का हाथ
हमको अपना साया तक अक्सर बेज़ार मिला

इस को ही जीना कहते हैं तो यूँ ही जी लेंगे
उफ़ ना करेंगे, लब सी लेंगे, आँसू पी लेंगे
ग़म से अब घबराना कैसा, ग़म सौ बार मिला

#GuruDutt #MalaSinha #Rehman

geetmanjusha.com

CamScanner

मन और माया कभी नहीं मरते, केवल शरीर कि मृत्यु होती है।

माया मरी न मन मरा, मर मर गया शरीर।
आशा तृष्णा ना मरे कह गए दास कबीर।।

साधना के द्वारा जब सूरत (आत्मा) और मन की गांठ खुल जाती है तो मन अपने श्रोत बृह्म में विलीन हो जाता है और आत्मा अलख लोक(सचखंड) में जाकर परमात्मा में विलीन हो जाती है। उसे मोक्ष की प्राप्ति होना कहते हैं?!

CS CamScanner

एक संगीतकार आसानी से ध्यानी बन सकता है, वह बहुत करीब है। संगीत से बढ़कर ध्यान के करीब कुछ भी नहीं है - शब्दहीन, अर्थहीन, लेकिन अत्यधिक महत्वपूर्ण। यह कुछ नहीं कहता लेकिन बहुत कुछ दिखाता है, कुछ भी व्यक्त नहीं करता लेकिन आपके लिए एक महान वैभव लाता है। संगीतकार से रहस्यवादी की ओर बढ़ें। जिस दिन आपके संगीत में केवल मौन होता है, आप घर आ जाते हैं।

OSHO Monk's Commun

CamScanner


सत्य का मिलना
तो बहुत बड़ा
सौभाग्य है।
सत्य की प्यास
होना भी उतना ही
बड़ा सौभाग्य है।
सत्य न भी मिले,
तो कोई हर्ज नहीं;
लेकिन सत्य की
प्यास ही पैदा न
हो, तो बहुत बड़ा
हर्ज है।
ओशो
OSHOMESSAGE • ओशोसंदेश

CamScanner

Budhhaquotes_Hindi
यदि आप उन चीजों की कद्र नहीं करते जो आपके पास हैं तो आपको खुशी कभी भी नहीं मिलेगी ।
Insta

CamScanner


Budhhaquotes_Hindi
ये ज़रूरी नहीं कि
आपका हर करीबी
व्यक्ति आपका
शुभचिंतक हो, उनमें
से कुछ आपका शुभ
होता देखकर चिंतित
भी हो जाते हैं
ndi

CamScanner


ओSHO
जो जर्फ उठा ले वहीं कुंजा बन जाए।
जिस जगह बैठ के पी ले वहीं मायखाना बने
जो जहां जैसा है उसमें ही रस आ जाए
तो मुक्ति आई मोक्ष आया।
@O.S.H.O_

CamScanner

sanatankathasangrah
Om Voices • Shuklambaradharam Vishnum – Vishnu Sh...
7 चक्र समस्त शक्तियों के केंद्र
सहस्त्रार चक्र
इस चक्र पर केवल गुरु का ध्यान किया जाता है।
आज्ञा चक्र
इस चक्र पर मंत्र का आघात करने से शरीर के सारे चक्र नियंत्रित होते हैं।
विशुद्ध चक्र
यह चक्र आकाश तत्त्व और आठों सिद्धियों से सम्बन्ध रखता है,संगीत के सातों सुर इसी चक्र का खेल हैं ।
अनाहत चक्र
व्यक्ति की भावनाएँ और साधना की आंतरिक अनुभूतियाँ इस चक्र से सम्बन्ध रखती हैं।
मणिपुर चक्र
मन या शरीर पर पड़ने वाला प्रभाव सीधा मणिपुर चक्र पर पड़ता है।
@sanatankathasangrah
स्वाधिष्ठान चक्र
इसी चक्र से व्यक्ति के अन्दर काम भाव और उन्नत भाव जाग्रत होता है।
मूलाधार चक्र
आध्यात्मिक रूप से धर्म,अर्थ,काम और मोक्ष का नियंत्रण।

CamScanner

budhhaquotes_Hindi
एकांत तुम्हारा
स्वभाव है, तुम
अकेले पैदा हुए
तुम अकेले ही
मरोगे!!
uotes_hindi

CamScanner


Budhhaquotes_Hindi
अपने मन से गंदगी निकालने का पहला है। इस बात को स्वीकार लेना कि मेरे मन में गंदगी है।
Insta

CamScanner


आदमी अपने
भीतर अपना
मनोभाव देखता है।
दूसरा व्यक्ति उसके
बाहर क्या कृत्य
घट रहा है, वह
देखता है।
इसलिए कोई
किसी को समझ
नहीं पाता।
ओशो
OSHOMESSAGE • ओशोसंदेश

CamScanner



CamScanner

CamScanner

आसमां पे ठिकाने, किसी के नहीं होते,
जो ज़मीं के नहीं होते, वो कहीं के नहीं होते !!

CamScanner

मुस्कुराते फूलों में ना दिखा
तो पत्थर की मूरत में क्या दिखेगा,,,
इबादत की नज़र से देखेगा,,
तो ज़र्रे ज़र्रे में खुदा दिखेगा..!

CamScanner

मातृहीन, पितृहीन, गुणहीन, धनहीन, गृहहीन विपिन बिहारी है।
शिशगंग, भालचंद्र, नेत्रलाल, कण्ठव्याल, भस्मयुक्त, नग्नतन जटा जूटधारी है।
#भूतेश्वर #नागेश्वर डमरू त्रिशुलधर, अशुचि का घर बैल उसकी सवारी है।
सत्यम शिवम् सुंदरम कहे #वेद जिसे, पूरे #विश्व का वही मेरा #शिव अधिकारी है।
#सावन

CamScanner



CamScanner

किसी गांव में बहुत दिनों के बाद एक साधु आये।

इस गांव में भगवान के तीन मंदिर थे।

प्रत्येक वर्ष इनका जीर्णोद्धार किया जाता था। इसके अलावा कोई भगवान को नई घंटियां देता, तो कोई नए वस्त्र और आभूषण देता। कोई कलश को सोने से मढ़ देता था। कोई क्या तो कोई क्या करता! गाँव में जाने के लिए कोई सड़क नहीं थी, भले ही गाँव के लोग पीने के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हों,भले ही खेत वीरान पड़े हों, उन्होंने इसके लिए कुछ नहीं किया पर वे गाँव के मंदिरों में दान देने से नहीं हिचकिचाते थे। मंदिर भव्य थे.

इसी वर्ष गाँव में चौथे मंदिर का निर्माण प्रारम्भ हुआ।

मंदिर के लिए पत्थर तोड़ रहे वड्डुर से साधु ने कहा, अरे इस गांव के लोग पागल हैं या खुले विचारों वाले है? उनके किसी भी मंदिर में कोई भगवान नहीं है.और जहां वह नहीं आ सकते. और फिर यह चौथा मंदिर बना रहे है ?

वड्डुर ने कहा, सर, मुझे माफ कर दीजिए. लोग बुद्धिमान हैं. आप पागल या खुले विचारों वाले हो सकते हैं। आपको यह विचार कैसे आया कि मंदिर भगवान के लिए बनाया जा रहा है ? मेरे साथ आइए...

तपस्वी वड्डुर के साथ चल दिया। वड्डुर ने एक पत्थर उठाया और साधु के सामने रखकर कहा, मंदिर इनके लिए बनाया जा रहा है।

मंदिर के निर्माण के बाद आधारशिला के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार पत्थर पर बड़े बड़े अक्षरों में मंदिर निर्माण के लिए सबसे बड़ा दान देने वाले दानदाता का नाम और अन्य छोटे दानदाताओं के नाम जो छोटे अक्षरों में लिखे थे।

ओशो
H.B.K. 870

🐼🐶🐺

CamScanner

एक है नास्तिक, वह अकड़ा हुआ है अहंकार से।
एक है आस्तिक, वह कंप रहा है भय से।
वे दोनों ही धार्मिक नहीं हैं।
धार्मिक है तीसरा व्यक्ति, जो नाच रहा है
अहोभाव से। जो आनंदमग्न है कि
जो मिला है वह अपरंपार है।

CamScanner

संत और
रहस्यदर्शी
हमेशा शांत
और निर्जन
स्थानों पर ही
क्यों रहते है?
संत और रहस्यदर्शी हमेशा शांत और निर्जन स्थानों पर ही क... mo...

CamScanner

क्योंकि वे अभी तक संत एवं रहस्यदर्शी नहीं हैं। वे अभी भी खोज रहे हैं, श्रम कर रहे हैं। वे साधक हैं, सिद्ध नहीं। वे अभी पहुंचे नहीं हैं। शोरगुल उन्हें व्यवधान देगा, भीड़ उन्हें व्यवधान देगी। भीड़ उन्हें वापस अपने तल पर खींचेगी। वे अभी भी कमजोर हैं, उन्हें सुरक्षा चाहिए। उनमें अभी आत्म-विश्वास नहीं है। उन्हें लोभ पकड़ सकता है। उन्हें एकात निर्जन में अपनी रक्षा करनी पड़ती है, जहां वे विकसित और मजबूत हो सकें। जब वे मजबूत हो

🌱🌸संत और रहस्यदर्शी हमेशा शांत और निर्जन स्थानों पर ही क... mo...

CamScanner


मैं तुम्हें एक नई ही बात कह रहा हूं।
मैं तो कह रहा हूं: सब नीति,
सब आचरण, सब बाह्य उपचार हैं।
तुम चैतन्य को जगाओ। तुम चेतना बनो।
तुम ज्यादा से ज्यादा चैतन्य हो जाओ।
तुम्हारी चैतन्यता की क्षमता में ही तुम्हारे
जीवन की क्रांति छिपी है। तुम जितने
होश से भर जाओगे उतना ही तुम्हारा
जीवन सहज, सीधा, नैसर्गिक, सरल,
सत्य और प्रामाणिक हो जाएगा।
काहे होत अधीरओशो

CamScanner

CamScanner

तो मैं आंख बंद करके, कि क्या करूं--पिता नास्तिक थे इसलिए कोई प्रार्थना कभी सिखाई नहीं थी। परमात्मा का कोई नाम नहीं सिखाया, तो क्या करूं? तो मैं अपना ही नाम दोहराता : "टेनिसन-टेनिसन-टेनिसन"। उससे थोड़ी हिम्मत बढ़ती, थोड़ी गर्मी आती और "टेनिसन, टेनिसन, टेनिसन दोहराते-दोहराते मैं सो जाता।

धीरे-धीरे यह अभ्यास हो गया। और जब भी चिंता पकड़ती, कोई तनाव होता तो टेनिसन कहता है, बस तीन बार भीतर आंख बंद करके मुझे इतना ही कहना पड़ता : "टेनिसन, टेनिसन, टेनिसन; और सब शांत हो जाता। मंत्र हो गया अपना ही नाम।

और टेनिसन ने लिखा है, कि मैं इससे बड़े गहरे ध्यान में उतरने लगा। यह तो मुझे बहुत बाद में पता चला कि इसे लोग ध्यान कहते हैं।

अपना ही नाम का स्मरण भी तुम्हें परमात्मा तक पहुंचा सकता है। यह सवाल नहीं है, क्योंकि सभी नाम उसके हैं। तुम्हारा नाम भी उसी का है। टेनिसन भी उसी का नाम है। अल्लाह उसी का नाम है, राम उसी का नाम है। कोई दशरथ के बेटे ने ठेका लिया है? तुम भी किसी दशरथ के बेटे हो। तुम्हारा नाम भी उसी का नाम है।

तुम अपना ही नाम भी अगर दोहराओ, तो भी परिणाम वही होगा। क्योंकि असली सवाल बोधपूर्वक भीतर स्मरण को जगाने का है। अगर "टेनिसन, टेनिसन, टेनिसन" या "राम, राम, राम" कुछ भी तुम दोहराते हो, उसके दोहराने के क्षण में ही भीतर एक शांत अवस्था बनने लगती है। और उसको दोहराते-दोहराते तुम्हें यह दिखाई पड़ने लगता है कि दोहराने वाला अलग है और जो दोहराया जा रहा है, वह अलग है। तुम धीरे-धीरे साक्षी-भाव को उत्पन्न होने लगते हो।

स्मरण साक्षी-भाव की सीढ़ियां हैं। जितना स्मरण गहरा होता है, उतने तुम साक्षी-भाव से भर जाते हो। इसे तुम करके देखो। अगर न हो परमात्मा पर भरोसा, कोई चिंता नहीं, तुम अपना ही स्मरण करो।

ओशो; कहे कबीर दीवाना, प्रवचन-16

CamScanner



CamScanner



CamScanner


इस जगत में
सीधे–सरल लोगों ने
तो सत्य को कभी पा भी लिया है,
लेकिन कुशल और चालाक लोग
कभी नहीं पा सके।
तुम्हारा पांडित्य ही
तुम्हारा पाप है। और तुम्हारी
समझदारी ही तुम्हारी फासी बनेगी।
Liked by osho

CamScanner


आप किसी व्यक्ति को वर्षों में इतना नहीं जान सकते, जितना कि एक बार उसे क्रोध की स्थिति में देखकर जान सकते हों ।
@akd.369

CamScanner



CamScanner

CamScanner

अकेले रहो....

और बस स्वयं पर ध्यान दो, भगवान
कोई ऐसे व्यक्ति को भेजेगा जो वास्तविक
रूप में तुम्हारे लायक होगा ।

@success_life_tips

CamScanner



CamScanner



CamScanner



CamScanner



कबीर को मैं कहूंगा तीर्थंकर
मेरे लिए कबीर ने कितने
घोड़े ओर कितने हाथी छोड़े
यह सवाल नही है
एक बात देख ली कि
यह संसार और इसके मूल्यों का
कोई मुल्य नही है
..निदान शील

CamScanner


जो आदमी स्वयं
पर विश्वास करता
है, वह स्वयं की
शक्तियों को जरूर
विकसित कर
लेता है।
osho_dewane

CamScanner


वासनाओं का कोई अंत नहीं है।
जरूरतें बहुत थोड़ी हैं,कामनाओं
की कोई सीमा नहीं है। उन्हीं
कामनाओं के सहारे आदमी जीता
चला जाता है।
ओशो

CamScanner

तुम्हारा समाज सदा से
"केवल गंभीर धर्म.!
और उदास आदमी को
ही सम्मान देता है.!
प्रेमी और गीत गाते हुए
आदमी को, हमेंशा से
"रुलाता आया है.!!

ओशो

CamScanner

तुलसी भरोसे राम के, निर्भय हो के सोए।
अनहोनी होनी नहीं, होनी हो सो होए

• गोस्वामी तुलसीदास

CamScanner



CamScanner

CS CamScanner

मुक्ति का उपाय क्या है?

रिंझाई ने कहां, मैं मुक्त हूं क्योंकि मैं नहीं हूं। अब कोई है ही नहीं जो बंधन में हो। मैं एक विशाल शून्य हूं-स्व अभाव, ना-कुछ।

केवल ना--कुछ मुक्त हो सकता है। अगर तुम कुछ हो तो तुम बंधन में रहोगे। अगर तुम हो तो बंधन में हो। केवल शून्य, रिक्त स्थान मुक्त हो सकता है। तुम उसे नहीं बांध सकते हो।

रिंझाई दौड़कर आया और बोला कि मैं अब नहीं हूं मैं कहीं भी नहीं पाया जाता हूं। यही मुक्ति है। और पहली बार उसने अपने गुरु के पांव छुए। पहली बार! यथार्थ में नहीं, क्योंकि वह उन्हें पूर्व में भी कई बार छू चुका था। लेकिन गुरु ने कहां कि पहली बार तुमने मेरे चरण स्पर्श किए हैं।

रिंझाई ने पूछा कि आप ऐसा क्यों कहते हैं? मैंने अनेक बार आपके पांव छुए हैं। गुरु ने कहां, लेकिन तब तुम मौजूद थे। इसलिए मौजूद रहते हुए तुम मेरे पांव कैसे छू सकते थे? जब तक तुम हो, तुम मेरे पांव कैसे छू सकते हो? 'मैं' किसी के पैर नहीं छू सकता। यद्यपि ऐसा दिखता है कि वह किसी के पांव स्पर्श कर रहा है, लेकिन वास्तव में वह घूमकर अपने ही पांव छूता है। इसलिए गुरु ने कहां कि तुमने पहली बार मेरे पांव छुए, क्योंकि अब तुम नहीं हो।

और गुरु ने कहां कि यही अंतिम बार भी है। प्रथम और अंतिम।

जब तुम नहीं होते तब समर्पण घटित होता है। इसलिए तुम समर्पण नहीं कर सकते। और यही कारण है कि समर्पण विधि नहीं हो सकता। तुम तुम नहीं हो, समर्पण है।

इसलिए तुम और समर्पण साथ-साथ नहीं जी सकते; तुम्हारे और समर्पण के बीच सह-अस्तित्व नहीं हो सकता। तुम हो या समर्पण है।

ओशो; तंत्र--सूत्र (भाग--1) प्रवचन--2

CamScanner

Osho Thoughts
Munabai Makvana · 1h ·

#रिंझाई अपने गुरु के पास पहुंचा और बोला, मुझे मुक्ति दीजिए। गुरु ने कहा, अपने को मेरे पास ले आओ। अगर तुम हो तो मैं तुम्हें मुक्त कर दूंगा, अगर तुम नहीं हो तो मैं तुम्हें कैसे मुक्त करूंगा?

तब तुम मुक्त ही हो। और फिर गुरु ने कहा, और यह मुक्ति तुम्हारी मुक्ति नहीं है। सच्चाई यह है कि यह मुक्ति तुमसे ही मुक्ति है। इसलिए जाओ और खोजो कि यह मैं कहां है? तुम कहां हो? और तब फिर मेरे पास आना। यही ध्यान है। जाओ और ध्यान करो।

शिष्य रिंझाई जाता है और हफ्तों, महीनों ध्यान करता है। फिर लौटकर आता है और गुरु से कहता है कि इतना पता चला है कि मैं यह शरीर नहीं हूं।

गुरु ने कहा, इतना भी तुम मुक्त हुए। फिर जाओ और खोजो रिंझाई जाता है, ध्यान करता है और पाता है कि मैं मन नहीं हूं, क्योंकि मैं मेरे विचारों को देख सकता हूं। द्रष्टा दृश्य से भिन्न है, मैं मन नहीं हूं। और गुरु के पास लौटकर यह बात बताता है।

गुरु ने कहा, अब तुम तीन-चौथाई मुक्त हुए। फिर भी वापस जाओ और खोजो कि तुम क्या हो।

रिंझाई विचार करता रहा कि मैं मेरा शरीर नहीं हूं कि मैं मेरा मन नहीं हूं उसने पढ़ा था, अध्ययन किया था; वह बहुश्रुत था। उसने सोचा कि क्योंकि मैं शरीर और मन नहीं हूं, इस लिए मैं आत्मा हूं। लेकिन उसने ध्यान किया और पाया कि कोई आत्मा नहीं है। क्योंकि यह आत्मा भी हमारी मानसिक सूचना भर है--महज मतवाद, शब्दावली, मीमांसा।

इसलिए एक दिन वह गुरु के पास दौड़ा आया और बोला कि मैं तो अब हूं ही नहीं। तब गुरु ने पूछा कि क्या अब भी मुझे सिखाना होगा कि मुक्ति का उपाय क्या है?

रिंझाई ने कहा, मैं मुक्त हूं क्योंकि मैं नहीं हूं। अब कोई है ही नहीं जो

CS CamScanner

Physically, our life depends on so many things around us. But our Way of Being need not be dependent upon anything.

Sadhguru

CamScanner



CamScanner


तुम उस ज्ञान की तलाश करना जो शब्दों से नहीं मिलता,
निःशब्द से मिलता है; जो सोचने विचारने से नहीं मिलता,
निर्विचार होने से मिलता है। तुम उस ज्ञान को खोजना,
जो शास्त्रों में नहीं है, स्वयं में है। वही ज्ञान तुम्हें मुक्त करेगा,
वही ज्ञान तुम्हें एक नये नर्तन से भर देगा। वह तुम्हें जीवित करेगा।
Oshorajneesh

CamScanner

ओशो का एक एक वचन
सत्यरूपी विष है, जिसे हर कोई
पचा ले संभव नहीं, जिसने
पीकर पचा लिया , वही शिवत्व
को उपलब्ध हुआ।उसने जीवन
का परमसत्य जाना, उसने
परमात्मा को जाना।

CamScanner



शिक्षित आदमी को
बेईमानी से बचाना असंभव है।
असंभव इसलिए है कि शिक्षा होशियारी देती है;
होशियारी चालाकी बन जाती है।
शिक्षा समझ देती है;हृदय को नहीं बदलती।
हृदय तो वही होता है।

लाओत्से कहता है कि ज्ञान जब तक न खो जाए,
तब तक इनोसेंस, निर्दोषिता उपलब्ध नहीं होती।

इसलिए बहुत मजे की बात है कि परम ज्ञान को
वे ही लोग उपलब्ध होते हैं, जो ज्ञान को भी
छोड़ने में समर्थ हो जाते हैं।
तब वे निर्दोष हो जाते हैं,तब वे सरल हो जाते हैं।

#-ताओ उपनिषद-प्र-10, ओशो

CS CamScanner

श्रद्धा और विश्वास में बड़ा फर्क है।
विश्वास होता है सिर का, श्रद्धा होती है हृदय की।
विश्वास तो सिद्धांत का होता है। जैसे तुम हिंदू
घर में पैदा हुए तो तुम्हारे विश्वास हिंदू हैं;
इससे तुम भक्त नहीं हो गए। तुम मुसलमान घर
में पैदा हुए तो तुम्हारे विश्वास मुसलमान हैं;
इससे तुम भक्त नहीं हो गए। भक्त न तो हिंदू
होता, न मुसलमान, न ईसाई, न जैन, न
बौद्ध—भक्त तो बस भक्त होता है; उतना होना
पर्याप्त है; विशेषण रहित होता है। भक्त को तो
हृदय में श्रद्धा जगती है। भक्त तो विश्वासों से
बिलकुल मुक्त होता है। विश्वास तो उधार होते हैं,
दूसरों के दिए होते हैं—बासे होते हैं—उच्छिष्ट।
श्रद्धा अपनी होती है।

CamScanner



CamScanner

अहोभाव
अहोभाव
ढूंढा तुझको सारे जग में, कहीं पार न तेरा पाया।
बंद आंख से भीतर देखा तो तू ही दिल में समाया।
अहोभाव

CamScanner

सिर्फ़ परवाने ही शमा को
SH
उपलब्ध हो पाते हैं ..
Subhash Hooda
और परमात्मा शमा है ,
इसलिए मैं तुम्हें
परवाना बनाना चाहता हूँ ..ओशो

CamScanner

CamScanner

जिस दिन आपने

खुलकर अपनी जिंदगी को जी लिया बस वो

ही सिर्फ़ दिन हैं।

बाकी सब तो तारीख़ें हैं कलेंडर की...

CamScanner

अपने विचारों पर ध्यान दो
क्योंकि वे तुम्हारे शब्द बनेंगे;
अपने शब्दों पर ध्यान दो
क्योंकि वे तुम्हारे कर्म बनेंगे
और ....
अपने कर्मों पर ध्यान दो
क्योंकि वो स्वयं तुम बनोगे।
~ ओशो

CamScanner

अहोभाव

ओशो

अथातो भक्ति जिज्ञासा
प्रवचन नं – 36

भक्त का अर्थ होता है कि उसने सब परमात्मा पर छोड़ दिया कि तूने जो करवाया, हुआ; तू जो करवा रहा है, होगा; जो आगे भी तू करवाता रहेगा, होता रहेगा। मैं अपने को विदा करता हूं। मैं अपने को नमस्कार करता हूं। भक्त अपने अहंकार को अलविदा कह देता है यह समर्पण है। इस समर्पण में ही क्रांति घट जाती है। फिर कौन कर्ता? जब कर्ता ही न बचा कर्म कैसे?
कैसा प्रारब्ध?

CamScanner

CamScanner

नीत्शे से मरते वक़्त किसी ने पूछा कि तुम एक छोटे से सूत्र में बता सकोगे क्या कि सत्य की खोज का रास्ता क्या है ? तो उसने कहा : लिव डेंजरसली , खतरे में जीओ । बड़ी अजीब बात कही , बड़ी सच । हम सब तो खतरे से बच कर जीते हैं । सब तरफ से सिक्योरिटी कर लेते हैं , सब तरफ से बैंक - बैलेंस कर लेते हैं , सब तरफ से व्यवस्था कर लेते हैं, मजबूत दीवालें बना लेते हैं ; सब इंतजाम कर लेते हैं, कहीं से कोई खतरा नहीं रहने देते। तो फिर हम सो जाते हैं। फिर हम सोए - सोए जीने लगते हैं । धार्मिक वह है जो खतरे में जीता है। जिंदगी एक कंपन है । उसे जो ठोस बना लेते हैं और सब तरफ से सुरक्षित कर लेते हैं , वे कब्र बना लेते हैं -अपने ही हाथ अपनी और फिर उस कब्र में सो जाते हैं। ओशो संकलन: Dr Sohan Lal Narang

CamScanner

आवत ही हरष नहीं
नैनन नहीं सनेह ।
तुलसी तहां न जाइये
कंचन बरसे मेह ॥



जिस स्थान या जिस घर में
आपके जाने से लोग खुश नहीं
होते हों और उन लोगों की
आँखों में आपके लिए न तो
प्रेम और न हीं स्नेह हो. वहाँ
हमें कभी नहीं जाना चाहिए,
चाहे वहाँ धन की हीं वर्षा क्यों
न होती हो.

CS CamScanner

ओशो का हिन्दी साहित्य

Rahul Kumar Ojha · 1h ·

एक प्राचीन कथा है: जंगल की राह से एक जौहरी गुजरता था। देखा उसने राह में, एक कुम्हार अपने गधे के गले में एक बड़ा हीरा बांधकर चल रहा है। चकित हुआ! पूछा कुम्हार से, कितने पैसे लेगा इस पत्थर के? कुम्हार ने कहा, आठ आने मिल जाएं तो बहुत। लेकिन जौहरी को लोभ पकड़ा। उसने कहा, चार आने में दे दे, पत्थर है, करेगा भी क्या? पर कुम्हार भी जिद बांधकर बैठ गया, छह आने से कम न हुआ तो जौहरी ने सोचा कि ठीक है, थोड़ी देर में अपने आप आकर बेच जाएगा। वह थोड़ा आगे बढ़ गया। लेकिन कुम्हार वापस न लौटा तो जौहरी लौटकर आया; लेकिन तब तक बाजी चूक गई थी, किसी और ने खरीद लिया था। तो पूछा उसने कि कितने में बेचा? उस कुम्हार ने कहा कि हुजूर, एक रुपया मिला पूरा। आठ आने में बेच देता, छह आने में बेच देता, बड़ा नुकसान हो जाता।
उस जौहरी की छाती पर कैसा सदमा लगा होगा! उसने कहा, मूर्ख! तू बिल्कुल गधा है। लाखों का हीरा एक रुपए में बेच दिया?
उस कुम्हार ने कहा, हुजूर मैं अगर गधा न होता तो लाखों के हीरे को गधे के गले में ही क्यों बांधता? लेकिन आपके लिए क्या कहें? आपको पता था कि लाखों का हीरा है और पत्थर की कीमत में भी लेने को राजी न हुए!
धर्म का जिसे पता है, उसका जीवन अगर रूपांतरित न हो तो उस जौहरी की भांति गधा है। जिन्हें पता नहीं है, वे क्षमा के योग्य हैं; लेकिन जिन्हें पता है, उनको क्या कहें?

🙏ओशो🙏

CamScanner


कृष्ण का जो व्यक्तित्व है, वह पाजिटिव है। वह
विधायक है, वह निषेधात्मक नहीं है। वे जीवन में
किसी भी चीज का निषेध नहीं करते। वे अहंकार का
निषेध भी करते नहीं। वे तो कहते हैं, अहंकार को
इतना बड़ा कर लो कि सभी उसमें समा जाए। तू बचे
ही न, तो फिर स्वयं को मैं कहने का कोई उपाय न रह
जाए। हम अपने को "मैं" तभी तक कह सकते हैं जब
तक "तू" बाहर अलग खड़ा है। तू के विरोध में ही मैं
की आवाज है। तू गिर जाए, तू न बचे, तो मैं भी बचेगा
नहीं। मैं इतना बड़ा हो जाए...इसलिए उपनिषद के
ऋषि कह सके: अहं ब्रह्मास्मि। वह यह कह सके,
मैं ही ब्रह्म हूं।
ओशो
कृष्ण स्मृति - ०३

CamScanner

इस बात को समझो। यह संसार सूली है, क्योकि इस संसार में सिवाय मौत के और कुछ नही घटता। जन्म के बाद बस एक ही बात निश्चित है: मौत। जन्म के बाद मृत्यु के अतिरिक्त यहां कुछ भी नही घटता।

CamScanner

तुम्हारा खुद का मन ही तुम्हारी
नहीं सुनता और तुम निकल
पड़ते हो दूसरों को नसीहत
देने के लिए~ओशो

CamScanner

शिक्षित आदमी को
बेईमानी से बचाना असंभव है।
असंभव इसलिए है कि शिक्षा होशियारी देती है;
होशियारी चालाकी बन जाती है।
शिक्षा समझ देती है;हृदय को नहीं बदलती।
हृदय तो वही होता है।

लाओत्से कहता है कि ज्ञान जब तक न खो जाए,
तब तक इनोसेंस, निर्दोषिता उपलब्ध नहीं होती।

इसलिए बहुत मजे की बात है कि परम ज्ञान को
वे ही लोग उपलब्ध होते हैं, जो ज्ञान को भी
छोड़ने में समर्थ हो जाते हैं।
तब वे निर्दोष हो जाते हैं,तब वे सरल हो जाते हैं।

#-ताओ उपनिषद-प्र-40,ओशो

CS CamScanner

गुर्जिएफ पश्चिम का एक बहुत बड़ा संत,.
अपने आश्रम के बाहर दीवाल पर लिख रख छोड़ा था, कि जिसने अपने मां-बाप को आदर देना नहीं सीख लिया है, उसके लिए मंदिर के द्वार बंद हैं।

बड़ी हैरानी की बात थी। इस बात को वहां लिखने की क्या जरूरत थी? लोग पूछते भी गुर्जिएफ से, कि यह क्या मामला है? इससे मां-बाप से क्या लेना-देना!

गुर्जिएफ कहता, कि जिसने इस संसार के मां-बाप से संबंध श्रद्धा का नहीं बना लिया, उसके पास सीढ़ी ही नहीं है उस ऊपर के पिता की तरफ चढ़ने की। उसकी सीढ़ी नहीं है उसके पास।

उसके पास मौलिक अनुभव नहीं है, जिसका बीज बन जाए और जिसका वृक्ष हो सके। उसके पास पहली कुंजी ही नहीं है। इसलिए पूरब में, जहां धर्मो का जन्म हुआ--सारे धर्मो का जन्म पूरब में हुआ।

पश्चिम में एक भी धर्म पैदा नहीं हुआ है। जैसे सूरज पूरब में उगता है, वैसे सारा धर्म पूरब में पैदा हुआ है। पूरब में जितने धर्मो का जन्म हुआ--सभी धर्मो का हुआ--और पूरब में सभी लोगों ने एक बात पर जोर दिया है; वह है, बेटे के द्वारा पिता के प्रति एक अनन्य श्रद्धा, जिसको तोड़ा नहीं जा सकता।

कारण है उसका। कारण है, क्योंकि अगर तुम इस पृथ्वी पर अपने पिता के प्रति एक श्रद्धा का भाव पैदा नहीं कर पाए, तो तुम उस अज्ञात पिता के प्रति तो कैसे श्रद्धा का भाव पैदा कर पाओगे? मूल सीढ़ी खो रही है। इसलिए जिन लोगों का भी अपने पिता से बहुत अच्छा संबंध नहीं है, उन्हें उस संबंध को सुधार लेना चाहिए। उसको बिना सुधारे उनके और परमात्मा के बीच थोड़ी सी झंझट बनी रहेगी।

पश्चिम में परमात्मा की धारणा टूटती गई है। और वह उसी हिसाब से टूटी है, जिस हिसाब से बेटे और बाप का संबंध टूटा है। पिछले तीन सौ वर्षो में जिस हिसाब से बेटे और बाप का संबंध टूटा है, उसी हिसाब से मनुष्य का और परमात्मा का संबंध टूटा है।

CamScanner



Suggested for you · 1d ·

मृत्यु के क्षण में हम तड़पते क्यों हैं ?

हमने किसी पक्षी को मरते देखा है ?
ऐसे सरल, ऐसे सहज,
चुपचाप विदा हो जाता है !
पङ्ख भी नहीं फड़फड़ाता है।
शोरगुल भी नहीं मचाता है।
पक्षी तो इतने चुपचाप विदा हो जाते हैं,
इतनी सरलता से विदा हो जाते हैं !
ज़रा नोच-खचोंट नहीं।
ज़रा शोरगुल नहीं।
हमने पशुओं को मरते देखा है ?
मौत में भी एक अपूर्व शान्ति होती है।

आदमी को मरते देखें --
कितना उपद्रव मचाते हैं,
कितना रोकने की अपने को चेष्टा करते हैं !
क्या होगा कारण ?
कारण है :
ज़िन्दगी व्यर्थ गयी और मौत आ गयी।
अब आगे कोई समय न बचा।
खाली आये खाली गये,
कुछ भराव नहीं और यह मौत आ गयी।
तड़पें न हम तो क्या करें ?

भरे हुए आदमी ही शान्ति से मर सकते हैं।
हाँ, बुद्ध विदा होते हैं शान्ति से,
उल्लास से, उमँग से ;
जैसे किसी प्यारी यात्रा पर जाते हों !
ज़रा भी क्षण-भर को भी,
कण-भर को भी मोह नहीं होता
इस तट से बन्धे रहने का।

CamScanner

शंकर जी बोले - क्या देखूं ??
रावण बोले - देखिए आपके तो 5 सिर है, मेरे तो दस हैं। अब जो खुद को गुरु से दुगना ऐसे ही समझे, उसे गुरु समझाए तो भी क्या समझाए ?? ज्ञान तो श्रद्धावान को मिलता है, अहंकारियों को थोड़ी न ज्ञान प्राप्त हो सकता है ।

एक किवदंती के अनुसार बार रावण गया कैलाश और कैलाश को ही सिर पर उठा लिया, कैलाश में हलचल मच गई । पार्वती जी ने पूछा - हे देवाधिदेव यह क्या हो रहा है ?

शंकर जी ने कहा - शिष्य आया है ...

पार्वती ने पूछा - तो इतनी हलचल क्यो है ??

शंकर जी कहा - रावण जैसे शिष्य आएंगे, तो हलचल ही मचेगी ।

किसी ने रावण को पूछा - यह क्या कर रहे हो ?
रावण ने कहा - गुरुजी को शिरोधार्य कर रहे है ...

भला यह कैसा शिरोधार्य ??

शिष्य को तो गुरु के चरणों मे लिपट जाना चाइये, और गुरु उसे अपने हाथों से उठाएं ।

गिरना शिष्य का काम है, और गिरे हुए को उठाना गुरु का काम है और रावण जैसे शिष्य सोचते है, की हम गुरु को ऊपर उठा रहे हैं ।

जब भी हम खुद को गुरु से श्रेष्ठ समझने लग जाए, तो समझिए हमारा नाश सिर पर आ गया है । स्कूल के गुरु हो, या जीवन की शिक्षा देने वाले माता पिता, या हो सतगुरु, उनके तो चरणों मे ही लिपटा रहना चाहिए, कल्याण इसी में है ।।

जय शिव शंकर🙏

CS CamScanner

अहोभाव

एक युवा साधक गौतम बुद्ध के पास आया।
उसने कहा, " मैं तुम्हारे लिए खुद को पेशकश करने के लिए आया हूँ ।
मुझे स्वीकार करो "
बुद्ध ने उससे पूछा, " आप क्या पेशकश कर रहे हैं - आपका शरीर?
लेकिन यह पहले से ही चढ़ाया गया है और पृथ्वी इसका दावा करेगी, तो
आप इसे मेरे लिए कैसे पेश कर सकते हैं?
आप क्या पेशकश कर रहे हैं?
मुझे बिल्कुल बताओ!"
आदमी उलझन में था।
उसने कहा, "मैं जो कुछ भी तुम्हें देता हूँ
बुद्ध ने उससे पूछा, " तुम्हारे पास क्या है?

What is it that belongs to you?
Do your thoughts belong to you?

वे समाज के हैं; आपका मन समाज का है।
आपका शरीर आपके माता-पिता का है, पृथ्वी के लिए, आकाश को,
पानी के लिए, आग के लिए, पांच तत्वों के लिए कई चीजों के लिए।
आपके पास क्या है जो आप मुझे औफ़र कर सरकते हैं?"
आदमी जवाब नहीं दे सका क्योंकि उसके पास और कुछ नहीं था।
वह कुछ और नहीं सोच सकता था, इसलिए बुद्ध ने कहा, " अब मत
चढ़ाओ । पहले पता करो कि तुम क्या हो ।
और जो पल आप इसे पाते हैं, वह पहले से ही पेशकश की जाती है तो
फिर ऑफ़र करने की जरूरत नहीं है.
"च #5. परम कीमियागरी, वॉल्यूम 2--ओशो

CamScanner


ओशो अहोभाव
च #5. परम कीमियागरी
वॉल्यूम 2
What is it that belongs to you?
Do your thoughts belong to you?

CamScanner

सम्राट होने का एक ही ढंग है, भीतर की संपदा को उपलब्ध हो जाना।

–ओशो –

एस धम्मो सनंतनो

CamScanner

संन्यास जीवन की
कला है, जीवन का
त्याग नहीं।

CamScanner

जो दिखाई पड़ रहा है, वह संसार है; लेकिन हर दिखाई पड़ने वाले के भीतर जो अद्रश्य छिपा है, वही गोविंद है वही परमात्मा है।

\- आचार्य रजनीश

CamScanner


अंधेरे को हटाने में समय बर्बाद
मत करिए बल्कि दीये को जलाने
में समय लगाइए। दूसरों को नीचा
दिखाने में नहीं , खुद को ऊँचा
उठाने में समय लगाइए।

CamScanner



CamScanner



CamScanner

CamScanner


अगर आपको कुछ बुरा करना है
तभी ताकत की आवश्यकता है,
वरना अच्छे काम के लिए तो प्यार ही पर्याप्त है।
-ओशो

CamScanner

कुछ कर गुजरने की लौ अगर तासीर में है ..
SH Subhash Hooda
तो क्या फ़र्क़ पड़ता है कि क्या तक़दीर में है ॥

CamScanner

तुम इश्वर को केवल धन्यवाद देना अहोभाव से भिखारि मत बन जाना! तुम भीतर के सम्राट होने के लिए पैदा हुए हो भिखारि नही...

ओशो अहोभाव

CamScanner

गुरुओं से ज्यादा हिंसात्मक

आदमी खोजने मुश्किल हैं।

किसी की गर्दन पकड़कर

वे उसको ढालने की कोशिश करते हैं कि

ऐसा कपड़ा पहनो, ऐसा बाल रखो,

ऐसा सिर घुटाओ,

यह करो, वह करो।

सब बिल्कुल ठोक देते हैं - यह खाओ,

वह पीओ,

ऐसे सोओ, ऐसे उठो।

सब ठोककर उस आदमी को मार डालते हैं।

CamScanner

मनुष्य का अहंकार अद्भुत है.!
कारखाने खोले हुए हैं,
भगवान को बनाने के..!
और इनमें झगड़े भी होते हैं
कि हमारे बनाए भगवान
सच्चे हैं, और तुम्हारे झूठे!
ओशो

CamScanner



CS CamScanner

तुम्हारा तो एक ही फूल है अगर
कभी चढ़ाना हो तो वो प्रेम
का फूल है

CS CamScanner

ओSHO
ये संसार ही परमात्मा हों जाता हैं
ये चारों तरफ़ फ़ैला हुआ विस्तार ही
ब्रह्म हों जाता हैं ब्रह्म और परमात्मा और
संसार और जगत अलग-अलग बाते
नहीं है। इसी सत्य को देखने के दो ढंग हैं।
@O.S.H.O_

CamScanner

मैं शून्य पे सवार हूँ... बेअदब सा मैं खुमार हूँ... अब मुश्किलों से क्या डरूं.... मैं खुद कहर हज़ार हूँ...

CamScanner

Budhhaquotes_Hindi
जीवन एक बड़ा सफर है, आपको हर
किसी को जवाब देने और हर चीज पर
प्रतिक्रिया करने की जरुरत नही है !!

CamScanner

जो भी समझदार और सजग है
वो कभी साधना नही करता,
जिद्दू कृष्णमूर्ति...💌

CamScanner



CamScanner

CamScanner

जीवन वैसा हो जाता है,जैसे हम हैं,गांव वैसा हो जाता है,जैसा मैं हूं।सारी पृथ्वी वैसी हो जाती है,जैसा मैं हूं।मैं ही विस्तृत होकर सारे जीवन का अनुभव बन जाता हूं।

CamScanner



CS CamScanner

यदि आपकी खुशी दूसरों पर निर्भर करती है, तो आप एक गुलाम हो। अभी आप पूरी तरह से मुक्त नहीं हुए हो अभी आप बंधन (गुलामी) में बंधे हो...

ओशो

CamScanner

एक पंद्रह दिन के लिए
एंबीशन छोड़ कर देखें, सिर्फ
पंद्रह दिन के लिएएक पंद्रह
दिन के लिए ऐसे जीएं कि
जो है ठीक है। कुछ भी नहीं
होना है, कुछ भी नहीं पाना
है। कहीं नहीं पहुंचना है, जो
है ठीक है। मैं एंबीशन
छोड़ता हूं। पंद्रह दिन एक
नॉन-एंबीशस आदमी की
तरह जीऊंगा, जिसकी कोई
महत्वाकांक्षा नहीं है।

और आप पंद्रह दिन के बाद
दुबारा दुनिया में
महत्वाकांक्षा रखने में समर्थ
नहीं रह जाएंगे।

CamScanner

मुझसे न मांगिये मशवरे
मंदिर और मस्जिद के मसलों पर
मैं इंसान हूँ साहब!
खुद किराये के घर में।

CamScanner


गुरु मिला तब जानिये,
मिटै मोह तन ताप।
हरष शोष व्यापे नहीं,
तब गुरु आपे आप।।
सच्चा गुरु मिल गया है, यह तब मानना चाहिए, जब गुरु
करने के बाद, मोह खत्म हो जाए, मन और इंद्रियां नियंत्रण
में आ जाए, सुख-दुख में व्यक्ति सम बना रहे, और शिष्य
अपने गुरु के जैसा ही बन जाए।

CamScanner



CamScanner


पूरी जिंदगी लगा दी... चाबी खोजने में.... अंत में
पता चला कि ताला क्या दरवाजे भी नहीं है...
परमात्मा के घर में।।
भीतर शून्य बाहर शून्य ! शून्य चारों ओर है। मैं
नही हूँ मुझमे फिर भी “मैं , मैं ” *का ही शोर है।

CamScanner

पुस्तकों और परंपरा
को व्यर्थ बना दो
वही करो जो कि तुम
सोचते हो कि करने
योग्य है --
वह नहीं,जो कि लोग
कहते हैं कि करो ।

CamScanner

आदमी यूं ही जीवन गंवाता है
और सोचता यह है कि कैसा दुर्भाग्य है,
कैसा अभागा हूं,
किन अभिशप्त घड़ियों में पैदा हुआ;
कैसे थे ग्रह-नक्षत्र मेरे खराब?
न ग्रह-नक्षत्र खराब थे, न घडियां बुरी थीं,
तुम उतनी ही क्षमता लेकर पैदा होते हो
जितना कोई भी बुद्ध कभी पैदा हुआ है,
लेकिन क्षमता की तलाश नहीं करते
और दौड़ते फिरते हो बाहर,
पूछते हो औरों से अपना पता।
अपना पता पूछना हो तो आंख बंद करो।
अपना पता पूछना हो तो विचार बंद करो।
अपना पता पूछना हो तो
मारो गहरे से गहरे डुबकी अपने में।
उतरो भीतर!
वहीं से रसधार मिलेगी
ध्यान का इतना ही अर्थ है।
निर्विचार हो जाने की कला।
और जिसके हाथ में निर्विचार होने की कला आ गयी,
सोने की कुंजी आ गयी,
जो सब ताले खोल दे।

☆ साहिब मिले साहिब भये, प्रवचन~३, ओशो ☆

CamScanner

॥प्रेममय जयते॥

॥पवीत्र आत्मा॥,
वृद्ध अवस्था नहीं 'मुक्त' अवस्था है,
गुरुवार १६-०२-२०१७

.... जीवनभर तो परिवार के लिए, समाज के लिए जी लिया। अब बचा जीवन केवल और केवल अपनी आत्मा के लिए जिएँ। आत्मा के कारण ही आज आपका अस्तित्व है। आत्मा चली गई तो आप एक 'बॉडी' (शरीर) कहलाएँगे। शरीर का बेकार ही 'अहंकार' होता है। एक आदमी जाने से इस दुनिया में कुछ नहीं रुकता है। आप थोड़ा सोचो, आपके जाने के बाद क्या होगा? ऐसा ही सूरज उगेगा, ऐसे ही शाम होगी, ऐसी ही रात होगी। बस, आप इस दुनिया में न होंगे! दुनिया के सारे व्यवहार वैसे ही चलते रहेंगे। आप बेकार ही अपने शरीर के 'अहंकार' को महत्व देते रहते हैं। यह शरीर सब कुछ नहीं है। सब कुछ है आत्मा। अब आप उसके लिए ही जिएँ। इसलिए, नियमित रुप से एकांत में बैठकर अपनी आत्मा के सान्निध्य में रहें। उसे समय दें। आत्मा से बढ़कर कोई सखा , कोई दोस्त नहीं है। वही आपको निर्देश देने लगेगा - क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए। वह एक बार आपका गुरु हो गया कि बाहेर (बाहर) से ज्ञान लेने की आवश्यकता ही नहीं होगी।

॥वसुधैव कुटुंबकम॥

CamScanner



CamScanner

इच्छाओं के रहते यदि प्राण चले जाए
तो वो हुई मृत्यु..

ओर प्राण के रहते हुए इच्छाये चली
जाए तो वो हुई मुक्ति..

ओशो

CamScanner

संन्यास- एक नई आंख

एक बीज टूट जाता है और हरे पत्ते निकल आते हैं- परमात्मा का प्रमाण है। और क्या प्रमाण चाहिए? और बड़ा क्या चमत्कार होगा ? मुर्दा से दिखते बीज से हरे पत्ते निकल आए हैं, पत्तों में पत्ते निकलते गए हैं, कलियां आ गई हैं, हरे पत्तों में लाल कलियां आ गई हैं! फूल खिल आया है। जिन पत्तों में कोई गंध न थी, जिस भूमि से पत्ते उठे उस भूमि में कोई गंध न थी, और फूल ने वातावरण को सुगंध से भर दिया, आपूरित कर दिया ! और क्या चमत्कार है? इतना काफी है। जिनके पास आंखें हैं, जिनके पास अनुभव करने को हृदय है, जिनके पास थोड़ी सी भी प्रज्ञा है, जरा सा भी बोध है—उनके लिए परमात्मा का प्रमाण सुबह में मिल जाता है, सांझ में मिल जाता है, उठते-बैठते मिल जाता है, लोगों की आंखों में मिल जाता है। उनके लिए किसी रसूल की कोई जरूरत नहीं है..✍️❤️💻

- बिरहिनी मंदिर दियना बार

❤️ओशो❤️

CamScanner


जब आप क्रोध में,
आवेश में, हिंसक,
आक्रामक होते हैं, तो
आप अपने भीतर एक
सघन अहंकार महसूस
करते हैं। जब भी तुम
प्रेम में होते हो, करुणा
में होते हो, वह वहां
नहीं होता।
ओशो

CamScanner

बढ़ गया कि मारपीट हो गई। मारपीट हो गई और दोनों ने कहा कि अब यह साझेदारी खत्म, यह पार्टनरशिप बंद, अब नहीं करते। अब अपनी तरफ से ही घिसट लेंगे, मगर यह नहीं चलेगा। यह तो काफी धोखा चल रहा है।

कहते हैं, परमात्मा को बड़ी दया आई। पहले आती रही होगी अब नहीं आती। क्योंकि परमात्मा भी थक गया दया कर—कर के, कुछ सार नहीं। आदमी कुछ ऐसा ह,ऐ कि तुम दया करो तो भी उस तक दया पहुंचती नहीं। परमात्मा भी थक गया होगा। पर यह पुरानी कहानी है, दया आ गई। परमात्मा मौजूद हुआ, प्रगट हुआ। उसने उस दिन सोचा कि आज दोनो को आशीर्वाद दे दूंगा। अंधे के पास जा कर कहूंगा मांग ले जो तुझे मांगना है। स्वभावत: अंधा मांगेगा कि मुझे आंखें दे दो, क्योंकि वही उसकी पीड़ा है,। लंगड़े से कहूंगा, जो तुझे मांगना है तू मांग ले। वह मांगेगा पैर, उसको पैर दे दूंगा। अब दोनों को स्वतंत्र कर देना उचित है।

वह गया, लेकिन रोता हुआ वापिस लौटा। परमात्मा रोता हुआ वापिस लौटा! क्योंकि अंधे से जब उसने कहा कि मैं परमात्मा हूं तुझे वरदान देने आया हूं मांग ले जो मांगना है—उसने कहा कि लंगडे को अँधा कर दो। जब उसने लगडे से कहा तो लंगडे ने कहा कि अंधे को लंगडा कर दो प्रभु। 'ऐसे ही अज्ञनुभवों के कारण उसने आना भी जमीन पर धीरे—धीरे बंद कर दिया। कोई सार नहीं है। बीमारी दुगुनी हो गई। आने से कुछ फायदा न हुआ। दया का परिणाम और घातक हो गया।

अंधे ने मांगा, वहीं भूल हो गई। लंगड़े ने मांगा, वहीं भूल हो गई। आदतें पुरानी थीं और अभी भी क्रोध का जहर बाकी था। तो परमात्मा भी सामने खड़ा था, फिर भी चूक गए। आदमी के सामने कई बार मोक्ष की घड़ी आ जाती है, फिर भी आदमी चूक जाता है (क्योंकि पुरानी आदतें हमला करती हैं और मोक्ष की घड़ी में बड़ी जोर से हमला करती हैं। क्योंकि आदतें भी अपनी रक्षा करना चाहती हैं। हर आदत अपनी रक्षा करती है, टूटना नहीं चाहती।

ओशो - अष्टावक्र: महागीता, (भाग–1) प्रवचन–15
संकलन-रामजी 🙏🌹🌹

👍 28 1 comment • 5 shares

CamScanner

मैं अपने ख़िलाफ बातें
अक्सर ख़मोशी से सुनता हूँ,
जवाब देने का काम मैंने
वक़्त को दे रखा है...
SmileWorld.in

CamScanner

सत्य वचन
इंसान की समझ बस
इतनी है कि
उसे जानवर कहो तो
वह नाराज हो जाता है
और शेर कहो
तो खुश हो जाता है।
@nicequote.in
Nicequote.in

CamScanner

1:30 pm 0 KB/s VoLTE 4G 60%

कोई बीस वर्ष पहले, मैं एक वर्ष तक रायपुर में रहा था। जिस मकान में मैं रहता था, एक बूढ़ा आदमी उसी मकान में पड़ोस में रहता था। वह दांत का मंजन बेचने का काम करता था। जब मेरा उससे परिचय हो गया तो मैंने उससे पूछा, कि दांत तो तुम्हारे एक भी नहीं। तुमसे दांत का मंजन कौन खरीदता होगा? तुम अपने दांत नहीं बचा सके और तुम तख्ती लगाकर बैठते हो बाजार में कि ये मंजन से दांत मजबूत हो जाते हैं, दांत गिरने से बच जात हैं और तुम्हारा एक दांत नहीं है। कौन तुमसे मंजन खरीदता होगा? और किस हिम्मत से तुम मंजन बेच आते हो?
उस बूढ़े ने थोड़ी नाराजगी से कहा, इससे क्या फर्क पड़ता है? कई लोग पुरुष होते हुए भी चोलियां बेचते हैं, साड़ियां बेचते हैं, चूड़ियां बेचते हैं।
मैं उससे राजी हुआ, तो उसने इतनी बात और जोड़ी, और उसने कहा, कि फिर लोग अपने दांतों में उत्सुक हैं।मेरे दांत की तरफ देखते कहां?
वस्तुतः उस बूढ़े आदमी ने कहा कि आप मेरे पहले पूछनेवाले हैं, जिसने यह संदेह उठाया। लोग अपने दांत की चिंता कर रहे हैं। दंत-मंजन का डब्बा देखते हैं। मेरे दांत की कौन फिकर करता है?
तुम पंडितों के दांतों की थोड़ी फिकर करो। वे जो बेच रहे हैं, वह उन्हें भी बचा सका। वे जो तुम्हें समझा रहे हैं, उससे उनकी भी समझ नहीं जागी। वे जो तुम्हें दे रहे हैं उससे उन्हें भी कुछ मिला नहीं है। उनके जीवन को थोड़ा परखो। वहां तुम पाओगे। एक रिक्तता पाओगे। भारी तुम पाओगे उन्हें। वजन से दबे हुए पाओगे, लेकिन तुम्हें वह नृत्य वहां न दिखाई पड़ेगा जो कबीर कह रहे हैं--पाइबो रे पाइबो रे ब्रह्मज्ञान।
नाच उठता है हृदय, जब ज्ञान की पहली किरण उतरती है। मोर को नाचते देखा? आषाढ़ के प्रथम दिवसों में आकाश में मेघ घिरने लगते हैं और मोर पंख फैला देते है और नाचता है। वैसा ही ब्रह्मज्ञानी भी नाचता है, जब उसके जीवन में परमात्मा के मेघ घिर जाते हैं। आषाढ़ का दिन आ जाता है। वर्षा होने के करीब हो जाती है। जन्मों-जन्मों की छाती प्यासी थी। मेघ घिर उठे, आषाढ़ का दिवस आ गया। नाच उठता है मन-मयूर। तुमने कोयल को गाते देखा है? पुकारती है प्यारे को, पुकारती रहती है।
विरह की वैसी ही अग्नि खोजी को जलाती है, जब तक कि प्रेमी मिल ही न जाए। मिलन पर बड़ी गहन शांति, बड़ा गहन आनंद।
ज्ञानी का अस्तित्व बदलता है। पंडित की केवल स्मृति भरती है। स्मृति तो यंत्र मात्र है। उसका कोई मूल्य नहीं। तुम्हारा पूरा अस्तित्व अहोभाव

CamScanner

जीवन नियमों के बिना अस्तित्व में है;
खेल नियमों के बिना अस्तित्व में नहीं हो
सकते. केवल झूठे धर्मों के नियम होते हैं,
क्योंकि झूठे धर्म एक खेल हैं.
DevisinhSodha.com

CamScanner

CamScanner

CamScanner


छोड़ दो
सब परमात्मा पर!
तुमने जब नहीं छोड़ा है,
तब भी वही रखवाला है,
तुम छोड़ दो,
तब भी
वही रखवाला है।
जाको राखे साइयां!
Osho

CamScanner


जब व्यक्ति का
अनंत से प्रेम होता है,
तो समस्त से प्रेम होता है।
समग्र से !
तो फिर कहां अंहकार?
जैसे बूंद खो जाती है सागर में।
ऐसा व्यक्ति खो जाता है..!!
- OSHO

CamScanner

कुछ है, जो कि केवल
जीकर ही जाना जा सकता है।
वस्तुतः जो भी महत्वपूर्ण है,
वह जीकर ही जाना जा सकता है।
शब्द सत्य नहीं देते है। न दे सकते है।
"सत्य सदा ही अनुभूति है–
स्वयं की और स्वयं में और स्वयं के द्वारा"
~ ओशो ~

CamScanner


जिस बुद्धि से मोक्ष न मिले,
जिस बुद्धि से स्वतंत्रता न फलित हो
और जिस बुद्धि से
सच्चिदानंद का अनुभव न हो,
उसे क्या खाक बुद्धि कहना!
फिर मूढ़ता किसको कहोगे?
Osho

CamScanner

देखने और दिखाने का जाल छूटा, वो रस न रहा , तो वैराग्य !

अब कोई इच्छा नहीं होती कि कोई देखे
और कहें सुंदर हो, सज्जन हो, सन्त हो,
साधु हो, अगर इतनी भी इच्छा भीतर रह
गई। कि लोग तुम्हें साधु समझे।
तो तुम अभी पुराने जाल में पड़े हो।



अगर इतनी भी आंकाक्षा रह गई मन में कि लोग तुम्हें सन्तपुरूष समझे।तो तुम अभी पुराने जाल में पड़े हो अभी संसार नहीं छूटा, संसार ने नया रूप लिया, नया ढ़ंग पकड़ा ~ ओशो

CamScanner

CamScanner

हम ऊपर ऊपर तो, पूजा, पाठ, जप, तप, व्रत, नियम, तीर्थ, दान आदि करते हैं, पर भीतर वासना का नंगा नाच चलता ही रहता है।

CamScanner

❤️ 🕉️OSHO SHIVDHARA 🕉️💭♎

Ravi Kumar · 2d ·

कल रात्रि पानी पड़ा है।मौसम गीला है और अभी-अभी फिर धीमी फुहार आनी शुरू हुई है।हवाएं नम हो गयी हैं और वृक्षों से गिरते पत्तों को द्वार तक ला रही हैं।लगता है पतझड़ हो रही है और वसंत के आगमन की तैयारी है।रास्ते पत्तों से ढंक रहे हैं और उनपर चलने में सूखे पत्ते मधुर आवाज करते हैं।

मैं उन पत्तों को देर तक देखता रहा हूँ।जो पक जाता है,वह गिर जाता है।पत्तों पर पत्ते सुबह से शाम तक गिर रहे हैं।पर वृक्षों को उनके गिरने से कोई पीड़ा नहीं हो रही है।इससे जीवन का एक अदभुत नियम समझ में आता है।कुछ भी कच्चा तोड़ने में कष्ट है।पकने से टूटना अपने से हो जाता है।

एक सन्यासी आये हैं।त्याग उन्हें आनंद नहीं बन पाया है।वह कष्ट है और कठिनाई है।संन्यास अपने से नहीं आया,लाया गया है।मोह के,अज्ञान के,परिग्रह के,अहंकार के पत्ते अभी कच्चे थे।जबरदस्ती की है-पत्ते तो टूट गए,पर पीड़ा पीछे छोड़ गए हैं।वह पीड़ा शांति नहीं आने देती है।सोचता हूँ कि आज शाम जाकर पके पत्तों के टूटने का रहस्य उन्हें बताऊँ।संन्यास पहले नहीं है।ज्ञान है प्रथम।उसकी आंख में संसार पके पत्तों की भांति गिर जाता है।संन्यास लाया नहीं जाता, पाया जाता है।

ज्ञान की क्रांति के बाद त्याग कष्ट नहीं, आनंद हो जाता है।

ओशो❤️🙏

CamScanner

CamScanner


जीसस,
बाइबिल में कहते हैं–कान हैं तुम्हारे पास, लेकिन सुन सकोगे क्या?
आंख है तुम्हारे पास, लेकिन देख सकोगे क्या? बार-बार कहते हैं
कि जिनके पास कान हों, वे सुन लें। जिनके पास आंख हो, वे देख लें।
तो क्या अंधों और बहरों के बीच बोलते होंगे?
नहीं; इतने अंधे और बहरे तो कहीं भी नहीं खोजे जा सकते
कि सारी बाइबिल उन्हीं के लिए उपदेश दी जाए।
हमारे जैसे ही लोगों के बीच बोल रहे होंगे, जिनके कान भी
ठीक मालूम पड़ते हैं, आंख भी ठीक मालूम पड़ती है,
फिर भी कहीं कोई बात चूक जाती है।
तो कृष्ण और बुद्ध जैसे आदमी को दोहराना पड़ता है। बार-बार
वही बात दोहरानी पड़ती है। फिर नए कोण से वही बात कहनी पड़ती है
शायद सुन ली जाए।
और एक कारण है। सुनने के भी क्षण हैं, मोमेंट्स।
नहीं कहा जा सकता कि किस क्षण आपकी चेतना द्वार दे देगी।
किस क्षण आप उस स्थिति में होंगे कि
आपके भीतर शब्द प्रवेश कर जाए, नहीं कहा जा सकता।
आचार्य श्री रजनीश
गीता दर्शन अ.6.प्र.68/11 दुखों में अचलायमान

CamScanner


तकलीफ तो होती है.. जिंदगी तेरे हिसाब से
पर मै खुद पथ्थर हूँ.. क्या टूट जाऊ अपने किनार से
मै 5 लोगो की जिंदगी का, चिराग बन जाऊ क्या
मेरी दुनिया मेरे सब है, क्या टूट जाऊ, उसूलो के औजार से

CamScanner

मैं जुगाड में लगा हूँ कि तुम्हे ही
भगवान बना दूँ-और एक तुम हो जो
भगवान के चक्कर काटने में लगे हो,,

CS CamScanner

परमात्मा को लड़कर पाया ही नहीं जाता है।

ओशो अहोभाव

CamScanner

1:08 pm 0 KB/s VoLTE 4G 64%

कभी परमात्मा को संसार से मत लड़ाना, नहीं तो संसार जीतेगा और परमात्मा हारेगा। और इसमें परमात्मा का कोई कसूर नहीं है; तुमने परमात्मा को संसार से लड़ाया, यही भूल हो गई।

परमात्मा परम है, अति सूक्ष्म है, सुवास है, संगीत सौंदर्य है। संसार की स्थूलता से लड़ाओगे, खंड-खंड हो जाएगा, टूट जाएगा, बिखर जाएगा। परमात्मा को लड़कर पाया ही नहीं जाता है। ध्यान भी लड़कर पाया नहीं जाता। समझपूर्वक।

तो मैं तुमसे यह कहूंगा कि जब वासना उठे तो चेष्टा करके ध्यान मत लगाओ। जब वासना उठे तो वासना को समझो, क्या वासना का संदेश है? क्या तुम्हारा मन तुमसे कहना चाहता है? क्या मन तुम्हें बताना चाहता है? कहां ले जाना चाहता है? सुनो इसकी! तुम्हारा मन है, तुम न सुनोगे तो कौन सुनेगा? यह फरियाद भी करे तो कहां करे? आखिर इसकी भी इच्छाएं हैं। यह तुमसे न कहेगा तो किससे कहेगा? इसे प्यास लगी है और तुम अपना ध्यान लगाने की कोशिश कर रहे हो! इसे भूख लगी है और तुम ध्यान लगाने की कोशिश कर रहे हो! इसकी भी सुनो! कुछ बड़ी कठिन बातें नहीं मांग रहा है–प्यास है, भूख है, काम है, प्रेम है, छोटी-छोटी बातें हैं। इसे दो! और जागरूक रहो और देखते रहो कि इसको इतना भोजन देते हैं फिर भी यह तृप्त होता है या नहीं? इसे इतना प्रेम का अवसर मिलता है, फिर भी इसको रस आता है या नहीं? जब धीरे-धीरे तुम्हें एक बात पक जाएगी कि कितना ही दो, इसको रस नहीं आता, तो देने से कुछ हल होनेवाला नहीं है।

मगर खयाल रखना, जल्दी मत करना। यह पकने देना तुम्हारे ही भीतर। मेरी कही बात नहीं. . . कानों सुनी सो झूठ सब। जिस दिन तुम्हारे भीतर ही यह अनुभव का स्वर बजेगा कि यह मन तो अतृप्त ही रहेगा, अतृप्ति इसका स्वभाव है; दुष्पूर है वासना, यह पूरी नहीं होगी; जिस दिन तुम्हें ऐसा समझ में आ जाएगा–खयाल रखना फिर दोहराता हूं, तुम्हें समझ में आ जाएगा–उसी दिन तुम पाओगे मन गया। और तब एक अखंड चेतना जलने लगती है। एक दीया पैदा होता है, एक जागरूकता,
जो लाई हुई नहीं है, जो सहज है।
साधो, सहज समाधि भली।
ओशो

CamScanner

1:07 pm 1 KB/s VoLTE 4G 64%

जैसे कि कोई फूल और पत्थर में लड़ाई करवाए तो पत्थर जीतेगा, फूल नहीं जीत सकता। हालांकि फूल ऊंची अवस्था है और पत्थर नीची अवस्था है, लेकिन यह खयाल रखना कि जब भी तुम नीचाई-ऊंचाई में लड़ाई करवाओगे, नीचाई जीतेगी, ऊंचाई नहीं जीतेगी। क्योंकि ऊंचाई कोमल होती है; फूल जैसी होती है।

जीवन में क्षुद्रताओं से विराटताओं को मत लड़वाना। लट्ठ लेकर सितार से मत जूझ जाना; नहीं तो लट्ठ जीतेगा, सितार हार जाएगा। और इसका यह मतलब नहीं है कि सितार कमजोर है। इसका इतना ही मतलब है कि सितार श्रेष्ठ है, ऊंचा है, सूक्ष्म है। सूक्ष्म के सामने स्थूल को मत लड़ाना। और यही लोग कर रहे हैं; स्थूल को लड़ा रहे हैं सूक्ष्म से। ध्यान को लड़ा रहे हैं वासना से। वासना पत्थर जैसी है; ध्यान फूल जैसा है। इसमें बार-बार ध्यान ही हारेगा। इसे खूब गांठ बांध कर रख लो।

कभी परमात्मा को संसार से मत लड़ाना, नहीं तो संसार जीतेगा और परमात्मा हारेगा। और इसमें परमात्मा का कोई कसूर नहीं है; तुमने परमात्मा को संसार से लड़ाया, यही भूल हो गई।

परमात्मा परम है, अति सूक्ष्म है, सुवास है, संगीत सौंदर्य है। संसार की स्थूलता से लड़ाओगे, खंड-खंड हो जाएगा, टूट जाएगा, बिखर जाएगा। परमात्मा को लड़कर पाया ही नहीं जाता है। ध्यान भी लड़कर पाया नहीं जाता। समझपूर्वक।

तो मैं तुमसे यह कहूंगा कि जब वासना उठे तो चेष्टा करके ध्यान मत लगाओ। जब वासना उठे तो वासना को समझो, क्या वासना का संदेश है? क्या तुम्हारा मन तुमसे कहना चाहता है? क्या मन तुम्हें बताना चाहता है? कहां ले जाना चाहता है? सुनो इसकी! तुम्हारा मन है, तुम न सुनोगे तो कौन सुनेगा? यह फरियाद भी करे तो कहां करे? आखिर इसकी भी इच्छाएं हैं। यह तुमसे न कहेगा तो किससे कहेगा? इसे प्यास लगी है और तुम अपना ध्यान लगाने की कोशिश कर रहे हो! इसे भूख लगी है और तुम ध्यान लगाने की कोशिश कर रहे हो! इसकी भी सुनो! कुछ बड़ी कठिन बातें नहीं मांग रहा है—प्यास है, भूख है, काम है, प्रेम है, छोटी-छोटी बातें हैं। इसे दो! और जागरूक रहो और देखते रहो कि

CamScanner



CamScanner

इस जगत की सारी यात्रा
अहंकार की यात्रा है, आना और जाना।
ध्यान रहे, जन्मों की लंबी कथा,
आत्मा की नहीं, अहंकार की कथा है।
अहंकार ही आता और जाता।
आत्मा न तो आती और न जाती।
एक बार भी जिसने यह जान लिया,
उसका आवागमन गया।
उसके लिए लौटने का कोई उपाय न रहा;
सब सेतु गिर गए। खंडित हो गए मार्ग।
लौटने वाला ही खो गया।
इस स्थिति को परम मुक्ति कहा कृष्ण ने।
परम मुक्ति का अर्थ है,
मैं की मुक्ति नहीं, मैं से मुक्ति।
फिर से दोहराता हूं।
परम मुक्ति का अर्थ है,
मैं की मुक्ति नहीं, मैं से मुक्ति।
आचार्य श्री रजनीश
गीता दर्शन अ.5.प्र.54/26
तीन सूत्र–आत्म-ज्ञान के लिए

CamScanner

Sanee Osho
14h ·

जिन्होंने मुझसे अपने को जोड़ा है, मेरी अभीप्सा है कि वे सभी, इस जीवन में जान कर ही विदा हों। कोई कारण नहीं है कि रुकें। जिन्होंने मुझे अपने भीतर हृदय में जगह दी है, उन सबका जीवन यह अंतिम हो सकता है। रुकोगे तो तुम अपने कारण रुकोगे; मेरी तरफ से कोई...कोई रुकावट नहीं है। मैं तुम्हें जल्दी से जल्दी धक्का देना चाहता हूं। तुम छलांग ले लो।

जस पनिहार धरे सिर गागर-(प्रवचन-02)

CamScanner

CamScanner

CamScanner

ओशो का हिन्दी साहित्य

Girish Waghela · 21h ·

".. लम्हे फुरसत के आए तो, रंजिशे भूला देना, साहब।
किसी को नहीं खबर की, सांसो की मोहलत कहा तक है...!!

ओशो प्रेम.. 💐💕..

CamScanner



CS CamScanner

सदगुरु कुछ सिखाता नहीं, मिटाता है।

सदगुरु कुछ देता नहीं, छीन लेता है।

ओशो अहोभाव

CamScanner

CamScanner

R 141267

विवरण
DESCRIPTION पत्नी Wife

व्यवसाय Profession	Religious Teacher	
जन्म-स्थान और जन्म की तारीख Place and date of birth	Kutchwadad (M.P.)	
	11·12·1931	(Thirty one)
अधिवास Domicile	INDIA	
कद Height	1 मी. 65 से.मी. M. Cm.	मी. से.मी. M. Cm.
आँखों का रंग Colour of eyes	Brown	
बालों का रंग Colour of hair	Grey	
पहचान के प्रकट चिह्न Visible distinguishing marks	Scar on right eyebrow	

बच्चे – CHILDREN

नाम Name	जन्म की तारीख Date of Birth	लड़का / लड़की Male / Female
—nil—		

R 141267

वाहक का फोटो
PHOTOGRAPH OF BEARER

पत्नी के हस्ताक्षर

जिस दिन आप ने सोच लिया कि
आपने ज्ञान पा लिया है,
आपकी मृत्यु हो जाती है-
क्योंकि अब ना कोई आश्चर्य होगा,
ना कोई आनंद और ना
कोई अचरज. अब आप एक
मृत जीवन जीएंगे.

CS CamScanner

CamScanner



CamScanner


Subhash Hooda
किसी ने सत्य से पूछा कि
तूँ क्यों मौन हैं ?
SH
सत्य उदास होकर बोली कि
मेरी सुनता ही कौन है ..

CamScanner

जीवन में जो दुख व्याप्त है, वह हमारे कुछ भी करने से
दूर होने का नहीं है जब-तक हम जीवन को ही आमूल न बदल दें।

वह दुख किसी बाह्य अभाव के कारण नहीं है।
दुख अज्ञान है--आत्म-अज्ञान।

अंतस प्रकाश को उपलब्ध हो, तो ही वह दूर हो सकता है।

- आचार्य रजनीश, पथ की खोज-५

CS CamScanner

CS CamScanner



CamScanner

धन्यभागी हैं वे जो स्वयं को
जीतते हैं, क्योंकि स्वयं को
जीतकर ही परमात्मा के मंदिर
का द्वार खुलता है, शाश्वत
जीवन उपलब्ध होता है।
और अभागे हैं वे, जो दूसरों
को ही जीतने में लगे रहते हैं
क्योंकि दूसरों को तो जीत
ही नहीं पाते, दूसरों को
जीतने की चेष्टा में स्वयं
को भी गवां बैठते हैं।

CamScanner

महावीर शुद्ध सत्य के अन्वेषक हैं। जहां-जहां स्वार्थ ने असत्य के मंदिर खड़े कर रखे हैं, वहां-वहां चोट करना जरुरी हैं। वह चोट मनुष्यों पर नहीं है, मनुष्यों की भूलो पर हैं।

महावीर वाणी, भाग-२ (प्रव-१९)

CamScanner

आदमी का दुख
न सुविधा से मिटता है ,
न धन से और न पद-प्रतिष्ठा से ,
Subhash Hooda
आदमी का दुख
आत्म-जागरण से मिटता है ..
OSHO

CamScanner

ऐसा नहीं है की

पक्षि पिंजरो में

बंद है !

आदमी भी पिंजरो

में बंद है !

Anil Osho

परमपराओ के !

CamScanner


भगवान् को पाने के पाँच मार्ग हैं–भगवन्नाम जप,
भगवान् का ध्यान, भगवान् की विग्रह सेवा, ग्रंथों
का अध्ययन और सन्तों की संगति

CamScanner

9:28 am 0 KB/s VoLTE 4G 90%

ओशो प्रवचनो से संकलित हिंदी बोध कथा 872

एक सूफी फकीर के संबंध में मैंने सूना है। उसके मरने के दिन करीब थे। रहता तो एक छोटे झोंपड़े में था। लेकिन एक बड़ा खेत और एक बड़ा बग़ीचा भक्तों ने उसके नाम कर रखा था। मरने के कुछ दिन पहले उसने कि अब मैं मर जाऊँगा। ऐसे तो जिंदा में भी इस बड़ी जमीन की मुझे कोई जरूरत नही थी। वह झोंपड़ा काफी था, और मर कर तो मैं क्या करूंगा। मर कर तो मुझे तुम इस झोंपड़े में दफ़ना देना। यह काफी है। तो उसने एक तख्ती लगवा दी पास के बग़ीचे पर की जो भी व्यक्ति पूर्ण संतुष्ट हो, उसको मैं यह बग़ीचा भेंट करना चाहता हूं।

अनेक लोग आये;लेकिन खाली हाथ लोट गये। खबर सम्राट तक पहुंची। एक दिन सम्राट भी आया। और सम्राट ने सोचा कि औरों को लोटा दिया, ठीक; मुझे क्या लौटायेगा। मुझे क्या कमी है। मैं तो पूर्ण संतुष्ट हूं। सब जो चाहिए वो है मेरे पास। मेरे संतोष में वह कोई खोट नहीं निकाल पायेगा। सम्राट भीतर गया। और फकीर से कहा कि क्या ख्याल है मेरे विषय में। अनेक लोगों को लोटा चुके हो। सब लोगों में संतोष की कमी मिली। अब मेरे विषय में आपकी क्या राय है। में चल कर आया हूं आपकी शर्त सून कर।

तो उस फकीर ने कहा कि अगर तुम संतुष्ट थे तो आए ही क्यो? तो उसके लिए है जो आएगा ही नहीं; और मैं उसके पास जाऊँगा। अभी वह आदमी इस गांव में नहीं है। वह यहां है ही नहीं। वह क्यों आयेगा।

एक ऐसा संतोष का क्षण भीतर घटित होता है। जब आपकी कोई अपनी चाह नहीं होती। दौड़ नहीं होती। और आप अपने साथ राज़ी होते है। उस क्षण में परमात्मा आता है। आपको उसके द्वार पर मांगने नही जाना पड़ता। उस दिन उसकी मीठी वर्षा आपके उपर होती है। वही निर्वाण है।

ताओ उपनिषद
भाग 04 प्रवचन 65
ओशो

CamScanner

CamScanner



CamScanner

"अपने माहिं टटोल"
प्रवचन-01
("चित्त का दर्पण")
सत्य
की खोज करनी हो, तो खुद को मंदिर बनाना होगा, इसके सिवाय और कोई रास्ता नहीं है। कोई जमीन पर मंदिर नहीं है जहां सत्य की खोज हो सके। हां, हर आदमी खुद मंदिर बन सकता है, जहां भगवान का प्रवेश हो सके।
और यह खुद आदमी मंदिर कैसे बन जाए? चित्त दर्पण बन जाए तो आदमी मंदिर बन सकता है। चित्त दर्पण बन जाए तो आदमी इसलिए मंदिर बन सकता है कि उसी दर्पण में भगवान की छवि उतरनी शुरू हो जाती है।
ओशो.
Osho.
Narmada.

CamScanner

लाखों की गाड़ी एक चाबी और
ब्रेक पर निर्भर होती है,
करोड़ों का घर एक चाबी और
ताले पर निर्भर करता है,
इसी तरह हमारा व्यक्तित्व भी
हमारी सोच और स्वभाव
पर निर्भर करता है ।

CamScanner


Osho Lovel
लगा सका ना कोई
मेरे मुर्शिद के कद का अंदाजा
आसमा से ऊंचा है
मगर सर झुकाए चलता है
Osho

CamScanner

CamScanner


भारत का आकाश
संतों के सितारों से भरा है।
अनंत-अनंत सितारे हैं,
यद्यपि ज्योति सबकी एक है।
संत रैदास उन सब
सितारों में ध्रुवतारा हैं।
ओशो
मन ही पूजा मन ही धूप - १

CamScanner



CamScanner

जिस मरनै थे जग डरे,
सो मेरे आंनद
कब मरिहूँ कब देखिहूँ,
पूरन परमानन्द

कबीर.

CamScanner

Hindi Songs's Lyrics

Lyrics

O Door Ke Musafir / ओ दूर के मुसाफिर, हम को भी साथ ले ले

चले आज तुम जहाँ से, हुई ज़िन्दगी परायी
तुम्हे मिल गया ठिकाना, हमें मौत भी ना आयी

ओ दूर के मुसाफिर, हम को भी साथ ले ले रे
हम को भी साथ ले ले, हम रह गये अकेले

तू ने वो दे दिया ग़म, बेमौत मर गये हम
दिल उठ गया जहां से, ले चल हमें यहाँ से
किस काम की ये दुनिया जो ज़िन्दगी से खेले

सूनी हैं दिल की राहें, खामोश हैं निगाहें
नाकाम हसरतों का उठने को है जनाज़ा
चारों तरफ लगे हैं बरबादीयों के मेले

geetmanjusha.com

#DilipKumar #Nimmi

CamScanner


एक ला आफ रिवर्स इफेक्ट का एक नियम है।
जिसको पीछे पश्चिम में
फ्रांस के एक विचारक इमाइल कुए ने खोजा।
उसका कहना है, विपरीत परिणाम का नियम।
आप जो भी करना चाहते हैं, अगर बहुत ज्यादा कोशिश की,
तो उससे विपरीत परिणाम आ जाता है।
आपने अगर तय किया कि
क्रोध न करेंगे, तो आपसे क्रोध जल्दी होने लगेगा।
नहीं, आप क्रोध की फिक्र छोड़ें,
आप क्षमा करने की फिक्र करें।
आप पाजिटिवली क्षमा की तरफ देखें,
क्रोध की फिक्र छोड़ें।
आप क्षमा करेंगे, इसकी फिक्र करें।
आप क्रोध नहीं करेंगे, ऐसी नकारात्मक फिक्र मत करें।
आप कामवासना से बचेंगे, ऐसी नकारात्मक दृष्टि मत लें।
आप ब्रह्मचर्य में प्रवेश करेंगे, ऐसी विधायक दृष्टि लें।
नहीं तो आप ला आफ रिवर्स इफेक्ट में फंस जाएंगे।
अधिक लोग फंसे हुए हैं।
आचार्य श्री रजनीश
गीता दर्शन-अ.3(प्र.२१)परमात्म समर्पित कर्म

CamScanner

जिसने स्वयं के
भीतर सत्य को जाना है,
वही वेद में पहचान पाएगा,
वही कुरान में, वही धम्मपद में,
वही बाइबिल में.
ओशो "प्रेम-पंथ ऐसो कठिन"

CamScanner

!! ज्ञान घटे नर मूढ़ की संगत !!

!! बुद्धि घटे चित विषय भरमाए !!

!! तेज घटे पर नारी कि संगत !!

!! बुद्धि घटे बहु भोजन खाए !!

!! प्रेम घटे नित ही कुछ मांगत !!

!! मान घटे नित पर घर जाए !!

!! दयाल कहे सुन रे मन मूरख

पाप घटे हरि के गुण गाए !!

CS CamScanner

जिनके पास केवल सोने और चांदी के ठिकरे है, उनको मैं भीखमंगे कहता हूं। धनी तो वह है, जिसके ह्रदय में शांति है, आनंद है, उल्लास है, जिसके पैरो में नृत्य है, जिसकी श्वासो में बांसुरी है। जिसके भीतर परमात्मा ने थोडी सी झलक दिखा दी है। बस वही केवल धनी है सब गरीब है।

ओशो अहोभाव
फिर पत्तों की पाजेब बजी
(प्रवचन–01)

CamScanner

7:52 pm 0 KB/s 27%

19 Aug ·

❣️❣️❣️❣️❣️❣️❣️❣️❣️❣️❣️

जब एक बार किसी गुरु के चरणों में दास हो जाओ, एक बार जब किसी गुरु के चरणों में कह दो—बुद्धं शरणं गच्छामि; संघं शरणं गच्छामि; धम्मं शरणं गच्छामि; तो फिर एक बात याद रखना: फिर अपनी कोई आस मत रखना।

"दास कहाइकै आस न कीजिए,
आस जो करै सो दास नाहीं।"

छोटे-छोटे शब्दों में गहरे सत्य भर दिए पलटू ने। सीधे-सादे आदमी हैं, लेकिन पते की बात कह दी। समझें, उनके लिए इशारे काफी हैं।

"आस जो करै सो दास नाहीं।"

अगर गुरु के पास बैठकर भी आशा जारी रखी कि यह मिल जाए, वह मिल जाए; सिद्धि मिल जो, ऋद्धि मिल जाए, तो भटकते रहोगे। तो गुरु के पास भी बैठे और बैठे भी नहीं। तुम्हारे और गुरु के बीच हजारों कोस का फासला रहा। जितनी आस उतना फासला। अगर आस बिलकुल नहीं तो फासला बिलकुल नहीं। तब गुरु धड़केगा तुम्हारे हृदय में और गुरु बोलेगा तुम्हारी वाणी में। और तुम्हारी श्वासें उसकी श्वासें होंगी। और तुम उसकी आंखों से देख सकोगे।

और यही अनुभव सत्संग है: जब गुरु की आंखों से देख सको, उसके हाथों से छू सको, उसके हृदय से अनुभव कर सको। जब सब फासले गिर जाएं।

#-सपना यह संसार /प्रवचन -9

🌹ओशो 👏👏👏👏👏

CamScanner

CS CamScanner



"एक बार भी कोई पूर्ण हृदय से कह पाए-
'जो तेरी मर्जी -उसके जीवन से दुख विदा हो
जाता है। 'मेरी मर्जी में चिंता है, भय है।
'उसकी मर्जी में शांति है, आनंद है।"

अहोभाव
ओशो

CamScanner

7:45 pm 28%
facebook

अहोभाव

जीवन !

जीवन एक यात्रा है। यात्रा है--मृत्यु से अमृत की ओर; अंधकार से प्रकाश की ओर; व्यर्थ से सार्थक की ओर। एक शब्द में पदार्थ से परमात्मा की ओर। इस यात्रा में वे सारे लोग जो बाहर तलाश रहे हैं, भटके हुए हैं। लाख तलाशें, कुछ पाएंगे नहीं-न काशी में, न काबा में; यहां तो केवल वे ही पाने में समर्थ हो पाते हैं जो स्वयं के भीतर छिपे हुए सत्य को पहचानते हैं।

यह यात्रा अनूठी है। यह यात्रा कहीं जाने की नहीं, कहीं से लौट आने की है। जा तो हम बहुत दूर चुके हैं--अपने से दूर। वापस लौटना है अपने पर। जा तो हम बहुत दूर चुके हैं--अपने सपनों में, वासनाओं में, विचारों में। छोड़ देना है सारे स्वप्न, छोड़ देने हैं सारे विचार, सारी वासनाएं, ताकि अपने पर आना हो जाए। संसार नहीं छोड़ना है, स्वप्न छोड़ने हैं; क्योंकि स्वप्न ही संसार है। ओशो



CamScanner

सीता जो राजा जनक की पुत्री और राजा दशरत की पुत्रवधु थी....जिसका विवाह बड़ा अलौकिक हुआ पर उसके बाद सीता को मिला क्या वनवास ओर वनवास के बाद अपहरण फिरअग्नि परीक्षा अंत मे गर्भवती होने के बाद भी परिवार का वियोग..

कई राज्यों पर राज करने वाले पिता और ससुर चाहकर भी सीता को सुख नही दे पाए तो फिर एक साधारण मनुष्य कैसे अपनी संतान को उनके अपने कर्म के बिना सुख दे सकता है..

इसलिए मनुष्य तन मन धन से संतान को सब कुछ दे सकता है पर उसे सुख तो खुद के ही कर्मो से मिलेगा दूसरे के कर्मो से नही..

CamScanner

हमारे सारे पक्ष और हमारे सारे विश्वास अज्ञान की संतति है। इसलिए जो इन विश्वासों को पकड़े बैठे रहता है, उसने अपने अज्ञान को ही मजबूत कर लिया।

अज्ञान को तोड़ना है, तो विश्वास और पक्षों को तोड़ देना जरूरी है।चाहिए एक निष्पक्ष मन, चाहिए एक निर्दोष मन, चाहिए एक मुक्त और खुला हुआ मन, वही द्वार बनता है, वही दर्पण बनता है खुद को जानने का।

अंतर की खोज-(विविध)-प्रवचन-03

CamScanner


परमात्मा के पास बैठिये इतने गहरे भाव से कि
आँसू आ जाएँ, किसी प्रकार की कोई
आकांक्षा या मांग न रखें, परमात्मा का होना
ही आशीर्वाद है मांगना नहीं पड़ता उनके पास
होने से ही सब मिल जाता है। जैसे फूल के
पास जाओ खुशबू अपने आप ही मिलने
लगती है परमात्मा ने सारी व्यवस्था पहले ही
की हुई है मांगने की जरूरत ही नही है बस
उनके पास जाना है, उनकी शरणागति
स्वीकार कर लेना उनके बताये मार्ग पर चलना
हमारा कर्तव्य बस इतना ही है बाकी सब कुछ
स्वयं ही हो जाता है। ***Osho***

CamScanner

शान्त रहने वाले असली खिलाडी होते
है शान्त रहकर सारे खेल खेल जाते है
बोलने वाले तो केवल बदनाम रहते है
कुछ लम्हे जिन्दगी के

CamScanner



CS CamScanner

महत्व हमेशा खुद को ज्यादा देना क्योंकि
अगर दूसरों को दोगे तो अपना आत्म
सम्मान ही खो दोगे।

CamScanner


क्या आपने क्रोध करके
हर बार यह अनुभव
नहीं किया है
कि कुछ जो
नहीं करना था
वह आपने कर लिया?
Osho Lovel
Osho

CamScanner


5:41 pm
15 KB/s
42%
परमात्मा के संबंध में प्रमाण मांगना
मन की बड़ी गहरी
चालबाजी है।
ओशो
Neelam Batra
01-MAY-2022
6
1 comment
Share

CamScanner

5:38 pm 0 KB/s VoLTE 4G 43%

सारे कपड़े धोने के बाद उसने वो कपड़े गधे पर लाद दिए और फिर उसने गधे को ठहाके लगाते हुए कुछ यूं हांका कि 'तू तो सच में गधा है जो रस्सी थी ही नहीं उससे बंधा पड़ा रहा' लेकिन उसके ठहाके तुरंत रुक गए जब गधा आगे बढ़ने को तैयार ही नहीं हुआ। धोबी के बहुत हांकने के बाद भी गधा एक पैर भी आगे बढ़ाने के लिए तैयार नहीं था। धोबी घबरा गया, घबराकर उसने इधर-उधर देखा और पाया कि पेड़ की छांव में बैठकर वही समझदार और काफ़ी पढ़ा-लिखा आदमी मुस्कुरा रहा है। वो आदमी भी ये सब तमाशा देखने के लिये बैठ गया था हालांकि वो पढ़ा-लिखा था लेकिन बेरोज़गार था तो अक्सर वो कहीं भी तमाशे देखने रुक जाया करता था। उस आदमी ने कहा कि तुम शायद भूल गए हो कि तुम्हारा गधा बंधा है, उसे ठीक उसी प्रकार खोलो जिस प्रकार रोज़ खोलते आए हो। धोबी एक बार फिर से आश्चर्यचकित हुआ और उसने ठीक उसी प्रकार अपने गधे को खोला जिस प्रकार वो रोज़ उसकी रस्सी खोला करता था और फिर से उसे थपथपाया करता था। ऐसा करते ही गधा अपने रास्ते चल दिया।

यहां गधे की जगह हम अपने आप को रखकर देख सकते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि हम तमाम तरह के काल्पनिक पाशों (बंधनों) में बंधे हो और हम ये बात जानते ही न हो।

CamScanner

12:26 pm 0 KB/s 61%

Anil Bharti
1d ·

⚡"गुरु की पहचान कैसे हो ?⚡ "

भूखे को भोजन दिखाई पड़ता है।
प्यासे को पानी दिखाई पड़ता है।
साधक को सदगुरु दिखाई पड़ जाता है।

अगर साधक हो, तो जैसे ही गुरु मिलेगा, प्राण जुड़ जाएंगे; तार मिल जाएगा। कोई बताने की जरूरत न पड़ेगी। अगर उजाला आ जाए, तो क्या कोई तुम्हें बताने आएगा, तब तुम पहचानोगे कि यह अंधेरा नहीं, उजाला है? अंधे की आंख खुल जाए, तो क्या अंधे को दूसरों को बताना पड़ेगा, कि अब तेरी आंख खुल गई, अब तू देख सकता है देख। आंख खुल गई, कि अंधा देखने लगता है। रोशनी आ गई कि पहचान ली जाती है, स्वतः प्रमाण है।
अगर साधक है कोई; साधक का अर्थ क्या है? साधक का अर्थ है कि खोजी है, आकांक्षी है, अभीप्सा से भरा है। साधक का अर्थ है, कि प्यासा है सत्य के लिए। सौ साधकों में निन्यानवे साधक होते नहीं, फिर भी साधन की दुनिया में उतर जाते हैं। इससे सारी उलझन खड़ी होती है।
🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹
🌹🌹🌹🌹🌹🌹🌹
💞परम प्यारे ओशो💞

CS CamScanner

CS CamScanner


@ahobhav_
अपने को ही न जाना और सबको जान लिया,
इस जानने का कोई मूल्य नहीं है।
ओशो अहोभाव
एस धम्मो सनंतनों १२

CamScanner

11:58 am 0 KB/s 63%

उन्हें अभी बहार की दिवाल का ही चक्कर लगाना पड़ेगा।

जिन लोगों ने ये मन्दिर बनवाये थे
वे बड़े समझदार थे !
यह मन्दिर एक "मेडिटेशन मन्दिर" था।
यह मन्दिर एक ध्यान का केन्द्र था
जो लोग आते थे, उनसे वे कहते थे।
बाहर पहले मैथुन के ऊपर ध्यान करो
पहले सेक्स को समझो और
जब सेक्स को पूरी तरह समझ जाओ और
तुम पाओ कि
मन उससे मुक्त हो गया है
तब तुम भीतर आ जाना
फिर भीतर भगवान से मिलना हो सकता है।

लेकिन धर्म के नाम पर हमने
सेक्स को समझने की स्थिति पैदा नहीं की,
सेक्स की शत्रुता पैदा कर दी।
सेक्स को समझो मत,
आँखें बन्द कर लो और
घुस जाओ भगवान के मन्दिर में
आँखें बन्द कर के
आँखें बन्द कर के
कभी कोई भगवान के मन्दिर में जा सका है।
और आँखें बन्द कर के
अगर आप भगवान के मन्दिर में पहुँच भी गये
तो बन्द आँखों में आपको भगवान दिखायी नहीं पड़ेंगे।
जिससे आप भाग कर आये है,
वही दिखायी पड़ता रहेगा आप उसी से बन्धे रह जायेंगे !

ओशो - सम्भोग से समाधि की और – 2
सम्भोग : अहं-शून्यता की झलक

CamScanner


शास्त्रों का अध्ययन
जिनका ज्ञान
बन चुका
है।
वे निश्चिंत रहें!
अभी उन्होंने
अहंकार के
अतिरिक्त
कुछ भी
अर्जित
नहीं
किया
है।

CamScanner

11:52 am 0 KB/s VoLTE 4G 64%

आफ डिसबिलीफ, प्रेजेंस आफ बिलीफ नहीं, विश्वास की उपस्थिति नहीं, अविश्वास की अनुपस्थिति। इसलिए कोई आदमी कितना ही विश्वास करे, कभी श्रद्धा को उपलब्ध नहीं होता। उसके भीतर अविश्वास खड़ा ही रहता है और कांटे की तरह चुभता ही रहता है।

अब एक आदमी कहे चला जाता है, आत्मा अमर है; और फिर भी मरने से डरता चला जाता है। एक तरफ कहता है, आत्मा अमर है, दूसरी तरफ मरने से भयभीत होता है। यह कैसा विश्वास है? इसके पीछे अविश्वास खड़ा है। कहता है, आत्मा अमर है, और डरता है मरने से। अगर आत्मा अमर है, तो मरने का डर? मरने का डर बेमानी है। अब यह कैसे आश्चर्य की बात है!

लेकिन अगर ठीक से देखेंगे, तो आश्चर्य नहीं मालूम पड़ेगा। सौ में निन्यानबे मौकों पर संभावना यही है कि चूंकि मरने का डर है, इसलिए आत्मा अमर है, इस विश्वास को किए चले जाते हैं। डर है भीतर कि मर न जाएं, तो आत्मा अमर है, इस पाठ को रोज-रोज पढ़े चले जाते हैं; दोहराए चले जाते हैं, आत्मा अमर है; समझाए चले जाते हैं अपने को, आत्मा अमर है। और भीतर जिसे दबाने के लिए आप कह रहे हैं, आत्मा अमर है, वह मिटता नहीं। वह भय और गहरे में सरकता चला जाता है। हमारे सारे विश्वास ऐसे ही हैं।

ओशो

CamScanner

11:52 am 0 KB/s VoLTE 4G 64%

श्रद्धा शब्द को थोड़ा समझेंगे, तो इस सूत्र के हृदय के द्वार खुल जाएंगे। श्रद्धा शब्द के आस-पास बड़ी भ्रांतियां हैं। सबसे बड़ी भ्रांति तो यह है कि श्रद्धा का अर्थ लोग करते हैं, विश्वास, बिलीफ; या कुछ लोग श्रद्धा का अर्थ करते हैं, फेथ, अंधविश्वास। दोनों ही अर्थ गलत हैं। क्यों? जो भी विश्वास करता है, उसके भीतर अविश्वास सदा ही मौजूद होता है।

असल में अविश्वासी के अतिरिक्त और कोई विश्वास करता ही नहीं है। यह उलटी लगेगी बात। लेकिन विश्वास की जरूरत ही इसलिए पड़ती है कि भीतर अविश्वास है। जैसे बीमार को दवा की जरूरत पड़ती है, ऐसे अविश्वासी चित्त को विश्वास की जरूरत पड़ती है। भीतर है संदेह, भीतर है अविश्वास, उसे दबाने के लिए विश्वास, बिलीफ को हम पकड़ते हैं।

श्रद्धा विश्वास नहीं है। भीतर अविश्वास हो और उसे दबाने के लिए कुछ पकड़ा हो, तो उसका नाम विश्वास है। और भीतर अविश्वास न रह जाए, शून्य हो जाए, तब जो शेष रह जाती है, वह श्रद्धा है। भीतर अविश्वास हो...एक आदमी को विश्वास न हो कि ईश्वर है और विश्वास करे, जैसा कि अधिक लोग किए हुए हैं, विश्वास बिलकुल नहीं है, लेकिन किए हुए हैं। विश्वास भी नहीं है, अविश्वास करने की हिम्मत भी नहीं है। भीतर अविश्वास है गहरे में, ऊपर से विश्वास के वस्त्र ओढ़े हुए हैं। ऐसी बिलीफ, ऐसा विश्वास स्किनडीप, चमड़ी से ज्यादा गहरा नहीं होता। जरा जोर से खरोंचो, भीतर का अविश्वास बाहर निकल आता है।

श्रद्धा का ऐसा अर्थ नहीं है। श्रद्धा बहुत ही कीमती शब्द है। श्रद्धा का अर्थ है, जहां से अविश्वास नष्ट हो गया–विश्वास आ गया नहीं। श्रद्धा का अर्थ है, जहां अविश्वास नहीं रहा। जब भीतर कोई अविश्वास नहीं होता, तब श्रद्धा फलित होती है। कहें, श्रद्धा अविश्वास का अभाव है। एब्सेंस आफ डिसबिलीफ, प्रेजेंस आफ बिलीफ नहीं, विश्वास की उपस्थिति नहीं, अविश्वास की अनुपस्थिति। इसलिए कोई आदमी कितना ही विश्वास करे, कभी श्रद्धा को उपलब्ध नहीं होता। उसके भीतर अविश्वास खड़ा ही रहता है और कांटे की तरह चुभता ही रहता है।

अब एक आदमी कहे चला जाता है, आत्मा अमर है; और फिर भी मरने से डरता चला जाता है। एक तरफ कहता है, आत्मा अमर है, दूसरी

CamScanner


ahobhav_
माना कि हमे पता नही है कहा से हम आए है
और माना यह भी कि हमे पता नही कहा हमे जाना है,
लेकिन एक बात सुनिश्चित है कि एक दिन था हम यहा नही
थे और यह भी बात उतनी ही सुनिश्चित है कि एक दिन
फिर होगा और हम यहा नही होंगे।
ओशो अहोभाव

CamScanner

डर एक प्रकार की मूढता है, अगर किसी महामारी से अभी नही भी मरे तो भी एक न एक दिन मरना ही होगा, और वो एक दिन कोई भी दिन हो सकता है, इसलिए विद्वानों की तरह जिये, भीड़ की तरह नही!!

ओशो

CamScanner

ART OF HINDI POETS

किसी को घर से निकलते ही मिल गई मंज़िल ,

@artofhindipoets

कोई हमारी तरह उम्र भर सफ़र में रहा ।

-अहमद फ़राज़

CamScanner


जिस दिन तुम्हे
अपना मूल्य पता
लग गया,उस दिन के
बाद तुम्हे किसी के
द्वारा की गई निंदा
या प्रशंसा से कोई
फर्क नहीं पड़ेगा।
@buddha_knowledge_

CamScanner



CamScanner


जब तुम पूरे खाली हो जाते हो,
तो परमात्मा तुम्हें भर देता है।
शून्य हो जाना पूर्ण को पाने का मार्ग है।
Oshorajneesh

CamScanner


जो मिल जाता है वही व्यर्थ
हो जाता है, जिस स्त्री को तुम चाहते थे
मिल गई, जिस पुरुष को तुमने चाहा
मिल गया, बस तत्क्षण तुम किसी और की चाह में लग गए।
Oshorajneesh

CamScanner


प्रशंसा मिले कि अपमान,
और सिंहासन मिले कि सूली,
सन्यासी का तो सीधा,
साफ सुथरा व्यवहार है ।
वह यह है कि जो परमात्मा
करवाये वही करेंगे । ।
ओशो

CamScanner



CamScanner

तुम कोई भी मूर्खता करवा लो आदमियों से, सम्मान मिलना चाहिए।

CamScanner

जैसा तुम दिखाओ... वैसा में देखूँ क्यों...?
आँखे सलामत हैं मेरी... और नजरिया
दुरूस्त...!!

CamScanner


अपनी पीड़ा के लिए संसार
को दोष मत दो अपने मन
को समझाओ तुम्हारे मन का
परिवर्तन ही तुम्हारे दुखों का
अंत हैं,

CamScanner

ग़म तो ये है... के, मेरे खरेपन का...
खोटे सिक्कों ने, इम्तिहान लिया...!!

CamScanner

"बुद्ध ने महल का
त्याग किया
शांति की तलाश
OSHO DHYAN UPVAN HISAR
में। और हम
@LaughWithUniverse
शांति का त्याग
कर रहे है,
महल की तलाश
में।"

CamScanner



CamScanner


कबीर पशु पैसा ना गहै,
ना पहिरे पैजार।
ना कुछ राखै सुबह को,
मिलय ना सिरजनहार।।
पशु अपने पास पैसा नहीं रखता है, जूता नहीं पहनता है, और ना ही अगले दिन खाने के लिए कुछ बचा कर रखता है, लेकिन ऐसा जीवन जीने पर भी उसका परमात्मा से मिलन नहीं हो पाता है, ठीक इसी प्रकार सन्यासी भी करता है, तो फिर उसका परमात्मा से मिलन कैसे हो सकता है ?? परमात्मा तक केवल सद्‌गुरु ही पहुंचा सकता है, क्योंकि वह परमात्मा में समा कर उनका तदरूप हो चुका होता है।

CamScanner

अश्लीलता हमारी अपनी खोज है,
ईश्वर कि नहीं, अगर ईश्वर की होती तो,
वह हमें कपड़े पहनाकर पैदा करता।

CS CamScanner

जिस दिन तुम्हें ये दिख जाएगा, जिस दिन तुम यह जान लोगे कि पूरी दुनिया भी मिल जाए तो भी कुछ हाथ नहीं आएगा, हाथ खाली ही रहेंगे। जिस दिन हर चीज की छन भंगुरता दिख जाएगी उस दिन तुम यह भी जानोगे कि परमात्मा है और वो शाश्वत है। फ़िर तुम दौड़ोगे, नाचोगे, गाओगे लेकिन कुछ पाने के लिए नहीं, बस प्रेम में। यह जानकर की जो मिलना था वो तो मिला ही हुआ है...

CamScanner

भीतरी तत्व को तुम तभी जान पाओगे जब तुम बाहर से सब लेन देन बन्द कर दोगे।

ओशो अहोभाव

CamScanner



CamScanner

6:37 am 0 KB/s 4G 100%

Munabai Makvana · 3d ·

।। प्रायश्चित मतलब स्वयं की चेतना का सम्पूर्ण रूपांतरण ।।

महावीर के पास कोई साधक आता था तो वे उसे पिछले जन्म के स्मरण में ले जाते थे, सिर्फ इसीलिए ताकि वह देख ले कि वह कितनी बार यही सब दोहरा चुका है और यह कहना बंद कर दे कि मेरे कर्म की भूल है और यह जान ले कि भूल मेरी है। पश्चात्ताप, कर्म गलत हुआ, इससे संबंधित है। प्रायश्चित, मैं गलत हूं, इस बोध से संबंधित है। और ये दोनों बातें बहुत भिन्न हैं, इसमें जमीन आसमान का फर्क है। पश्चात्ताप करनेवाला वही का वही बना रहता है और प्रायश्चित करनेवाले को अपनी जीवन चेतना रूपांतरित कर देनी होती है। सवाल यह नहीं है कि मैंने क्रोध किया तो मैं पछता लूं। सवाल यह है कि मुझसे क्रोध हो सका तो मैं दूसरा आदमी हो जाऊं, ऐसा आदमी जिससे क्रोध न हो सके--प्रायश्चित का यह अर्थ है। ट्रांसफमशन आफ द लेवल आफ द बीइंग। यह सवाल नहीं है कि मैंने कल क्रोध किया था, आज मैं नहीं करूंगा। सवाल यह है--कल मुझसे क्रोध हुआ था, मैं कल के ही जीवन तल पर आज भी हूं। वही चेतना मेरी आज भी है। पश्चात्ताप करनेवाला कल के लिए क्षमा मांग लेगा। हर वर्ष हम मांगते हैं मिच्छामि दुक्कड़म, हर वर्ष हम मांगते हैं, क्षमा कर दे । पिछले वर्ष भी मांगा था , उसके पहले भी क्षमा मांगी थी। कब वह दिन आएगा जब कि क्षमा मांगने का अवसर न रह जाए। कि मांगते ही रहेंगे। और जानते हैं भली-भांति कि जहां से क्षमा मांगी जा रही है वहां कोई रूपांतरण नहीं है। वह आदमी वही है जो पिछले वर्ष था।

एक मित्र पिछले पूरे वर्ष से मेरे संबंध में अनूठी कहानियां प्रचारित करते हैं। अब यह पर्युषण पूरे हुए तो उनका कल पत्र आया कि मुझे क्षमा कर दें। ऐसा नहीं कि मैंने जाने अनजाने अपराध किए हों, उनके लिए क्षमा कर दें--पत्र में लिखा है, मैंने अपराध किए हैं, उनके लिए क्षमा कर दें, और मैं हृदय की गहराई से क्षमा मांगता हूं। लेकिन मैं जानता हूं कि पत्र लिखने के बाद उन्होंने वही काम पुनः जारी कर दिया होगा। क्योंकि पत्र लिखने से वह रूपांतरण नहीं हो जानेवाला है। क्षमा मांग लेने से आप नहीं बदल जाएंगे, आप फिर वही होंगे। सच तो यह है--जो क्षमा मांग लेने से आप नहीं बदल जाएंगे, आप फिर वही होंगे। सच तो यह है--जो

CamScanner

11:54 am 9 KB/s 4G 88%

पता भी न था कहां होगा। जिस दिन हसन को आत्मज्ञान हुआ, उसने पहला धन्यवाद उस चोर को दिया और परमात्मा से कहा, उस चोर को धन्यवाद! क्योंकि उसके पास ही मैंने यह सीखा कि साधारण–सी चोरी करने यह आदमी जाता है और खाली हाथ लौट आता है, लेकिन उदास नहीं है, थकता नहीं, निश्चय इसका टूटता नहीं। कभी ऐसा नहीं कहता कि यह धंधा बेकार है, छोड़ दें, कुछ हाथ नहीं आता!

और जब मैं परमात्मा को खोजने निकला, उस परम संपदा को खोजने निकला, तो न मालूम कितनी बार ऐसा लगता था कि यह सब बेकार है, कुछ मिलता नहीं। न कोई परमात्मा दिखाई पड़ता है, न कोई आत्मा का अनुभव होता है। पता नहीं इस सब बकवास में मैं पड़ गया हूं, छोडूं। और जब भी मुझे ऐसा लगता था, तभी मुझे उस चोर का खयाल आता था कि साधारण–सी संपदा को चुराने जो गया है, उसका निश्चय भी मुझसे ज्यादा है, और मैं परम संपदा को चुराने निकला हूं, तो मेरा निश्चय इतना डांवाडोल है! तो जिस दिन उसे ज्ञान हुआ, उसने पहला धन्यवाद उस चोर को दिया और कहा कि मेरा असली गुरु वही है। हसन के शिष्यों ने उससे पूछा कि उसके असली गुरु होने का कारण? तो उसने कहा, उसका दृढ़ निश्चय!

दृढ़ निश्चय का अर्थ है कि पूरे प्राण इतने आत्मसात हैं कि चाहे हार हो, चाहे जीत; चाहे सफलता मिले, चाहे असफलता, निर्णय नहीं बदलेगा। दृढ़ निश्चय का अर्थ है, चाहे असफलता मिले, चाहे सफलता, चाहे जन्मों–जन्मों तक भटकना पड़े, निर्णय नहीं बदलेगा। खोज जारी रहेगी। सब खो जाए बाहर, लेकिन भीतर खोजने वाला संकल्प नहीं खोएगा।

वह जारी रहेगा। सब विपरीत हो जाए, सब प्रतिकूल पड़ जाए, कोई साथी न मिले, कोई संगी न मिले, कोई अनुभव की किरण भी न मिले, अंधेरा घनघोर हो, टूटने की कोई आशा न रहे, तब भी।

🙏🙏🌹🌹🔥🔥

~ ओशो✍️

गीता दर्शन , (भाग-04), प्रवचन : 111

Comment as Rajesh Kumar Rai

CamScanner

ओशो प्रेम नमन 💐💕

सारी प्रकृति विश्राम में जी रही है, सिर्फ मनुष्य को छोड़कर.... !

... हम निरंतर एक अजीब बीमारी से ग्रसित हैं, और वह बीमारी है अत्याधिक व्यस्त होने की, आक्युपाइड होने की। हर आदमी ऐसा लग रहा है, जैसे बहुत भारी काम में उलझा हुआ है। शायद काम कुछ भी नहीं है, लेकिन आदत अत्याधिक काम में उलझे होने की हमने खड़ी कर ली है। हर आदमी भाग रहा है, दौड़ रहा है और इस भांति संलग्न है, जैसे सारे जगत का भार उसके ऊपर है। इतना व्यस्त मालूम हो रहा है।

और यह व्यस्तता, यह जो आक्युपाइड माइंड है--यह दिन-रात व्यस्त होना इसके कारण चित्त निरंतर क्षीण होता चला जाता है। विश्राम का कोई भी क्षण न होने से चित्त दुर्बल हो जाता है। और दुर्बल चित्त सत्य को नहीं जान सकता है। सत्य को जानने के लिए शक्ति से परिपूर्ण, बहता हुआ, भरा हुआ चित्त चाहिए। और ऐसा चित्त तभी हो सकता है, जब आप अव्यस्त होने की थोड़ी सामर्थ्य पैदा कर लें।

एक आदमी को मैं देखता था रोज सांझ वे घूमने जाते थे। लेकिन घूमने भी वे ऐसे जाते थे, इतनी तेजी से कि जैसे किसी युद्ध पर जा रहे हों। तो मैंने उन्हें टोका और मैंने कहा कि आप किसी लड़ाई पर जाते हैं रोज? उन्होंने कहा, लड़ाई पर? मैं तो घूमने जाता हूं। तो मैंने कहा, लेकिन जाते आप ऐसे हैं, इतने तने हुए, इतने खिंचे हुए, इतने परेशान, इतने भागे हुए, जैसे कहीं पहुंचना हो। कहां पहुंचने के लिए जाते हैं? उन्होंने कहा, पहुंचने! मैं सिर्फ घूमने जाता हूं। लेकिन मैंने कहा, आपका मन घूमने की दशा में नहीं होता। घूमने जाने का मतलब है ऐसे जाना, जैसे कहीं पहुंचना नहीं है। कोई हम यात्रा थोड़े ही कर रहे हैं। यात्रा जब कोई करता है तो तना हुआ, खिंचा हुआ--उसे कहीं पहुंचना है।

सारी प्रकृति इसी भांति विश्राम में जी रही है, सिर्फ मनुष्य को छोड़कर। मनुष्य अति तनाव में है। और उसे खयाल भी नहीं है कि इतना तना हुआ होना, इतना व्यस्त, इतना उलझा हुआ होना ही उसे वंचित कर रहा है किसी सत्य को, किसी आनंद को जानने से।

CS CamScanner

CamScanner

जैन और बौद्ध कहते हैं, परमात्मा ऊपर से नहीं उतरता, तुम्हारे भीतर से ऊपर की तरफ जाता है; उठता है। जैसे बीज से अंकुर उठता है, जैसे दीये से ज्योति ऊपर की तरफ उठती है, जैसे धूप से धुआं ऊपर की तरफ उठता है। परमात्मा तुम्हारी सुवास है जो आकाश की तरफ उठने लगती है।

ओशो अहोभाव

नाम सुमिर मन बांवरे #6

ahobhav_

CamScanner

Awākēn

2h ·

मनुष्य अपने विश्वास से बनता है। जैसा वह विश्वास करता है, वैसा ही वह होता है। ___भगवत गीता

CamScanner



CamScanner

2d ·

गुर्जिएफ पश्चिम का एक बहुत बड़ा संत,.
अपने आश्रम के बाहर दीवाल पर लिख रख छोड़ा था, कि जिसने अपने मां-बाप को आदर देना नहीं सीख लिया है, उसके लिए मंदिर के द्वार बंद हैं।

बड़ी हैरानी की बात थी। इस बात को वहां लिखने की क्या जरूरत थी? लोग पूछते भी गुर्जिएफ से, कि यह क्या मामला है? इससे मां-बाप से क्या लेना-देना!

गुर्जिएफ कहता, कि जिसने इस संसार के मां-बाप से संबंध श्रद्धा का नहीं बना लिया, उसके पास सीढ़ी ही नहीं है उस ऊपर के पिता की तरफ चढ़ने की। उसकी सीढ़ी नहीं है उसके पास।

उसके पास मौलिक अनुभव नहीं है, जिसका बीज बन जाए और जिसका वृक्ष हो सके। उसके पास पहली कुंजी ही नहीं है। इसलिए पूरब में, जहां धर्मों का जन्म हुआ--सारे धर्मों का जन्म पूरब में हुआ।

पश्चिम में एक भी धर्म पैदा नहीं हुआ है। जैसे सूरज पूरब में उगता है, वैसे सारा धर्म पूरब में पैदा हुआ है। पूरब में जितने धर्मों का जन्म हुआ--सभी धर्मों का हुआ--और पूरब में सभी लोगों ने एक बात पर जोर दिया है; वह है, बेटे के द्वारा पिता के प्रति एक अनन्य श्रद्धा, जिसको तोड़ा नहीं जा सकता।

कारण है उसका। कारण है, क्योंकि अगर तुम इस पृथ्वी पर अपने पिता के प्रति एक श्रद्धा का भाव पैदा नहीं कर पाए, तो तुम उस अज्ञात पिता के प्रति तो कैसे श्रद्धा का भाव पैदा कर पाओगे? मूल सीढ़ी खो रही है। इसलिए जिन लोगों का भी अपने पिता से बहुत अच्छा संबंध नहीं है, उन्हें उस संबंध को सुधार लेना चाहिए। उसको बिना सुधारे उनके और परमात्मा के बीच थोड़ी सी झंझट बनी

CamScanner

गुरु एक है, शिक्षक अनेक हैं।
वह जो जीवन का सत्य है, वह एक है; लेकिन उसकी शिक्षाएं अनेक हैं।
वह जो मंदिर है रहस्य का, वह एक है, लेकिन उसके द्वार अनेक हैं।
अनंत-अनंत हैं मार्ग उस तक पहुंचने के; लेकिन पहुंचने पर एक ही शेष रह जाता है।
मंजिल एक है।
और शिक्षकों में भी जो झलक दिखाई पड़ती है, वह उस एक की ही है। सभी शिक्षक सरोवर की भांति हैं। वह एक महागुरु ही उनमें प्रगट होता है।
ऐसा भी हो सकता है कि शिक्षक एक-दूसरे के विपरीत हों; फिर भी जो उनमें प्रगट होता है; वह एक ही है।
सत्य की अनुभूति एक है, अभिव्यक्तियां अनेक हैं।

CS CamScanner

कुदरत के दो रास्ते

एक बच्चा दोपहर में नंगे पैर फूल बेच रहा था। लोग मोलभाव कर रहे थे। एक सज्जन ने उसके पैर देखे; बहुत दुःख हुआ। वह भागकर गया, पास ही की एक दुकान से बूट लेकर के आया और कहा–बेटा! बूट पहन ले। लड़के ने फटाफट बूट पहने, बड़ा खुश हुआ और उस आदमी का हाथ पकड़ के कहने लगा–आप भगवान हो। वह आदमी घबराकर बोला–नहीं...नहीं...बेटा! मैं भगवान नहीं। फिर लड़का बोला–जरूर आप भगवान के दोस्त होंगे, क्योंकि मैंने कल रात ही भगवान को अरदास की थी कि भगवानजी, मेरे पैर बहुत जलते हैं। मुझे बूट लेकर के दो। वह आदमी आंखों में पानी लिये मुस्कराता हुआ चला गया, पर वो जान गया था कि भगवान का दोस्त बनना ज्यादा मुश्किल नहीं है। कुदरत ने दो रास्ते बनाए हैं–

- देकर जाओ या
- छोड़कर जाओ

साथ लेकर के जाने की कोई व्यवस्था नहीं।

CamScanner


जिस बुद्धि से मोक्ष न मिले,
जिस बुद्धि से स्वतंत्रता न फलित हो
और जिस बुद्धि से
सच्चिदानंद का अनुभव न हो,
उसे क्या खाक बुद्धि कहना!
फिर मूढ़ता किसको कहोगे?
Osho
अष्टावक्र: महागीता--(प्रवचन--39)

CamScanner

"तुम थोड़े ही सजग होओगे तो निन्यानबे प्रतिशत विचार तो तुम व्यर्थ ही पाओगे, जिनको न किया होता तो कुछ न खोते, जिनको करके तुमने बहुत कुछ खोया। क्योंकि हर विचार ऊर्जा को समाप्त कर रहा है। एक-एक विचार के लिए कीमत चुकानी पड़ रही है। तुम ऐसा मत समझना कि मुफ्त सपने देख रहे हो। मुफ्त तो इस संसार में कुछ भी नहीं है। मुफ्त तो कुछ हो ही नहीं सकता; जो भी है, उसे तुम्हें चुकाना पड़ रहा है। तुम विचार कर रहे हो; तुम्हारी ऊर्जा खो रही है। वह एक छिद्र है। तुम व्यर्थ कुछ बात कर रहे हो; ऊर्जा खो रही है। तुम व्यर्थ सुन रहो हो; ऊर्जा खो रही है। तुम व्यर्थ देख रहे हो; ऊर्जा खो रही है। एक हाथ भी तुमने हिलाया तो मुफ्त तो नहीं हिला सकते; उतनी ऊर्जा गई, उतना जीवन व्यय हुआ।

संयम का यही अर्थ है। संयम का अर्थ है: जो अपरिहार्य है उसके साथ जीना; और जो काटा जा सकता है उसे काट देना। संयम ऐसा है जैसे कोई आदमी पोस्ट आफिस जाता है तार करने, तो देखता है, कितने शब्द काटे जा सकते हैं। फिर-फिर काटता है। दस, नौ-दस शब्दों के भीतर में ले आता है। यही आदमी पत्र लिखे तो चार पन्ने लिखता है। और कभी तुमने खयाल किया, चार पन्ने जो नहीं कह सकते, वह एक तार कहता है।

ओशो

CamScanner

CamScanner

CamScanner

शिक्षित आदमी को
बेईमानी से बचाना असंभव है।
असंभव इसलिए है कि शिक्षा होशियारी देती है;
होशियारी चालाकी बन जाती है।
शिक्षा समझ देती है;हृदय को नहीं बदलती।
हृदय तो वही होता है।

लाओत्से कहता है कि ज्ञान जब तक न खो जाए,
तब तक इनोसेंस, निर्दोषिता उपलब्ध नहीं होती।

इसलिए बहुत मजे की बात है कि परम ज्ञान को
वे ही लोग उपलब्ध होते हैं, जो ज्ञान को भी
छोड़ने में समर्थ हो जाते हैं।
तब वे निर्दोष हो जाते हैं,तब वे सरल हो जाते हैं।

#-ताओ उपनिषद-प्र-40,ओशो

CamScanner

CamScanner

अहोभाव

भटकने के लिए हजार उपाय हैं,
पहुंचने के लिए एक उपाय हैं।
भटकाने वाले करोड़ हैं,
पहुंचाने वाला एक हैं।
भटकना चाहो तो कोई अंत नहीं हैं।
जन्मो-जन्मो तक भटकते रहो।
वही तुमने किया हैं,
वही तुम अभी भी कर रहे हो।
पहुंचना हो तो एक मार्ग हैं।
स्मरण रखना, सत्य अनन्त नहीं है।
सत्य एक हैं।

ओशो

CamScanner

CamScanner

CamScanner

दुखी कौन नहीं है? सभी दुखी हैं और मार्ग भी एक है।

दुखी हो इसलिए कि जो है उससे भी राजी नहीं होते। क्या कारण है दुख का? इतना ही कारण है कि जो है उससे राजी नहीं होते; कुछ और होना चाहिए। जहां हो वहां राजी नहीं होते; कहीं और होना चाहिए। जैसे हो वैसे से राजी नहीं होते; कुछ और रूप होना चाहिए। सदा सपना देखते हो सपने के कारण दुखी हो।

सपनों को जाने दो। जिस दिन सपने चले जाते हैं, उसी दिन सुख उतर आता है। सुख सपनों के अभाव में उतरता है। मांगो मत कहो मत कि क्या होना चाहिए। जैसा है, जो है - इससे अन्यथा न हो सकता है, न होगा। इससे राजी हो जाओ। इसके साथ आनंदित हो जाओ जैसा है। फिर कैसा दुख?

दुख तुम्हारी आकांक्षा के कारण है। दस हजार रुपये तुम्हारे पास हैं- क्या दुख है दस हजार रुपये में? दस हजार रुपये में दुख कैसे हो सकता है? होगा तो कुछ सुख ही होगा, दुख कैसे हो सकता है? लेकिन पड़ोसी के पास बीस हजार हैं, यह दुख है। तुम्हारे पास भी बीस हजार रुपये होने चाहिए, यह दुख है।

पद धुंघरू बांध
ओशो

CamScanner

धर्म की कोई नाव नहीं होती।
व्यक्तिगत रूप से ही
तैरना पड़ता है।
"भगवान रजनीश"
समाधि कमल--(प्रवचन--15)

CamScanner

असल में, जो स्वयं को जान लेता वह सब जान लेता। क्योंकि स्वयं सबका सार-संचित है; स्वयं के भीतर सारा ब्रह्मांड छिपा है छोटे से पिंड में। अनंत आकाश समाया है तुम्हारे छोटे से हृदय में। वह बीज-रूप है, यह विराट वृक्ष-रूप है। बीज को जिसने जान लिया उसने पूरे वृक्ष को जान लिया। क्योंकि बीज में सारा ब्लू-प्रिंट है, पूरे वृक्ष की एक-एक पत्ती छिपी है। अभी प्रकट नहीं हुई है, छिपी है। तुम्हारे भीतर सारा ब्रह्मांड छिपा है। इसलिए उपनिषद कहते हैं, तत्वमसि। वह तुम ही हो।: ओशो



CamScanner



CamScanner

5:49 pm 0 KB/s VoLTE 4G 53%

Enlightened Raju
2d ·

जब तक तुम दूसरे को प्रभावित करना चाहते हो, तब तक तुम अहंकार से ग्रस्त हो। आत्मा किसी को प्रभावित करना नहीं चाहती। दूसरे को प्रभावित करने में सार भी क्या है! पानी पर बनायी हुई लकीरों जैसा है।

क्या होगा मुझे—दस हजार लोग प्रभावित हों कि दस करोड़ लोग प्रभावित हों। इससे होगा क्या? उनको प्रभावित करके मैं क्या पा लूंगा। अज्ञानियों की भीड़ को प्रभावित करने की इतनी उत्सुकता अज्ञान की खबर देती है। राजनेता दूसरों को प्रभावित करने में उत्सुक होता है—समझ में आता है; लेकिन धार्मिक व्यक्ति क्यों दूसरों को प्रभावित करने में उत्सुक होगा!

जब भी तुम दूसरों को प्रभावित करना चाहते हो, तब एक .बात याद रखना कि तुम आत्मस्थ नहीं हो। दूसरे को प्रभावित करने का अर्थ है कि तुम अहंकार—स्थित हो। अहंकार दूसरे के प्रभाव को भोजन की तरह उपलब्ध करता है; उसी पर वह जीता है। जितनी आंखें मुझे पहचान लें, उतना मेरा अहंकार बड़ा होता है। अगर सारी दुनिया मुझे पहचान ले, मेरा अहंकार सर्वोत्कृष्ट हो जाता है। कोई मुझे न पहचाने—गांव से निकलूं सड़क से गुजरूं, कोई देखे न, कोई रेकगनीशन नहीं, कोई प्रत्यभिज्ञा नहीं; किसी की आंख में झलक न आये, लगे ऐसा जैसा कि मैं हूं ही नहीं—बस, वहां अहंकार को चोट है।

अहंकार चाहता है कि दूसरे ध्यान दें। यह बड़े मजे की बात है— अहंकार ध्यान नहीं करना चाहता; दूसरे उस पर ध्यान करें.., सारी दुनिया उसकी —तरफ देखे, वह केंद्र हो जाए।

धार्मिक व्यक्ति, दूसरा मेरी तरफ देखे, इसकी फिक्र नहीं करता; मैं अपनी तरफ देखूं—क्योंकि अंततः वही मेरे साथ जाएगा

#ओशो 🙏

5

Like Comment Share

CamScanner

दुनिया में दो तरह के दुष्ट होते हैं।एक तो वे हैं जो दूसरों को सताते हैं।और एक वे हैं जो स्वयं को सताते हैं।इन दोनों तरह के दुष्टों में कोई भी धार्मिक नहीं है।ये दोनों ही हिंसक हैं।

दूसरों को सताओ के स्वयं को सताओ,सताने में हिंसा है।और हिंसा विध्वंस है, सृजन नहीं।

CamScanner

पता किसी को भी नहीं और सब
दावा कर रहे हैं कि मुझे पता है

CamScanner

6:00 pm 0 KB/s 51%

facebook

खींच देतीं और बच्चों से कह देतीं कि इस लकीर के बाहर तुम निकल न सकोगे; लाख उपाय करोगे और निकल न सकोगे। बचपन से ही बच्चों को यह बात सिखाई जाती।

और बच्चों की तो बात और, गुरजिएफ ने लिखा है कि खानाबदोश औरत अपने पति के चारों तरफ लकीर खींच देती और कह देती कि बस इसके बाहर नहीं निकल सकोगे। गुरजिएफ तो बड़ा हैरान हुआ। बच्चा समझ लो कि बच्चा है, मान गया। लेकिन जिसने बीस-पच्चीस साल तक यह बात मानी हो, उसके भीतर गहरी बैठ गई। वह अब पति ही सही, मगर भीतर तो वही बच्चा है; और कहने वाली आज मां न सही, पत्नी है, मगर है तो वही औरत, है तो वही स्त्री। वही बल, वही धमकी--बाहर निकल न सकोगे! बाहर निकले कि मुसीबत में पड़ जाओगे, बीमार पड़ जाओगे, लंगड़े हो जाओगे, अंधे हो जाओगे। इस तरह की सारी धमकियां।

गुरजिएफ ने देखा कि जवान आदमी, बूढ़े आदमी के चारों तरफ लकीर खींच दें औरतें, वे बाहर न निकल सकें। निकलने की कोशिश करें तो यूं हो जैसे कि कोई अदृश्य दीवार, कांच की कोई पारदर्शी दीवार उन्हें रोक लेती है। बस वे लकीर तक आएं, हाथ से टटोलें, जैसे कोई चीज रोक रही है और वापस लौट जाएं।

गुरजिएफ ने कहा है, वहां मुझे पहली बार समझ में आया कि आत्म-सम्मोहन क्या है। और वहीं मैंने समझा कि यह संसार का उपद्रव क्या है।

हम सब आत्म-सम्मोहित हैं। जिस चीज को हमें धन बता दिया गया, हमने धन मान लिया। और जिस चीज को हमें पद बता दिया गया, हमने पद मान लिया। जिस चीज को हमसे कहा गया बहुमूल्य है, हमने बहुमूल्य मान लिया। और कंकड़-पत्थरों को हीरों की तरह पूज रहे हैं। दो कौड़ी की चीजों के पीछे जिंदगी भर दौड़ रहे हैं।

सांच-सांच सो सांच 👣 ओशो

CamScanner


हम ग्रहण करने को ज्ञान
बोलते हैं.! लेकिन लाओत्से
की बात उल्टी लगेगी.!
"लाओत्से छोड़ने को,
और कुछ ना करने को ज्ञान
बोलता है.!!
ओशो

CamScanner

हिंदी

Hindi Songs's Lyrics

Lyrics

Hum Hain Mataa-E-Koocha / हम हैं मता-ए-कूचा-ओ-बाजार की तरह

हम हैं मता-ए-कूचा-ओ-बाजार की तरह
उठती है हर निगाह ख़रीदार की तरह

वो तो कहीं है और मगर दिल के आसपास
फिरती है कोई शै निगाह-ए-यार की तरह

मजरूह लिख रहे हैं वो अहल-ए-वफ़ा का नाम
हम भी खड़े हुये हैं गुनहगार की तरह

geetmanjusha.com

#RehanaSultan #SanjeevKumar
#NationalFilmAwardMusicDirector

CamScanner



CamScanner

7:43 pm 0 KB/s
VoLTE 4G 42%
facebook

अहोभाव
4d ·

अहोभाव

प्रेम पर्याप्त है अपने में। फिर तुम जो चढ़ा दो-जो चढ़ा दो! दो आंसू। सिर झुका दो। दो शब्द बोल दो। जरूरत थोड़े ही है कि संस्कृत में बोलो, मराठी में भी बोलोगे तो समझ में आ जाएगा परमात्तमा के।

बात भाव की है, भाषा की नहीं है। अंतर्तम की है। क्या कहते हो, कैसे कहते हो, व्याकरण सही है कि गलत--इस चिंता में मत पड़ना। परमात्तमा कोई स्कूल का शिक्षक नहीं है कि पहले व्याकरण की शुद्धियां करेगा, पहले भाषा ठीक जमाने को कहेगा। परमात्तमा तुम्हारा भाव समझ लेगा। न कहो तो भी चल जाएगा। चुपचाप मौन खड़े हो जाओ तो भी चल जाएगा।

आंखें अगर दीये बन जाएं तो और क्या चाहिए! बस ये दो आंखें उसकी प्रतीक्षा में, उसकी प्रार्थना में डूब जाएं तो दीये बन जाती हैं।

तुम्हें प्रेम का तीर्थ बनना है। इन आंखों को प्रतीक्षा बन जाने दो। आएगा अतिथि, निश्चित आएगा। राह देखने की अनंत क्षमता चाहिए। इंतजार की ऐसी क्षमता चाहिए जो चुके ही न। अनंत प्रतीक्षा जो करने में सफल है, एक न एक दिन, जब भी तुम परिपक्व हो जाते हो, वह द्वार पर दस्तक देता है।

ओशो
रहिमन धागा प्रेम का

CamScanner


हंसा यह पिंजरा नहीं तेरा ।
कंकड़ चुनी चुनी महल बनाया,
लोग कहे घर मेरा।
ना घर तेरा ना घर मेरा,
चिड़िया रैन बसेरा।।
दादा बाबा भाई भतीजा,
कोई न चले संग तेरा।
हाथी घोड़ा माल खजाना,
पड़ा रहे धन तेरा।।
माता पिता स्वार्थ के साथी,
कहते मेरा मेरा।
कहे कबीर सुनो भाई साधो,
एक दिन जंगल डेरा।।
शरीर को तुम अपना समझते हो पर सांसों की डोर के टूटते ही तुम्हारा शरीर से नाता टूट जाएगा, धन-संपत्ति भी छूट जाएगी, माता-पिता, पुत्र, पत्नी आदि सभी स्वार्थ के रिश्ते हैं कोई भी तुम्हारे साथ नहीं चलेगा, परमात्मा सुमिरन कर लो यही तुम्हारे काम आएगा।

CamScanner

"आपके मनमें जिस व्यक्ति के प्रति
नाराज़गी है , उसे क्षमा कर दीजिए ,
हृदय से क्षमा कर दीजिए | क्षमा करने
से हमारे दो चक्र पवित्र हो जाते है | एक
तो आज्ञा चक्र खुलता है क्योंकि वह
व्यक्ति आपके आज्ञा चक्र में बैठा हुआ
होता है | और दुसरा , क्षमाभावना से
हृदय चक्र खुलता है |"

ओशो

CamScanner

10:59 pm 14%

facebook

अहोभाव

3m ·

अहोभाव

हम सदा दूसरों के जैसा होने की कोशिश करते रहते है और दुसरे जैसी प्रतिष्ठा या जीवन शैली चाहते है
ध्यान रहे, एक बार जब हम बहार के जगत में नक़ल करना शुरू करते है तो भीतर हमारी आत्मा मरनी शुरू हो जाती है। क्यों ?

क्योंकि आत्मा कभी भी नकल नहीं बन सकती है। आत्मा कार्बन कापी नहीं बन सकती है। आत्मा का अपना व्यक्तित्व है अनूठा और यूनिक। और जब भी हम बहार से नक़ल करना शुरू करते है भीतर हमारे प्राण सिकुड़ जाते है, तभी भीतर हमारे प्राण मुरझा जाते है क्योंकि उन प्राणों को अपनी प्रतिमा का अपना द्वार होता है अपना मार्ग होता। बहार से नक़ल करने वाले भीतर से मर जाते है।

ओशो

CS CamScanner


कृष्ण अगर यह कहते हैं,
तो ठीक ही कहते हैं, गहन है यह राज,
गूढ़ है यह रहस्य, बुद्धिमान भी तय नहीं कर पाते कि
कर्म क्या है, अकर्म क्या है!
अर्जुन, तुझे मैं कहूंगा वह गूढ़ रहस्य; क्योंकि
उसे जो जान लेता, वह मुक्ति को उपलब्ध हो जाता है।
जो व्यक्ति भी
कर्म और अकर्म के बीच की बारीक रेखा को पहचान लेता है,
वह स्वर्ग के पथ को पहचान लेता है।
जो व्यक्ति भी कर्म और अकर्म के बीच के बहुत
नाजुक और सूक्ष्म विभेद को देख लेता है,
उसके लिए इस जगत में
और कोई सूक्ष्म बात जानने को शेष नहीं रह जाती।
आचार्य श्री रजनीश
गीता दर्शन-अ.4
वर्ण-व्यवस्था का मनोविज्ञान(प्र.33)

CamScanner



CamScanner



CamScanner


ओशो अहोभाव
कोपलें फिर फूट आई
ahobhav_
शरीर आए हैं और गए हैं। शरीर आएंगे और जाएंगे। जब तक कि तुम अपने को न पहचान लो, नए - नए रूपों में नए - नए ढंग में, तुम इसी संसार में भटकते रहोगे। और जिसने अपने को जान लिया उसकी फिर इस संसार में आने की कोई जरुरत न रही।

CamScanner

10:48 pm 0 KB/s VoLTE 4G 16%

facebook

Daily inspirational quotes
Sponsored ·

Daily inspirational quotes Follow

1.9K 6 comments

Like Comment Share

Pro Punjab Tv posted a video to playlist **Religion- Dharm**.
Suggested for you · 2d ·

करो दर्शन माता जवाला जी के यहां माता देती है ज्योति के दर्शन

CamScanner

CamScanner

अगर तुम किसी को प्रेम करते हो तो तुम उसके मालिक नहीं हो; कोई भी मालिक नहीं है। दो प्रेमपूर्ण व्यक्तियों में कोई किसी का मालिक नहीं है—न प्रेमी, न प्रेमिका। सच्चाई यह है कि प्रेम उनका मालिक है; दोनों ही उनसे किसी बड़ी शक्ति से आविष्ट हैं—एक विराट ऊर्जा, एक झंझावात ने उन्हें घेर लिया है।अगर वे एक—दूसरे पर मालकियत करने की कोशिश करेंगे तो वे प्रेम से चूक जाएंगे। तब फिर मालकियत संभव है; तब प्रेमी पति बन जाएगा और प्रेमिका पत्नी बन जाएगी। तब कब्जा हो सकता है; लेकिन अब वे व्यक्ति नहीं रहे, वस्तु हो गए। पति वस्तु है, पत्नी वस्तु है, तब मालकियत संभव है। मगर वे मुर्दा संबंध हैं, कानूनी नाम हैं—जीवंत व्यक्ति नहीं हैं।

Osho

CS CamScanner

10:18 pm 1 KB/s 23%

facebook

2h ·

#OSHO

आत्मा भी कहीं योगी होता है..? योग तो शरीर पर ही समाप्त हो जाता है।

ध्यान मन पर समाप्त हो जाता है। आत्मा न तो योगी होता है न ध्यानी होता है। आत्मा तो वह है जो योग और ध्यान के पार साक्षी मात्र साक्षी है, कर्ता नहीं। योग तो क्रिया है। योगी होने का अर्थ है शरीर से बंधे होना। ध्यानी होने का अर्थ है. मन से बंधे होना। जो ध्यान और योग दोनों के पार चला जाता है. वही आत्मा को जान पाता है।

CamScanner

10:17 pm 0 KB/s 23%

30K 1.1K comments • 423 shares

Like Comment Share

ओशो का हिन्दी साहित्य

Prema Agrawal · 1h ·

ममता, मोह, लोभ धीरे—धीरे छोड़ो। क्योंकि तुम जिस चीज को बाहर पकड़े हो वह तो मौत छीन लेगी। उसे मौत से छीनने के पहले छोड़ दो तो तुम्हारा बड़ा पुरस्कार है,

तुम फिर धन्यभागी हो। क्योंकि जो मौत के पहले ही चीजों को छोड़ देता है, उसकी फिर मौत नहीं आती। फिर उसके पास कुछ बचता ही नहीं, जो मौत छीन ले जाये। उसने खुद ही छोड़ दिया।

इसी का नाम संन्यास है। और छोड़ने का अर्थ भागना नहीं है। जो भागता है, वह तो पकड़े है। इसीलिए भागता है, नहीं तो भागेगा क्यों? अगर कोई पत्नी को छोड्कर जंगल भागता है, उसका मतलब पत्नी को पकडे हुए है। नहीं तो डर क्याहै, भय क्या है?मैं अपने संन्यासी को कहता हूं : जहां हो वहीं छोड़ा जा सकता है, भागने की बात तो भूल भरी है। भागना कायरता है। छोड़ना भागने से नहीं होता, छोड़ना जागने से होता है। सिर्फ जागकर देखो। धीरे— धीरे होश सम्हालो। और तुम पाओगे, उस होश के प्रकाश में जो व्यर्थ है, व्यर्थ दिखाई पड़ जायेगा। और जो व्यर्थ दिखाई पड़ गया, उस पर तुम मुट्ठी बांधकर न रख सकोगे, उससे आलिंगन छूट जायेगा ।

osho 🙏

CamScanner

ओशो
पीवत रामरस
लगी खुमारी
वासना का कोई कसूर नहीं है। अंधेरे का क्या कसूर है, अगर तुम दीया न जलाओ ? वासना तो केवल अभाव है -ध्यान का अभाव, होश का अभाव। वासना यानी नींद। जाग जाओ; फिर कहां है नींद ? जागकर कभी नींद पाई है ? दीया जलाकर कभी अंधेरा पाया है ?

CamScanner

10:02 pm 0 KB/s VoLTE 4G 26%

Like Comment Share

अहोभाव
1d ·

अहोभाव

परमात्मा कोई व्यक्ति नहीं है। इसलिए जो परमात्मा को व्यक्ति मान कर खोजने चलेंगे, व्यर्थ ही भटकेंगे, कहीं न पहुंचेंगे। परमात्मा तो अज्ञात का नाम है। अज्ञात का ही नहीं वरन अज्ञेय का। जिसे जानो तो जान न पाओगे। जिसे जितना जानने की चेष्टा करोगे, उतना ही पाओगे कि अनजाना हो गया: ओशो

7 2 comments • 1 share

Like Share

Star India Now
Suggested for you · 3h ·

रिंकू झा जी को देख आप झूम उठेंगे

CamScanner

9:48 pm 1 KB/s VoLTE 4G 28%

42 5 comments • 2 shares

Like Comment Share

Awākēn
23h ·

बहुत ज्यादा ग्रंथ पढ़ना लाभ से ज्यादा नुकसान करते हैं। जरूरी बात है ग्रंथों के सार को जानना, समझना। उसके बाद फिर किताबों की क्या आवश्यकता ? व्यक्ति को सार समझना चाहिए और फिर ईश्वर को अनुभव करने के लिए गहरा गोता लगाना चाहिए। #रामकृष्ण



CamScanner

9:47 pm 0 KB/s 28%

निन्यानबे चक्कर था। नौकर रखने पड़ते। अस्तबल बनाना पड़ता। कभी कोई घोड़ा बीमार हो जाता, कभी कुछ हो जाता। कभी कोई घोड़ा भाग जाता, कभी कोई नौकर न लौटता। रात हो जाती, देर हो जाती, वह जागता, वह बहुत परेशान था। एक दिन आकर उसने अपने छोटे भाई को कहा कि तुझसे मेरी एक प्रार्थना है कि तेरा जो एक घोड़ा है वह भी तू मुझे दे दे। उसने कहा—क्यों? तो उस बड़े भाई ने कहा—तेरे पास एक ही घोड़ा है, नहीं भी रहा तो कुछ ज्यादा नहीं खो जाएगा। मेरे पास निन्यानबे हैं, अगर एक मुझे और मिल जाए तो सौ हो जाएंगे। पर मेरे लिए बड़ा सवाल है। क्योंकि मेरे पास निन्यानबे हैं। एक मिलते ही पूरी सेंचुरी, पूरे सौ हो जाएंगे। तो मेरी प्रतिष्ठा और इज्जत का सवाल है। अपने बाप के पास सौ घोड़े थे, कम-से-कम बाप की इज्जत का भी इसमें सवाल जुड़ा हुआ है। छोटे भाई ने कहा, आप यह घोड़ा भी ले जाएं। क्योंकि मेरा अनुभव यह है कि निन्यानबे में आपको मैं बड़ी तकलीफ में देखता हूं, तो मैं सोचता हूं, एक में भी निन्यानबे बंटे नहीं, लेकिन थोड़ी बहुत तकलीफ तो होगी ही। यह भी आप ले जाएं। तो वह छोटा उस दिन से इतने आनन्द में हो गया क्योंकि अब वह खुद ही घोड़े का काम करने लगा। अब तक कभी घोड़ा बीमार पड़ता था, कभी दवा लानी पड़ती थी; कभी घोड़ा राजी नहीं होता था जाने को; कभी थककर बैठ जाता था। हजार पंचायतें होती थीं। वह भी बात खत्म हो गयी। अब तक घोड़े की नौकरी करनी पड़ती थी। उसकी लगाम पकड़कर चलानी पड़ती थी, वह बात भी खत्म हो गयी। अपना मालिक हो गया। अब वह खुद ही बोझ ले लेता, लोगों को कंधे पर बिठा लेता और यात्रा कराता। लेकिन बड़ा बहुत परेशान हो गया। वह बीमार ही रहने लगा। क्योंकि सौ में से अब कहीं एकाध कम न हो जाए, कोई घोड़ा मर न जाए, कोई घोड़ा खो न जाए, नहीं तो बड़ी मुश्किल हो जाएगी। मारपा यह कहानी अकसर कहा करता था—एक तिब्बती फकीर था—वह अकसर यह कहानी कहा करता था। और वह कहता था—मैंने दो ही तरह के आदमी देखे—एक, वे जो वस्तुओं पर इतना भरोसा कर लेते हैं कि उनकी वजह से ही परेशान हो जाते हैं। और एक वे, जो अपने पर इतने भरोसे से भरे होते हैं कि वस्तुएं उन्हें परेशान नहीं कर पातीं। दो ही तरह के लोग हैं इस पृथ्वी पर। दूसरी तरह के लोग बहुत कम हैं इसलिए पृथ्वी पर आनंद बहुत कम है। पहले तरह के लोग बहुत हैं, इसलिए पृथ्वी पर दुख बहुत है। -

CamScanner

8:23 am 0 KB/s VoLTE 4G 34%

एक दिन अपने गुरुदेव रामकृष्ण परमहंस से कहा कि " आप माँ काली से अपने लिए प्रार्थना क्यों नही करते ? क्षणभर की बात है, आप कह दें, और गला ठीक हो जाएगा ! तो रामकृष्ण हंसते रहते , कुछ बोलते नहीं। एक दिन बहुत आग्रह किया तो रामकृष्ण परमहंस ने कहा - " तू समझता नहीं है रे नरेन्द्र। जो अपना किया है, उसका निपटारा कर लेना जरूरी है। नहीं तो उसके निपटारे के लिए फिर से आना पड़ेगा। तो जो हो रहा है, उसे हो जाने देना उचित है। उसमें कोई भी बाधा डालनी उचित नहीं है।" तो विवेकानंद बोले - " इतना ना सही , इतना ही कह दें कम से कम कि गला इस योग्य तो रहे कि जीते जी पानी जा सके, भोजन किया जा सके ! हमें बड़ा असह्य कष्ट होता है, आपकी यह दशा देखकर । " तो रामकृष्ण परमहंस बोले "आज मैं कहूंगा। "

जब सुबह ऊठे, तो जोर जोर से हंसने लगे और बोले - " आज तो बड़ा मजा आया । तू कहता था ना, माँ से कह दो । मैंने कहा माँ से, तो मां बोली -" इसी गले से क्या कोई ठेका ले रखा है ? दूसरों के गलों से भोजन करने में तुझे क्या तकलीफ है ? "

हँसते हुए रामकृष्ण बोले -" तेरी बातों में आकर मुझे भी बुद्धू बनना पड़ा ! नाहक तू मेरे पीछे पड़ा था ना । और यह बात सच है, जाहिर है, इसी गले का क्या ठेका है ? तो आज से जब तू भोजन करे, समझना कि मैं तेरे गले से भोजन कर रहा हू। फिर रामकृष्ण बहुत हंसते रहे उस दिन, दिन भर। डाक्टर आए और उन्होंने कहा, आप हंस रहे हैं ? और शरीर की अवस्था ऐसी है कि इससे ज्यादा पीड़ा की स्थिति नहीं हो सकती ! रामकृष्ण ने कहा - " हंस रहा हूं इससे कि मेरी बुद्धि को क्या हो गया कि मुझे खुद खयाल न आया कि सभी गले अपने ही हैं। सभी गलों से अब मैं भोजन करूंगा ! अब इस एक गले की क्या जिद करनी है !"
कितनी ही विकट परिस्थिति क्यों न हो, संत कभी अपने लिए नहीं मांगते, साधू कभी अपने लिए नही मांगते, जो अपने लिए माँगा तो उनका संतत्व ख़त्म हो जाता है । वो रंक को राजा और राजा को रंक बना देते है लेकिन खुद भिक्षुक बने रहते है ।

जब आत्मा का विश्वात्मा के साथ तादात्म्य हो जाता है तो फिर अपना - पराया कुछ नही रहता, इसलिए संत को अपने लिए मांगने की जरूरत नहीं क्योंकि उन्हें कभी किसी वस्तु का अभाव ही नहीं होता !

CS CamScanner

CamScanner

जाते थे, एकदम खड़े हो जाते थे, थाली में झांकते, क्या है?

स्वाद से ब्रह्म को जाना था। भोजन उनके लिए ब्रह्म था। उपनिषदों ने जहां कहा है, अन्न ब्रह्म है। वह किसी ने स्वाद से जानकर कहा होगा, नहीं तो अन्न को कोई ब्रह्म कहेगा? सुनकर हमको भी थोड़ा बेहूदा लगता है। अन्न ब्रह्म! भोजन ब्रह्म! लेकिन किसी ने स्वाद से जाना होगा।और बड़े मजे की बात है कि रामकृष्ण इतने दीवाने थे भोजन के, और उनको जब बीमारी हुई तो कंठ का कैंसर हुआ। फिर यह आखिरी परीक्षा थी स्वाद की। होनी ही चाहिए। रामकृष्ण को ही हो सकती है। रामकृष्ण का कंठ अवरुद्ध हो गया। फिर आखिरी दिनों में वे भोजन नहीं कर पाते थे। कैंसर हो गया था।

विवेकानंद ने एक दिन रामकृष्ण को कहा कि 'परमहंस देव! आप एक शब्द तो कह दें परमात्मा को, जिससे आप इतने निकट से जुड़े हैं; कि हटाओ इस कंठ-अवरोध को। और कितना प्यारा था भोजन आपको! स्वाद में आप कितना रस लेते थे! और हम पीड़ित होते हैं कि आप भोजन कर नहीं पाते। पानी तक भीतर ले जाना मुश्किल है।'

तो रामकृष्ण कहते, 'एक दिन मैंने उससे कहा तो उसने कहा, इस कंठ से बहुत भोजन कर लिया, अब दूसरे कंठों से कर। अब मैं तुम्हारे कंठों से भोजन का रस ले रहा हूं। उसकी बड़ी कृपा है, उसने यह कंठ अवरुद्ध कर दिया। अब सभी कंठ मेरे हैं। अब जहां भी कोई स्वाद ले रहा है, मैं ही स्वाद ले रहा हूं। अब मैं तुमसे भोजन करूंगा।'

निश्चित ही रामकृष्ण ने परमात्मा को स्वाद की भांति जाना, और फिर सारी इंद्रियां में उसी में डूब गईं। कभी छह घंटे, कभी आठ घंटे, कभी छह दिन रामकृष्ण बेहोश पड़े रह जाते। वे स्वाद में लीन! बुद्ध ने परमात्मा को आंख से जाना होगा। आंख के लिए होश चाहिए, स्वाद के लिए लीनता चाहिए।

ओशो, बिन बाती बिन तेल (प्रवचन--18)
🙏🙏🙏

CamScanner



The monk Totapuri came to the Kali temple, And as Guru, initiated Ramakrishna Into the monastic way of life.

CamScanner

प्रेम पंथ ऐसो कठिन ~ प्रवचन - 13 * ओशो

वासना का अर्थ होता है: मुझे सुख मिले; करुणा का अर्थ दूसरे को सुख मि

CamScanner

8:18 am 0 KB/s VoLTE 4G 35%

यह कोई यूं ही हाथ नहीं लग जाता।

रामकृष्ण कहने लगे,
अठारह साल तुमने व्यर्थ गंवाए।
मुझे तो जब भी गंगा के उस तरफ जाना होता है तो
दो पैसे में मांझी मुझे पार करवा देता है।
तो अठारह साल में तुमने जो कमाया उसकी
कीमत दो पैसे से ज्यादा नहीं है।

शक्ति की जरूरत क्या है ?
शक्ति की आकांक्षा मूलतः अहंकार की आकांक्षा है।
क्या करोगे शक्ति का ?
लेकिन तप करने वाले लोग इसी
आशा में कर रहे हैं तप। सिर के बल खड़े हैं,
चारों तरफ आग जला रखी है,
नंगे खड़े हैं, भूखे खड़े हैं--इसी आशा में कि
किसी तरह शक्ति को पा लेंगे।
मगर शक्ति किसलिए ? शक्ति तो पोषण है अहंकार का।

कोई धन पाने में लगा है,
वह भी शक्ति की खोज कर रहा है।
और कोई राजनीति में उतरा हुआ है,
वह भी पद की खोज कर रहा है,
पद शक्ति लाता है। और कोई तपश्चर्या कर रहा है,
मगर इरादे वही। इरादों में कोई भेद नहीं।

तुम्हारे धार्मिक, अधार्मिक लोग बिलकुल एक
ही तरह के हैं। चाहे दिल्ली चलो, यह उनका नारा हो;
और चाहे गोलोक चलो; मगर दोनों की
खोपड़ी में एक ही गोबर भरा है--शक्ति चाहिए।
क्यों ? क्या करोगे शक्ति का ?
चमत्कार दिखलाने हैं!

राम नाम जान्यो नहीं~ओशो

CamScanner



CamScanner

8:15 am 0 KB/s VoLTE 4G 35%

मनुष्य तो
बांस का एक टुकड़ा है–
बस, बांस का!

बांस की एक पोली पोंगरी ।
प्रभु के ओंठों से लग जाए
तो अभिप्राय का जन्म होता है,
अर्थ का जन्म होता है,
महिमा प्रगट होती है।

संगीत छिपा पड़ा है
बांस के टुकड़े में,
मगर उसके जादुई
स्पर्श के बिना प्रकट न होगा।

पत्थर की मूर्ति भी पूजा से
भरे हृदय के समक्ष सप्राण हो जाती है।
प्रेम से भरी आंखें प्रकृति में ही
परमात्मा का अनुभव कर लेती हैं।

सारी बात परमात्मा से जुड़ने की है।
उससे बिना जुड़े,सब है और कुछ भी नहीं है।
वीणा पड़ी रहेगी और छंद पैदा न होंगे।
हृदय तो रहेगा, श्वास भी चलेगी,
लेकिन प्रेम की रसधार न बहेगी।
वृक्ष भी होंगे लेकिन फूल न खिलेंगे;
जीवन में फल न आएंगे।

परमात्मा से जुड़े बिना कोई परितृप्ति नहीं है।
परमात्मा से जुड़े बिना लंबी-लंबी यात्रा है,
बड़ी लंबी अथक यात्रा है;
लेकिन मरुस्थल और मरुस्थल!
मरूद्यानों का कोई पता नहीं चलता!

CamScanner


तुमने अब तक जो किया है, गलत ही किया है।
अभी भी देर नहीं हो गयी है। कुछ किया जा सकता है।
एक क्षण में भी क्रांति हो सकती है।
एस धम्मो सनंतनो #87
ओशो अहोभाव

CamScanner

शरीर का कण कण भी बदल जाता है, जब भीतर का मन बदलता है, क्योंकि शरीर मन की छाया मात्र है, क्योंकि शरीर जो भी है,वो मन का ही प्रतिफल है ।

@akd.369

OSHO
ACHARYA RAJNISH

CamScanner

8:10 am 0 KB/s VoLTE 4G 36%

पगला है। कि यह उठ-उठकर मुझे गले लगाता है।

केशवचंद्र ने कहां, 'एक बात पूछूं! कि मैं जो बोल रहा हूं यह धर्म के विपरीत बोल रहा हूं ईश्वर के विपरीत बोल रहा हूं शास्त्र के विपरीत बोल रहा हूं। मैं आपको उकसा रहा हूं--आप विवाद करने को तत्पर हो जायें। और आप क्या करते हैं! आप मुझे गले लगाते हैं! और आप कहते हैं : अहा, आनंद आ गया!'

रामकृष्ण ने कहां, 'आनंद आ रहा है--कहता नहीं हूं। बड़ा आनंद आ रहा है। थोड़ा-बहुत अगर संदेह भी था परमात्मा में, वह भी तुमने मिटा दिया!'

केशवचंद्र ने कहा, 'वह कैसे?' तो कहा कि 'तुम्हें देखकर मिट गया। जहां ऐसी प्रतिभा मनुष्य में हो सकती है, जहां ऐसी अद्भुत चमकदार प्रतिभा हो सकती है, तो जरूर किसी महास्रोत से आती होगी। इस जगत के स्रोत में महाप्रतिभा होनी ही चाहिए, नहीं तो तुममें प्रतिभा कहां से आती?

जब फूल खिलते हैं, तो उसका अर्थ है कि जमीन गंध से भरी होगी। छिपी है गंध, तभी तो फूलों में प्रगट होती है। तुम्हारी गंध को देखकर...मैं तो बेपढ़ा-लिखा आदमी हूं, रामकृष्ण कहने लगे, 'मेरी तो क्या प्रतिभा है! कुछ प्रतिभा नहीं। लेकिन तुम्हें तो देखकर ही ईश्वर प्रमाणित होता है!'

केशवचंद्र का सिर झुक गया। चरण पर गिर पड़े। और कहां, 'मुझे क्षमा कर दो। मैं तो सोचता था, तर्क ही सब कुछ है। लेकिन आज मैंने प्रेम देखा। मैं तो सोचता था--तर्क ही सब कुछ है--आज मैंने अनुभव देखा। आपने मुझे हराया भी नहीं, और हरा भी दिया! यूं तो मुझे हारने का कोई कारण नहीं था, अगर आप तर्क करते तो। मगर आपने अतर्क बात कह दी। अब मैं क्या करूं! मेरी जबान बंद कर दी।'

ओशो; मेरा स्वर्णिम भारत, प्रवचन--37

CamScanner


12
चौबीस घंटे जो भी हो रहा है
क्रोध में, घृणा में, प्रेम में, मित्रता में,
शत्रुता में, काम में, विश्राम में
जो भी हो रहा है उसे कभी एक क्षण के लिए,
ज्यादा नहीं कहता हूं, बस एक क्षण के लिए
एक झटका अपने को दें और जाग कर देखें
कि क्या हो रहा है। और उस वक्त भोक्ता न रहें,
उस वक्त जो हो रहा है उसके सिर्फ देखने वाले रह जाएं।
इतना सन्नाटा छा जाएगा उस क्षण में
और उस क्षण में आप इतना जान सकेंगे!
क्योंकि उस क्षण में आप ध्यान से भर जाएंगे।
वह जो जागने का क्षण है
वह ध्यान का क्षण है।
मैं मृत्यु सिखाता हूं प्र.12

CamScanner

CamScanner

7:59 am 0 KB/s VoLTE 4G 37%

उतना ही जानता हूं। पढ़ना लिखना मुझे कुछ पता नहीं है।
नसरुद्दीन ने कहा तेरा चार आना जीवन बेकार हो गया; क्योंकि जो पढ़ना नहीं जानता उसकी जिंदगी में क्या उसे ज्ञान मिल सकता है? बिना पढ़े, पागल! कहीं ज्ञान मिला है? लेकिन मल्लाह चुपचाप हंसने लगा। फिर आगे थोड़े चले और नसरुद्दीन ने पूछा कि तुझे गणित आता है? उस मल्लाह ने कहा. नहीं, गणित मुझे बिलकुल नहीं आता है, ऐसे ही दो और दो चार जोड़ लेता हूं यह बात दूसरी है।
नसरुद्दीन ने कहा : तेरा चार आना जीवन और बेकार चला गया; क्योंकि जिसे गणित ही नहीं आता, जिसे जोड़ ही नहीं आता है वह जिंदगी में क्या जोड़ सकेगा, क्या जोड़ पाएगा। अरे, जोड़ना तो जानना चाहिए, तो कुछ जोड़ भी सकता था। तू जोड़ेगा क्या? तेरा आठ आना जीवन बेकार हो गया।
फिर जोर का तूफान आया और आधी आई और नाव उलटने के करीब हो गई। उस मल्लाह ने पूछा आपको तैरना आता है?
नसरुद्दीन ने कहा मुझे तैरना नहीं आता।
उसने कहा आपकी सोलह आना जिंदगी बेकार जाती है। मैं तो चला। न मुझे गणित आता है और न मुझे भाषा आती है, लेकिन मुझे तैरना आता है। तो मैं तो जाता हूं-और आपकी सोलह आना जिंदगी बेकार हुई जाती है।
जिंदगी में कुछ जीवंत सत्य हैं जो स्वयं ही जाने जाते हैं, जो किताबों से नहीं जाने जा सकते हैं, जो शास्त्रों से नहीं जाने जा सकते हैं। आत्मा का सत्य या परमात्मा का; स्वयं ही जाना जा सकता है और कोई जानने का उपाय नहीं है।
लेकिन शास्त्रों में सब बातें लिखी हैं, उनको हम पढ़ लेते हैं, उनको हम समझ लेते हैं, वे हमें कंठस्थ हो जाती हैं, वे हमें याद हो जाती हैं। दूसरों को बताने के काम भी आ सकती हैं, लेकिन उससे कोई ज्ञान उपलब्ध नहीं होता है।
विचार का संग्रह ज्ञान का लक्षण नहीं है अज्ञान का ही लक्षण है। क्योंकि जिस आदमी के पास अपने विवेक की शक्ति जाग्रत हो जाती है, वह विचार के संग्रह से मुक्ति पा लेता है। फिर उसे संग्रह करने का कोई सवाल नहीं रह जाता, वह स्वयं ही जानता है। और जो स्वयं जानना है, वह......वह मन को मधुमक्खियों का छत्ता नहीं रहने देता है-मन को एक दर्पण बना देता है, एक झील बना देता है।
अंतरयात्रा शिविर

CamScanner

9:44 am 81%

मैं क्या करूं?

ध्यान मत कर, जब बच्चा झूले में लेटा हो, तो तू पास बैठ जा और बच्चे पर ही आंख से ध्यान कर। बच्चे को ही भगवान समझ। अच्छा मौका मिल गया। बच्चे पर इतना ध्यान दौड़ रहा है सहज, बच्चे में भगवान देखना शुरू कर।

पंद्रह दिन में उसे लगा कि मैंने वर्षों ध्यान करके जो नहीं पाया, वह इस बच्चे पर ध्यान करके पा रही हूं। और अब बच्चा मुझे दुश्मन नहीं मालूम पड़ता; बीच में जब मुझे ध्यान में बाधा पड़ती थी, बच्चा दुश्मन मालूम पड़ता था। अब बच्चा मुझे सच में ही भगवान मालूम पड़ने लगा है; क्योंकि इसके ऊपर मेरा ध्यान जितना गहरा हो रहा है, उतना किसी भी प्रक्रिया से कभी नहीं हुआ था।

अनन्य भाव का अर्थ है, जहां भी आपका भाव दौड़ता हो, वहीं भगवान को स्थापित कर लें।

दो उपाय हैं। एक तो यह है कि कहीं भगवान है, आप सब तरफ से अपने ध्यान को खींचकर भगवान पर ले जाएं। यह बहुत मुश्किल है; इसमें आप हारेंगे; इसमें जीत की संभावना न के बराबर है। कभी हजार में एक आदमी जीत पाता है सब तरफ से खींचकर भगवान की तरफ ले जाने में। कठिन है। शायद नहीं हो पाएगा।

पर एक बात हो सकती है, जहां भी ध्यान जा रहा हो, वहीं भगवान को रख लें। अगर वेश्या के घर भी आपके पैर जा रहे हैं, और ध्यान वेश्या की तरफ जा रहा है, तो चूके मत मौका; वेश्या को भी भगवान ही समझ लें। और आपके पैर की धुन बदल जाएगी, और आपकी चेतना का भाव बदल जाएगा, और एक न एक दिन आप पाएंगे कि वेश्या के घर गए थे, लेकिन मंदिर से वापस लौटे हैं!-ओशो

ओशो; गीता दर्शन--(भाग-04) प्रवचन--111

CamScanner

"आपका कर्म उससे नहीं बनता जो आपके साथ हो रहा है।
आपके साथ जो हो रहा है, आप उसे कैसे अनुभव और
रेस्पांड करते हैं, कर्म उससे बनता है।

Sadhguru

CamScanner

CamScanner

अहोभाव

9h ·

अहोभाव

धन्यवाद की प्रतीक्षा ना करें तुम अपने प्रेम को शुद्ध करो। तुम उसे प्रार्थना बनाओ।
तुम दो और मांगने की इच्छा मत करो। और तुम जिसे दो, उस पर कब्जा न करो।
और तुम जिसे दो, उस से अपेक्षा धन्यवाद की भी मत करो। उतनी अपेक्षा भी सौदा है। और तुम दो क्योंकि तुम्हारे पास है। और मैं तुम से कहता हूं कि तुम अगर दोगे, तो हजार गुना तुम्हारे पास आएगाः मगर मांगो मत।
भिखमंगों के पास नहीं आता है, सम्राटों के पास आता है। जो मागते हैं उनके पास नहीं आता। तुम मांगो ही मत।
एक बार यह भी तो प्रयोग करके देखो कि तुम चाहो और दो, मगर मांगो मत। नेकी कर और कुएं में डाल। पीछे लौटकर ही मत देखो, धन्यवाद की भी प्रतीक्षा मत करो।
और तुम पाओगे, कितने लोग तुम्हारे निकट आते हैं! कितने लोग तुम्हारे प्रेम के लिए आतुर हैं! कितने लोग तुम्हारे पास बैठना चाहते है! कितने लोग तुम्हारी मौजूदगी से अनुगृहीत हैं!

ओशो

CamScanner

9:41 am 81%

फिर मैंने अपने मित्र से कहा भीतर चलें,
फिर उन्हें भीतर ले कर गया
वहाँ तो कोई काम प्रतिमा न थी
वहाँ भगवान की मूर्ति थी
वे कहने लगे कि भीतर कोई प्रतिमा नहीं है।
मैंने उनसे कहा कि
जीवन की बाहर की परिधि काम वासना है।
जीवन की बाहर की परिधि दीवाल पर काम-वासना है।
जीवन के भीतर भगवान का मन्दिर है
लेकिन जो अभी कामवासना में उलझे हैं
वे भगवान के मन्दिर में
प्रवेश के अधिकारी नहीं हो सकते हैं
उन्हें अभी बहार की दिवाल का ही चक्कर लगाना पड़ेगा।

जिन लोगों ने ये मन्दिर बनवाये थे
वे बड़े समझदार थे!
यह मन्दिर एक "मेडिटेशन मन्दिर" था।
यह मन्दिर एक ध्यान का केन्द्र था
जो लोग आते थे, उनसे वे कहते थे।
बाहर पहले मैथुन के ऊपर ध्यान करो
पहले सेक्स को समझो और
जब सेक्स को पूरी तरह समझ जाओ और
तुम पाओ कि
मन उससे मुक्त हो गया है
तब तुम भीतर आ जाना
फिर भीतर भगवान से मिलना हो सकता है।

लेकिन धर्म के नाम पर हमने
सेक्स को समझने की स्थिति पैदा नहीं की,
सेक्स की शत्रुता पैदा कर दी।
सेक्स को समझो मत.

CamScanner

9:50 am 79%

Rahul Kumar Ojha · 1h ·

रमण महर्षि के आश्रम में जब भी रमण बोलते थे--जब भी वे बोलते थे--तो उनके सुनने वालों में एक गाय भी नियमित आती थी। यह वर्षों तक चला। दूसरों को तो खबर हो जाती थी, गाय को तो कोई खबर भी नहीं की जा सकती थी। दूसरों को पता होता कि आज रमण पांच बजे बोलेंगे। गाय को कैसे खबर होती! गाय को कौन खबर करने वाला था! लेकिन पांच बजे, दूसरे चाहे थोड़ी देर-अबेर पहुंचें, गाय ठीक समय पर उपस्थित हो जाती।

जब गाय मरी, तो रमण ने कहा कि वह मुक्त हो गई। और रमण ने गाय के साथ वही व्यवहार किया, जो उन्होंने सिर्फ एक और व्यक्ति के साथ किया जीवन में और फिर कभी नहीं किया। जब उनकी मां मरी, तो जो व्यवहार उन्होंने किया, वही व्यवहार उन्होंने उस गाय के मरने पर किया। और दोनों की पूरी की पूरी अंत्येष्टि ठीक वैसे ही की, जैसी अपनी मां की कि, वैसी उस गाय की कि।

कोई ने रमण से पूछा कि आप यह क्या कर रहे हैं एक गाय के लिए! उन्होंने कहा, वह तुम्हें गाय दिखाई पड़ती थी। तुम आदमी दिखाई पड़ते हो, इससे ही आदमी नहीं हो जाते। वह गाय दिखाई पड़ती थी, इसलिए सिर्फ गाय ही नहीं थी। वह गायों में बड़ी श्रेष्ठ थी। उसने एक दूसरा आयाम छू लिया था। और वह मुक्त हो गई।

ओशो
गीता दर्शन

CamScanner

20 comments • 2.9K shares

Like Share

ओशो का हिन्दी साहित्य

Seema Agrawal · 1h ·

हजरत राबिया बसरी अपने समय की प्रसिद्द सूफी संत है । एक बार राबिया अपने कुछ संतो के साथ बैठकर सत्संग का आनंद ले रही थी । तभी तात्कालिक विख्यात संत हसन बसरी का वहाँ आगमन हुआ । उनके बारे में कहा जाता है कि वह पानी पर बैठकर नमाज़ पढ़ते है । अतः जब उन्होंने लोगों को जमीन पर बैठा देखा तो बोले – " चलिए, दरिया पर मुसल्ला बिछाकर इबाबत करते है ।"

राबिया ताड़ गई कि हजरत हसन बसरी पानी पर चलने की अपनी सिद्धि का प्रदर्शन करना चाहते है । मुस्कुराते हुए राबिया बोली – " भैया ! हवा में उड़ते हुए इबाबत करे तो कैसा रहेगा ?" राबिया के बारे में भी प्रसिद्ध था कि वह हवा में उड़ते हुए इबाबत कर सकती है । हसन से कोई उत्तर देते नहीं बना । फिर राबिया गंभीर होकर बोली – " भैया ! जो आप कर सकते हो, वह हर मछली करती है और जो मैं कर सकती हूँ, वह हर मक्खी करती है । किन्तु सत्य इस करिश्मेबाजी से बहुत ऊपर की चीज़ है । उसे अपनी सिद्धियों के घमंड में आकर इस तरह अपमानित नहीं करना चाहिए

CamScanner

11:41 am 4G 85%
facebook
अहोभाव

. कृष्ण का पांचजन्य शंख

कृष्ण के व्यक्तित्व से जुड़ी हुई सारी बातों के बड़े प्रतीक अर्थ है। होने हो चाहिए। कृष्ण जैसे व्यक्ति के साथ जो भी जुड़ा है, वह निर्मूल्य नहीं हो सकता। अमूल्य हो सकता है। लेकिन हम उसका मूल्य भी समझ पाएं तो बहुत है, अमूल्य को समझना तो थोड़ी कठिनाई की बात है।

कृष्ण का पांचजन्य, उनका शंख बड़े प्रतीक अर्थ रखता है। आदमी की पांच इंद्रियां है, आदमी के पांच द्वार है, आदमी अपने पांच द्वारों के माध्यम से उदघोष करता है। उसके जीवन का सारा उदघोष पांच द्वारों से किया गया उदघोष है उसकी आंख से, उसकी नाक से उसके कान से, उसके मुंह से पाँच इंद्रियों पांच द्वार हैं जगत से हमारे संबंध के। और जब कथाकार कहते हैं कि कृष्ण ने पांचजन्य बजाया उसका कुल मतलब इतना है कि युद्ध में वे अपनी पांचों इंद्रियों सहित समग्र रूप से मौजूद हुए। इससे ज्यादा कोई मतलब नहीं है। युद्ध उनके लिए कोई एक काम न था। उनके लिए कोई चीज काम न थी। कबीर जैसा कपड़ा बेचने बाजार चला गया था, पूरा का पूरा ऐसे ही कृष्ण पांचजन्य बजा कर उदघोष करते हैं कि मैं पूरा का पूरा युद्ध में आ गया हूं;कुछ पीछे छोड़ आया नहीं। वे पीछे छोड़ कर चलते ही नहीं। वे पूरे के पूरे, जहाँ होते हैं पूरे होते हैं।

तो इसलिए पांच इंद्रियों के प्रतीक पांचजन्य को वे बनाते है और वे कहते हैं कि मेरी समस्त इंद्रियों सहित मैं यहां मौजूद हूं। मेरी मौजूदगी की घोषणा है यह कि सारे शंख अपनी-अपनी मौजूदगी की घोषणा करते हैं। सबके शखों के अलग-अलग नाम है। और प्रत्येक अपना-अपना शंख बजाता है, वह उसकी घोषणा है। प्रत्येक शंख का अलग-अलग स्वर है और प्रत्येक शंख का प्रत्येक व्यक्ति के आंतरिक व्यक्तित्व से संबंध है। लेकिन कृष्ण के शंख का मुकाबला कोई भी नहीं है। समग्र रूप से वहां कोई भी उपस्थित नहीं है, समग्र रूप से वे अकेले ही उपस्थित है। और मजे की बात कि वही वहां युद्ध करने को उपस्थित नहीं है। यानी वह आदमी वहां लड़ने आया ही नहीं~ओशो

CamScanner

CamScanner


I have never planned my life,
and I have loved the art of not planning life.
It has given me tremendous blissfulness,
because nothing disappoints me
and each day takes care of itself.
I have left myself in the hands of existence.
If it can manage millions of stars,
millions of planets,
millions of solar systems...
REDMI NOTE 8 PRO
I am just an ordinary man,
it can manage life for me too.
OSHO

CamScanner

11:50 am 84%

facebook

बड़ी-बड़ी कहानियां चलीं, बड़ी खबरें आईं, अफवाहें आईं कि भ्रष्ट हो गया। वह तो बरबाद हो गया, बैठकर संगीत सुनता है। पता नहीं खाने-पीने का भी नियम रखा है कि नहीं!

वह भिक्षु भीतर तो जा नहीं सकते थे, लेकिन आसपास चक्कर जरूर लगाते रहते थे। और कई तरह की खबरें लाते थे। लेकिन बुद्ध सुनते रहे और उन्होंने कोई वक्तव्य न दिया।

तीन महीने बाद जब भिक्षु आया, तो वह वेश्या उसके पीछे आई। और उस वेश्या ने कहा कि मेरे धन्यभाग कि आपने इस भिक्षु को मेरे घर रुकने की आज्ञा दी।

मैंने सब तरह की कोशिश की इसे भ्रष्ट करने की, क्योंकि वह मेरा अहंकार थाजब वेश्या तुम्हें भ्रष्ट कर पाती है, तब जीत जाती है।

वह मेरा अहंकार था कि यह भिक्षु भ्रष्ट हो जाए। लेकिन इसके सामने मैं हार गई। मेरा सौंदर्य व्यर्थ, मेरा शरीर व्यर्थ, मेरा संगीत व्यर्थ, मेरा नृत्य,

इसे कुछ भी न लुभा पाया और तीन महीने में, मैं इसके लोभ में पड़ गई।

और मेरे मन में यह सवाल उठने लगा, क्या है इसके पास? कौन-सी संपदा है, जिसके कारण मैं इसे कचरा मालूम पड़ती हूं? अब मैं भी उसी की खोज करना चाहती हूं। जब तक वह संपदा मुझे न मिल जाए, तब तक मैं सब कुछ करने को राजी हूं, सब छोड़ने को राजी हूं।

अब जीने में कोई अर्थ नहीं, जब तक मैं इस अवस्था को न पा लूं, जिसमें यह भिक्षु है।

ओशो; बिन बाती बिन तेल--(सुफी कथा) प्रवचन--16

CamScanner


मैं बुद्ध को इसलिए
अपनाता हूं, की बुद्ध.!
"ना तो स्वर्ग का
लालच दिखाते हैं और
ना ही नर्क का भय.!
वो ना तो अपने को
"भगवान कहते हैं!
ना ही मुक्तिदाता.! वो
तो अपने को सिर्फ़ एक
"मार्ग दाता बताते हैं.!
ओशो

CamScanner

2:02 pm 0 KB/s 71%

कृष्ण से ज्यादा चरित्रहीन व्यक्ति पाओगे संसार में!-ओशो

राम मर्यादापुरुषोत्तम हैं।
मर्यादा के जो पार है, उसमें मेरी रुचि है।
कृष्ण में मेरी रुचि है, क्योंकि कृष्ण मर्यादा—शून्य हैं।

कृष्ण से ज्यादा चरित्रहीन व्यक्ति पाओगे संसार में! कृष्ण से ज्यादा गैर— भरोसे योग्य व्यक्ति पाओगे कहीं! किसी बात का पक्का नहीं है। छोटे बच्चे जैसा व्यवहार है। कसम खा ली थी कि शस्त्र न उठाऊंगा, फिर उठा लिया! कसमों का कोई हिसाब रखे! किसको याद रहे कसम! छोटे बच्चे जैसा व्यवहार है!

मुझसे लोग पूछते हैं कि कृष्ण के इस व्यवहार में आप क्या देखते हैं? कुछ भी नहीं देखता हूं *—यह सीधा—सरल व्यवहार है। खा ली थी कसम किसी क्षण में; अब वह क्षण गया, नया क्षण आ गया।* अब इस नये क्षण की नई स्थिति है। इस नये क्षण का नया संवेग है!इस नये क्षण के लिए नया उत्तर चाहिए!

पुरानी कसम से बंधे रहते तो मर्यादा होती।
बंधे न रहे। अस्तित्व के नये ढंग के साथ नये हो लिए।

तुमने कृष्ण का एक नाम सुना रणछोड़दास जी!भगोड़ादास जी! भाग खड़े हुए! किसी मौके पर देखा कि भागने में ही सार है तो फिर ऐसा नहीं कि जिद की तरह अड़े रहेंगे कि चाहे जान रहे कि जाये, झंडा ऊंचा रहे हमारा!

भाग गये, कि *देखा कि परिस्थिति भागने की है, तो इसमें अकड़ न रखी।* उनके भक्तों ने भी खूब नाम बना लिया—रणछोड़दास जी!कृष्ण में एक मर्यादा—पार की प्रभा है। कृष्ण को समझना थोड़ा कठिन है। राम सीधे —साफ हैं।

राम में कुछ विशिष्ट नहीं। महिमापूर्ण हैं, मगर विशिष्ट नहीं। महात्मा हैं, लेकिन संत नहीं।
इसलिए जान कर छोडता रहा हूं। जब परम की

CamScanner

2:02 pm 0 KB/s VoLTE 4G 71%

कृष्ण को पूर्णावतार कहा। कहा कि यह पूरा–पूरा परमात्मा। पूरा–पूरा परमात्मा का अर्थ हुआ : अब मर्यादा भी नहीं। मर्यादा भी आदमी की होती है।सीमा आदमी की होती है। तो ठीक है राम के लिए मर्यादापुरुषोत्तम नाम, कि पुरुषों में उत्तम मर्यादा वाले, *सबसे बड़ी मर्यादा वाले। लकीर के बिलकुल फकीर हैं।*

यह किसी धोबी ने कह दिया अपनी पत्नी से कि 'तू रात भर कहां रही? तू मुझे राम समझी है कि वर्षों रह गई सीता रावण के घर और फिर ले आये? छोड़ ये बातें, निकल घर से।' बस यह बात काफी हो गई कि यह तो मर्यादा टूटती है। तो मर्यादा टूटती है, सीता की अग्नि–परीक्षा भी ले ली, सब तरह उसे कोरा, उसको पूरा पक्का–खरा पाया, फिर भी उसे जंगल छुड़वा दिया।मर्यादा टूटती है!

कृष्ण बड़े और ढंग के हैं। कोई मर्यादा नहीं है।मर्यादा मात्र शून्य है। इसलिए कृष्ण को पूर्णावतार कहा है;

परमात्मा जैसे पूरा–पूरा उतरा!परमात्मा संत में पूरा–पूरा उतरता है, महात्मा में बंधा–बंधा उतरता है। और दुर्जन में तो पड़ गया गड्ढे में, कीचड–कबाड़ में। जैसे शराबी पड़ा होता है नाली में,ऐसा दुर्जन में परमात्मा नाली में पड़ जाता है, सज्जन में खड़ा हो जाता है, संत में उड़ने लगता है। संत की ही बात मैंने की है अब तक–इस आशा में कि जहां जाना है, जो होना है, उसकी ही बात करनी उचित है; बीच के पड़ावों की क्या बात करनी!राम एक सराय हैं, मंजिल नहीं। रुक जाना रात भर, अगर कृष्ण समझ में न आते हों तो राम पर रुक जाना, बिलकुल ठीक है। बाहर पड़े रहने की बजाय खुले आकाश के नीचे, धर्मशाला में ठहर जाना, लेकिन धर्मशाला मंजिल नहीं है।

*इसलिए तुलसी का मेरे मन में कोई बहुत मूल्य नहीं है। स्थिति–स्थापक हैं। कबीर की बात और! कबीर क्रांति हैं! तुलसी–परंपरा। पिटा– पिटाया है। कुछ नया नहीं। कोई मौलिक नहीं। कोई क्रांति का स्वर नहीं है। क्रांति के स्वर सुनने हों तो कबीर में सुनो या नानक में सुनो या फरीद में या अष्टावक्र में सुनो !
ओशो

CamScanner

CamScanner

2:55 pm 0 KB/s 4G 65%

आदमी भी साथ नहीं चल सकते।

और यह भी ध्यान रहे, धर्म का रास्ता कुछ रेडीमेड, बना-बनाया नहीं है, कि पहले से तैयार है, आप जाएंगे और चल पड़ेंगे। धर्म का रास्ता ऐसे ही है जैसे आकाश में पक्षी उड़ते हैं। कोई रास्ता नहीं है बना हुआ, पक्षी उड़ता है और रास्ता बनता है, जितना उड़ता है उतना रास्ता बनता है। और ऐसा भी नहीं है कि एक पक्षी उड़े तो रास्ता बन जाए, तो दूसरा उसके पीछे उड़ जाए। फिर रास्ता मिट जाता है। उड़ा पक्षी, आगे बढ़ गया, आकाश में कोई निशान नहीं बनते।

ठीक धर्म के आकाश में भी एक-एक आदमी जाता है। बिना बंधे हुए रास्ते हैं। पाथलेस पाथ है। वहां कोई बंधा हुआ रास्ता नहीं है। पंथहीन पंथ है वहां। वहां कोई बंधी हुई पगडंडी नहीं है कि पहले से तैयार है, आप जाएंगे और चल पड़ेंगे। अगर ऐसा होता तो हम सारे लोगों को कभी का उस रास्ते पर ले गए होते। अज्ञात है, अनचार्टर्ड है, कोई नक्शा नहीं है पास में, कोई कुतुबनुमा नहीं है पास में जिससे पता चल जाए कि रास्ता कहां है। उस अनजान रास्ते पर अकेले उतरने की हिम्मत जिनकी है वे जरूर पहुंचते हैं परमात्मा तक।

लेकिन हिंदू घर में पैदा हो गया लड़का, तो हिंदुओं की भीड़ में सम्मिलित हो जाता है। वह कहे काशी जाओ, तो काशी जाता है। कहे द्वारिका जाओ, तो द्वारिका जाता है। कहे कि यह भगवान है, इसको पूजो, तो उनको पूजता है। मुसलमानों की भीड़ में पैदा हो गया, कहे मक्का जाओ, तो मक्का जाता है। ईसाइयों की भीड़ में पैदा हो गया, कहा कि जेरुसलम जाओ, तो जेरुसलम जाता है। भीड़ के पीछे चलता है आदमी। और जो आदमी भीड़ के पीछे चलता है वह आदमी झूठे धर्म के रास्ते पर चलेगा। जो आदमी अकेला चलने की हिम्मत जुटाता है वह आदमी धर्म के रास्ते पर जा सकता है।

ओशो - धर्म, सम्राट बनाने की कला है-3

CamScanner

2:54 pm 0 KB/s VoLTE 4G 65%

और हम? हम एक मंदिर बनाते हैं। वह मंदिर भी बनेगा और गिरेगा, क्योंकि जो भी बनता है वह मिटता है। हम एक मूर्ति बनाते हैं। जो भी बन गई है मूर्ति, वह कल गिरेगी और बिखर जाएगी। हम एक किताब रचते हैं। जो भी रचा जाता है वह नष्ट हो जाता है। जो भी बनता है, मिटता है, वह ईश्वर नहीं है।

लेकिन आदमी ने अपने थोथे और झूठे धर्म खड़े कर रखे हैं। क्यों कर रखे हैं खड़े?
इसलिए खड़े कर रखे हैं कि आज नहीं कल हर आदमी बाहर से ऊबता है और भीतर की तरफ जाता है। और जब भीतर की तरफ जाता है तो वहां दो रास्ते हैं: एक झूठे धर्म का रास्ता है, एक सच्चे धर्म का रास्ता है। सच्चे धर्म के रास्ते पर आदमी चला जाए तो उसका शोषण नहीं किया जा सकता। उसे झूठे धर्म के रास्ते पर ले जाओ, तो पंडे हैं, पुरोहित हैं, पुजारी हैं, मौलवी हैं, वे सब उसका शोषण कर सकते हैं।

आदमी को भटकाने वाले लोग नास्तिक नहीं हैं उतने, जितने कि पंडे हैं, पुजारी हैं, साधु हैं, संन्यासी हैं। जो शोषण करते हैं धर्म का। जो धर्म के नाम पर जीते हैं। जिन्होंने धर्म को आजीविका बना रखा है। जिन्होंने धर्म को धंधा बना रखा है। जो लोग भगवान को भी बेचते हैं और भगवान के बेचने पर जीते हैं। उन लोगों ने एक झूठा, एक सब्स्टीटयूट रिलीजन, एक परिपूरक धर्म बना रखा है। इसके पहले कि कोई आदमी भीतर जाए, वे उस झूठे रास्ते पर उसे लगा देते हैं। उस रास्ते पर करोड़ों-करोड़ों लोग चल रहे हैं--हिंदुओं के नाम से, मुसलमानों के नाम से, ईसाइयों के नाम से। और वे करोड़ों-करोड़ों लोग कहीं भी नहीं पहुंचते। बाहर भी कहीं नहीं पहुंचता आदमी और भीतर भी गलत रास्ते को पकड़ कर कहीं भी नहीं पहुंचता।

कुछ थोड़े से लोग कभी भीड़ से चूक जाते हैं और उस रास्ते पर चले जाते हैं जो धर्म का रास्ता है। और ध्यान रहे, भीड़ कभी धर्म के रास्ते पर नहीं जाती। धर्म के रास्ते पर अकेले लोग जाते हैं। क्योंकि धर्म के रास्ते पर कोई राजपथ नहीं है, जिस पर करोड़ों लोग इकट्ठे चल सकें। धर्म का रास्ता पगडंडी की तरह है, जिस पर अकेला आदमी चलता है। दो आदमी भी साथ नहीं चल सकते।

CamScanner



CamScanner

CS CamScanner



CS CamScanner


अगर तू महासागर जैसा हो जाए,
जहां सब आए और सब जाए, लेकिन तुझे छुए भी नहीं,
स्पर्श भी न करे, अनटच्ड, अस्पर्शित,
तू पीछे वैसा ही रह जाए जैसा था,
तो तू ब्राह्मी-स्थिति को उपलब्ध हो जाता है।
ब्राह्मी-स्थिति अर्थात तब तू नहीं रह जाता
और ब्रह्म ही रह जाता है।
और जहां मैं नहीं रह जाता, ब्रह्म ही रह जाता है,
वहां फिर कोई चिंता नहीं, क्योंकि सभी चिंताएं मैं के साथ हैं।
जहां मैं नहीं रह जाता और ब्रह्म ही रह जाता है,
वहां कोई दुख नहीं है, क्योंकि सब दुख मैं की उत्पत्तियां हैं।
और जहां मैं नहीं रह जाता और ब्रह्म ही रह जाता है,
वहां कोई मृत्यु नहीं, क्योंकि मैं ही मरता है, जन्म लेता है।
ब्रह्म की न कोई मृत्यु है, न कोई जन्म है। वह है।
आचार्य श्री रजनीश
गीता दर्शन-(प्रवचन-018)
विषाद की खाई से ब्राह्मी-स्थिति के शिखर तक
(प्र.१८) अ–1–2

CamScanner

" आप कितने सही है
और कितने गलत ",
आपके बारे में दो
शक्स को सब पता है.
पहला
" ईश्वर "
और
दूसरा आपकी
"अन्तर आत्मा "
और हैरानी की बात
यह है कि दोनो ही हमे
नजर नहीं आते ।

CamScanner

2:36 pm 0 KB/s VoLTE 4G 67%

आध्यात्मिक सफ़र [spiritual journey]

Prit Pal Goyal · 6h ·

*महानिर्वाण को उपलब्ध हो जाने के बाद भी, ज्ञानी और गुरुजन समष्टि में मिलकर किस प्रकार हमारी सहायता करते हैं? इसे अधिक स्पष्ट करें।
*

सहायता करते हैं, ऐसा कहना ठीक नहीं। सहायता होती है। करने वाला तो बचता नहीं। नदी तुम्हारी प्यास बुझाती है, ऐसा कहना ठीक नहीं, नदी तो बहती है। तुम अगर पी लो जल, प्यास बुझ जाती है। अगर नदी का होना प्यास बुझाता होता, तब तो तुम्हें पीने की भी जरूरत न थी, नदी ही चेष्टा करती। नदी तो निष्क्रिय बही चली जाती है। नदी तो अपने तई हुई चली जाती है; तुम किनारे खड़े रहो जन्मों-जन्मों तक, तो भी प्यास न बुझेगी। झुको, भरो अंजुली में, पीयो, प्यास बुझ जाएगी। ज्ञानीजन समष्टि में लीन हो जाने के बाद ही या समष्टि में लीन होने के पहले तुम्हारी सहायता नहीं करते। क्योंकि कर्ता का भाव ही जब खो जाता है तभी तो ज्ञान का जन्म होता है। जब तक कर्ता का भाव है, तब तक तो कोई ज्ञानी नहीं, अज्ञानी है।

ज्ञानी की सिर्फ मौजूदगी, निष्क्रिय मौजूदगी पर्याप्त है। करने का ऊहापोह वहां नहीं है, न करने की आपाधापी है।

जीते जी, या शरीर के छूट जाने पर ज्ञान एक निष्क्रिय मौजूदगी है।
~PPG~

सभी मरते हैं। गृहस्थ भी मरता है, संन्यासी भी मरता है। पर मृत्यु का भी गुणधर्म बदल जाता है। अगर तुम जीए ठीक से तो तुम मरोगे भी ठीक से। अगर तुम नाचते जीए तो नाचते मरोगे।

CamScanner

सभी मरते हैं। गृहस्थ भी मरता है, संन्यासी भी मरता है। पर मृत्यु का भी गुणधर्म बदल जाता है। अगर तुम जीए ठीक से तो तुम मरोगे भी ठीक से। अगर तुम नाचते जीए तो नाचते मरोगे। तुम्हारे जीवन की शैली ही तुम्हारी मृत्यु की शैली होगी। और मृत्यु सील लगा जाएगी तुम्हारे अस्तित्व पर; कह जाएगी कि तुम कौन थे! कह जाएगी, तुम क्या थे! अगर तुम तड़फते मरे तो तुम खबर दे गए कि तुम ठीक से जीए न, चूक गए। अधूरे गए।

CamScanner


जो मांगता है
उसे मिल जाता है।
केवल अपने को समर्पित
करने का साहस चाहिए।
अपने को समर्पित करने का साहस!
अपने को मिटा देने का साहस!
शून्य होने का साहस!
जो मिटने को राजी है
वह पूरा हो जाता है।
जो मरने को राजी है
वह जीवन पा
जाता है।
रजनीश के प्रणाम
१५ अगस्त १९६३
रजनीश
११५, नेपियर टाउन
जबलपुर (म.प्र.)

CamScanner

2:32 pm 0 KB/s 67%

facebook

Like Comment Share

❤️ 🕉OSHO SHIVDHARA 🕉💭♎
Ravi Kumar · 3d ·

सूफ़ी कहते हैं: ईश्वर उपलब्ध है, वह पहले से ही उपलब्ध है आपको बस एक सरल दिमाग की आवश्यकता है, आपको केवल प्रेरणा-शून्यता की स्थिति की आवश्यकता है। आपको बस इस पल की चुप्पी में डूब जाने की जरूरत है, कल कुछ हासिल करने की कोशिश करने की नहीं। और आपका परलोक क्या है? यह कल की लम्बी छाया है। तो जो लोग मृत्यु के बाद स्वर्ग या निर्वाण पाने की सोच रहे हैं वे बहुत लालची लोग हैं। वे बिल्कुल भी धार्मिक नहीं हैं.

सूफीवाद दूसरी दुनिया, स्वर्ग और नर्क की किसी भी परी-कथा में विश्वास नहीं करता है। और ऐसा नहीं है कि स्वर्ग का अस्तित्व नहीं है, लेकिन यह सूफी की चिंता का विषय नहीं है। सूफी पूरी तरह से वर्तमान में जीता है। उनकी सरलता उनकी समझ से आती है, साधना से नहीं; वह इसका अभ्यास नहीं करता. जीवन को देखकर उसे गुलाब के फूल की तपस्या का एहसास होता है कि यह कितना सरल है और इसकी तपस्या की सुंदरता क्या है। वह गुलाब के फूल की तरह विनम्र हो जाता है: यह गरीब नहीं है, गुलाब का फूल सरल और समृद्ध है। इससे अधिक समृद्धि और क्या हो सकती है? गुलाब का फूल सरल और पूरी तरह से विलासितापूर्ण है - इससे अधिक विलासिता क्या हो सकती है?

सूफी क्षण में जीता है, गुलाब के फूल की तरह उसी क्षण खिलता है, सरल फिर भी समृद्ध। गरीबी थोपी नहीं जाती; वह आत्मा में गरीब है. और आत्मा में गरीब होने का क्या मतलब है? इसका सीधा सा मतलब है कि कोई अहंकार नहीं है, बस इतना ही; ऐसा नहीं कि उसे गरीबी से लगाव है. उससे सावधान रहें. ऐसे लोग हैं जो धन से जुड़े हुए हैं और ऐसे लोग हैं जो गरीबी से जुड़े हुए हैं। लेकिन यह वही लगाव है~

ओशो🌺💐

CamScanner


बेफिक्री ना तो
सीखी जा सकती है
और ना ही
पाई जा सकती है।
बेफिक्री
तो एक स्वभाव है।
जो मिला
तो मिला और
ना मिला
तो ना मिला।

CamScanner

2:28 pm 0 KB/s VoLTE 4G 68%

गणेश का नाम इसीलिए शुरू में लिखा जाता है। कहते हैं, गणेश उपद्रवी थे। जो प्रारंभिक कथा है, वह बड़ी मजेदार है। गणेश उपद्रवी थे और दूसरों के कार्यों में विग्न–बाधा डालते थे। इसलिए उनका नाम लोग शुरू में ही लेने लगे कि उनको पहले ही राजी कर लो। फिर तो धीरे–धीरे लोग भूल ही गए कि असली बात क्या थी! असली बात सिर्फ यही थी कि उनके उपद्रव के डर से लोग कुछ भी काम करते–शादी–विवाह करते, दुकान खोलते, मकान बनाते–उनका नाम पहले ले लेते कि तुम राजी रहना। हम तुम्हारे ही हैं, हमारी तरफ खयाल रखना। धीरे–धीरे बात बदल गई। अब तो गणेश जो हैं, वे मंगल के देवता हो गए हैं। धीरे–धीरे लोग भूल ही गए कि उनकी याद करते थे, उनके विध्न–उपद्रव की प्रवृत्ति के कारण। शब्द ने एक करवट ले ली, नया अर्थ ले लिया। लोग मंदिर में फूल चढ़ा आते हैं, मजार पर हो आते हैं फकीर की, ताबीज बांध लेते हैं धर्म का, लेकिन संसार के लिए।

पूछा है, 'आप कहते हैं, कामना बहिर्गामी है।'
समस्त कामनाएं बहिर्गामी हैं; कामना मात्र बहिर्गामी है। भीतर ले जाने वाली कोई भी कामना नहीं है। कामना ले ही जाती बाहर है। तो स्वभावत: प्रश्न उठता है, फिर हम भीतर कैसे जाएं? क्योंकि जब कोई कामना ही भीतर जाने की न होगी तो हम भीतर जाने का प्रयास क्यों करेंगे!

वासना की असफलता, कामना की विफलता, संसार की पराजय। भीतर जाने की कोई वासना नहीं है, जब सभी वासनाएं हार जाती हैं, तुम अचानक भीतर सरकने लगते हो। जब सभी वासनाएं हार जाती हैं, तुम बाहर नहीं जाते; बाहर जाना व्यर्थ हो गया। और तब अचानक तुम भीतर खींचे जाते हो।
इस फर्क को समझ लेना : भीतर कोई नहीं जाता। तुम बाहर जाते हो, बाहर जा सकते हो, भीतर खींचे जाते हो; इसलिए भीतर पहुंचना प्रसादरूप हैं। बाहर भर मत जाओ, भीतर खींच लिए जाओगे। तुम बाहर पकड़े हो जोर से किनारों को, इसलिए भीतर की धार तुम्हें खींच नहीं पाती। तुमने नाव को किनारे की खूंटियों से बांध दिया है, अन्यथा नदी समर्थ है इसको ले जाने में बड़ी दूर की यात्रा पर। वासना नहीं है भीतर जाने की कोई। मोक्ष की कामना कोई भी नहीं होती। जब कोई कामना नहीं होती, तब उस दशा का नाम मोक्ष है।

CamScanner

2:28 pm 0 KB/s 68%

संसार में हार जाना; वासना में हार जाना; तृष्णा की असफलता परमात्मा में ले जाती है, अंतर्गमन में ले जाती है। जीवन जैसा तुम जी रहे हो, व्यर्थ है, इसकी प्रगाढ़ चोट जगा जाती है। फिर बाहर के जीवन में उत्सुकता नहीं रह जाती।

इसे थोड़ा समझो। क्योंकि मैं देखता हूं बहुत से लोग अंतर्जीवन में उत्सुक होते हैं, लेकिन चोट नहीं पड़ी है। बाहर का जीवन असफल नहीं हुआ है। और भीतर के जीवन में उत्सुक हो रहे हैं। तो उनका भीतर का जीवन भी बाहर के जीवन का ही एक हिस्सा होता है; भीतर का जीवन नहीं होता। उनका मंदिर भी दुकान का ही एक कोना होता है। उनकी प्रार्थना भी उनके बही–खातों का प्रारंभ होती है–श्री गणेशाय नम:। बही–खाते का प्रारंभ भगवान से। ठीक से चले दुकान तो परमात्मा का स्मरण कर लेते हैं। परमात्मा का स्मरण करके नर्क की व्यवस्था करते हैं।

जहां तक मुझे पता है, इन दुकानदारों ने नर्क के दरवाजे पर भी लिख दिया होगा–श्री गणेशाय नम:। उनकी यात्रा.. तुमने चोरों को देखा? चोर भी जाते हैं चोरी को तो भगवान का नाम लेकर जाते हैं। मेरे पास आ जाते हैं ऐसे कुछ लोग। वे कहते हैं, आशीर्वाद दे दें, इच्छा पूरी हो जाए।
तुम इच्छा तो बताओ !
अब आप तो सब जानते ही हैं।
किसी को मुकदमा जीतना है.. तुम्हारी इच्छाएं व्यर्थ नहीं हो गई हैं जब तक, तब तक अंतर्यात्रा शुरू न होगी। तुम मंदिर में फूल चढ़ा आओगे, वह भी तरकीब होगी संसार में सफल हो जाने की। भगवान को भी राजी कर लो, कौन जाने कोई बीच में अड़ंगा डाल दे!

गणेश का नाम इसीलिए शुरू में लिखा जाता है। कहते हैं, गणेश उपद्रवी थे। जो प्रारंभिक कथा है, वह बड़ी मजेदार है। गणेश उपद्रवी थे और दूसरों के कार्यों में विघ्न–बाधा डालते थे। इसलिए उनका नाम लोग शुरू में ही लेने लगे कि उनको पहले ही राजी कर लो। फिर तो धीरे–धीरे लोग भूल ही गए कि असली बात क्या थी! असली बात सिर्फ यही थी कि उनके उपद्रव के डर से लोग कुछ भी काम करते–शादी–विवाह करते, दुकान खोलते, मकान बनाते–उनका नाम पहले ले लेते कि तुम राजी रहना। हम तुम्हारे ही हैं, हमारी तरफ खयाल रखना। धीरे–धीरे बात

CS CamScanner

ओशो
मुझे घमंड नहीं है किसी भी बात का
क्योंकि मैं जानता हूं, की
एक रात जिंदगी में ऐसी भी आएगी
जिसके बाद कोई सवेरा नहीं होगा..!!
Osho
Gudda

CamScanner

2:20 pm 0 KB/s VoLTE 4G 69%

Like Comment Share

ओशो का हिन्दी साहित्य

Manoj T K · 1h ·

परमात्मा की बड़ी कृपा है कि तुम्हारे सपने कभी सफल नहीं हो पाते। सफल हो जायें तो तुम परमात्मा से सदा के लिए वंचित रह जाओगे। परमात्मा की बड़ी अनुकंपा है कि तुम इस जगत में वस्तुत: सफल नहीं हो पाते; सफलता का भ्रम ही होता है, असफलता ही हाथ लगती है! हीरे–जवाहरात दूर से दिखाई पड़ते हैं, हाथ में आते– आते सब राख के ढेर हो जाते हैं। यह अनुकंपा है कि इस जगत में किसी को सफलता नहीं मिलती। इसी विफलता से, इसी पराजय से परमात्मा की खोज शुरू होती है। इसी गहन हार से, इसी पीड़ा से, इसी विकलता से सत्य की दिशा में आदमी कदम उठाता है।

अष्ट्रावक्र महागीता-भाग-3प्र-42

ओशो



CamScanner

(सहज योग #16)

Osho - The Rebel

भोगी भी चूक जाते हैं, तथाकथित योगी भी चूक जाते हैं। तुम कुछ ऐसे बनो जो दोनों को साथ-साथ जीओ-- समानांतर। कठिन होगी यह यात्रा। मगर जितनी कठिन होगी, उतने ही मीठे फल होनेवाले हैं। बहुत मूल्य चुकाना होता है। लेकिन जो जितना मूल्य चुकाता है उतनी ऊंचाइयों पर उठ जाता है; उतनी ऊंचाइयों पर विराजमान हो जाता है।

CamScanner

3:34 pm 4 KB/s 58%

#urduadab #urdushayari #twolineshayari #loveshayari #maa #2linespoetry

View all 30 comments

2 days ago • See translation

satya_gyan_vichar



360 likes

satya_gyan_vichar #anmolvachan #aajkagyan #satguru #sadguru #satsang #suvichar #satnam #vichar... more

View 1 comment

Add a comment...

21 hours ago • See translation

Recent stories ▶ **Watch all**

CamScanner

3:27 pm 16 KB/s 4G 59%



satya_gyan_vichar



233 likes

satya_gyan_vichar #anmolvachan #aajkagyan #satguru #sadguru #satsang #suvichar #satnam #vichar... more

View 1 comment

CamScanner

मन केवल मंदिर
तक ले जाता है,
भगवान से मिलने के लिए तो
मन से भी पार उठना पड़ता है।

54

6 comments

CamScanner

हर चीज का
वक़्त तय है,
हर जगह
तय है,
आप कहीं
पहुँचते नहीं,
पहुंचाये
जाते हैं,
खेल तुम
नहीं रहे,
खेल तो वो
रहा है...
रब्बा खैर मांगे स्वयं यात्री हैरां
वो हम सो हम इति श्री अंतम

CamScanner


6:35 pm
118 KB/s
87%
Instagram
5sec.motivation
kbv__bgm • Original audio
Following
अस्तित्व का आनंद लीजिए,
दुःख तो हमारी अपनी खोज है
YT@LOKESHDEV09

CamScanner

6:35 pm 80 KB/s 87%

_banaras_wale_

osho_speech

osho_the_master

inspiring_voice1



51 likes

43 minutes ago

hindi.sarthi



CamScanner

6:36 pm 118 KB/s 87%

Instagram

.... more

View 1 comment

OshowOrld



Liked by **osho______12** and **356 others**

OshowOrld #Osho #awakening #oshöquotes #osh thought #osh international #osh quote #instagram #osh medit... more

View all 2 comments

Add a comment...

CamScanner

8:06 pm 0 KB/s VoLTE 4G 78%

"मौन की महत्ता"
एक बोध कथा ~

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फँसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहाँ कोई मछली ही न हो!

उसने तालाब में झाँका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँ थीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियाँ होने के बाद भी कोई मछली फँसी क्यों नहीं!

एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहा- "लगता है भैया, यहाँ पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियाँ कांटे में नहीं फँसती।"

मछलीमार ने हैरत से पूछा- "क्यों, ऐसा क्या है यहाँ ?

राहगीर बोला- "पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहाँ मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियाँ भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फँसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुँह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फँसेगी कैसे ? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो।"

परमात्मा ने हर इंसान को दो आँख, दो कान, दो नासिका, हर इन्द्रिय दो ही प्रदान किया है। पर जिह्वा एक ही दी.. क्या कारण रहा होगा ?

क्योंकि यह एक ही अनेकों भयंकर परिस्थितियाँ पैदा करने के लिये पर्याप्त है।

संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुँह खोलोगे ही नहीं तो फँसोगे कैसे ?

अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

"एक चुप सौ सुख"

CS CamScanner

याद रखना, जो
मैनाक पर उतर गया,
वह पुनः छलांग
लगा ही नहीं पाया,
उसकी यात्रा अगले
जन्म पर चली गई,
उसका जीवन,
उसका किया कराया
सब बर्बाद हो गया।
349 मैनाक
लोकेशानन्द

CamScanner

4:43 pm 84%

1.9K 72 comments • 32 shares

Like Comment Share

ओशो का हिन्दी साहित्य

Seema Agrawal · 20h

कबीर कहते हैं: मैं तो राम की दुल्हनिया।

भक्ति तो स्त्रैण है। और जो भक्ति में डूबा, उसे स्त्री की सारी कला आ जाती है। उसे रूठना आ जाता है, उसे मनाना आ जाता है। परमात्मा खुद उसके पीछे चलता है मनाता उसे।

सच्ची भक्ति विश्वास से पैदा नहीं होती, सच्ची भक्ति ध्यान से पैदा होती है। सच्ची भक्ति तो जैसे-जैसे तुम शांत होओ, मौन होओ, तब पैदा होती है। जैसे मौन, जैसे शांत, वैसे ही आनंद झरने लगता है। बरखा होने लगती है अमृत की। और उसी अनुभव में परमात्मा से प्रेम जगता है।

साहिब मिले साहिब भए
ओशो

CamScanner

"Silence is an ocean. Speech is a river. When the ocean is searching for you, don't walk into the river. Listen to the ocean."

- RUMI



CamScanner

4:26 pm 0 KB/s VoLTE 4G 87%

🍂 और लाओत्सु समाधि को उपलब्ध हुआ 🍂

लाओत्सु के जीवन में उल्लेख है : कि वर्षों तक खोज में लगा रहकर भी सत्य की कोई झलक न पा सका। सब चेष्टाएं कीं, सब प्रयास, सब उपाय, सब निष्फल गये। थककर हारा-पराजित एक दिन बैठा है--पतझड़ के दिन हैं--वृक्ष के नीचे। अब न कहीं जाना है, न कुछ पाना है। हार पूरी हो गई। आशा भी नहीं बची है। आशा का कोई तंतुजाल नहीं है जिसके सहारे भविष्य को फैलाया जा सके। अतीत व्यर्थ हुआ, भविष्य भी व्यर्थ हो गया है, यही क्षण बस काफी है। इसके पार वासना के कोई पंख नहीं कि उड़े। संसार तो व्यर्थ हुआ ही, मोक्ष, सत्य, परमात्मा भी व्यर्थ हो गये हैं।

ऐसा बैठा है चुपचाप। कुछ करने को नहीं है। कुछ करने जैसा नहीं है। और तभी एक पत्ता सूखा वृक्ष से गिरा। देखता रहा गिरते पत्ते को--धीरे-धीरे, हवा पर डोलता वृक्ष का पत्ता नीचे गिर गया। हवा का आया अंधड़, फिर उठ गया पत्ता ऊपर, फिर गिरा। पूरब गई हवा तो पूरब गया, पश्चिम गई तो पश्चिम गया।

और कहते हैं, वहीं उस सूखे पत्ते को देखकर लाओत्सु समाधि को उपलब्ध हुआ। सूखे पत्ते के व्यवहार में ज्ञान की किरण मिल गई। लाओत्सु ने कहा, बस ऐसा ही मैं भी हो रहूं। जहां ले जायें हवाएं, चला जाऊं। जो करवाये प्रकृति, कर लूं। अपनी मर्जी न रखूं। अपनी आकांक्षा न थोपूं। मेरी निजी कोई आकांक्षा ही न हो। यह जो विराट का खेल चलता, इस विराट के खेल में मैं एक तरंग मात्र की भांति सम्मिलित हो जाऊं। विराट की योजना ही मेरी योजना हो और विराट का संकल्प ही मेरा संकल्प। और जहां जाता हो यह अनंत, वहीं मैं भी चल पड़ूं; उससे अन्यथा मेरी कोई मंजिल नहीं। डुबाये तो डूबूं, उबारे तो उबरूं। डुबाये तो डूबना ही मंजिल; और जहां डुबा दे वहीं किनारा। और कहते हैं, लाओत्सु उसी क्षण परम ज्ञान को उपलब्ध हो गया।

ओशो; अष्टावक्र महागीता

CS CamScanner

CamScanner

4:20 pm 0 KB/s VoLTE 4G 88%

← Replies

2h Like Reply 1

Manna Lal
Rajesh Kumar Rai जी , शब्द और भाषा से जो भक्ति हम करते हैं वह नश्वर है तथा सब के लिये ग्राह्य नहीं है । ईश्वर नाम की सत्ता एक है , इसलिये उसकी भक्ति ऐसी हो जो सबके लिये ग्राह्य हो । इसलिये भाषा व शब्द वाली भक्ति सीमित लोगों के लिये है । यहां तक कि भावना व विचार वाली भक्ति भी नश्वर है बताई गई है । अनुभवगम्य भक्ति को सर्वोत्तम बताया गया अर्थात अनुभूति पर आधारित भक्ति सर्व ग्राह्य है । स्वांस सबके लिये समान है । प्यास बुझाने के पानी की अनुभूति समान है । मीठा खाने की अनुभूति सबको समान है । इसी प्रकार अपने भीतर विराजमान परमात्मा की अनुभूति सबके लिए समान है । अपने भीतर विराजमान अविनाशी की अनुभूति की सही विधि के बारे में श्री प्रेम रावत जी दुनिया के लोगों को अपना संदेश गत 60 वर्षों से दे रहे हैं । उनका कहना है कि अपने भीतर विराजमान अविनाशी , शांति , आनन्द , की अनुभूति की विधि खोजो और जहां मिले ले लो और परमानन्द की अनुभूति करके अपना जीवन सफल करो और यदि कहीं वह विधि न मिले तो वह दे सकते हैं उन लोगों को जो लेना चाहते हैं । श्री प्रेम रावत जी के विचार prem rawat.com पर देखे व सुने जा सकते हैं । time less today app पर भी सुन सकते हैं ।

rawat.com
rawat.com

Write a public comment...

CamScanner

मैं कोई अतिवादी नहीं हूं। मैं गौतम बुद्ध की प्रशंसा करता हूं, महावीर का प्रशंसा करा हूं,लेकिन उनकी अतियों का प्रशंसक नहीं हूं। क्योंकि पहले कृष्ण ने देश को विनाश की आंधी में ढकेला,फिर उन लोगों ने अहिंसा के नाम पर एक तरह की नपुंसकता पैदा की। दो हजार साल तक तुम गुलाम बने रहे। कौन जिम्मेदार है? तना विशाल देश—छोटी छोटी जातियां आई और तुम पर शासन किया! क्योंकि अहिंसा तुम्हारा अभीप्सित लक्ष्य बन गया। प्रज्ञावान पुरुष मध्य में ठहरता है। वह किसी की हिंसा नहीं करता, लेकिन किसी को स्वयं की हिंसा भी नहीं करने देता। क्योंकि दोनों हालत में वह हिंसा को सहारा दे रहा है।

CamScanner

इंडा, पिंगला और सुषुम्ना नाडी में अंतर

इंडा	पिंगला	सुषुम्ना
ऋणात्मक ऊर्जा का संचार करती है।	धनात्मक ऊर्जा का संचार करती है।	संतुलित ऊर्जा का संचार करती हैं।
चंद्र नाड़ी ,शीतलता प्रदान करती है।	सूर्य नाड़ी , उत्साह प्रदान करती है।	जीवनदायिनी नाड़ी, वैराग्यता प्रदान करती हैं।
उद्गम स्थान मूलाधार चक्र के बाएं भाग से।	उद्गम स्थान मूलाधार के दाहिने भाग से।	मूलाधार से प्रारंभ होकर सातों चक्र में प्रवेश करती हैं।

CamScanner

CamScanner

CamScanner

CamScanner

1:43 pm 0 KB/s 93%

**कबहु इडा स्वर चलत है कभी पिंगला माही।
सुष्मण इनके बीच बहत है गुर बिन जाने नाही।।**

FILE

बहुत छोटी-सी बात है, लेकिन समझने में उम्र बीत जाती है। हमारे रोगी और निरोगी रहने का राज छिपा है हमारी श्वासों में। व्यक्ति उचित रीति से श्वास लेना भूल गया है। हम जिस तरीके और वातावरण में श्वास लेते हैं उसे हमारी इड़ा और पिंगला नाड़ी ही पूर्ण रूप से सक्रिय नहीं हो पाती तो सुषुम्ना कैसे होगी?

दोनों नाड़ियों के सक्रिय रहने से किसी भी प्रकार का रोग और शोक नहीं सताता और यदि हम प्राणायाम के माध्यम से सुषुम्ना को सक्रिय कर लेते हैं, तो जहां हम श्वास-प्रश्वास की उचित विधि से न केवल स्वस्थ, सुंदर और दीर्घजीवी बनते हैं, वहीं हम सिद्ध पुरुष बनाकर ईश्वरानुभूति तक कर सकते हैं।

मनुष्य के दोनों नासिका छिद्रों से एकसाथ श्वास-प्रश्वास कभी नहीं चलती है। कभी वह बाएं तो कभी दाएं नासिका छिद्र से श्वास लेता और छोड़ता है। बाएं नासिका छिद्र में इडा यानी चंद्र नाड़ी और दाएं नासिका छिद्र में पिंगला यानी सूर्य नाड़ी स्थित है। इनके अलावा एक सुषुम्ना नाड़ी भी होती है जिससे श्वास प्राणायाम और ध्यान विधियों से ही प्रवाहित होती है।

प्रत्येक 1 घंटे के बाद यह 'श्वास' नासिका छिद्रों में परिवर्तित होते रहती है।

शिवस्वरोदय ज्ञान के जानकार योगियों का कहना है कि चंद्र नाड़ी से श्वास-प्रश्वास प्रवाहित होने पर वह मस्तिष्क

CamScanner

1:40 pm 0 KB/s VoLTE 4G 93%

हम ईश्वर की भक्ति मन , बुध्दि , वाणी से करते हैं जैसे - पूजा , प्रार्थना , दर्शन , पाठ , गुण गान , कथा वाचन , कथा श्रवण आदि । समाज में ईश्वर भक्ति इसी तरह होती आयी है ।

मन , बुद्धि , वाणी के बिना भगवद भक्ति की विधि क्या है ?

Status (1 included)

CamScanner

सुख शान्ती के लिए सीनियर सिटीजन को सच्चे संतो की शरण, भजन सुमिरन स्वाध्याय, भोगों से विरक्ति लोभ मोह काम क्रोध अहम का त्याग, धैर्य ध्यान ग्यान हरि इच्छा पर पूरी तरह

🙏 निर्भर रहना ही है। 🙏

CamScanner

CamScanner

80 >

Chandrashekhar Gupta
ईस्वर तो आप के अंदर ही है सिर्फ अज्ञानता की चादर से ढका हुआ है ,!! माया, मोह, लोभ,क्रोध, विषय और अन्य सभी कैसाये निकल जाये तो खुद की जीव आत्मा ही परम दशा पाकर परमात्मा बन जाती है , रही बात अज्ञानता की चादर कैसे हटेगा ?? लोग अलग अलग रास्ते से वहा पहुचे की कोशिश कर रहे है, लेकिन मेरा पर्सनल अनुभव यह है की अपने जीवन मे कोई आत्म ज्ञानी मिल जाये तो काम हो गया मानो 🌹🙏💞

3h Like Reply 3

Ramesh Chunara replied with a sticker

Vishnu Srivastava
जहां स्वत: विकास है केवल वहीं ईश्वर का निवास है।

1h Like Reply

Vinod Shrimali
ज्ञान रुपी सूरज उगने से अल्प ज्ञान रुपी तारे नही दिखते हे , इस का अर्थ हे पुर्ण परमात्मा का ज्ञान मिलने से अन्य देवी देवता का ज्ञान की जरुर नही हे , प्रणामजी

2h Like Reply

Ramesh Chunara Vinod Shrimali

View 2 more replies...

Veer Soni
मैं आपको सूचित कर रहा हूं हरि और हाईड्रोजन नमक व्यक्ति यहां अपना प्रचार कर रहा है
गलत तरह से कमेंट में नंबर भी दे रहा है कृपया संज्ञान ले

1h Like Reply

Rules

Write a public comment...

CamScanner

मूल्यांकन

गोलोक में जाना किसको है? गोलोक छोड्कर और कहीं भी मैं जाने को तैयार हूं। गोलोक में करना क्या है? सातवें नर्क में भेजने की मुझे धमकी दी है। मुझे कोई अड़चन नहीं है। सातवां हो कि चौदहवी हो, कोई भी नर्क हो, मैं जाने को राजी हूं। क्योंकि मैं जहां हूं जैसा हूं वहीं आनंदित हूं तो वहीं आनंदित होंगे। सातवें नर्क में क्या बिगड़ जाएगा? मेरा कुछ बिगड़ने वाला नहीं। वहीं सन्यासियों को इकट्ठा कर लेंगे, वहीं सत्संग जमेगा। और ऐसे भी जब मुझे सातवें नर्क जाना पड़ेगा तो मेरे संन्यासी भी वहीं जाएंगे, और कहां जाएंगे! वहीं फिर बसा लेंगे।

ये जो पार की कल्पनाएं हैं––गोलोक, बैकुंठ, स्वर्ग, मोक्ष—सब पागलपन है। न तो कहीं कोई स्वर्ग है, न कहीं कोई नर्क। जब तुम अपने में नहीं हो तो नर्क में हो और जब तुम अपने में हो तो स्वर्ग में हो। ये धमकियां किन्हीं और पागलों को देना। जो अपने में है, वह अपना स्वर्ग अपने साथ लिए चलता है। और: जो अपने में नहीं है वह कहीं भी पहुंच जाए, नर्क में ही रहेगा; वह अपना नर्क अपने साथ लिए चलता है।

ओशो
सांच सांच सो सांच, ओशो

CamScanner

मैं तुमसे कहता हूं कि धन में दुख नहीं है, दुख तुम्हारी आदत है। हां, बिना धन के शायद तुम उतने दुखी नहीं हो पाते, क्योंकि धन चाहिए न खरीदने को! दुख भी खरीदने के लिए धन तो चाहिए, अवसर तो चाहिए। तुम वेश्यालय नहीं गए क्योंकि सुविधा नहीं थी। तुम सज्जन थे क्योंकि दुर्जन होने के लिए भी मौका चाहिए। तुमने जुआ नहीं खेला क्योंकि खेलने के लिए भी तो पैसे चाहिए। तुम लड़े—झगड़े नहीं क्योंकि कौन झंझट में पड़े— अदालत, मुकदमा, वकील! लेकिन तुम्हारे पास पैसे आ जाएं तो ये सारी वृत्तियां तुममें भरी पड़ी हैं। और ये सारी वृत्तियां प्रकट होने लगेंगी।

OShO

CamScanner

"आत्मा तुम्हारी है, शरीर प्रकृति का है, और मन समाज का है..✍️❤️💻
❤️ओशो❤️
Osho
www.jagoaurjagao.com

CamScanner

CamScanner

इस दुनिया में बहुत हो चुकी दूसरों की सेवा, कुछ सार हाथ नहीं आया। दूसरों की सेवा के नाम पर बहुत थोथे धंधे चल चुके। सेवा के नाम पर सत्ताधिकारियों ने लोगों का शोषण किया है। जो भी सेवक बनकर आता है, आज नहीं कल सत्ताधिकारी हो जाता है। जो तुम्हारे पैर दबाने से शुरू करता है, एक दिन तुम्हारी गर्दन दबाएगा! जब तुम्हारे पैर दबाए तभी चेत जाना, अन्यथा पीछे बहुत देर हो जाती है। फिर चेतने से कुछ सार नहीं। क्यों करेगा कोई सेवा तुम्हारी? और सेवा करेगा, तो बदला मांगेगा; पुरस्कार चाहेगा।

OshO

CS CamScanner

10:20 am 0 KB/s 4G 92%

Munabai Makvana · 14h ·

सिद्ध सरहपा ने महासुख की बात कही। महासुख क्या है?

पहले तो समझें कि सुख क्या है? सुख तुम्हें कभी-कभी मिला है, इसलिये सुख को समझना आसान भी होगा। फिर समझें कि दुख क्या है। क्योंकि दुख तो तुम्हें बहुत मिला है। सुख-दुख दोनों समझ में आ जायें तो महासुख की समझ आ सकती है।
सुख क्या है? एक क्षण भर को अहंकार का मिट जाना सुख है। तुम चौंकोगे: अहंकार का मिट जाना सुख! हां, जब भी तुमने सुख जाना है, सोचना अब, विचारना अब, ध्यान करना उन क्षणों का। जब भी तुमने सुख जाना है, अहंकार मिट गया है; वह पक्की कसौटी है। सांझ सूरज को डूबते देखा, पहाड़ों पर सूरज की लालिमा छा गई, बादलों पर रंगीन रंग फैल गये, पक्षी अपने नीड़ों को लौटने लगे, सांझ का सौंदर्य, उतरती रात की गरिमा! किसी पहाड़ी एकांत में तुमने सांझ के सूरज को डूबते देखा, तुम चकित भाव-विभोर हो उठे। सुख की एक पुलक आई और गई। एक लहर आई और तुम नहा गये।
यह कैसे हुआ? सूरज का सौंदर्य इतना प्यारा था, आकाश के रंग ऐसे अनूठे थे, पहाड़ों की शांति इतनी गहरी थी, पक्षियों का नीड़ों को लौटना, उनकी चहचहाहट, सब तुम्हारे हृदय को इस भांति से तरंगित कर दिये कि तुम एक छंद में बंध गये। तुम उस पर्वतीय एकांत में डूबते हुए सांझ के सूरज के साथ, आकाश के साथ एक हो गये। लीन हो गये। एक क्षण को अहंकार विस्मृत हो गया। एक क्षण को तुम भूल गये कि मैं हूं। सूरज इतना था कि तुम एक क्षण को भूल गये कि मैं हूं। बादलों में रंग ऐसे थे कि एक क्षण तुम्हें याद न रही कि मैं हूं। लौटते पक्षी, सांझ का सन्नाटा, पहाड़ का एकांत...तुम भूल गये एक क्षण को, इस शराब में डूब गये एक क्षण को! तुम्हें याद ही न रही कि मैं हूं। बस उसी घड़ी एक लहर उठी। इसी लहर का नाम सुख है।
फिर जल्दी ही तुम वापिस लौट आते हो, क्योंकि सूरज कितनी देर तक सुंदर रहेगा! यहां तो सब पल-छिन का मामला है। अभी था अभी गया। अभी डूब गया। रात गहरी होने लगी।

ओशो - सहज योग (प्रवचन ~9)

CamScanner



अतीत के प्रति मरते चलो। अतीत का बोझ न ढोओ। तुम्हारे चित्त के दर्पण पर अतीत की कोई छाया न इकट्ठी हो, कोई धूल न जमे। पोंछते चलो, झाड़ते चलो, रोज स्नान करते चलो। प्रतिपल समझो कि नया जन्म हुआ। अतीत मर जाये और भविष्य जन्मे--उस ताजगी में ही, उस ओस जैसी ताजगी में ही तुम परमात्मा से संबंधित हो पाओगे।

Osho, सहज योग- (प्रवचन- 19)

CamScanner

मैं गीत सिखाता हूं। मैं संगीत सिखाता हूं। मेरा संदेश एक ही है, आनंद: उत्सव, महोत्सव। और उत्सव-महोत्सव को सिद्धांत नहीं बनाया जा सकता, केवल जीवनचर्या हो सकती है यह। तुम्हारा जीवन ही कह सकेगा। ओंठों से कहोगे, बात थोथी और झूठी हो जाएगी। प्राणों से कहनी होगी। श्वासों से कहनी होगी। और जहां आनंद है वहां प्रेम है; और जहां प्रेम है वहां परमात्मा है।
ओशो Osho wisdom

CS CamScanner



कृष्ण बेबूझ हैं।
क्योंकि कृष्ण कहते हैं, दोनों ही मैं हूं,
युद्ध भी मैं और शांति भी मैं।
दोनों ही मैं हूं, अंधेरा भी मैं, प्रकाश भी मैं।
और जब दोनों की तरह तू मुझे देख पाएगा,
तभी तू मुझे देख पाएगा।
अगर तू बांटकर देखेगा,
आधे को देखेगा, चुनकर देखेगा,
तो तू मुझे कभी नहीं देख पाएगा।
आचार्य श्री रजनीश
गीता दर्शन

CamScanner


“आपके अलावा कोई आपकी
परिस्थिती के लिए जिम्मेदार
नही है।कोई आपको गुस्सा
नही दिला सकता ओर कोई
आपको खुश भी नही
कर सकता।”

2:06 pm 0 KB/s 80%

तो पहले तो ध्यान रखना, निंदक को बुद्ध बुरा मित्र नहीं कहते। वह मित्र है ही नहीं, शत्रु है; और भला शत्रु है। बुरे मित्र उन्हें कहते हैं बुद्ध, जो तुम्हारी प्रशंसा कर रहे हैं। और जिनका कुछ लाभ है प्रशंसा करने में। जो तुम्हें बढ़ावा दे रहे हैं, जो तुम्हारे गुब्बारे को फुलाए जा रहे हैं। और तुम बड़े आनंदित हो रहे हो। तुम समझ रहे हो, उत्सव की घड़ी है यह।

वे तुम्हारी मौत करीब लाए जा रहे हैं। वे तुम्हें मिटाने के करीब लिए जा रहे हैं। वे तुम्हें उस जगह छोड़ जाएंगे, जहां से लौटना मुश्किल हो जाएगा। वे तुम्हारे अहंकार को इतना बड़ा कर देंगे कि जीना ही असंभव हो जाएगा। अहंकार ही तुम्हारे जीवनभर के लिए तुम्हारी छाती पर बैठ जाएगा।

उन्हें तुमसे प्रयोजन नहीं है। उनके कुछ अपने लाभ हैं, जो तुम्हारी प्रशंसा से मिल सकते हैं। तुम्हें बड़ा कहकर वे तुम्हारा उपयोग करना चाहते हैं। वे तुम्हारा शोषण करने में उत्सुक हैं। उनकी नजर तुम्हें साधन बना लेने की है।

जब तुम्हारे पास कोई प्रशंसा करने आए तो ध्यान रखना,कोई भी इसलिए प्रशंसा करने नहीं आता कि तुम बड़े महान हो। अगर तुम महान हो, तब तो लोग निंदा करने आ सकते हैं,प्रशंसा करने नहीं आते। क्योंकि तुम्हारी महानता से उनके अहंकार को चोट लगती है। वे तुम्हारे दुश्मन होने लगते हैं। तुम्हारी महानता से कोई प्रयोजन नहीं है। वे तुम्हारी प्रशंसा करने तभी आते हैं, जब उन्हें तुमसे कुछ काम लेना है। जब वे तुम्हारा उपयोग करना चाहते हैं। तुम्हारी सीढ़ी बनाना चाहते हैं। तुम्हारे कंधे पर चढ़कर कहीं जाना चाहते हैं।

राजनेता तुम्हारे द्वार पर आकर खड़ा हो जाता है हाथ जोड़कर, कि मैं आपके चरणों की धूल हूं। तुम बड़े प्रसन्न होते हो। तुम बड़े गौरवान्वित होते हो। यह आदमी अपने वोट की तलाश में आया है। इसे न तुम्हारे चरणों से मतलब है। यह तुम्हें पहचानेगा भी नहीं। कल पद पर पहुंच जाने के बाद तुम इसके द्वार पर धक्के खाओगे। यह तुम्हें पहचानेगा भी नहीं। तुम इसी भरोसे में इसको वोट दे दिए थे।

CamScanner

2:03 pm 0 KB/s 80%

जीवन को ऐसे गुजारो जैसे पिछले किये हुए कर्मों का फल है। तटस्थता से, बड़ी दूरी के भाव से, उपेक्षा से, बिना प्रतिक्रिया किये, बिना छोटी-छोटी बातों में उलझे—ऐसे गुजर जाओ जैसे राह की धूल जब गुजरते हो तो पड़ती है। जब राह से चलते हो कुत्ते भी भौंकते हैं; जब राह से चलते हो, धूप भी पड़ती है—सबको तुम गुजार देते हो। जन्मों-जन्मों तक जो निर्मित किया है उसे धीरे-धीरे इसी तरह छोड़ने का उपाय—उपेक्षा! दुख आये तो उसे भी ठहर जाने देना। उसके साथ भी शत्रुता मत बांधना। न हो, ऐसा मत कहना।

है और कितनी दूर तेरी मंजिले-कयाम

रह-रहके पूछते हैं यह उम्रे-रवां से हम।

साधक यही पूछता रहता है अपने भीतर: "और, और कितनी यात्रा है?' अपनी जाती हुई, उम्र से पूछता है: "और कितना, और कितना?' लेकिन जो घटता है, उसे स्वीकार कर लेता है। जो घटता है, उसे स्वीकार करके बैठ नहीं जाता। जो घटता है, उसे स्वीकार कर लेता है और यात्रा जारी रखता है।

है और कितनी दूर तेरी मंजिले-कयाम—और भीतर खयाल रखता है कि तेरा अंतिम लक्ष्य और कितनी दूर है? रह-रहके पूछते हैं यह उम्रे-रवां से हम—जाती हुई उम्र से पूछता रहता है कि और कितनी दूर है? और अपने को सम्हाले रखता है। विषाद में नहीं गिरने देता।

ऐ शमा! सुबह होती है रोती है किसलिए

थोड़ी-सी रह गयी है इसे भी गुजार दे।

जैसे सुबह होने के करीब है, रात गहरी अंधेरी हो जाती है। सुबह होने के करीब रात सर्वाधिक अंधेरी हो जाती है। वह सुबह होने की खबर है।

इसलिए जिस व्यक्ति का मोक्ष और निर्वाण करीब आ रहा है, उसके दुख बड़े सघन हो जाते हैं। सभी फल अनंत-अनंत जन्मों के इकट्ठे पकने लगते हैं। यथासमय! आ गई घड़ी।

CamScanner


OSHO
ओशो ।। प्रेम-ध्यान ।।
सांस ख़त्म हो और तमन्ना बाकी रहे...
OSHO DHYAN UPVAN
HISAR
वह है मृत्यु...
@LaughWithUniverse
सांस बाकी रहे और तमन्ना ख़त्म हो जाये...

CamScanner

12:37 pm 0 KB/s 84%

Add a comment...

1 hour ago • See translation

CamScanner

12:35 pm
84%
@zindaginama1
इश्क़ का ताल्लुक़ दिलों से होता है
और शादी का तनख़्वाहों से ।
~ राही मासूम रजा
3,732
12
1,872
Send gift
zindaginama1
Following
इश्क़ का ताल्लुक़ दिलों से होता है ...
Followed by hindi.sarthi and 3 others
jinal audio its._me_he
Allahabad, India

CamScanner

5:03 pm 0 KB/s 65%
facebook

और तुम इसे कितने ही सुंदर वस्त्रों में ढांको, तो भी इसका असौंदर्य नहीं ढ़कता है। और तुम चाहे कितने ही सोने के आभूषण पहनो, हीरे-जवाहरात सजाओ, तो भी तुम्हारे भीतर की मांस-मज्जा वैसी की वैसी है।

जिस दिन चेतना का पक्षी उड़ जाएगा, तुम्हारी देह को कोई दो पैसे में खरीदने को राजी न होगा। जल्दी से लोग ले जाएंगे, मरघट पर जला आएंगे। जल्दी समाप्त करेंगे। घड़ी दो घड़ी रुक जाएगी देह तो बदबू आएगी। यह तो रोज नहाओ, धोओ, साफ करो, तब किसी तरह तुम बदबू को छिपा पाते हो। लेकिन बदबू बह रही है। बुद्ध कहते हैं, शरीर तो कुरूप है।

सौंदर्य तो चेतना का होता है। और सौंदर्य चेतना का जानना हो तो ध्यान मार्ग है। और शरीर का सौंदर्य मानना हो, तो ध्यान को भूल जाना मार्ग है। ध्यान करना ही मत कभी, नहीं तो शरीर का असौंदर्य पता चलेगा। तुम्हें पता चलेगा, यह शरीर में यही सब तो भरा है। इसमें और तो कुछ भी नहीं है। कभी जाकर अस्पताल में टंगे अस्थिपंजर को देख आना, कभी जाकर किसी मुर्दे का पोस्टमार्टम होता हो तो जरूर देख आना, देखने योग्य है, उससे तुम्हें थोड़ी अपनी स्मृति आएगी कि तुम्हारी हालत क्या है। किसी मुर्दे का पेट कटा हुआ देख लेना, तब तुम्हें समझ में आएगा कि कितना मल-मूत्र भरे हुए हम चल रहे हैं। यह हमारे शरीर की स्थिति है।

बुद्ध कहते हैं, इस स्थिति का बोध रखो। यह बोध रहे तो धीरे-धीरे शरीर से तादात्म्य टूट जाता है और तुम उसकी तलाश में लग जाते हो जो शरीर के भीतर छिपा है, जो परमसुंदर है। उसे सुंदर करना नहीं होता, वह सुंदर है। उसे जानते ही सौंदर्य की वर्षा हो जाती है। और शरीर को सुंदर करना पड़ता है, क्योंकि शरीर सुंदर नहीं है। कर-करके भी सुंदर होता नहीं है। कभी नहीं हुआ है। कभी नहीं हो सकेगा।

ओशो: एस धम्मो सनंतनो

CamScanner

5:01 pm 0 KB/s 4G 65%

#बुद्ध ने बत्तीस कुरूपताएं शरीर में गिनायी हैं। इन बत्तीस कुरूपताओं का स्मरण रखने का नाम कायगता-स्मृति है।

बुद्ध कहते हैं कि अपने शरीर में इन विषयों की स्मृति रखे-केश, रोम, नख, दांत, त्वक्, मांस, स्नायु, अस्थि, अस्थिमज्जा, यकृत, क्लोमक, प्लीहा, फुस्फुस, आत, उदरस्थ मल-मूत्र, पित्त, कफ, रक्त, पसीना, चर्बी, लार आदि। इन सब चीजों से भरा हुआ यह शरीर है, इसमें सौंदर्य हो कैसे सकता है! सौंदर्य तो सिर्फ चेतना का होता है। देह तो मल-मूत्र का घर है। देह तो धोखा है। देह के धोखे में मत पड़ना, बुद्ध कहते हैं। इस बात को स्मरण रखना कि इसको तुम कितने ही इत्र से छिड़को इस पर, तो भी इसकी दुर्गंध नहीं जाती।

और तुम इसे कितने ही सुंदर वस्त्रों में ढांको, तो भी इसका असौंदर्य नहीं ढ़कता है। और तुम चाहे कितने ही सोने के आभूषण पहनो, हीरे-जवाहरात सजाओ, तो भी तुम्हारे भीतर की मांस-मज्जा वैसी की वैसी है।

जिस दिन चेतना का पक्षी उड़ जाएगा, तुम्हारी देह को कोई दो पैसे में खरीदने को राजी न होगा। जल्दी से लोग ले जाएंगे, मरघट पर जला आएंगे। जल्दी समाप्त करेंगे। घड़ी दो घड़ी रुक जाएगी देह तो बदबू आएगी। यह तो रोज नहाओ, धोओ, साफ करो, तब किसी तरह तुम बदबू को छिपा पाते हो। लेकिन बदबू बह रही है। बुद्ध कहते हैं, शरीर तो कुरूप है।

सौंदर्य तो चेतना का होता है। और सौंदर्य चेतना का जानना हो तो ध्यान मार्ग है। और शरीर का सौंदर्य मानना हो, तो ध्यान को भूल जाना मार्ग है। ध्यान करना ही मत कभी, नहीं तो शरीर का असौंदर्य पता चलेगा। तुम्हें पता चलेगा, यह शरीर में यही सब तो भरा है। इसमें और तो कुछ भी नहीं है। कभी जाकर अस्पताल में टंगे अस्थिपंजर को देख आना, कभी जाकर किसी मुर्दे का पोस्टमार्टम होता हो तो जरूर देख आना, देखने योग्य है, उससे तुम्हें थोड़ी अपनी स्मृति आएगी कि तुम्हारी हालत क्या है। किसी मुर्दे का पेट कटा हुआ देख लेना, तब तुम्हें समझ में आएगा कि कितना मल-मूत्र भरे हुए हम चल रहे हैं। यह हमारे शरीर की स्थिति है।

CS CamScanner

बच्चों की तरह खेलो। कभी-कभी
भूल ही जाओ अपना नाम,
अपनी ख्याति, अपनी डिग्री।
यह सब भूल जाओ। बच्चों जैसे
हो जाओ। अपने भीतर के बच्चे
को बाहर लाओ। गंभीर मत रहो।
कभी-कभी जीवन को बस एक
मौज की तरह लो,और तुम हलके
हो जाओगे। इतने हलके की
आकाश में उड़ सको।

#ओशो

CamScanner

CamScanner


यदि तुम्हारा किसी से विवाह
हुआ है और तुम उस व्यक्ति को
प्रेम नहीं करते हो, और फिर भी
तुम उसके साथ जीए चले जाते
हो, उस स्त्री या पुरुष के साथ
प्रेम करते रहते हो, तो तुम प्रेम
के विरोध में एक पाप कर रहे
हो. और प्रेम परमात्मा है। तुम
सामाजिक औपचारिकताओं,
सुविधाओं,सहूलियतों के लिए
प्रेम के विपरीत निर्णय ले रहे हो।
❤️🕊️ओशो🕊️❤️

CamScanner


"दिल की बात"
जिनको तुम जीवन में
सफल देखते हो, ये वही लोग है
जो प्रेम के बिना जी रहे है।
प्रेम और सफलता का जोड़ नहीं
बनता, क्योंकि सफलता के लिए
जितना कठोर होना पड़ता है
प्रेम उतना कठोर होने की
सुविधा नहीं देता। -ओशो

CamScanner

CamScanner

जब भी दो पुरुष लड़ते हैं तो हैरानी की बात है.
लड़ते पुरुष हैं मगर गालियां स्त्रियों को देते हैं।
यह भी थोड़ी सोचने जैसी बात है यह कि समाज
बातें तो करता है स्त्री समादर की, मगर यह
समादर है। बातें तो यूँ की जाती हैं कि जहां-जहां
नारी की पूजा होती है वहां-वहां देवता रमण
करते हैं। और स्त्री की पूजा के नाम पर हो क्या
रहा है? सदियों से क्या हो रहा है? सिवाय
अपमान और अनादर के कुछ भी नहीं। अगर दो
आदमी लड़ रहे हैं तो एक-दूसरे से निपटो, इसमें
स्त्रियों को बीच में लाने की क्या जरूरत है? इसमें
किसी की मां ने तुम्हारा क्या बिगाड़ा; किसी की
पत्नी ने, किसी की बेटी ने तुम्हारा क्या बिगाडा?
लेकिन गाली तो स्त्रियों को ही दी जाएगी। लड़े
कोई अपमान तो स्त्री का ही होगा।
ओशो अहोभाव

CS CamScanner

10:16 pm 29 KB/s 32%

Osho Thoughts

Munabai Makvana · 8h ·

सुप्रभातम🙏💐😊

आखिरी प्रश्न: भगवान, क्या आप सच ही मारवाड़ियों क... See more

8 1 comment

Like Comment Share

CamScanner

10:15 pm 12 KB/s 32%



1 like

2 days ago

shabdo_ki_jadugari

1,172 likes

shabdo_ki_jadugari #quotes #shayari #shayaris #lovequotes #quotesinhindi

View all 16 comments

Add a comment...

1 day ago • See translation

CamScanner


#-अष्टावक्र: महागीता-प्र-64
ओशो
बुद्ध से किसी ने पूछा है कि आप कहते हैं,
बुद्धपुरुष केवल मार्ग दिखाते हैं; तो फिर बुद्धपुरुषों के
सान्निध्य और सत्संग का वस्तुत: लाभ क्या है ?
तो बुद्ध ने कहा. "लाभ है कि प्यास लग जाए;
लाभ है कि उनके पास धुन जग जाए।"
बुद्ध को देख कर अगर तुम्हारे भीतर प्यास जग जाए,
तुम्हारे भीतर एक अभीप्सा का आरोहण हो कि
यही मैं भी हो सकता हूं दाव पर लगाना है।
कंजूसी से न चलेगा,आधे-आधे न चलेगा-दांव पर पूरा ही
लगाना होगा। परमात्मा के साथ होशियारी न चलेगी।

CamScanner

CamScanner

10:37 am 0 KB/s VoLTE 4G 100%

facebook

यह मुल्ला नसरुद्दीन सीखने गया तो डरा हुआ होगा, सो पैर फिसल गया सीढ़ी पर ही। काई जमी होगी। भड़ाम से गिरा और उठ कर एकदम घर की तरफ भागा। उस्ताद ने, जो सिखाने ले गए थे, कहा कि कहां जा रहे हो?

मुल्ला ने कहा कि अब तो सीख लें तैरना, तभी आएंगे।

मगर तैरना कहां सीखोगे? उस्ताद ने पूछा। उसने कहा: अपने कमरे में ही गद्दी बिछा कर। उसी पर हाथ-पैर पटकेंगे। जब तैरना सीख लेंगे, तब आ जाएंगे।

अब गद्दियों पर कोई हाथ-पैर पटक कर तैरना सीख सकता है? कितना ही हाथ-पैर पटके, अगर थोड़ा-बहुत आता हो तो वह भी भूल जाएगा।

ध्यान भी बस ऐसा ही है कि तुम करोगे तो जानोगे। कुछ बातें हैं जो करके ही जानी जाती हैं, और कोई उपाय ही नहीं है। हां, नहीं कहता कि तुम एकदम से समाधि में चले जाओ। इसलिए तो ध्यान के सरलतम प्रयोग खोजे हैं तुम्हारे लिए। आहिस्ता-आहिस्ता चलो। एक-एक कदम उठाओ। धीरे-धीरे भय छूट जाएगा। बस भय ही छूटने की बात है। अपने ही भीतर जाना है, भय क्या? तुम तो वहां हो ही। नाहक भयभीत हो, इसलिए बाहर-बाहर घूम रहे हो। अपने से ही भयभीत बाहर-बाहर घूम रहे हो।

लेकिन आदमी यह भी मानने को राजी नहीं होना चाहता कि मैं अपने से भयभीत हूं। और सीखने में लोग थोड़ी-सी कठिनाई अनुभव करते हैं, उनके अहंकार को चोट लगती है। तो वे चाहते हैं कि ऐसे ही किताब से सीख लें। न मालूम कितने लोग ध्यान करते हैं किताबों से पढ़ कर! न मालूम कितने लोग आसन इत्यादि सीखते हैं इस आशा में कि फिर ध्यान करेंगे। आसन-वगैरह से ध्यान का कोई लेना-देना नहीं है। ये सब बाह्य औपचारिकताएं हैं। ध्यान का संबंध तो भीतर साक्षी होने से है।

CamScanner



CamScanner

8:29 am 7 KB/s 63%

निरगुन से जीव आइल, सरगुन समाइल हो।
काया गढ़ कइल मुकाम, माया लपटाइल हो।।
सीधे—सीधे वचन हैं—— एक सीधे—साधे आदमी के! मगर बड़े गहरे भी। सच्चाइयां सदा सीधी होती हैं और गहरी भी। सत्य सदा सुगम होते हैं, सरल होते हैं——और गहरे भी! झूठ ही जटिल होते हैं——और उलझे हुए होते हैं।
निरगुन से जीव आइल...। उस विराट स्रोत से हमारा आना हुआ है—— जहां रूप है न रंग है, न गंध है, न स्वाद है; जहां कोई गुण नहीं है—— न रज है, न तम है, न सत्व है; जहां रोशनी नहीं, अंधेरा नहीं; जहां दिन नहीं, रात नहीं; जहां कोई सीमा नहीं; जहां कोई विशेषण नहीं; जहां कोई परिभाषा नहीं। हम उस अपरिभाष्य से आए हैं। हमारा आना उस जगह से हो रहा है——जहां रूप अभी उठे नहीं थे; जहां लहरें अभी जगी नहीं थीं। हम उस शांत सागर से आए हैं, जिस पर कोई तरंग न थी। हम उस क्षीरसागर से आए हैं।
निरगुन से जीव आइल...। हम आए तो परमात्मा से हैं।...... सरगुन समाइल हो। और समा गए हैं छोटी—सी देह में। किरण उतरी है सूरज से और समा गई है एक छोटी—सी गुफा में। नाच रही है वहीं गुफा में। तुमने देखा? कभी तुम्हारे घर में खपड़ों में थोड़ी रंध्र रह जाती है, सूरज की एक किरण भीतर आ जाती है, अंधेरे कमरे में नाचती रहती है। ऐसी हमारी दशा है। आए हैं सूरज से, महासूर्य से——समा गए हैं एक अंधेरी गुफा में। और बहुत दिन हो गए उस अंधेरी गुफा में रहते, बहुत जन्म हो गए। धीरे—धीरे भूल ही गए हैं कि कहां से आए हैं, कहां हमारा घर है, कहां हमारा मूल निवास स्थान है? अब तो इसी अंधेरी कोठरी को अपना घर समझ लिया है।

निरगुन से जीव आइल, सरगुन समाइल हो।

काया गढ़ कइल मुकाम...। और इसी काया को, इसी सराय को, इसी देह को मुकाम बना लिया है, पड़ाव बना लिया है। सोचते हैं कि बस पहुंच गए। अब कहां जाना है और। अब इसी काया को पकड़े हुए हैं। अब इसी काया को सजाने—संवारने में जीवन गंवा रहे हैं। अब इस काया को ही सब कुछ मान लिया है, यही हमारा सर्वस्व हो गई है। और यह कोठरी है। और इससे सिवाय दु :ख के हमें सुख कभी मिलता नहीं। दु :ख मिलता, बीमारी मिलती, जरा मिलता, मृत्यु मिलती— बस यही

CamScanner

8:29 am 276 KB/s VoLTE 4G 63%

कहंवा से जीव आइल, कहंवा समाइल हो।
कहंवा कइल मुकाम, कहां लपटाइल हो।।

कहां रुक गया है जीव? कहां ठहर गया है? कहां मुकाम कर लिया है? इस जिंदगी में किसी को भी तो नहीं लगता कि हम मंजिल पर आ गए। बस ऐसे ही लगता है कि फिर एक पड़ाव, कल सुबह चलना होगा। तुम्हें कभी लगा मंजिल पर आ गए? धन भी मिल गया, पद भी मिल गया, प्रतिष्ठा भी मिल गई—— तुम्हें यह लगा, मंजिल पर आ गए? सब मिल जाता है, मंजिल कहां मिलती है? बस यही भाव बना रहता है कि कल सुबह फिर चलना होगा। एक रातभर का पड़ाव। एक सराए में रुक गए, सुबह फिर यात्रा करनी होगी। यात्रा जारी रहती है। सब मिलता जाता है, मगर यात्रा का अंत नहीं होता।

धरमदास कहते हैं: सोचो, कहां से आए, कहां उलझ गए, कहां पड़ाव बना लिया, कहां लपटाइल हो? किस चीज से अपने बंधन निर्मित कर लिए हैं? कहां अपनी जड़ें जमा ली हैं? किसी तालतलैया में तो नहीं अटक गए हो? ताल तलैया के कारण ही तो मानसरोवर नहीं भूल गया है? याद करो! स्मरण करो! अपनी स्मृति में तलाशो। अपने भीतर उतरो। जरा गौर से देखोगे तो समझ में आएगा।

मुझे खुद भी खबर नहीं "अख्तर"
जी रहा हूं कि मर रहा हूं मैं।

पता नहीं चलता कि वस्तुत: तुम जी रहे हो कि मर रहे हो। क्या कर रहे हो? हर के कारण आदमी यह सवाल नहीं उठाता। यह सवाल कभी अपने—आप सिर उठाने लगता है, तो आदमी भाग कर कहीं छिप जाना चाहता है। सिनेमा—घर में चला जाता है। शराब पी लेता है। असली शराब से बचने के लिए नकली शराब पी लेता है। नाच—गाने में बैठ जाता है। रेडियो खोल लेता है। अखबार पढ़ने लगता है। मित्रों के पास जाकर गपशप करने लगता है——वही गपशप जो हजार बार हो चुकी है। फिर उन्हीं बातों में हंसता है, जिनमें पहले भी हंस चुका और हंसने जैसा कुछ भी नहीं रहा। वही बातें सुनता है, वही बातें दोहराता है। किसी तरह अपने को उलझाता है। थका—मादा रात सो जाता है, सुबह उठकर फिर बाजार की तरफ निकल जाता है।

करना ही ऐसा पड़ेगा, नहीं तो यह सवाल उठेगा कि मैं जी रहा हूं या मर रहा हूं? और घबड़ाहट यह लगती है कि अगर मैंने गौर से देखा तो जो—जो मैंने सपने बनाए हैं, कहीं उखड न जाएं!

CamScanner

मेरे सन्यासी इसे सदा स्मरण रखें कि मैं कोई आखिरी पैगंबर नहीं हूं, न कोई आखिरी तीर्थकर हूं, न कोई आखिरी अवतार हूं, न कोई आखिरी बुद्ध हूं। न आखिरी हूं, न प्रथम हूं। पहले भी अपूर्व फूल खिले हैं और आगे भी अपूर्व फूल खिलेंगे। और तुमने अगर सच में मुझे प्रेम करते हो तो तुम उन सब फूलों को प्रेम करोगे। क्योंकि तुमने एक फूल को प्रेम किया और उस एक फूल से बंध गए तो तुमने फूल को प्रेम किया ही नहीं।
फूल को प्रेम करने का अर्थ होता है कि तुमने खिलने को प्रेम किया, तुमने फूल की पंखुड़ियों के खुल जाने को और गंध के उड़ जाने को प्रेम किया। इसलिए गंध कहीं भी उड़ी हो , किसी फूल से उड़ी हो, अतीत में या भविष्य में , अगर तुमने सच में ही एक फूल को चाहा है , तो उस चाहत में सारे फूलों की चाहत सम्मिलित हो जानी चाहिए।
मैं तुम्हे कोई एक धर्म नहीं दे रहा हूं , बस धर्मिकता दे रहा हूं। **#ओशो** #(Dr.Sohan Lal Narang)

CamScanner

CamScanner

8:15 am 0 KB/s VoLTE 4G 66%

एडिग्ंटन ने एक बार मजाक में यह कहा कि भाषा के कुछ शब्द बिल्कुल ही झूठे हैं ऑक्सफोर्ड में वह बोलता था तो किसी ने पूछा कि जैसे तो उसने कहा-रेस्ट। रेस्ट बिल्कुल झूठा शब्द है। कोई चीज ठहरी हुई है ही नहीं। सारी चीजें बदलती जा रही हैं। कोई चीज ठहरी हुई नहीं है, कोई चीज खड़ी हुई नहीं है। जिसको आप खड़ा हुआ देख रहे हैं, वह भी खड़ा हुआ नहीं है, उसके भीतर भी सब भागा जा रहा हें, वह भी खड़ा हुआ नहीं है, ये दीवारें मकानों की आपको खड़ी दिखाई पड़ रही हैं, ये दरख्त आपको ठहरे हुए मालूम पड़ रहे हैं, यह बिल्कुल झूठी बात है। यह दरख्त ठहरा हुआ नहीं है। नहीं तो यह दरख्त कभी बूढ़ा नहीं हो पायेगा। यह भागा जा रहा हे भीतर। यह बूढ़ा होता चला जा रहा है। यह दीवार ठहरी हुई नहीं है, यह भीतर बदलती जा रही है। नहीं तो यह मकान कभी गिर नहीं पायेगा। सब बदल रहा है। इस बदलाहट का पूरा बोध अगर आपको है तो आपको पता नहीं चलेगा कि मैं हूँ, क्योंकि जहाँ सब बदल रहा है, वहाँ, “मैं” के खड़े होने की जगह कहाँ है? जहाँ कोई चीज खड़ी नहीं हे, जहाँ सब फ्लक्स है, जहाँ सब प्रवाह है, वहाँ मैं कहा हूँ? इसलिए बुद्ध ने तो एक बहुत बड़ी अद्भुत बात कहनी शुरू की थी। उन्होंने कहा था, आत्मा और अहंकार का एक ही अर्थ करते थं। वह कहते, इस बात का भाव कि मैं हूँ, यही अहंकार हे, यही आत्मा है। अगर सब-कुछ बदल रहा है तो मैं खड़े होने के लिए कहाँ जगह पाऊँगा? मेरे स्थिर होने की कहाँ गुंजाइश हैं?

सांझ को हम एक दीया जला देते हैं। सुबह हम कहते हैं कि वही दीया अब तक जल रहा है, उसे बुझा दें। झूठी बात हम कहते हैं। सांझ जो दीया जलाया था, वह तो कभी का बुझ गया। लो हर क्षण बदलती जाती है। दूसरी लौ आ जाती है। इतनी तीव्रता से ज्योति बुझती जा रही हे, धुआं होता जा रहा है। दूसरी ज्योति जलती जा रही है। सांझ जो ज्योति हमने जलायी, फिर सुबह हम उसी को नहीं बुलाते। रातभर ज्योति बदलती रही, बदलती रही, वही ज्योति सुबह नहीं है। जो आप पेदा हुए थे, सब बदलता रहा है। इस पूरी बदलाहट का बोध हो तो आपको पता नहीं चलेगा कि मैं हूँ।

ओशो

CamScanner

दृष्टि न हो,
तो विपरीत दिखाई पड़ता है।
दृष्टि हो, तो जरा भी
विपरीत दिखाई न पड़ेगा।
जिसको बुद्ध होश कहते हैं,
उसी को सूफियों ने बेहोशी कहा।
जिसको बुद्ध अप्रमाद कहते हैं,
उसी को भक्तों ने शराब कहा।
बुद्ध के वचनों में और
उमर खैयाम में इंचभर का फासला नहीं।
बुद्ध ने जिसे मंदिर कहा है,
उसी को उमर खैयाम ने मधुशाला कहा।
बुद्ध तो समझे ही नहीं गए
उमर खैयाम भी समझा नहीं गया।
उमर खैयाम को लोगों ने समझा कि
शराब की प्रशंसा कर रहा है।
OshO
आचार्य श्री रजनीश एस धम्मो सनंतनो-(प्र-18)

CamScanner

"श्वास और वासना का घनिष्ठ संबंध"

तो अगर चित्त काम से भरा हो,
तब श्वास को धीमा करना,
श्वास को शिथिल करना।

जब चित्त में कामवासना घेरे,
या क्रोध घेरे,
या और कोई वासना घेरे,
तो श्वास को शिथिल करना
और कम करना और धीमी लेना।

तो काम और क्रोध दोनों विदा हो जाएंगे,
टिक नहीं सकते;
क्योंकि जो ऊर्जा उनको चाहिए
वह श्वास की बिना चोट पड़े
नही मिल सकती।

ओशो

CS CamScanner

Bsb Pt. Sachin☺

Today, 1:25 pm



🙏

Reply

CamScanner

5:25 pm 8 KB/s VoLTE 4G 65%
facebook

मार्ग छोड़ देने के बाद भी छह महीने तक उनके स्थन बड़े रहे, धीरे-धीरे छोटे हुए; और धीरे-धीरे उनकी चाल बदली और धीरे-धीरे उनकी वाणी वापस आयी।

रामकृष्ण ने बड़ा अनूठा प्रयोग किया इस पृथ्वी पर।
सारे धर्मो का अनुभव किया। हिंदू की तरह साधना, की मुसलमान की तरह साधना की,बौद्ध की तरह साधना
की। ऐसा कभी किसी ने भी नहीं किया था। क्योंकि एक मार्ग से जो पहुंच गया, अब वह क्यों दूसरे मार्गो पर जाए? लेकिन रामकृष्ण ने बड़ी अनुकंपा की। पहुंच कर भी वह फिर लौटे-लौट कर घाटी में आए और दूसरे मार्गों से चढ़े, ताकि यह दुनिया से कह सकें अनुभव के आधार पर कि सभी रास्ते एक शिखर पर पहुंचा देते हैं। ऐसी बात महात्मा गांधी अधिकारी नहीं हैं कहने के, क्योंकि महात्मा गांधी किसी रास्ते से भी शिखर पर नहीं पहुंचे है अभी। रामकृष्ण अधिकारी हैं कहने के। और यह कोई सिर्फ बौद्धिक समन्वय की बात नहीं थी कि बैठ कर और सोच लिया कि सभी धर्म समान हैं। अच्छी बात लगती है कि सभी धर्म समान है, सभी धर्मों में सत्य है; उदारता होती है, सहिष्णुता मालूम होती है। रामकृष्ण का यह निजी अनुभव था कि सभी धर्मों से व्यक्ति वहीं पहुंच जाता है। यह पहुंच कर, प्रयोग करके। ..कैसे-कैसे अनूठे प्रयोग किये ! रामकृष्ण के जीवन का बड़ा दुर्भाग्य यह है कि विवेकानंद के हाथ में उनकी परंपरा पड़ गयी। और जो सत्य एक बार फिर उतरा था, वह खो गया। इसलिए अब रामकृष्ण के पीछे चलने वाले जो सन्यासी हैं, उनका रामकृष्ण से कुछ लेना-देना नहीं है, वह विवेकानंद से प्रभावित हैं। विवेकानंद का कोई भी मूल्य नहीं है। तर्कशास्त्री हैं। कहां रामकृष्ण-तर्कातीत, और कहां विवेकानं-तर्कशास्त्री! कहां रामकृष्ण--सारे धर्मो को अनुभव किये हुए! विवेकानंद के जीवन में कोई अनुभव नहीं है। विवेकानंद ने सुंदर वक्तव्य दिये। मगर सुंदर वक्तव्य देने में क्या रखा है! कोई मूल्य नहीं। जरा-सी भी जिसके पास बुद्धि है, दे सकता है। असली सवाल है अनुभव का।

ओशो: 🔥 दीपक बार नाम का

CamScanner

ओशो का हिन्दी साहित्य

Rahul Kumar Ojha · 1d ·

ख्याति और महत्वाकांक्षा की दौड़ में तुम्हारी ऊर्जा बाहर की ओर बहती है -- वस्तुओं की ओर, लक्ष्यों की ओर, लोगों की ओर। चूंकि तुम्हारी ऊर्जा सतत बाहर की ओर बह रही होती है, इसलिए जल्दी ही तुम खाली महसूस करने लगते हो।

ऊर्जा बाहर तो जाती है, पर कभी भीतर लौटती नहीं -- तुम बस ऊर्जा को बाहर उलीचते चले जाते हो। रोज ऊर्जा निचुड़ती जा रही है -- फिर मृत्यु आ जाती है। मृत्यु और कुछ नहीं है, बस ऊर्जा का पूरी तरह खर्च हो जाना है!

जीवन में सबसे बड़ा चमत्कार है इस बात को समझ जाना, और ऊर्जा को भीतर की ओर मोड़ लेना। यह भीतर की ओर मुड़ना ही संन्यास है!

तुम्हें संसार को, संसार के अपने कामों को छोड़ नहीं देना है -- बस अपने कामों को एक अलग ढंग से करना है। सब कुछ करो, लेकिन अपने केंद्र में बने रहो!

बाहर सब कुछ करो, लेकिन फिर वापस अपने भीतर लौट आओ। फिर तुम ऊर्जा का एक कुंड बन जाते हो, भंडार बन जाते हो। तुम्हारी ऊर्जा बाहर की ओर गति करे, फिर वापस अपने पर लौट आए तो वह तुम्हें शक्ति का एक पुंज बना देती है।

फिर यह ऊर्जा तुम दूसरों से जितना भी बांटो, वह कभी क्षीण नहीं होगी -- बल्कि जितना तुम बांटोगे, उससे हजार गुना होकर तुम पर लौट आएगी!

ओशो

CamScanner

7:03 pm 18 KB/s VoLTE 4G 56%

एक पागल औरत एक दिन सुबह अपने गांव से नाराज होकर चली गई। गांव भर के लोगों ने कहा कि यह क्या कर रही हो? कहां जा रही हो? उसने कहा कि अब मैं जा रही हूं, तुमने मुझे बहुत सताया, अब कल से तुम्हें पता चलेगा! पर उन लोगों ने कहा कि बात क्या है? उसने कहा, मैं वह मुर्गा अपने साथ लिए जा रही हूं जिसकी बांग देने पर इस गांव में सूरज ऊगा करता था। अब यह सूरज दूसरे गांव में ऊगेगा। वह दूसरे गांव पहुंच गई। सुबह सूरज ऊगा–मुर्गे ने बांग दी, सूरज ऊगा, उसने कहा, अब रोते होंगे नासमझ, क्योंकि अब सूरज इस गांव में ऊग रहा है।

उस बूढ़ी औरत के तर्क में कोई खामी है? जरा भी नहीं। उसके मुर्गे की बांग देने से सूरज ऊगता था। और फिर जब दूसरे गांव में भी बांग देने से सूरज ऊगा, तब तो बिलकुल पक्का ही हो गया न, कि अब उस गांव का क्या होगा! मुर्गे ऐसी भ्रांति में नहीं पड़ते, लेकिन मुर्गों के मालिक पड़ जाते हैं। मुर्गे तो सूरज ऊगता है, इसलिए बांग देते हैं, मुर्गों के मालिक समझते हैं कि अपना मुर्गा बांग दे रहा है, इसलिए सूरज ऊग रहा है।

हम सबका चित्त ऐसा है। भविष्य तो आता है अपने से। वह आ ही रहा है, वह हमारे रोके न रुकेगा। कल आते हैं अपने से, वे हमारे रोके न रुकेंगे। हम अपने कृत्य को पूरा कर लें, इतना काफी है, उसके बाहर हमें होने की जरूरत नहीं है।

कृष्ण इतना ही कहते हैं कि तुम्हारा कृत्य पूरा हो–"द एक्ट मस्ट बी टोटल'। "टोटल' का मतलब है कि उसके बाहर करने को कुछ तुम्हें कुछ भी न बचे, तुम पूरा उसे कर लिए और बात खत्म हो गई। इसलिए वे कहते हैं कि तुम परमात्मा पर छोड़ दो फल। परमात्मा पर छोड़ने का मतलब यह नहीं है कि कोई नियंता, कहीं "कंट्रोलर' कोई बैठा है, उस पर तुम छोड़ दो, वह तुम्हारा हिसाब-किताब रखेगा।

परमात्मा पर छोड़ने का कुल इतना ही मतलब है कि तुम कृपा करो, तुम सिर्फ करो और समष्टि से उस करने की प्रतिध्वनि आती ही है। वह आ ही जाएगी। जैसे कि मैं इन पहाड़ों में जोर से चिल्लाऊं और कोई मुझसे कहे कि तुम चिल्लाओ भर, प्रतिध्वनि की चिंता मत करो, पहाड़ प्रतिध्वनि करते ही हैं। तुम पहाड़ों पर छोड़ दो प्रतिध्वनि की बात। तुम

CamScanner

7:12 pm 9 KB/s 54%

महावीर बारह वर्ष चुप रहे, मौन रहे। बहुतों ने कहा कि बोलें। पर नहीं बोले। बारह वर्ष के बाद बोलना शुरू किया। यह बारह वर्ष जब तक उनको स्पष्ट न हो गया कि पूर्ण शून्यता, पूर्ण नीरवता आ गई है, तब तक बोलने का कोई अर्थ नहीं है। क्या बोलना है? किससे बोलना है? जब हम सुन भी नहीं सके हैं उस अंतरिक्ष की वाणी को, तो बोलेंगे क्या?

'अब तुम बोल सकते हो। तुम जिसने वासनाओं को जीत लिया, और आत्म–ज्ञान प्राप्त कर लिया। जिसने अपनी आत्मा को विकसित अवस्था में देख लिया और पहचान लिया। और नीरवता के नाद को सुन लिया। तुम अब उस ज्ञान–मंदिर में जाओ, जो परम–प्रज्ञा का मंदिर है, और जो कुछ तुम्हारे लिए वहां लिखा है, उसे पढ़ो।'

यह तो प्रतीक है। लेकिन जो परिपूर्ण नीरव हो गया, शून्य हो गया, शांत हो गया, उसके सामने जगत का रहस्य खुल जाता है। इस जगत का जो रहस्य–शास्त्र है, इस अस्तित्व के भीतर ही छिपी हुई जो ज्ञान की कुंजियां हैं, अगर इस अस्तित्व की हम कल्पना करें, एक प्रतीति की कि इसके गहन अंतस्तल में कहीं छिपा हुआ एक प्रज्ञा का मंदिर है, तो उसके द्वार में प्रवेश मिल जाता है।

यह सूत्र कहता है, यह भीतर की अंतर–वाणी ही तुमसे कहेगी, नीरवता तुमसे कहेगी कि अब तुम तैयार हो गए हो, और जाओ उस परम–प्रज्ञा के मंदिर में। जो कुछ तुम्हारे लिए वहां लिखा है, उसे पढो।

'नीरवता की वाणी सुनने का अर्थ है, यह समझ जाना कि एकमात्र पथ –निर्देश अपने ही भीतर से प्राप्त होता है।'

जब तक तुम मौन नहीं हो, तब तक तुम्हारी आत्मा तुम्हें पथ–निर्देश न दे सकेगी। तब तक तुम्हें किसी गुरु की शरण लेनी पड़ेगी। वह शरण इसीलिए लेनी पड़ रही है कि तुम अपने ही भीतर छिपी हुई गुरु–वाणी को सुनने में असमर्थ हो। तुम इतने शोरगुल से भरे हो कि वह भीतर की जो बहुत धीमी, बहुत बारीक, सूक्ष्म आवाज है, वह खो जाती है तुम्हारे नाद में, तुम्हारे उपद्रव में, तुम्हारे शोरगुल में, तुम्हारे भीतर के मन की भीड़ में। वह कहीं सुनाई नहीं पड़ती। इसलिए जरूरत है कि बाहर से

CS CamScanner

7:22 pm 0 KB/s VoLTE 4G 53%

facebook

गालिब ने कहा, 'क्या कहते हो, मुझे पहचानते नहीं?

"द्वारपाल ने कहा, 'तुम्हारे कपड़े बता रहे है तुम कौन हो! फटे जूते बता रहे हैं कि तुम कौन हो! शक्ल देखी है कभी आइने में कि तुम कौन है?'

गालिब दुखी होकर वापस लौट आया। मित्रों से उसने कहा, "तुम ठीक ही कहते थे, वहां कपड़े पहचान जाते हैं। ले आओ उधार कपड़े। " मित्रों ने कपड़े लाकर दिये। उधार कपड़े पहनकर गालिब फिर पहुंच गया। वहीं द्वारपाल झुक-झुक कर नमस्कार करने लगा। गालिब बहुत हैरान हुआ कि 'कैसी दुनिया है?

'भीतर गया तो बादशाह ने कहा, बड़ी देर से प्रतीक्षा कर रहा हूं।

गालिब हंसने लगा, कुछ बोला नहीं। जब भोजन लगा दिया गया तो सम्राट खुद भोजन के लिए सामने बैठा--भोजन कराने के लिए। गालिब ने भोजन का कौर बनाया और अपने कोट को खिलाने लगा कि, "ए कोट खा! 'पगड़ी को खिलाने लगा कि 'ले पगड़ी खा! '

सम्राट ने कहा, "आपके भोजन करने की बड़ी अजीब तरकीबें मालूम पड़ती हैं। यह कौन-सी आदत है ' यह आप क्या कर रहे हैं?"

गालिब ने कहा, "जब मैं आया था तो द्वार से ही लौटा दिया गया था। अब कपड़े आये हैं उधार। तो जो आए हैं, उन्हीं को भोजन भी करना चाहिए! "

बाहर की दुनिया में कपड़े चलते हैं। बाहर की दुनिया में कपड़े ही चलते हैं। वहां आत्माओं का चलना बहुत मुश्किल है; क्योंकि बाहर जो भीड़ इकट्ठी है, वह कपड़े वालों की भीड़ है। वहां आत्मा को चलाने की तपश्चर्या हो जाती है।

लेकिन बाहर की दुनिया में जीवन नहीं मिलता। वहां हाथ में कपड़ों की लाश रह जाती है, अकेली।

CamScanner

ध्यान में वेद का
जन्म होता है;
ज्ञान में दब जाता है
और मर जाता है।
ध्यान और ज्ञान का भेद
खूब खयाल में रख लेना।
अगर बनना हो कुछ,
पाना हो कुछ,
पहचानना हो कुछ,
जीवन के राज समझने हों,
तो ध्यान पर जोर देना,
ज्ञान से बचना।

ओशो
दर्शन
समूह

☆ हरि बोलौ हरि बोल, ओशो ☆

CamScanner



CamScanner

7:40 pm 0 KB/s VoLTE 4G 51%

Osho Thoughts

Ramesh D. Chawda · 8h ·

✨

आनंदित आदमी वह है,
जो अपेक्षा के बिना रहता है।
जो बस रहता है।
वह यह नहीं कहता है,
की चीज़ें ऐसी होनी चाहिए।"

जो जानता है
पूरी तरह से सतर्क, की कैसे जिया जाय।

जीवन में वह जागरूक है, मृत्यु
के बारे में उसे पता है। खुशी में
वह जागरूक है, दुःख के बारेमे
उसे पता है। सफलता में वह जागरूक है,असफलता की उसे
जानकारी है।

उसके पास गुप्त कुंजी है.
वह गुप्त कुंजी है,
जागरूकता।

ओशो

✨✨✨

CamScanner

7:34 pm 10 KB/s VoLTE 4G 52%

Muhabai Makvana · 5h ·

जीवन में तो कुछ मिला नहीं और अब मृत्यु द्वार पर खड़ी है। क्या मृत्यु में कुछ मिलेगा ?

कृष्णमुरारी!
🔴जीवन में नहीं मिला तो मृत्यु में कैसे मिलेगा? मृत्यु तो जीवन की ही पराकाशठा है। मृत्यु जीवन का अंत नहीं है। स्मरण रखना। दोहराऊं फिर: जीवन मृत्यु में समाप्त नहीं होता, पूर्ण होता है। मृत्यु जीवन का चरम उत्कर्ष है, अंतिम शिखर है। तो जो जीवन में नहीं पाया, उसे मृत्यु में पाने का कोई उपाय नहीं है। जो जीवन में पाया है, वही निखर कर, निचुड़ कर मृत्यु में पाया जाता है। मृत्यु जीवन भर का निचोड़ है। जैसे जीवन में फूल ही फूल थे, तो मृत्यु इत्र है--उन सारे फूलों का इत्र। जैसे एक बूंद में समा गई सारी सुगंध।
मृत्यु में बहुत कुछ मिलता है, लेकिन तभी जब जीवन भर फूलों की खेती की हो। जीवन भर कांटे बोए, तो यह आशा न रखना कि मृत्यु में अचानक फूल खिल जाएंगे। जीवन भर कूड़ा-कर्कट इकट्ठा किया, तो मृत्यु के पास ऐसा कोई जादू नहीं है कि उस कूड़ा-कर्कट को हीरे-जवाहरातों में बदल दे। लेकिन तुम्हारे पंडित-पुरोहित तुम्हें यह धोखा देते रहे हैं सदियों से। वे जानते हैं कि जीवन तो तुम्हारा खाली जा रहा है, तो तुम्हें आश्वासन देते रहते हैं: घबड़ाओ मत, मरते वक्त नाम ले लेना परमात्मा का, सब ठीक हो जाएगा। कि चले जाना काशी, काशी-करवट ले लेना, सब ठीक हो जाएगा। काशी जिसने करवट ली, वह स्वर्ग गया। कि मरते वक्त दूसरे तुम्हारे मुंह में गंगाजल डाल देंगे, और तुम स्वर्ग चले जाओगे। कि मरते वक्त दूसरे तुम्हारे कान में नमोकार मंत्र पढ़ देंगे, गायत्री मंत्र पढ़ देंगे, कुरान की आयतें दोहरा देंगे, और तुम स्वर्ग चले जाओगे।
ऐसी सस्ती बातों में न पड़ना। इतनी बाजारू बातों में मत पड़ना। इस तरह के लोगों ने ही धर्म को दो कौड़ी का कर दिया; उसकी गरिमा खो गई; उसकी महत्ता खो गई; उसकी महिमा खो गई।
मैं यह नहीं कह सकता हूं कि जो तुमने जीवन में नहीं पाया है, वह तुम मृत्यु में पा सकोगे। और अभी कृशणमुरारी, जिंदा हो। अभी मरे तो नहीं। अभी प्रश्न पूछ सकते हो तो उत्तर भी खोज सकते हो। अभी बहुत देर नहीं हो गई है। अभी सोच सकते हो, विचार सकते हो, तो निर्विचार भी हो सकते हो।

CamScanner


Prem ! Prbhu Osho...
ध्यान रखना, गुरु समाज का हिस्सा कभी भी
नहीं है। गुरु सदा ही विद्रोही है। वह परमात्मा
का हिस्सा है, समाज का नहीं। और समाज
परमात्मा-विरोधी है। अन्यथा सभी पहुंच जाते।
बहुत थोड़े पहुंच पाते हैं।विरले पहुंच पाते हैं,
कभी-कभी पहुंच पाते हैं।
क्योंकि जाने के लिए अकेला होना जरूरी है।
गैब मांहि गुरुदेव मिल्या:ओशो...

CamScanner



CamScanner

खुद देवता भी उत्सुक हैं उस व्यक्ति को
सहारा देने को, जो अकेला खड़ा हो गया!

जो साथ मांगता है,
उसे तो साथ मिलता नहीं।
नाम मात्र को लोग साथी हो जाते हैं,
साथ मिलता नहीं।
असल में मांग से कोई साथ पा ही नहीं
सकता है। लेकिन जो मांगता ही नहीं
साथ, जो मिले हुए साथ को भी इनकार
कर देता है, उसके लिए सारे जगत की
शुभ शक्तियां आतुर हो जाती हैं साथ
देने को। ~ ओशो, महावीर मेरी दृष्टि में

CS CamScanner



था तुझे गुरूर खुद के लंबे होने
का ऐ सड़क,
गरीब के हौसले ने तुझे पैदल
ही नाप दिया.

CS CamScanner



था तुझे गुरूर खुद के लंबे होने का ऐ सड़क,
गरीब के हौसले ने तुझे पैदल ही नाप दिया.

CamScanner



CamScanner

ओ शो

पद घूंघरू बांध--
(प्रवचन-01)

कृष्ण को हमने पूर्णावतार कहा है...सब रंग हैं। इस जगत की कोई चीज कृष्ण को छोड़नी नहीं पड़ी है। सभी को आत्मसात कर लिया है। कृष्ण त्यागी नहीं हैं। कृष्ण भोगी नहीं हैं। कृष्ण ऐसे त्यागी हैं जो भोगी हैं। कृष्ण ऐसे भोगी हैं जो त्यागी हैं। कृष्ण हिमालय नहीं भाग गए हैं, बाजार में हैं। युद्ध के मैदान पर हैं। और फिर भी कृष्ण के हृदय में हिमालय है। वही एकांत! वही शांति! अपूर्व सन्नाटा! कृष्ण अदभुत अद्वैत हैं। चुना नहीं है कृष्ण ने कुछ। सभी रंगों को स्वीकार किया है, क्योंकि सभी रंग परमात्मा के हैं।

कृष्ण सेतु हैं--संसार में और परमात्मा में। कृष्ण में जीवन का निषेध नहीं है--जीवन का परिपूर्ण स्वीकार है; अहोभाव से स्वीकार है।

जन्माष्टमी
की
हार्दिक शुभकामना

CamScanner

यह वास्तविकता है कि जो तुम्हें मिला है उसकी तुम्हें दो कौड़ी की कीमत नहीं है। जो खो गया है, उसके लिए तुम रोते हो। जो पास नहीं उसका अभाव तुम्हें खलता है। जिंदगी तुम्हें मिली है और तुने परमात्मा को धन्यवाद नहीं दिया। हालांकि जब तुम्हारी मौत तुम्हारे द्वार पर दस्तक देगी, तब तुम कहोगे: है प्रभु, बस, धड़ी दो धड़ी और जी लेने दे। चौबीस धंटे और दे दे!

काश तुम समझदार होते हो तो तुम्हें अभी समझ में आ सकता है। उतनी समझ के लिये समाधि की प्रज्ञा चाहिये। फिर मछली की तरह सागर से बहार निकलने की जरूरत नहीं, सागर में ही सागर का धन्यवाद होगा।

ओशो – रामदुवारे जो मरे

CamScanner


तौहीन ना कर शराब को कड़वा कह कर,
जिंदगी के तजुर्बे शराब से भी कड़वे होते है !
कहते है पीनेवाले मर जाते है जवानी में,
हमने तो बुजुर्गों को जवान होते देखा है

CamScanner



CS CamScanner

11:03 pm 8 KB/s VoLTE 4G 39%

Like Comment Share

ओशो रहस्यदर्शी

Naye bharat ke khoj · 12h

सूफियों में एक कहावत है कि जब फकीर सच में ही प्रार्थना को उपलब्ध होता है तो वह एक भी शब्द का उपयोग नहीं करता--न बाहर, न भीतर। वह सिर्फ खड़ा हो जाता है--चुप।

बायजीद से किसी ने पूछा कि तुम्हारी प्रार्थना क्या है? क्योंकि हमने कभी तुम्हारे मुंह से शब्द निकलते नहीं देखे। तुम भीतर क्या गुनगुनाते हो?

बायजीद ने कहा, बात ही मत करो गुनगुनाने की। उससे छिपा क्या है? उसे बताना क्या है? उसे समझाना क्या है? उससे कहना क्या है? मेरी हालत उस फकीर जैसी है, जो एक बार सम्राट के सामने खड़ा हो गया था--नग्न, फटे कपड़े, सूखी देह, पेट पीठ से लगा, बस आंखों में टिमटिमाता जीवन। सम्राट ने उससे पूछा कि कहो, क्या चाहते हो? उसने कहा, अगर मुझे देख कर तुम्हें समझ में नहीं आता कि क्या चाहता हूं, तो मेरे कहने से क्या खाक समझ में आएगा! मुझे देखो, इतना काफी है। तो बायजीद ने कहा कि सम्राट भला न समझ पाया हो, लेकिन वह आखिरी सम्राट तो समझ ही लेगा। मैं सिर्फ उसके द्वार पर खड़ा हो जाता हूं।

वह मस्जिद के सामने जाकर खड़ा हो जाता था। घंटों खड़ा रहता था, चला आता था। कभी एक शब्द न कहा, भीतर भी न उठाया। प्रार्थना का शब्दों से कुछ लेना-देना नहीं। प्रार्थना, उसके सामने, तुम जैसे हो वैसे ही खड़े हो जाने का नाम है। तुम जैसे हो अपनी निपट निजता में, नग्नता में, बिना कुछ छिपाए उसके सामने प्रकट हो जाने का नाम है। प्रार्थना एक प्रागटय है अपने भाव का।

ओशो 🌞 🌼

CamScanner

11:01 pm 9 KB/s VoLTE 4G 39%

Mandira Sinh Thakuri · 4m ·

भीखा के वचन–

जग के करम बहुत कठिनाई, तातें भरमि-भरमि जहंड़ाई।

ज्ञानवंत अज्ञान होत है, बूढ़े करत लरिकाई।।

जग के करम बहुत कठिनाई! परमात्मा को पाना कठिन नहीं है, लेकिन जगत ऐसे संस्कार डालता है लोगों के चित्त पर कि वे संस्कार बाधा बन जाते हैं। जगत ऐसे क्रियाकांड सिखा देता है कि उन क्रियाकांडों के कारण ही दीवालें खड़ी हो जाती हैं। जगत ऐसी शिक्षाएं देता है कि उन शिक्षाओं के कारण आदमी अंधा हो जाता है।

परमात्मा को न देख पाने में हिंदुओं का हाथ है, मुसलमानों का हाथ है, ईसाइयों का, जैनों का, बौद्धों का, शास्त्रों का, पंडितों का , संप्रदायों का। ईश्वर को तो वही देख सकता है जो संप्रदाय-मुक्त हो; जो पक्षपात-मुक्त हो; जिसने शास्त्र को अलग हटाकर रख दिया हो। जिसकी आंख पर शास्त्रों के चश्मे चढ़े हैं वह परमात्मा को नहीं देख सकता। परमात्मा को देखने के लिए निर्विचार आंख चाहिए–और शास्त्र तो विचार और विचार और विचार.. . .इसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। शास्त्रों में विचार हैं और क्रियाकांड हैं–ऐसा करो तो परमात्मा मिलेगा, ऐसा सोचो तो परमात्मा मिलेगा। और मजा यह है कि परमात्मा मिला ही हुआ है। कुछ न सोचो, कुछ न करो–अभी मिल जाए! घड़ी-भर को भी शून्य होकर बैठ जाओ, कुछ न सोचो, कुछ न करो–अभी मिल जाए।

झेन फकीर कहते हैं : गुपचुप बैठे, बिना कुछ करते, वसंत आता है और घास अपने-आप उगने लगती है। गुपचुप बैठे..."सिटिंग सायलेंटली"। न कुछ करते..."डूइंग नथिंग"। वसंत आता है..."द स्प्रिंग कम्स"। और घास अपने से बढ़ने लगती है..."एंड द ग्रास ग्रोस बाय इटसेल्फ"। परमात्मा तो अभी मिले, अभी मिले, यहीं मिले! क्षण-भर भी रुकने की कोई जरूर नहीं है; लेकिन नहीं मिलता तो हम सोचते हैं बहुत कठिन है परमात्मा को पाना।

परमात्मा को पाना कठिन नहीं है। समाज ने जो जाल तुम्हारे चारों तरफ

CamScanner

OSHO

आत्मा भी कहीं योगी होता है?
योग तो शरीर पर ही समाप्त हो जाता है।
ध्यान मन पर समाप्त हो जाता है। आत्मा न
तो योगी होता है न ध्यानी होता है। आत्मा तो
वह है जो योग और ध्यान के पार साक्षी है;
मात्र साक्षी है, कर्ता नहीं। योग तो क्रिया है।
योगी होने का अर्थ है शरीर से बंधे होना।
ध्यानी होने का अर्थ है मन से बंधे होना। जो
ध्यान और योग दोनों के पार चला जाता है,
वही आत्मा को जान पाता है।

CamScanner

OSHO FRAGRANCE FRIENDS

Osho Nirvaan · 2h ·

एक बुद्ध
एक कृष्ण
एक मिस्टिक
का नाम लो,

जिस पर मेरी किताब न हो!
कोई एक महान पुस्तक बताओ, जिस पर मेरे सम्वाद न हो!
एक सूफी, एक संत,कबीर,नानक,एक दार्शनिक या एक वैज्ञानिक बताओ जिस पर मैंने न कहा हो!
कोई राधा, कोई सीता, कोई मीरा, कोई राबिया, कोई लल्ला, कोई मल्ली बता दो!
एक मनु, एक मार्क्स, एक लेनिन, एक फ्रायड, एक जुंग, एक एडलर बता दो!
मैं लगातार अस्तित्वगत चेतना और स्त्री-पुरुष के समग्र नाते पर बोला!
ध्यान-प्रेम-भक्ति और योग पर मैंने निरंतर कहा!
एक सच्चा कलाकार, एक कवि, एक लेखक नहीं जिस पर नहीं बोला!
लेकिन मूर्खो को सुनाई दिया सिर्फ 'सम्भोग'
वह भी वैसा 'सम्भोग' यानी 'कुभोग' जिससे वे जन्मे हैं, मगर विश्व-मनीषी सदा से मेरे साथ है, बुद्धों के साथ है, उन्हें सच्चाई और समझ से जीने के लिए अब मेरी जरुरत नहीं है, उन्हें अपना दीया स्वयं जलाना आता है। मैं राजनेताओं की भांति मूढ़ बहुमत को प्रसन्न करने नहीं आया हूँ! मैं निर्दोष, साहसी और सच्चे लोगो के लिए आया हूँ। सत्य और चेतनापथ! चालाक और मूढ़ लोगों के लिए नहीं है! उन्हें नरक चाहिए, वे उसी के पात्र है !!

🌱 ओशो🌱

CamScanner


Osho the bhagvan
तुम ईश्वर को केवल
धन्यवाद देना अहोभाव से,
भिखारी मत बन जाना!
तुम भीतर के सम्राट होने
के लिए पैदा हुए हो!
भिखारी नहीं...
ओशो

CamScanner


प्रभु की
पगडंडियां
जीवन का सत्य
उन्हीं को
उपलब्ध होगा,
जो जीवन के
सत्य के प्रति
आनंद से
और खुशी से
भरे हुए
यात्रा करते हैं।
Osho
Soni
Arts

CamScanner

6:36 am 0 KB/s 4G 100%

तो बुद्ध ने पूछा: वीणा कैसी होनी चाहिए कि संगीत पैदा हो?

तो श्रोण ने कहा: तार कसना बड़ी कला की बात है। तार ऐसी स्थिति में होने चाहिए कि न तो ज्यादा कसे, न ज्यादा ढीले। एक ऐसी स्थिति भी है तारों की, जब हम कह सकते हैं कि अब न तो ज्यादा कसे हैं, न ज्यादा ढीले हैं; न कसे हैं, न ढीले हैं—ठीक मध्य में, समतुल। और जब वीणा के तार ठीक मध्य में होते हैं, तभी महासंगीत पैदा होता है।

तो बुद्ध ने कहा: यही मैं निवेदन करने आया हूं कि जो नियम वीणा के संबंध में सही है, वही नियम जीवन के संबंध में भी सही है। जीवन की वीणा में भी संगीत तभी पैदा होता है, जब तार न तो बहुत कसे हों, न ढीले हों।

देख, तेरे तार बहुत ढीले थे। तब संगीत पैदा नहीं हुआ। और अब तूने तार बहुत कस लिए, अब तार टूटे जा रहे हैं, वीणा को फांसी लगी जा रही है, अब भी संगीत पैदा नहीं हो रहा है। तू एक मूढ़ता से दूसरी मूढ़ता पर चला गया।

और मन यही करता है। ज्यादा भोजन कर लिया तो मन उपवास करने का विचार करने लगता है कि चलो उपवास कर लें, कि उरली—कांचन चले जाएं। फिर दो—चार दिन उपवास कर लिया तो अब मन विचार करने लगता है कि क्या—क्या भोजन करें। भोजन ही भोजन के विचार आने लगते हैं। यही मन की अवस्था है। एक मूढ़ता से दूसरी मूढ़ता पर छलांग लगा लेता है; मगर बीच में कभी नहीं रुकता। तो या तो तुम्हें भोजन—भट्ट मिलेंगे या उपवास करने वाले लोग मिलेंगे; लेकिन सम्यक भोजन करने वाले लोग मुश्किल से मिलेंगे। सम्यक भोजन का अर्थ है: न तो जरा ज्यादा, न जरा कम।

वही कला है। वही जीवन की वीणा से संगीत को उत्पन्न करने का शास्त्र है। और यही जीवन के समस्त पहलुओं पर लागू है।

या तो कुछ लोग धन के पीछे दीवाने होते हैं, तो धन ही धन उनके मन में होता है। फिर एक दिन थक जाते हैं, तो धन छोड़ कर भागने लगते हैं; फिर त्याग ही त्याग उनके मन में होता है। ये दोनों ही बातें अतियां हैं।

CamScanner

6:35 am 166 KB/s 100%

एक राजकुमार बुद्ध के पास दीक्षित हुआ। श्रोण उसका नाम था। वह भोगी था, महाभोगी था। उसके भोग की कथाएं सारे देश में प्रचलित थीं। बुद्ध तक भी उसकी कथाएं बहुत बार पहुंची थीं। उसकी भोग ही भोग की जिंदगी थी। रात भर जागता था—नाच—गाना, शराब; और दिन भर सोता था। सीढ़ियां भी चढ़ता था तो नग्न स्त्रियां सीढ़ियों के दोनों तरफ खड़ी कर रखी थीं, रेलिंग बना रखी थी उसने नग्न स्त्रियों की। उनके कंधों पर हाथ रख कर वह ऊपर जाता। वह कभी महल के बाहर नहीं निकला था, गद्दियों से नीचे नहीं चला था। फूलों में ही जीया था; कांटों का उसे पता ही नहीं था।

फिर उसने बुद्ध को सुना। और लोग चमत्कृत हुए यही देख कर कि वह बुद्ध को सुनने आया पहले तो। और न केवल सुना, उसने तो खड़े होकर बुद्ध से प्रार्थना की कि मुझे दीक्षित करें; मैं भिक्षु होना चाहता हूं। लोगों को तो भरोसा ही नहीं आया। कहीं ऐसा तो नहीं कि ज्यादा पी गया है, कि अभी तक रात का खुमार नहीं उतरा है! उसके संगी—साथियों ने भी कहा कि आप क्या कह रहे हैं; सोच—समझ कर कह रहे हैं?

उसने कहा: मैं थक गया हूं, ऊब गया; देख लिया सब भोग। मैं दीक्षित होना चाहता हूं।

वह लौटा नहीं महल। वह संन्यस्त हो गया। बुद्ध के भिक्षुओं ने बुद्ध से पूछा कि यह बड़ी चमत्कार की घटना है। आपने क्या किया? क्या जादू किया इस आदमी पर?

बुद्ध ने कहा: मैंने कुछ नहीं किया। यह है अतिवादी। यह एक अति से दूसरी अति पर डोल गया है, पेंडुलम जैसे डोलता है। यह बड़ा खतरनाक आदमी है। एक अति से थक गया, अब दूसरी अति पर चला।

और उन्होंने कहा: कुछ देर देखो तब तुम समझोगे। पंद्रह दिन में सबको जाहिर हो गया। जो आदमी कभी गद्दियों से नीचे नहीं चला था, वह आदमी कांटों में चलने लगा। दूसरे भिक्षु तो पगडंडी पर चलते, बने हुए रास्ते पर चलते; वह कांटों में चलता। उसने पैर लहूलुहान कर लिए; पैरों में घाव हो गए। दूसरे भिक्षु तो धूप होती तो वृक्ष की छाया में बैठते; वह ठेठ धूप में ही खड़ा रहता। सर्दी होती तो दूसरे भिक्षु धूप में बैठते; वह

CamScanner

आप अकेले में कभी चैन में नहीं होते।
हर आदमी तलाश कर रहा है साथी की,
मित्र की, क्लब की, सभा की, समाज की।
हर आदमी खोज कर रहा है दूसरे की,
अकेला होने को कोई भी राजी नहीं।
अपने साथ किसी को भी चैन नहीं मिलता।
और बड़े मजेदार हैं हम लोग। हम खुद अपने साथ चैन नहीं पाते और सोचते है, दूसरे हमारे साथ चैन पायें। हम खुद अपने को अकेले में बर्दाश्त नहीं कर पाते और हम सोचते हैं, दूसरे न केवल हमें बर्दाश्त करें, बल्कि अहोभाव मानें। हम खुद अपने साथ रहने को राजी नहीं हैं, लेकिन हम चाहते हैं दूसरे समझें कि हमारा साथ उनके लिए स्वर्ग है।

CamScanner

पागल से कम में परमात्मा मिलता भी नही।
उतनी हिम्मत तो चाहिए ही।
तोड़कर सारा तर्क जाल,छोड़ कर सारी बुद्धि,
मिटा कर सारा झूठा दिखावा,डूब कर सब
चतुराई-चालाकी, जो चलते है वह ही
पहुचते है। उन्ही को पागल कहते है,
लोग दीवाने कहते है।

OSHO

CamScanner



CamScanner


OSHO
इंसान के अलावा इस पृथ्वी
पर लाखों प्रजाति के जीव जंतु है
जिनको जीने के लिए किसी भी
भगवान की जरूरत नहीं है
-भगवान बुद्ध-

CamScanner

मंत्र यदि कीर्तन हो जाये..
तो साथ निभाता है,
जीवन के साथ भी,
मृत्यु के बाद भी...
कीर्तन यानि...
आत्मा में उठी
परम आत्मा की पुकार

CamScanner


मेरे साथ बौद्ध चले, मगर बुद्ध
पर रुक गए, मेरे साथ कृष्ण
को मानने वाले चले, लेकिन
कृष्ण पर रुक गए, मेरे साथ
गांधी को मानने वाले चले,
लेकिन गांधी पर रुक गए,
जहां उन्हें लगा कि उनकी
बात के मै पार जा रहा हूं वहां
वे मेरे दुश्मन हो गए,
ओशो बहुतेरे घाट
www.jagoaurjagao.com

CamScanner


"चीत को वर्तमान में
ले आना ही ध्यान हैं,
वही मेडीटेशन हैं, वही
समाधि हैं, और चित
को वर्तमान से यहां
वहां, भटकाये रहना
वही चंचलता हैं वही
उपद्रव हैं ..
ओशो जीवन रहस्य
www.jagoaurjagao.com
जागो और जगाओ संस्थान

CamScanner


"मैने लिख दी हर वो बात जो मेरे जहन में थी.. अब पढ़ कर कौन कहां पहुंचता है, ये उसकी अपनी जिम्मेदारी है..
www.jagoaurjagao.com
जागो और जगाओ

CamScanner


नई सोच
"प्रेम एक दान है, भिक्षा नहीं। प्रेम मांग नहीं, भेंट है। प्रेम भिखारी नहीं, सम्राट है। जो मांगता है उसे जो बांटता है उसे प्रेम मिलता है..
ओशो
www.jagoaurjagao.com
जागो और जगाओ संस्थान

CamScanner


नई सोच
www.jagoaurjagao.com
बुद्धिमान आदमी चालबाज नहीं होता,यह जानकर तुम हैरान होओगे.. जितनी प्रतिभा होती हैं उतना आदमी साफ सुथरा होता है ..
ओशो
जागो और जगाओ संस्थान

CamScanner


"तुम यहा मेहमान हो,
इस पृथ्वी को कुछ
अधिक सुंदर छोड़
कर जाओ, अधिक
इंसानियत से भरी,
अधिक प्रेम-पूर्ण,
अधिक सुगंध युक्त, उन
मेहमानों के लिए जो
तुम्हारे बाद में आयेंगे..
www.jagoaurjagao.com
जागो और जगाओ

CamScanner


"लाखों लोग पीड़ित है वे प्यार पाना चाहते हैं,वे प्यार
करना नहीं जानते हैं, और प्रेम एकाललाप के रूप में
अस्तित्व में नहीं आ सकता हैं यह एक संवाद है एक बहुत
ही सोहार्दपूर्ण बातचीत है ..
www. jagoaurjagao. com
जागो और जगाओ संस्थान

CamScanner


नई सोच
"में कोई उद्धारक
मसीहा या पेंगम्बर नही
हू, मेरे पास तुम्हे देने
को परमात्मा नहीं हैं,
में तुम्हे केवल स्वयं को
जानने का विज्ञापन दे
सकता हूं ..
www.jagoaurjagao.com
जागो और जगाओ सस्थांन

CamScanner



CamScanner

2:04 pm 0 KB/s VoLTE 4G 69%

तुमने देखा, हिंदू इस संबंध में बड़े कुशल हैं। गणेश जी बना लिए मिट्टी के, पूजा इत्यादि कर ली—जा कर समुद्र में समा आए। दुनिया का कोई धर्म इतना हिम्मतवर नहीं है। अगर मंदिर में मूर्ति रख ली तो फिर सिराने की बात ही नहीं उठती। फिर वे कहते हैं अब इसकी पूजा जारी रहेगी। हिंदुओं को हिम्मत देखते हो! पहले बना लेते हैं, मिट्टी के गणेश जी बना लिए। मिट्टी के बना कर उन्होंने भगवान का आरोपण कर लिया। नाच—कूद, गीत, प्रार्थना—पूजा सब हो गई। फिर अब वह कहते हैं, अब चलो महाराज, अब हमें दूसरे काम भी करने हैं! अब आप समुद्र में विश्राम करो, फिर अगले साल उठा लेंगे।

यह हिम्मत देखते हो? इसका अर्थ क्या होता है? इसका बड़ा सांकेतिक अर्थ है. अनुष्ठान का उपयोग कर लो और समुद्र में सिरा दो। विधि का उपयोग कर लो, फिर विधि से बंधे मत रह जाओ। जहां हर चीज आती है, जाती है, वहां भगवान को भी बना लो, मिटा दो। जो भगवान तुम्हारे साथ करता है वही तुम भगवान के साथ करो—यही सज्जन का धर्म है। वह तुम्हें बनाता, मिटा देता। उसकी कला तुम भी सीखो। तुम उसे बना लो, उसे विसर्जित कर दो।

जब बनाते हिंदू तो कितने भाव से! दूसरे धर्मों के लोगों को बड़ी हैरानी होती है। कितने भाव से बनाते, कैसा रंगते, मूर्ति को कितना सुंदर बनाते, कितना खर्च करते! महीनों मेहनत करते हैं। जब मूर्ति बन जाती, तो कितने भाव से पूजा करते, फूल— अर्चन, भजन, कीर्तन! मगर अदभुत लोग हैं! फिर आ गया उनकी विसर्जन का दिन। फिर वे चले बैंड—बाजा बजाते, तो भी नाचते जाते हैं। जन्म भी नृत्य है, मृत्यु भी नृत्य होना चाहिए। चले परमात्मा को सिरा देने! जन्म कर लिया था, मृत्यु का वक्त आ गया।

इस जगत में जो भी चीज बनती है वह मिटती है। और इस जगत में हर चीज का उपयोग कर लेना है और किसी चीज से बंधे नहीं रह जाना है—परमात्मा से भी बंधे नहीं रह जाना है। मैं नहीं
कहता कि हिंदुओं को ठीक—ठीक बोध है कि वे क्या कर रहे हैं। लेकिन जिन्होंने शुरू की होगी यात्रा उनको जरूर बोध रहा होगा। लोग भूल गये होंगे। अब उन्हें कुछ भी पता न हो कि वे क्या कर रहे हैं। मूर्च्छा में कर रहे होंगे। पुरानी परंपरा है कि बनाया, विसर्जन कर रहे होंगे; लेकिन उसका सार तो समझो। सार इतना ही है कि विधि उपयोग कर ली। फिर विधि से बंधे नहीं रह जाना है। अनुष्ठान पूरा हो गया, विसर्जन कर दिया।

CS CamScanner



CamScanner

ओशो
भक्त के जीवन का सबसे बड़ा चमत्कार
यह नहिं है कि वह पानी पर चल ले। पानी
चलने को बना भी नहिं है।भक्त के जीवन
का बड़ा चमत्कार यह नहिं है कि वह
आकाश मे उड़ ले।परमात्मा को आदमी को
आकाश मे उड़ाना होता तो पंख दिये होते।
भक्त के जीवन का बड़ा चमत्कार यही
है,एकमात्र चमत्कार यही है कि समय की
धारा मे समयातीत को खींच लाता है;क्षुद्र
के मध्य विराट को बुला लेता है।

CamScanner



CamScanner

1:47 pm 0 KB/s 73%

18K 418 comments • 1.5K shares • 336K views

Like Comment Share

OSHO SHIVDHARA

Ravi Kumar · 3h

आपकी सांसों का उठना और गिरना: यही भीतर देखने का तरीका है... 🧘🧘🧘

आपकी सांसों का उठना और गिरना: यही भीतर देखने का तरीका है। बहुतों ने कहा है: भीतर देखो। सुकरात ने कहा है: अपने भीतर देखो, स्वयं को जानो, लेकिन किसी ने सटीक विधि नहीं बताई है। बुद्ध तुम्हें सटीक विधि देते हैं: श्वास का उठना और गिरना। यह सांस के माध्यम से है जिससे आप जुड़े हुए हैं। साँस आपकी आत्मा और आपके शरीर के बीच का सेतु है। यदि आप अपनी सांस को उठते और गिरते हुए देख सकते हैं, तो धीरे-धीरे आप शरीर को अपने से अलग और सांस को भी अपने से अलग देख पाएंगे, क्योंकि देखने वाले को देखा नहीं जा सकता, देखने वाले को देखा नहीं जा सकता। अचानक एक दिन तुम्हें एहसास होगा कि तुम इस सबके साक्षी हो। और साक्षी निश्चित रूप से उन सभी से परे है जिसका वह साक्षी है। उसी क्षण तुम्हें मुक्ति मिल गई है।

के प्रवचन से

आचार्य श्री रजनीश चन्द्रमोहन — 🙂 feeling wonderful.

CamScanner



CamScanner



परमात्मा कभी तुमसे
कहता ही नहीं कि तुम क्या करो
और क्या न करो।
करने की पूरी स्वतंत्रता है।
लेकिन एक बात का ध्यान रखना कि
हर कृत्य का परिणाम है।
उसको भोगने के लिए भी तुम
राजी रहना।
कृत्य की स्वतंत्रता ही
परिणाम का बंधन है।
~ ओशो

CamScanner

तुमने कभी गौर किया ? तुम्हारा सच्चा मित्र कौन है ? कौन है तुमसे जो बेशर्त प्रेम करता है ? ना वो तुमसे कभी लड़ता है, ना रूठता है, ना दूर जाता है। तुम उसे छोड़ो तो तुमसे कोई शिकायत भी नहीं, कोई गिला शिकवा भी नहीं। और जब मर्जी तुम उसे बुलाओ तो आने को तैयार,

तुम्हारा हर गम दूर करने को, तुम्हारी हर ख़ुशी बढ़ाने को।

ध्यान है तुम्हारा वो प्रियतम, तुम्हारा परम् संगी साथी। जिससे तुम चाहो कितना ही मुहं फेरो पर वो हर वक़्त तुम्हारे आने के लिए तुम्हारी प्रतीक्षा करता रहता है।

CamScanner



CamScanner


कोई भी व्यक्ति गलत नहीं है, उसकी आंखों
के आगे अंधकार है बस, जब आप ये जान
जाते है की हर कोई मन की एक ही बीमारी
का मारा हुआ है, कोई कम कोई ज्यादा,
तब आपके मन में हर किसी के लिए एक
करूणा उत्पन होती है, तब आप उस नाटक
को, उस तमाशे को हवा नही देते जो की
अहमन्न्य संबंधों का हिस्सा हुआ करता है

CamScanner

जिस आदमी ने जीवन भर पाप किया हो,
मरते क्षण में वह महापापी बनने की ही
वासना कर सकता है। वह आपके हाथ
में उपाय नही है, की आप मरते वक्त
बुद्ध बनने का विचार कर ले। बुद्ध
बनने का विचार तो तब ही आ सकता
है, जब जीवनभर बुद्ध बनने की चेष्टा
रही हो। क्योंकि मरते क्षण में आपका
जीवन पूरा का पूरा निचुड़कर आखरी
वासना बन जाता है। वह बीज है।उसी
बीज से फिर नये जन्म की शुरुवात होगी।

Osho

CS CamScanner

कबीर कहते हैं: अनकिए सब होय।
तुमने किया कि बिगाड़ा। तुमने कर-करके ही तो बिगाड़ा है। इतनी लंबी यात्रा कर रहे हो। तुम न करो। थोड़ी देर भी न करके देखो; सब सुधर जाता है। तुम चुप हुए कि अस्तित्व तुम्हारे आस-पास ठीक होने लगता है। तुम मौन हुए कि विकृतियां अपने आप बैठने लगती हैं। ऐसे ही जैसे नदी बहती है, कूड़ा-कर्कट उठ आता है; तुम किनारे बैठ जाते हो, थोड़ी देर में कूड़ा-कर्कट अपने से बह जाता है, धूल-धवांस नीचे बैठ जाती है ।
ताओ उपनिषद-भाग-**5** प्र-**99**
ओशो

CamScanner

जिसने अपने को समझा कि मैं कर्ता हूं वही चूक गया।

और जिसने अपने को अभिनेता जाना वही पा गया है।

ओशो अहोभाव



CamScanner

जो उम्र भर ना मिल सके
उसे उम्र भर चाहना
इश्क़ है

Liked by **osho________12** and **7 others**

the_oshoworld इश्क क्या है। ओशो वाणी #osho #love #loveshayari #lovestatus #lovestatus #lovequotes #loveyourself... more

Add a comment...

31 August · **See translation**

balliavibes
बलिया
Jakes Bejoy • Kalki Theme Revisited Ft Jos Jossey

CamScanner



CamScanner



19 likes

oshoalbela जो हंसते हुए जिएगा नहीं,वह हंसते हुए मर नहीं सकेगा।

29 August • See translation

smiling_buddha_

CamScanner

CamScanner



CamScanner


"दीपक बोलता नहीं उसका
प्रकाश परिचय देता है ।
ठीक उसी प्रकार...
आप अपने बारे में कुछ न बोले,
अच्छे कर्म करते रहे
वही आपका परिचय देगे।।।

CamScanner

CamScanner

परमात्मा से कोइ सौदा नही हो सकता
तुम परमात्मा कि पुजा भी करते हो तो पहले पता करते
हो कि कौन सी पुजा से क्या लाभ मिलेगा पता करोगे
कि वो कौन सा मन्त्र है कौन सा पाठ है जिसे पढ्ने से
परमात्मा तुम्हारी माग सुने या कौन सी जगह जाया जाय
मन्दिर जाय या मस्जिद जाय या चर्च जाय जाह तुम्हारी
मनोकामनाय पुरी हो जाय तुम वोही जगह चुनोगे यह
तुम क्या कर रहे हो वो अन्तरयामी है उसे पता है तुम्हे
तुम्हे क्या जरुरत है जब तक माग है तुम भटकते रहोगे
उसे पा न सकोगे :ओशो

CS CamScanner

CamScanner

धैर्य रखना निराश मत होना कभी, क्योंकि जिसने तुम्हें लिखा है,
वह संसार का सबसे बड़ा लेखक है...

OSHO

CamScanner

CS CamScanner


ध्यान रखना,
अकेले आना है,
अकेले जाना हैं,
तो बीच के ये
थोड़े दिन भीड़
से बहुत ज्यादा
अपने को
मत भरो।
ओशो
एस धम्मो सनंतनो

CamScanner



यहा दो ही तो है - एक बाहर है और एक भीतर है,
एक चैतन्य है, और एक पदार्थ है। एक व्यर्थ है और
एक सार है। व्यर्थ से मुड़े की सार से जुड़े।
ओशो अहोभाव
ahobhav_

CamScanner


लाओत्से कहता है कि जो
भी तुम्हें सम्मान दे,
तो स्वीकार मत करना.!
क्योंकि कुछ ही देर में,
अपमान भी अपनी यात्रा
शुरू कर चुका होगा.!
ओशो
{लाओ त्से}
OSHO DHYAN UPVAN
HISAR
@LaughWithUniverse

CamScanner

2:18 pm 0 KB/s 34%

#चीन में लाओत्से के समय में ऐसी प्रचलित धारणा थी। धारणा ठीक भी है कि आदमी के शरीर में नौ छेद हैं; उन्हीं नौ छेदों से जीवन प्रवेश करता है। और उन्हीं नौ छेदों से जीवन बाहर जाता है। और चार अंग हैं। सब मिला कर तेरह। दो आंखें, दो नाक के स्वर, मुंह, दो कान, जननेंद्रिय, गुदा, ये नौ तो छिद्र हैं। और चार--दो हाथ और दो पैर। ये तेरह जीवन के भी साथी हैं और यही तेरह मृत्यु के भी साथी हैं। और यही तेरह तुम्हें जीवन में लाते हैं और यही तेरह तुम्हें जीवन से बाहर ले जाते हैं। तेरह का मतलब यह पूरा शरीर। इन्हीं से तुम भोजन करते हो; इन्हीं से तुम जीवन पाते हो; इन्हीं से उठते-बैठते-चलते हो; ये ही तुम्हारे स्वास्थ्य का आधार हैं। और ये ही तुम्हारी मृत्यु के भी आधार होंगे। क्योंकि जीवन और मृत्यु एक ही चीज के दो नाम हैं। इन्हीं से जीवन तुम्हारे भीतर आता, इन्हीं से बाहर जाएगा। इन्हीं से तुम शरीर के भीतर खड़े हो। इन्हीं के साथ शरीर टूटेगा, इनके द्वारा ही टूटेगा।

यह बड़ी हैरानी की बात है, ये ही तुम्हें सम्हालते हैं, ये ही तुम्हें मिटाएंगे। भोजन तुम्हें जीवन देता है, शक्ति देता है। और भोजन की शक्ति के ही माध्यम से तुम अपने भीतर की मृत्यु को बड़ा किए चले जाते हो। भोजन ही तुम्हें बुढ़ापे तक पहुंचा देगा, मृत्यु तक पहुंचा देगा। आंख से, कान से, नाक से, जीवन की श्वास भीतर आती है, उन्हीं से बाहर जाती है। नौ द्वार और चार अंग।

लाओत्से कहता है, तेरह ही जीवन के साथी, तेरह ही मौत के साथी। ये तेरह ही लाते हैं, ये तेरह ही ले जाते हैं। अगर तुम सजग हो जाओ तो तुम चौदहवें हो। इन तेरह में तुम नहीं हो; इन तेरह के पार हो।

इस तेरह की संख्या के कारण चीन में, और फिर धीरे-धीरे सारी दुनिया में, तेरह का आंकड़ा अपशकुन हो गया। वह चीन से ही फैला। पश्चिम में जहां तेरह का आंकड़ा अपशकुन है उनको पता भी नहीं कि क्यों अपशकुन है। उसका जन्म चीन में हुआ। उस सुपरस्टीशन की पैदाइश चीन में हुई।

तो आज तो हालत ऐसी है कि अमरीका में होटलें हैं जिनमें तेरह नंबर का कमरा नहीं होता; तेरह नंबर की मंजिल भी नहीं होती। क्योंकि कोई ठहरने को तेरह नंबर की मंजिल पर राजी नहीं है। तो बारह के बाद

CamScanner



CamScanner

ओशो का हिन्दी साहित्य

Chetna Kanchan Bhagat · 5h

ओशो से किसी ने कहा "आप अच्छे है मगर आप के आसपास कुछ बुरे लोग आपको घेरे है"

ओशो ने उसे पूछा " ऐसे बुरे लोगों की सांस चल रही है?"
उस आदमी ने कहा "हां"

ओशो ने कहा " इसका मतलब है ईश्वर चाहता है वह कितना भी बुरा हो, वह जिंदा रहना चाहिए। अगर ईश्वर नहीं चाहता तो वह एक सांस भी नहीं ले सकता। जब ईश्वर को उसके अस्तित्व से दिक्कत नहीं तो मुझे क्यों होनी चाहिए? यह सारा तुम्हारे अहम् का खेल है, इसे पहचानो।"

CamScanner



CamScanner



CS CamScanner



लोगो के सामने उतना ही झुको जितनी आवश्यकता हैं,
गुलाम मत बनो, हमेशा अपने भाग्य के स्वामी बने रहो।

_Osho

CamScanner

CamScanner

CS CamScanner

10:29 am 0 KB/s VoLTE 4G 60%

शिष्य के सामने किया। जिसके सामने फूल गया, उसने कुछ कहा, फूल के संबंध में कुछ व्याख्या की। फूल घूमता रहा। और आखिर में एक शिष्य के सामने गया और उस शिष्य ने कुछ भी न कहा, वह सिर्फ मुस्कुराया, हंसा। और कहते हैं, इसी घटना में झेन संप्रदाय का जन्म हुआ, ध्यान संप्रदाय का जन्म हुआ।

यह बात बहुत महत्वपूर्ण नहीं है कि वह व्यक्ति गौतम बुद्ध था। कोई और भी हो सकता था। कृष्ण हो सकते थे, क्राइस्ट हो सकते थे, कपिल हो सकते थे, कणाद हो सकते थे, कबीर हो सकते थे, कोई भी हो सकता था; शर्त एक ही है कि जो भी हो, वह जागा हुआ होना चाहिए।

और ध्यान संप्रदाय का जन्म क्यों हुआ उस एक के हंसने पर? क्योंकि जब बुद्ध ने इस फूल को औरों के सामने किया, तो वे भाषा में बोले, उन्होंने कुछ कहा, अपना— अपना ज्ञान दिखलाया;फूल के संबंध मे कुछ कहा ले किन फूल से चूक गये। फूल तो तथ्य है, शब्दातीत है, कुछ कहने का उपाय नहीं है। आश्चर्यचकित हो सकते हो फूल को देखकर, विस्मय—विमुग्ध हो फूल को देखकर, आदमg हो सकते हो फूल को देखकर, फूल के सौदर्य को देखकर ख्वब्ध हो सकते हो, आंसू झर सकते हैं आनंद के, कि हंसी फूट सकती है, मगर शब्द, शब्द बहुत ओछा है, शब्द बहुत छोटा है।

जिस शिष्य के पास फूल आया और ठहर गया, वह था महाकाश्यप। वह सिर्फ मुस्कुराया, फिर खिलखिलाकर हंसा। और बुद्ध ने वह फूल महाकाश्यप को दे दिया। और कहा कि जो मैं कह सकता था, वह मैंने औरों से कह दिया है, जो मैं नहीं कह सकता, वह मैं तुझे दिए दे रहा हूं।

परम घटना मौन में घटती है। शिष्य और गुरु के बीच शब्दों का आदान—प्रदान नहीं होता, ऐसा नहीं, होता है, लेकिन वह असली आदान—प्रदान नहीं। एक और आदान—प्रदान है जो चुप—चुप होता है, जो बिन बोले होता है। शांडिल्य जिस शिष्य से ये सूत्र कह रहे हैं, या जिन शिष्यों से ये सूत्र कह रहे हैं, उनसे उनका मौन का नाता है। उन शिष्यों ने मौन में बहुत बार उनसे प्रश्न पूछे हैं, और बहुत बार उनके उत्तर पाए हैं। यहा मेरे पास वे लोग है, जो मौन में पूछते हैं, और मौन में पाते भी हैं। मौन में पूछने वाला ही पाता है।

CamScanner



दृष्टि नहीं,
दृष्टिकोण सही होना
चाहिए..
अंधे को मंदिर में आया देखकर
लोग हंस कर बोले..
मंदिर में दर्शन के लिए आए हो,
क्या तुम उन्हें देख पाओगे..?
अंधे ने हंस कर कहा..
"क्या फर्क पड़ता है,
"मेरा ईश्वर तो मुझे देख ही लेगा."
#भक्ति_आस्था_समर्पण

CamScanner

"मनुष्य जैसा भाव करता
है, वैसा ही हो जाता है।
उसके ही भाव उसका
सृजन करते हैं। वही अपना
भाग्य विधाता
है..
oshoduniya.com
ओशो

CamScanner


भगवान कोई व्यक्ति नही ;
जीवन का ही दूसरा नाम
है। इसलिए जब तुम
परिपूर्ण रूप से जीवंत
होते हो और तुम्हारे अंदर
सब मौन हो जाता है, सब
शांत हो जाता है, सब
निर्विचार हो जाता है--तब
जो सुगंध उठती है, तब जो
अनुभूति होती है। उस
अनुभूति का नाम , उस
दिव्यता का नाम , उस
भगवत्ता का नाम ही
भगवान है।
ओशो

CamScanner

श्रीहरिः

बिना मनके भी तीर्थ-स्नान, भगवन्नाम जप तथा संत-दर्शनका पवित्र फल होता है। तुम मनको सदाके लिये प्रभुके मधुरतम स्मृति-सागरमें डुबा देना चाहते हो, सो तो सर्वोत्तम है। प्रभुके पावन चरणकमल ही सर्वश्रेष्ठतम तीर्थ है।

बिना किसी अन्य स्मृतिके तथा बिना किसी आशा-आकांक्षाके एवं बिना निज-सुखकी किसी चाहके यदि कोई प्रभुके चरण-सुधा-सागरमें अपने मनको निमग्न कर दे तो उसके समान न तो कोई सुखी है, न सौभाग्यशाली है; न पुण्यवान् है, न साधक है और न प्रेमी ही है। अतएव तुम्हारी यह चाह तो बहुत उत्तम है।

भगवान् की बड़ी ही कृपा है। उनकी कृपाका तो कहीं कोई अन्त ही नहीं है। वे हमारी ओर, हमारे कर्मोंकी ओर देखते ही नहीं; सदा सहज कृपा ही बरसाते रहते हैं। हम यदि इसे मान लें तो हमारे प्रत्येक कार्यको वे अपनी पूजा मान लेते हैं।

(अमृत निर्झर पुस्तक, परम श्रद्धेय श्रीभाईजी)

CamScanner


"नाम खुमारी नानका
चढ़ी रहे दिन रैन"
खुमारी
शब्द बड़ा गहरा है। खुमारी का
अर्थ होता है--न तो बेहोशी, न होश;
दोनों और दोनों नहीं। कुछ-कुछ होश,
कुछ-कुछ बेहोशी; दोनों का मिलन
जहां हो रहा है।
Osho

CamScanner


बुद्ध को भी शायद तुमने सुना हो।
पच्चीस सौ साल हो गए। तुम पच्चीस बार लौट चुके।
तुम मुझे भी सुन रहे हो। अगर मेरी बात तुमने न गुनी,
तुम फिर-फिर लौटकर आओगे।
परमात्मा तुम्हें वापस इस स्कूल में भेजता ही रहेगा,
जब तक तुम उत्तीर्ण ही न हो जाओ।
इसलिए मैं कहता हूं, जल्दी करो।
भागने की नहीं, भोगने की। जागने की।
अनुभव को निरीक्षण करने की।
अगर ठीक से अनुभव किया जाए तो
किसी अनुभव को दोहराने की जरूरत नहीं।
एक ही बार अगर पूरे मन से जागकर
कोई अनुभव कर लिया जाए,
तुम उससे मुक्त हो जाओगे।
क्योंकि फिर पुनरुक्ति तो वही-वही है।
आचार्य श्री रजनीश
एस धम्मो सनंतनो-(प्र-04)
अकंप चैतन्य ही ध्यान

CamScanner

#-ताओ उपनिषद-प्र-48
ओशो
आत्मा को जिसे जानना हो,
उसे अहंकार से छुटकारा चाहिए। अहंकार से छुटकारा, अर्थात दूसरे को प्रभावित करने की वासना से छुटकारा। और ध्यान रहे, दूसरे को प्रभावित करना हिंसा है। दूसरा प्रभावित हो जाए, यह दूसरी बात है। दूसरे को प्रभावित करना हिंसा है। दूसरे को ढालने की कोशिश, बनाने की कोशिश, आदर्श बनाने की कोशिश, अच्छा बनाने की कोशिश भी हिंसा है।

CamScanner

परमात्मा के पास बैठिये इतने गहरे भाव से कि आँसू आ जाएँ, किसी प्रकार की कोई आकांक्षा या मांग न रखें, परमात्मा का होना ही आशीर्वाद है मांगना नहीं पड़ता उनके पास होने से ही सब मिल जाता है। जैसे फूल के पास जाओ खुशबू अपने आप ही मिलने लगती है परमात्मा ने सारी व्यवस्था पहले ही की हुई है मांगने की जरूरत ही नही है बस उनके पास जाना है, उनकी शरणागति स्वीकार कर लेना उनके बताये मार्ग पर चलना हमारा कर्तव्य बस इतना ही है बाकी सब कुछ स्वयं ही हो जाता है। ***Osho***

CamScanner


" अकेला मैं ही हूं भिन्न अन्यों से;
क्योंकि देता हूं मूल्य उस पोषण को,
जो मिलता है सीधा ही माता प्रकृति से। "
लाओत्से कहता है,
छोड़ता हूं अपने को मैं उसी पर, जिससे मैं पैदा
हुआ और जिसमें मैं कल खो जाऊंगा। मैं बीच में
बाधा क्यों दूं ? मैं क्यों कहूं कि मुझे मोक्ष चाहिए ?
जब मुझे अपने होने का पता नहीं, जब मैं अपने
को पैदा नहीं कर सकता, तो मैं अपने को मोक्ष
कैसे पहुंचा सकूंगा ?
#-ताओ उपनिषद-प्र-45, ओशो

CamScanner

आदमी यूं ही जीवन गंवाता है
और सोचता यह है कि कैसा दुर्भाग्य है,
कैसा अभागा हूं,
किन अभिशप्त घड़ियों में पैदा हुआ;
कैसे थे ग्रह-नक्षत्र मेरे खराब?
न ग्रह-नक्षत्र खराब थे, न घडियां बुरी थीं,
तुम उतनी ही क्षमता लेकर पैदा होते हो
जितना कोई भी बुद्ध कभी पैदा हुआ है,
लेकिन क्षमता की तलाश नहीं करते
और दौड़ते फिरते हो बाहर,
पूछते हो औरों से अपना पता।
अपना पता पूछना हो तो आंख बंद करो।
अपना पता पूछना हो तो विचार बंद करो।
अपना पता पूछना हो तो
मारो गहरे से गहरे डुबकी अपने में।
उतरो भीतर!
वहीं से रसधार मिलेगी
ध्यान का इतना ही अर्थ है।
निर्विचार हो जाने की कला।
और जिसके हाथ में निर्विचार होने की कला आ गयी,
सोने की कुंजी आ गयी,
जो सब ताले खोल दे।

☆ साहिब मिले साहिब भये, प्रवचन~३, ओशो ☆

CamScanner

osho universal
dhaval parmar

तुम सिर्फ **साक्षी** हो, वह तुम्हारा स्वरूप है। न तुम कर्ता हो—शरीर से कर्म होता है; न तुम विचारक हो—मन से विचार होते हैं; न तुम भावुक हो—हृदय से भावनाएं होती हैं; तुम **साक्षी** हो—भावों के, विचारों के, कृत्यों के। ये तुम्हारी तीन अभिव्यक्तियां हैं। और इन तीनों के बीच में तुम्हारा **साक्षी** है। उस **साक्षी** के सूत्र को पकड़ लो। **साक्षी** के सूत्र को पकड़ते ही संन्यास का फूल खिल जाता है। वह फूल ही मोक्ष है।

ओशो : क्रान्ति-सूत्र : साक्षी भाव

CamScanner



कैसा आदमी पागल है!
बुद्ध को भीतर मिला था, बोधगया तो संयोगवशात
है। कहीं तो रहते; बोधगया में न होते तो कहीं और
होते, कहीं तो होना ही होता! लेकिन आदमी
अजीब पागल है! सारी दुनिया से लोग बोधगया
जाते हैं। बुद्ध को मिला भीतर, लोग जा रहे हैं
बोधगया। यहीं चूक हो जाती है। तुम भीतर
चलो। वहीं बोधगया है। वहीं काबा है।
वहीं गिरनार है। वहीं काशी है।
ओशो : ज्योति से ज्योति जले

CamScanner

तुम्हारे मंदिर मस्जिद ने न केवल परमात्मा को सिकोड़ कर छोटा कर दिया, तुम्हें सिकोड़ कर छोटा कर दिया। मंदिर जानेवाला हिंदू हो गया। मस्जिद जानेवाला मुसलमान हो गया। काश, हमने परमात्मा को ऐसा देखा होता अगर तुम प्रत्येक वस्तु में परमात्मा को देखते, तो कैसे हिंदू होते, कैसे मुसलमान होता। कैसे एक दूसरे की हत्याएं करते धर्म के नाम अधर्म फैला। मंदिरों मस्जिदों के नाम पर कितना खून बहा:ओशो

CamScanner

7:04 pm 0 KB/s VoLTE 4G 41%

Instagram

1 day ago

oshospirituality

Osho Spirituality

कामवासना का स्वरूप ही यही है कि वह तुमको बार-बार उसी गड्ढे में धकेलता है जहां से तुम निकलते हो ।।

202 likes

oshospirituality Osho Spirituality... more

Add a comment...

2 days ago • **See translation**

ek_akshar
Legend Jxxt • Zaroori Tha (Lo-Fi)

CamScanner

7:02 pm 0 KB/s VoLTE 4G 42%

Instagram

Add a comment...

1 hour ago

ahobhav_

Liked by **ravidahiya_hr_24** and **1 other**

Add a comment...

6 hours ago

CamScanner

7:02 pm 0 KB/s VoLTE 4G 42%

Liked by **ravidahiya_hr_24** and **1 other**

Add a comment...

6 hours ago

artofhindipoets



5,908 likes

artofhindipoets श्री तुलसीदास जी 🙏
#artofhindipoets

View all 9 comments

Add a comment...

2 days ago • **See translation**

CamScanner

6:22 pm 0 KB/s VoLTE 4G 44%

Munabai Makvana · 4h ·

❤️ सिर्फ बुद्ध जैसा व्यक्ति बेहोश नहीं मरता
ध्यान मृत्यु का अनुभव है--स्वेच्छा से। ❤️
❤️मृत्यु तो आती ही है, लेकिन तब ध्यान का अनुभव नहीं हो पाएगा। मृत्यु तो कई बार आई है...कितनी बार हम मरे नहीं! और कितनी बार अभी हम मरेंगे नहीं! मरते ही हम रहेंगे, क्योंकि जीवेषणा और कुछ नहीं करवा सकती--मृत्यु और जन्म, मृत्यु और जन्म, मृत्यु और जन्म! जीवेषणा थका डालती है...और जीने का काम तो पूरा हो नहीं पाता, जीवन का अनुभव नहीं हो पाता; शरीर चुक जाता है, जीवेषणा नहीं चुकती। फिर जीवेषणा नया शरीर पकड़ लेती है--पकड़ती चली जाती है...और हर बार मरना पड़ता है।
जीवेषणा की ही मृत्यु होती है बार-बार; लेकिन फिर भी वह मरती नहीं--प्रबल है, और बार-बार फिर पुनर्जीवित हो जाती है।
ध्यान में भी वही घटता है जो मृत्यु में, लेकिन मृत्यु में घटता है जबर्दस्ती। इसलिए मृत्यु में लोग बेहोश हो जाते हैं; अधिकतम लोग बेहोश मरते हैं। और जो बेहोश मरता है, उसका दूसरा जन्म निश्चित है; जो होश से मर सकता है, उसका दूसरा जन्म समाप्त हुआ। बेहोश मरते क्यों हैं हम? बेहोश मरना कोई मृत्यु की अनिवार्यता नहीं है। बेहोश मरते हम इसलिए हैं कि जीवन की एक सुरक्षा की व्यवस्था है।
कभी-कभी लोग कहते हैं एक-दूसरे से कि मैं बहुत असह्य दुख भोग रहा हूं। यह बिलकुल झूठ है। क्योंकि असह्य दुख कोई भोगता ही नहीं। असह्य दुख होने के पहले ही आदमी बेहोश हो जाता है। यह बिल्ट-इन, यह व्यक्ति के भीतर सुरक्षा का आयोजन है...जैसे ही सहने की सीमा के पार दुख जाता है कि आप बेहोश हो जाते हैं। असल में बेहोशी का मतलब ही यह है कि दुख सहने की सीमा के पार गया, अब होश में नहीं रहा जा सकता; अब बेहोश होकर ही सहा जा सकता है। इसलिए बेहोश हो जाते हैं।
इसलिए हम ऑपरेशन में बेहोशी का उपयोग करते हैं। सर्जरी में आदमी को पहले बेहोश करते हैं, क्योंकि असह्य दुख बीच में घटित होगा, और उसके लिए बेहोशी दे देनी पहले से ही उचित और उपयोगी है। तो प्रकृति की भी भीतरी सर्जिकल व्यवस्था है. जब भी दुख असह्य होता है, हम बेहोश हो जाते हैं। इसलिए असह्य दुख का अनुभव किसी ने कभी नहीं किया है। जिन दुखों का आपने अनुभव किया है, वे सब सहनीय थे;

CamScanner

11:11 pm 124 KB/s 14%

Instagram

Liked by **osho_guruji** and **1 other**

8 hours ago

osho_divine_eyesight
Piano Peace • Positivity



289 likes

osho_divine_eyesight ओशो❤️... more

Add a comment...

1 day ago

dampened_poet

CamScanner

11:10 pm 3 KB/s 4G 14%

Instagram

.... more

View all 4 comments

osho_______12



10 likes

Add a comment...

2 days ago

ahobhav_

CamScanner

11:10 pm 0 KB/s 14%

Add a comment...

2 days ago

the_oshoworld

3 likes

Add a comment...

2 days ago

osho_the_great_master

CamScanner

11:10 pm 4 KB/s 14%

Instagram

mayalevyviolinist SPICCATO 7 TIPS {Special Edition} Episode 4... more

View all 26 comments

oshorajneesh__

2,073 likes

oshorajneesh__ Osho 🙏💯🤍🙌
Follow- @oshorajneesh__... more

View all 3 comments

2 days ago

osho_hindi_quotes
PARTHOMATIC • Beej (osho)

CamScanner

11:09 pm 0 KB/s VoLTE 4G 14%

ऐसा होता है प्रेम

3 likes

5 hours ago

osho________12

Liked by osho_the_great_master and 17 others

Add a comment...

3 days ago

mayalevyviolinist

Sponsored

CamScanner

11:09 pm 0 KB/s 14%

70,167 likes

phoenixrisingpoet "Finally Found"... more

View all 217 comments

osho_______12

Liked by **osho5164** and **6 others**

Add a comment...

2 days ago

oshokidiwani

CamScanner

11:08 pm 0 KB/s 14%



Liked by **osho________12** and **461 others**

2 days ago

Suggested for You

CamScanner

11:08 pm 1 KB/s 14%

35,008 views

ishhfish Ti Amo Italia 🇮🇹

.... more

View all 67 comments

loving_osho

141 likes

loving_osho 💞🌴 ओशो नमन 💞🌴

.... more

View all 6 comments

Add a comment...

14 hours ago

CamScanner


ओशो
गुरू प्रताप
साध की
संगति
Osho Universal
गुरु को सदियों-सदियों से हमने
भगवान कहा है। कारण है उसका।
क्योंकि गुरु आखिरी पड़ाव है;
उसके बाद बस परमात्मा है।

CamScanner

चुप होना हमें आता नहीं। चुप होना बहुत कठिन है। बीमार चित्त के साथ चुप होना एकदम कठिन है। स्वस्थ चित्त के साथ बोलना कठिन हो जाता है। क्योंकि जब तुम शांत हो जाते हो, तब कैसे बोलोगे? जब तुम शांत हो जाते हो, तब एक–एक शब्द को बोलना कठिन हो जाता है।

संतों ने बोला है–करुणा के कारण, लेकिन बोलना बड़ी कठिनाई है। भीतर जो गहन शून्य में खड़े हो गए हैं, वहां एक शब्द बनाना भी मुश्किल है। फिर भी उनकी करुणा है कि वे शब्द बनाते हैं। उनकी करुणा है कि वे जानते हुए शब्द देते हैं कि शब्द से बहुत कुछ होगा नहीं। उनकी करुणा है वे तुम्हारे चेहरे को देखते हैं कि तुमने शब्द तो सुन लिया, अर्थ तुम्हारी समझ में नहीं आया। फिर भी बोले जाते हैं इस आशा में कि शायद संयोग बन जाए, निमित्त बन जाए और कोई जग जाए।

सुनो भइ साधू -प्र #-10 ओशो

CamScanner



तलाश उसकी है जिससे हम आए हैं और जिसमें हमें जाना है।

ओशो अहोभाव

CamScanner

10:45 pm 0 KB/s VoLTE 4G 21%

अहोभाव

धर्म की खोज मनुष्य की अंतर्निहित खोज है।
वह स्वाभाविक है। जैसे भूख लगती है हर आदमी को, और हर आदमी को प्यास लगती है, और हर आदमी को प्रेम की आकांक्षा जगती है, वैसे ही हर आदमी को प्रभु की आकांक्षा भी जगती है। नाम कुछ भी हों।

एक युवक ने कुछ दिन पहले मुझे आकर कहा कि मुझे परमात्मा में कोई उत्सुकता नहीं है, मैं तो यहा आनद पाने आया हूं। तो मैंने कहा—तुम पागल हो; तुमने परमात्मा का नाम आनंद रखा है। आनंद से चलेगा। नाम का ही भेद है। आनंद कहो। सदा से उपनिषद के ऋषि कहते रहे है —सच्चिदानंद। सत चित आनंद। चलो, तुम आनंद कहो। कोई सत कहता है, कोई चित कहता है, कोई तीनों इकट्ठे जोड़ लेता है। तुम्हें जो नाम देना हो। कोई आकर कहता है कि मुझे शांति की तलाश है। तो तुम शांति कहो। तलाश परमात्मा की है। तलाश अंतिम की है। तलाश उसकी है जिसने सबको सम्हाला है। तलाश उसकी है जिससे हम आए हैं और जिसमें हमें जाना है। तलाश उसकी है कि जो मिल जाए तो जीवन में अर्थ आए, सुगंध आए, नृत्य आए, उत्सव आए। उसीका नाम परमात्मा है। उस तत्व का नाम परमात्मा है जिसके आने से जीवन में अंधेरा टूट जाता है और रोशनी होती है। जिसके आने से उदासी कट जाती है, थकान मिट जाती है, तुम पुनरुज्जीवित हो उठते हो। उस तत्व का नाम है जिसके आने से फिर मृत्यु नहीं घटती, अमृत ही घटता है। शांडिल्य ने कहा न कि जो उसके साथ एक हो जाता है, वह अमृत को उपलब्ध हो जाता है।

तुमने ऐसा आदमी देखा, जो अमृत न चाहता हो? जो न चाहता हो कि मृत्यु के पार भी जीऊं? कि मृत्यु आए और मैं न मरूं? जिसके भीतर शाश्वत के साथ संबंध जोड़ लेने की प्रबल आकांक्षा न हो, ऐसा आदमी देखा? ऐसा आदमी होता ही नहीं।
ओशो

CamScanner

10:42 pm 6 KB/s VoLTE 4G 21%

Murlidhar K. Vyas
Suggested for you · 3d ·

भक्ति क्या है ?

भक्ति "हाथ पैरो से नहीं होती है। वर्ना विकलांग कभी नहीं कर पाते।
भक्ति ना ही आँखो से होती है वर्ना सूरदास जी कभी नहीं कर पाते।

ना ही भक्ति

बोलने सुनने से होती है वर्ना गूंगे , बेहरे "कभी नहीं कर पाते ।

ना ही "भक्ति "धन और ताकत से

होती है वर्ना गरीब और कमजोर कभी नहीं कर पाते ।

भक्ति केवल भाव से होती है,

एक अहसास है भक्ति,
जो हृदय से होकर विचारों में आती है और हमारा प्रेम परमात्मा से जुड़ कर रिश्ते में बदल जाती है।

"भक्ति "भाव का सच्चा सागर है।

CS CamScanner

10:41 pm 72 KB/s VoLTE 4G 22%

facebook

अनुराग मिश्रा पत्रकार तिलहर
Suggested for you · 13h ·

अपनी खुशियों से अक्सर खौफ खाता हूँ।
ज़िन्दगी अज़ब है, समझ नहीं पाता हूँ।।
उलझे हैं बेहिसाब रिश्तों के फलसफे,
वही रूठ जाता है, जिसको मनाता हूँ।
कभी टूटा,कभी बिखरा,बेतरह दरका कभी,
जब भी कभी अपनी हदों से पार जाता हूँ।
तारीफ-तमगों, शोहरतों के मायने भी क्या,
जीत कर अक्सर बहुत कुछ हार जाता हूँ।
दुश्वारियों के दिन और उदास रातों में,
हसरतें तमाम लेकर यूँ ही मुस्कराता हूँ।
फ़लक़ से भी है बड़ा दायरा ऐतबार का,
ऐतबार का रिश्ता फ़क़त दिल से निभाता हूँ।

साभार

You and 9 others 2 comments

Like Comment Share

CamScanner



CamScanner

भरे बाजार में पूछा गया परिचय मेरा...
मैंने कहा शिक्षक हूँ!
वो बोले सरकारी हो क्या?

CamScanner

CamScanner

CamScanner

CS CamScanner

CamScanner

CamScanner

CamScanner


धर्म की कोई नांव नही।
नावों के नाम से सब मल्लाहों के व्यवसाय हैं।
स्वयं तैरना ही एकमात्र मार्ग हैं।
सत्य स्वयं ही पाया जाता हैं।
कोई और उसे नहीं दे सकता।
सत्य के सागर में स्वयं ही तैरना हैं।
कोई और सहाय नही हैं।
जो सहारा खोजते हैं, वे तट पर ही डूब जाते हैं।
और जो स्वयं तैरने का साहस करते हैं,
वे डुबकर भी पहुंच जाते हैं।
ओशो

CamScanner



CS CamScanner

मैंने कोई नियम तुम्हें नहीं दिए।
या तो तुम धार्मिक होओ, या अधार्मिक।
बीच की मैंने तुम्हें सुविधा नहीं दी है।
इसलिए मैं तुम्हें वही आखिरी बात कहता हूं
जो बुद्ध ने आनंद को कही, होश साधना।
आंख बंद करना, न करना; क्या फर्क पड़ता है।
मेरी दृष्टि में ऐसा है कि अगर तुमने होश साधा
–आंख खुली रखो, स्त्री को छुओ, धन कमाओ, मकान में रहो,
बाजार में बैठो, कोई अंतर नहीं पड़ता।
होश न सधा–आंख बंद रखी, जंगल में भाग गए,
धन न छुआ, नंगे खड़े हो गए, सब त्याग दिया,
तो भी कोई फर्क नहीं पड़ता।

होश से ही क्रांति होती है।

इसलिए होश अकेला नियम है, एकमात्र नियम।
एस धम्मो सनंतनो।
यही एकमात्र सनातन नियम है।

आचार्य श्री रजनीश

एस धम्मो सनंतनो-(प्र-04)
अकंप चैतन्य ही ध्यान

CamScanner


राह में पड़े पत्थर से भी टकरा
जाओ.... तो उससे भी क्षमा मांग
लेना ! पत्थर तो कुछ नहीं बोलेगा_पर
तुम इंसान हो इसका परिचय जरूर
देना , यही आदत तुम्हें महान बनाएगी
क्षमा मनुष्य का स्वभाव है ।
- ओशो

CamScanner

मैं न तो नास्तिक हूं, न मैं आस्तिक हूं, न मैं धार्मिक हूं, न मैं अधार्मिक हूं; न मैं हिंदू हूं, न मुसलमान हूं, न जैन हूं, न ईसाई हूं, न पारसी हूं; क्योंकि ये सारी की सारी बातें जीवन को जानने में बाधा हैं। और यहां मैं कोई जीवन-दर्शन नहीं सिखा रहा हूं। यहां केवल इस बात की तुम्हें समझ दे रहा हूं कि छोड़ दो जीवन-दर्शन, ताकि जीवन को पा सको,ताकि खालिस जीवन अपने शुद्धतम रूप में तुम्हें आच्छादित कर ले।

राम नाम जान्यो नहीं-2

ओशो

Osho wisdom

CamScanner

3:47 pm 0 KB/s VoLTE 4G 92%

बुद्ध को किसी ने गाली दी। बुद्ध ने सुन ली और अपने रास्ते पर चलने लगे। बुद्ध के भिक्षु आनंद ने कहा, इस आदमी ने गाली दी है, इसको कुछ उत्तर नहीं देते हैं?

बुद्ध ने कहा, मैंने बहुत समय पहले से दूसरों की गलतियों के लिए अपने को सजा देना बंद कर दिया है। दूसरे ने गलती की, गाली देना उसका काम है, वह जाने। मैं कहां आता हूं? दे, न दे; वजनी गाली दे, कम वजनी गाली दे; ताकत लगाए न लगाए। उसने मेहनत की। गांव से यात्रा करके रास्ते तक आया गाली देने, दे दी। उसने अपना काम पूरा किया, वह लौट गया। मेरा क्या लेना–देना है? न मैंने उसे गाली देने को उकसाया, न मैंने उसे प्रेरित किया। मेरा कोई संबंध ही नहीं है। मैं असंबंधित हूं। मैंने बहुत समय पहले दूसरों की गलतियों के लिए अपने को सजा देना बंद कर दिया है। क्योंकि क्रोध मैं करूं, जलूंगा मैं, आग मेरे भीतर उठेगी। रोआं–रोआं मेरा झुलस जाएगा। प्राण मेरे कंप उठेंगे। रक्तचाप मेरा बढ़ेगा। रात मुझे नींद नहीं आएगी। और यह आदमी, हो सकता है, गाली देकर मजे से सो जाए। इसने अपना काम पूरा कर लिया।

वृथा कर्म का अर्थ है, जिससे सिवाय हानि के और कुछ भी नहीं होता, लेकिन फिर भी हम किए चले जाते हैं। क्यों किए चले जाते हैं? एक यात्रिक आदत के अतिरिक्त और कोई कारण नहीं है। एक मूर्च्छा, एक निद्रा पकड़े हुए है, और किए चले जाते हैं। कल भी किया था, आज भी किया है। सौ में निन्यानबे मौके हैं कि कल भी करेंगे। जीवनभर–अगर आप अपने वृथा कर्मों का अनुपात जोड़े, तो आपको पता चलेगा कि आपका पूरा जीवन वृथा कर्मों का एक जोड़ है।

अहंकार के लिए हम कितने कर्म करते रहते हैं! शायद हमारे जीवन का निन्यानबे प्रतिशत हिस्सा ऐसे कर्मों में संलग्न होता है, जिससे हम अपने अहंकार को मजबूत करके दूसरों को दिखाना चाहते हैं। चाहे हम कपड़े पहनते हों, चाहे हम मकान बनाते हों, चाहे हम अपनी पत्नी को गहने से लाद देते हों, इन सबके पीछे, इस सारी दौड़ के पीछे, एक मैं को प्रकट करने की चेष्टा चल रही है कि मैं हूं। और मैं साधारण नहीं हूं नोबडी नहीं हूं समबडी हूं। इस मैं को मजबूत करने की कोशिश चल रही है। इस

CamScanner

6:40 pm 0 KB/s 90%

जैन परंपरा में एक बहुत मीठी कथा है। ऋषभ के सौ पुत्र थे। अनेक पुत्रों ने ऋषभ से दीक्षा ले ली। वे संन्यास की यात्रा पर निकल गए। बाहुबली भी ऋषभ के एक पुत्र थे। उन्होंने जरा देर की दीक्षा लेने में; कुछ सोच-विचार किया। लेकिन तब तक बाहुबली से छोटे बेटे दीक्षित हो गए। और जब बाहुबली के मन में दीक्षा का खयाल आया, तो उसके अहंकार को बड़ी पीड़ा हुई कि अपने छोटे भाइयों को संन्यास के जगत में तो मुझे प्रणाम करना पड़ेगा। क्योंकि वे मुझसे अग्रणी हो गए। उनके संन्यास की यात्रा बड़ी हो गई। अपने से छोटों को और मैं नमस्कार करूं, यह न हो सकेगा! तो उसने सोचा, ऐसी भी क्या जरूरत है। मैं खुद ही साधना क्यों न कर लूं!

बलशाली व्यक्ति था। कमजोर तो हारते ही हैं, कभी-कभी बलशाली बुरी तरह हारते हैं। बल ही उनके हारने का कारण हो जाता है।

तो बाहुबली एकांत में जाकर गहन तपश्चर्या में, सघन तपश्चर्या में लीन हुए। शायद इस पृथ्वी पर कम ही लोगों ने ऐसी तपश्चर्या की होगी और ऐसी साधना की होगी। सब कुछ दांव पर लगा दिया। सब कुछ। बस, एक छोटी-सी चीज छोड़कर; वह मैं पीछे खड़ा रहा।

उनकी तपश्चर्या की ख्याति कोने-कोने तक पहुंच गई। जहां भी लोग सोचते-समझते थे, वहां तक बाहुबली की खबर पहुंची। और लोग हैरान हुए कि इतना पवित्रतम व्यक्ति, इतना शुद्धतम व्यक्ति, सब कुछ दांव पर लगाए खड़ा है, फिर भी कोई दर्शन नहीं हो रहा है सत्य का! क्या बात है?

ऋषभ के पास भी खबर पहुंची। ऋषभ मुस्कुराए और उन्होंने बाहुबली की एक बहन को, जो दीक्षित हो गई थी, बाहुबली के पास भेजा और कहा, बस, जरा-सा तिनका अटका हुआ है। लेकिन वह तिनका पहाड़ों से भी भारी है। सब दांव पर लगा दिया है, सिर्फ मैं को बचा लिया है! और आप कुछ भी दांव पर न लगाएं, सिर्फ मैं को दांव पर लगा दें, तो हल हो जाए। लेकिन सब दांव पर लगा दें–धन, दौलत, यश, शरीर, मन–लेकिन एक पीछे मैं बच जाए, तो सब बेकार है। वह दांव पर लगाने वाला पीछे बच जाए, तो आप परमात्मा से संघर्ष कर रहे हैं; आप परमात्मा से प्रार्थना नहीं कर रहे हैं। तो आप सत्य को भी विजय करने निकले हैं; सत्य के साथ एक होने नहीं निकले हैं। यह कोई प्रेम की यात्रा नहीं है; यह कोई युद्ध, आक्रामक चित्त की दशा है।

सब दांव पर है बाहुबली का। कुछ बचा नहीं लगाने को। वह भी चिंता में

CamScanner



वासनाओ का कोई अंत नही है। जरूरते बहुत थोड़ी है, कामनाओ की कोई सीमा नही है। उन्ही कामनाओ के सहारे आदमी जीता चला जाता है।

ध्यान रखना,

धन नही बांधता, धन की आकांक्षा बांधती है; पद नही बांधता, पद की आकांक्षा बांधती है। प्रतिष्ठा नही बांधती, प्रतिष्ठा की आंकाक्षा बांधती है। प्रेयसी नही बांधती, प्रेयसी की कामना बांधती है।

ओशो अहोभाव

CamScanner

7:06 pm 0 KB/s 88%

हम भय से ज्यादा भयभीत हैं 🌷☘️🌷

🌷☘️🌷 मैंने सुना है, एक पुरानी तिब्बती कथा है कि दो उल्लू एक वृक्ष पर आ कर बैठे। एक ने सांप अपने मुंह में पकड़ रूखा था। भोजन था उनका, सुबह के नाश्ते की तैयारी थी।
दूसरा एक चूहा पकड़ लाया था। दोनों जैसे ही बैठे वृक्ष पर पास–पास आ कर–एक के मुंह में सांप, एक के मुंह में चूहा। सांप ने चूहे को देखा तो वह यह भूल ही गया कि वह उल्लू के मुंह में है और मौत के करीब है। चूहे को देख कर उसके मुंह में रसधार बहने लगी। वह भूल ही गया कि मौत के मुंह में है। उसको अपनी जीवेषणा ने पकड़ लिया। और चूहे ने जैसे ही देखा सांप को, वह भयभीत हो गया, वह कंपने लगा। ऐसे मौत के मुंह में बैठा है, मगर सांप को देख कर कंपने लगा।

वे दोनों उल्लू बड़े हैरान हुए। एक उल्लू ने दूसरे उल्लू से पूछा कि भाई, इसका कुछ राज समझे? दूसरे ने कहा, बिलकुल समझ में आया।

जीभ की, रस की, स्वाद की इच्छा इतनी प्रबल है कि सामने मृत्यु खड़ी हो तो भी दिखाई नहीं पड़ती।

और यह भी समझ में आया कि भय मौत से भी बड़ा भय है।

मौत सामने खड़ी है, उससे यह भयभीत नहीं है चूहा; लेकिन भय से भयभीत है कि कहीं सांप हमला न कर दे।'
मौत से हम भयभीत नहीं हैं, हम भय से ज्यादा भयभीत हैं।
और लोभ स्वाद का, इंद्रियों का, जीवेषणा का इतना प्रगाढ़ है कि मौत चौबीस घंटे खड़ी है, तो भी हमें दिखाई नहीं पड़ती। हम अंधे हैं।
शरीर से जिसने अपने को बांधा, वह अड़चन में रहेगा। क्योंकि लाख झुठलाओ, लाख समझाओ, यह बात भुलाई नहीं जा सकती कि शरीर मरेगा। रोज तो कोई मरता–कहां–कहां आंखें चुराओ, कैसे बचो इस तथ्य से कि मृत्यु होती है? रोज तो चिता सजती। रोज तो 'राम–राम सत्य' कहते लोग निकलते। हमने सब उपाय किए हैं कि मौत का हमें ज्यादा पता न चले।
मरघट हम गांव के बाहर इसीलिए बनाते हैं, बनाना चाहिए बीच में गांव के, ताकि सबको पता चले। एक लाश जले तो पूरे गांव को जलने का पता हो। बनाते हैं गांव के बाहर। स्त्रियां अपने छोटे बच्चों को भीतर कर

CamScanner



राजनेताओं से सावधान!
ओशो
"जिन लोगों ने राजनेताओं
और धर्मगुरुओं के हाथों में
मेरी पुस्तकें देकर उनकी
तस्वीरें खिंचवाई और प्रचारित
की हैं, वो कल्पना भी नहीं कर
सकते कि उन्होंने मेरे कार्य को
कितना नुकसान पहुंचाया है
और अपनी चेतना को कितना
कचरा बना लिया है.
राजनेता और पंडे-पुरोहित
मानवजाति के सबसे बड़े शत्रु हैं.
ये संगठित धर्मों के लोगों से वोट
लेकर मनुष्य को पशुता से भी
पीछे ले जा रहे हैं."

CamScanner

7:13 pm 0 KB/s VoLTE 4G 87%

तुमने खयाल किया एक शब्द पर- बुद्धू? वह बुद्ध से बना है। जो लोग आंख बंद करके बैठ जाते हैं, लोग उनको कहते हैं, देखो इस बुद्धू को। बुद्ध बनने चले! बुद्ध बनने चले, बुद्धू बनकर रह जाते। और अपने को पा भी लोगे अगर... अहंकार बहुत तर्कनिष्ठ है। पूछता है, अपने को पा भी लोगे तो क्या खाक पा लिया। अरे तुम अपने को तो पाए ही हुए हो। पाना उसे है, जो दूर है। उसे क्या पाना, जो तुम हो ही? और बात तर्क की है। बुद्धि को समझ में आती है। जो मिला ही है, जो जन्म से ही है, जो स्वभाव ही है, उसे क्या खाक पाना! नाहक समय गंवाना। उसे पाने चलो जो दूर है। चांद पर चलो। एवरेस्ट पर चढ़ो।

एवरेस्ट पर चढ़ने का मजा क्या होगा? एडमंड हिलेरी को एवरेस्ट की चोटी पर खड़े होकर क्या मजा मिला होगा?

मैंने तो कहानी सुनी है, भरोसे योग्य तो नहीं हैं, लेकिन मन करता है कि भरोसा कर लूं कि जब एवरेस्ट पर एडमंड हिलेरी, नेतसिंग और अपनी फौज को लेकर पहुंचे तो वहां देखा कि एक साधु महाराज पहले से ही चिलम फूंक रहे हैं। अपनी खोपड़ी ठोंक ली एडमंड हिलेरी ने कि मर गए।

हिलेरी के पहले कम से कम सौ यात्री दल मर चुके थे। जिनका कोई पता भी न चला कि वे कहां गए, किन बर्फीले तूफानों में खो गए। यात्रा कठिन थी। बामुश्किल किसी तरह पहुंच पाया यह आदमी और इधर ये महाराज चिलम पी रहे हैं! हद हो गई। पास बैठकर गौर से देखा कि आदमी है कि कोई भूत-प्रेत है- क्योंकि न कोई साज-समान है, जो एवरेस्ट पर पहुंचने के लिए जरूरी है, सिर्फ एक चमीटा गड़ा रखा है। चिलम हाथ में है, और धुन में ऐसे हैं कि आंख बंद है। सोचा कि कोई बहुत बड़े महात्मा हैं, सिद्ध पुरुष हैं। शायद सिद्धि के बल पर यहां पहुंच गया हो। एडमंड हिलेरी उसके पैरों पर गिर पड़ा। पैरों पर गिर पड़े तो महात्मा की जरा झपकी खुली। उन्होंने आंख खोली जरा गौर से देखा। मामला क्या है? हिलेरी की चमकती हुई घड़ी पर नजर पड़ी। कहा, बच्चा, घड़ी का क्या लेगा? बहुत दिन से तलाश थी एक अच्छी घड़ी की। वक्त पर आ गया। एडमंड हिलेरी ने कहा, महाराज घड़ी यूं ही ले लें मगर यह बताएं कि आप यहां पहुंचे कैसे?

CamScanner

संसार परमात्मा का है। संसार को छोड़ना प्रकारांतर से परमात्मा को ही छोड़ना है। संसार का अपमान उसके स्रष्टा, उसके मालिक का अपमान है। संसार को छोड़ने की बात का एक ही अर्थ होता है कि तुम परमात्मा से भी ज्यादा समझदार हो रहे हो। उसने अभी तक संसार नहीं छोड़ा। उसने छोड़ दिया होता संसार तो संसार खो गया होता। वही तो डालता है श्वास प्राणों में। वही तो हरा है वृक्षों में। वही तो गीत गाता पक्षियों में। संसार उसने छोड़ा नहीं है।

ओशो Osho wisdom

CamScanner

पृथ्वी पर तीन सौ धर्म हैं। और इतने धर्म इस बात की सूचना देते हैं कि धर्म के संबंध में मनुष्य-जाति अब तक विवेकयुक्त और विज्ञानयुक्त नहीं हो पाई है। वैज्ञानिक नियम तो सार्वलौकिक होते हैं, युनिवर्सल होते हैं। गणित एक है सारी पृथ्वी का। धर्म भी एक ही हो सकता है। जिस दिन भी हम परमात्मा के संबंध में ठीक बुद्धियुक्त, विचारयुक्त और विज्ञानयुक्त दृष्टि को उपलब्ध होंगे, उस दिन पृथ्वी पर धर्मों के अलग-अलग मंदिर और अलग-अलग शास्त्रों की कोई जरूरत नहीं रह जाएगी।

.......ओशो.......

Saideep

CamScanner

UPC Stat Upendra
Yesterday, 9:09 am

Good morning 🙏

Reply

CamScanner



एकांत , मौन , शून्य होने की कला में निष्णात होओ, नहीं तो यह जाल जन्मों से चल रहे हैं। यह कोई पहला जन्म है तुम्हारा ? जन्म-जन्म हो गए , यही धंदा----गोरखधंधा करते-करते !

जो व्यक्ति अपने एकांत में आनंदित है, वह दूसरे के साथ जुड़ कर आनंद को हजार गुना कर लेता है। दोनों का आनंद गुणनफल हो जाता है। कई गुना हो जाता है ।

ओशो...

CamScanner



CamScanner

10:21 am 0 KB/s 65%

परमात्मा की स्मृति जिसके जीवन में भरी है, उसको कहां भोग-विलास की याद रह जाती है! वह तो परमभोग भोग रहा है; अब तो छोटे-मोटे भोग की बात ही कहां! हीरे बरस रहे हों तो कोई कंकड़-पत्थर बीनता है? अमृत बह रहा हो तो कोई नाली के गंदे पानी को भर कर घर लाता है? जहां फूलों की वर्षा हो रही हो, वहां कोई दुर्गंध समेटता है? जहां सच्चा सुख मिल रहा हो वहां क्षणभंगुर सुख की कौन चिंता करता है।

Osho Osho wisdom

CamScanner


परमात्मा की कारिगरी तो देखो,
हम सबको बनाकर खुद गायब हो गया।
आंखे बनाई देखने के लिए,
पर वो दिखता बंद आंखों से है।।
MJ

CamScanner


बुद्ध कहते हैं;-यहां सभी
दुःखी हैं.! मनुष्य होने में ही
"दुःख समाया हुआ है,
इसलिए तुम! झूठे कारणों
पर मत अटक जाना!
ओशो

CamScanner

मृत्युभोज
मौत का जशन

📮 **यह कैसा मृत्युभोज है ???** ❓

जिस भोजन को रोते हुए बनाया जाता है,
जिस भोजन को खाने के लिए रोते हुए
बुलाया जाता हैं,
जिस भोजन को आँसू बहाते हुए
खाया जाता हैं,
उस भोजन को
मृत्युभोज कहा जाता है,
😩😩😩😭😭

जिस परिवार मे विपदा आई हो उसके साथ इस संकट की घड़ी मे जरूर खड़े हो और तन,मन,और धन से सहयोग करे और मृतक भोज का बहिस्कार करे ।

भोजन तभी करना चाहिए जब खिलाने वाले का मन प्रसन्न हो, खाने वाले का मन प्रसन्न हो, लेकिन जब खिलाने वाले एवं खाने वालों दोनो के दिल में दर्द हो, वेदना हो,
तो ऐसी स्थिति में कदापि भोजन नहीं करना चाहिए।

मृत्यु भोज हमारे ऊपर एक कलंक है इसे हम सबको मिलकर खत्म कर देना चाहिये ।।।

CS CamScanner



CS CamScanner



CamScanner

10:00 am 0 KB/s 69%

इस जिंदगी में समझदार लोग तो ऐसे गुजरते है जैसे कोई सराय से गुजरता है;
इस जिंदगी में ऐसे ठहरते है जैसे कोई धर्मशाला में ठहराता है।
सांझ आयी, रुके रहे, सुबह हुई, चल पड़े।
मुसाफिरखाना है। -ओशो

Munabai Makvana

19 2 comments

Like Comment Share

CamScanner

10:00 am 0 KB/s 69%



उम्र बढ़ने के साथ साथ,आनंद बढ़ना चाहिए,लेकिन हम हर रोज और ज्यादा दुखी और उदासीन होते जाते हैं। इसका मतलब हमारी जीवन ऊर्जा कुछ भूल भरे मार्गों पर प्रवाहित हो रही है। इसकी निरंतर खोज बिन,इसका परीक्षण,इसकी कसौटी मन में साफ़ करते जाओ। और जिस दिन यह परीक्षण यह खोज साफ़ हो जाती है की मेरी ऊर्जा गलत दिशाओं में बह रही है, तो उस दिन ठीक बहने के लिए सिवाय तुम्हारे और कोई बाधा उत्पन्न नहीं कर सकता। इस बोध के होते ही तुम्हारे नये जीवन की यात्रा प्रारम्भ होती है।

CamScanner

10:00 am 0 KB/s VoLTE 4G 69%
facebook

पकड़ लिया, तंद्रा आ गई। एक क्षण को बेहोशी की लहर आ गई। हुआ मन--उठा लूं! लेकिन इसके पहले कि उठाते, दो घुड़सवार दोनों दिशाओं से आए और दोनों की नजर भी करीब-करीब साथ ही हीरे पर पड़ी। दोनों की तलवारें निकल आईं और दोनों ने कहा कि हमारी नजर पहले पड़ी है।

नजर तो भर्तृहरि की पहले पड़ी थी, लेकिन अब तक भर्तृहरि सम्हल गए थे; पांव डगमगाया था, मगर सम्हल गए थे। सम्हल गए थे, यह सोच कर थोड़ी हंसी भी आ गई थी कि इस तरह के बहुत से हीरे तो मेरे खजाने में थे, इससे बड़े-बड़े हीरे थे, उनको मैं छोड़ कर चला आया और इस हीरे पर मेरी नजर बिगड़ गई, नीयत बिगड़ गई। मैं भी कैसा हूं! अगर इन्हीं हीरों पर रस था तो आया ही क्यों? हंसे अपने पर--अपनी मूढ़ता पर। और अब यह तो कहने का सवाल ही न था कि नजर मेरी पहले पड़ी, चुप ही रहे।

उन दोनों ने तो भर्तृहरि को देखा ही नहीं, देखने का सवाल ही कहां था! सवाल तो तय करने का था कि नजर किसकी पहले पड़ी। जिसकी नजर पड़ी वह मालिक। दोनों में विवाद हो गया, तलवारें खिंच गईं, तलवारें चल गईं। एक क्षण में हो गई यह सारी बात। दोनों की तलवारें एक-दूसरे की छाती में छिद गईं। दोनों गिर पड़े। दो लाशें पड़ी थीं। खून का फव्वारा छूट गया था। हीरा अपनी जगह पड़ा था। दो आदमी अभी जिंदा थे, अभी मुर्दा हो गए।

भर्तृहरि और भी खिलखिला कर हंसे। पहले तो मुस्कुराए थे, अब खिलखिला कर हंसे कि हद हो गई, हीरे को कुछ लेना-देना नहीं, आदमी जिंदा रहे कि मर जाए। ये दो आदमी मर गए, हीरे की आंख में आंसू भी न आया, हीरे को पता भी न चला, हीरे को कुछ प्रयोजन भी नहीं। और ये दो आदमियों ने अपनी जान गंवा दी एक पत्थर के लिए। और कभी मैं भी यूं ही जान गंवा देता। क्षण भर पहले मुझे भी लहर आई थी, मुझे भी तरंग आई थी।

धन को क्या गाली देते हो? अगर समझना है तो लोभ को समझो। मगर आदमी का यह हिसाब है: अपना दोष दूसरे पर टाल देता है।

ओशो,आपुई गई हिराय(प्रवचन-7)

CS CamScanner

इस संसार में
तू कितना
निश्चिंत करके भेजता है
मालिक!
ना आते वक्त
कुछ लाना पड़ता है
और
ना जाते वक्त
कुछ ले जाना पड़ता
है।
MAHEK
DIL KI AARZOO

CamScanner

Osho Thoughts

Munabai Makvana · 1h ·

🔴जैसे विपस्सना है--बुद्ध की परम विधि! जितने लोग विपस्सना से ज्ञान को उपलब्ध हुए हैं उतने लोग किसी और विधि से उपलब्ध नहीं हुए, क्योंकि बड़ी सुगम और सरल विधि है। मगर विधि क्या है? विधि सीधी-साफ है: श्वास का बाहर आना, श्वास का भीतर जाना, इसे देखो। विपस्सना का अर्थ होता है: देखो, अंतर्दृष्टि। बस देखते रहो साक्षी बने--यह श्वास भीतर गई, यह भीतर पहुंची, यह क्षण भर ठहरी, यह वापस चली, यह बाहर गई, यह बाहर निकल गई, यह क्षण भर बाहर रुकी रही, यह फिर भीतर आने लगी--बस यह जो श्वास का वर्तुलाकार परिभ्रमण चल रहा है, यह जो श्वास की माला चल रही है, इसको देखते रहो। कुछ मत करो।

क्या होगा इसका परिणाम? इसका परिणाम कि तुम वर्तमान में जीने की क्षमता को उपलब्ध हो जाओगे। श्वास वर्तमान है। बुद्ध यह नहीं कह रहे हैं, जो श्वास जा चुकी है उसके संबंध में सोचो; जो अभी आने वाली है उसके संबंध में सोचो। वे कह रहे हैं, जो अभी है, भीतर जा रही है उसके संबंध में, बाहर जा रही है उसके संबंध में। श्वास के साथ ही डोलते रहो। मन भागेगा, मन हजार विचार उठाएगा। तुम चुपचाप उसे फिर वापस ले आना श्वास पर। श्वास तो एक बहाना है, निमित्त है, एक खूंटी है। यही सारी और विधियों का सार भी है।

ओशो♣

CamScanner

औरत
खुद एक
बहुत
बड़ी ताकत हैं
इतनी
बड़ी की
मर्द
पैदा करती
हैं।
www.thoughtsguruji.com

CamScanner



Prem ! Prbhu Osho...

तुम बिल्कुल शून्य मात्र हो जाओगे, उसी क्षण फिर तुम्हारी कोई मृत्यु नहीं है।

मृत्यु वासना की है। तुम्हारा जीवन वासना है, इसलिए तुम्हारे भीतर मृत्यु बड़ी होती है। तुम्हारे भीतर की वासना ही तुम्हारे भीतर की मृत्यु है।

जो निर्वासना को उपलब्ध हुआ वह अमृत को उपलब्ध हो गया।

ताओ उपनिषद : भाग 5 ,प्रवचन 50

ओशो...

CS CamScanner


गुरु न मिले
तो एक ही बात समझना
कि - शिष्य होना अभी
संभव नहीं हुआ ,
जिसके आप योग्य
हो जाते हैं ,
वह तत्क्षण मिल जाता है ,
इसमें जरा भी संदेह
नहीं है ,
अगर न मिले - तो अर्थ
एक ही होता है ,
कि हम अभी अयोग्य हैं ।

CamScanner

लोग कहते हैं कि संतों को स्वर्ग भेजा
जाता है और पापियों को नर्क। यह बात
बिलकुल गलत है। संतों को स्वर्ग नहीं
भेजा जाता -संत तो जहां होते हैं वहां स्वर्ग
होता है। और पापियों को नर्क नहीं भेजा
जाता -पापी जहां होते हैं वहीं नर्क होता
है। भेजने की जरूरत ही नहीं पड़ती।
वे खुद ही अपना नर्क और अपना
स्वर्ग बना लेते हैं।
OSHO universal / DHAVAL parmar

CamScanner

इस दुनिया में
न हिंदुओं की जरूरत है,
न मुसलमानों की,
न ईसाईयों की;
इस दुनिया में तो सिर्फ
धार्मिक लोगों की जरूरत है।
और धार्मिक व्यक्ति सांप्रदायिक नहीं होता।
धार्मिक व्यक्ति राजनैतिक नहीं होता।
धार्मिक व्यक्ति किसी देश,
किसी सीमा में आबद्ध नहीं होता है।

CamScanner

6:36 am 0 KB/s VoLTE 4G 33%

Osho Thoughts
Munabai Makvana · 15h ·

प्रश्न : ओशो आपके चित्र भी बिकते हैं और लोग आपके चित्र भी अपने घरों में लगाते हैं और आप तो मूर्ति के विरोध में हैं।

मैं मूर्ति के और चित्र के विरोध में कभी भी नहीं हूं। मूर्ति और चित्र में भी वही फर्क है जो किताब और शास्त्र में फर्क है। मैंने कभी नहीं कहा कि राम के चित्र को अपने घर में मत लगाना। मैंने कभी नहीं कहा कि महावीर के चित्र को अपने घर में मत लगा लेना। मैंने यह भी नहीं कहा कि महावीर की पत्थर की प्रतिमा अपने घर में मत रख लेना। महावीर जैसे प्यारे आदमी की स्मृति घर में रखी जा सकती है। बुद्ध जैसे प्यारे आदमी की स्मृति जिस घर में नहीं है वह घर अधूरा है। और जीसस का सूली पर लटका हुआ चित्र जिस घर के भीतर नहीं है, उस घर के बच्चों को पता नहीं कि कितने अदभुत लोग जमीन पर हो चुके हैं।

लेकिन पूजा मत करना। प्रेम करना, पूजा नहीं। क्योंकि पूजा दूसरा ही अर्थ रखती है। पूजा यह कहती है कि इस पत्थर की मूर्ति के सामने हाथ जोड्ने से मुझे मुक्ति मिल सकती है। यह बेवकूफी की शुरुआत हो गई। किसी मूर्ति के और किसी चित्र के सामने बैठने से मुक्ति नहीं मिल सकती। और कोई मूर्ति और कोई चित्र भगवान तक पहुंचने का रास्ता नहीं बन सकता। कोई मूर्ति भगवान नहीं है। मूर्ति और चित्र उन प्यारे लोगों की स्मृतियां हैं जो जमीन पर हो चुके हैं। और उनकी स्मृति न रखी जाए, यह मैंने कभी भी नहीं कहा है।

मैं मूर्तियों के मंदिर बनाने के खिलाफ हूं। लेकिन घर—घर में मूर्तियां हों, इसके पक्ष में हूं। एक—एक घर में मूर्तियां हों। लेकिन मूर्तियां भगवान की तरह नहीं, एक पवित्र स्मरण की तरह, एक सैक्रेड रिमेंबरिंग की तरह। जमीन पर कुछ फूल हुए हैं मनुष्य के जीवन में, कुछ मनुष्य हुए हैं जो खिल गए हैं पूरे, उनकी याद अगर आदमी रखे तो मैं कैसे उसके खिलाफ हो सकता हूं?

*🌹 ओशो 🌹 *

CamScanner

1 - अपने दुःखो को छिपाए यहां किसी को
आपके दुःखो की कोई परवाह नहीं हैं

2 - हर बात हर किसी को नहीं बताए
क्यूंकि हर व्यक्ति आपका भला नहीं चाहता

3 - शांत रहें कुछ भी हमेशा के लिए नहीं होता

4 - अकेले रहना सिखों यहाँ
कोई हमेशा के लिए साथ नहीं रहेगा

5 - दूसरो पर ज्यादा निर्भर नहीं रहें इस से आप
खुद को खो सकते हो

CamScanner

गुरर्जीएफ अपने शिष्यों से कहता था,
तुम्हारे जीवन की जो सबसे बड़ी
कमजोरी है, उसे तुम पकड़ लो,
क्योंकि वही सीढ़ी बन जायेगी।
जो सबसे बड़ी कमजोरी है,
उसे पकड़ लो और उस कमजोरी को
मिटाने में लग जाओ।
या वह कमजोरी जिससे मिट जायेगी,
उस गुण को साधने में लग जाओ—
तुम्हारा पूरा जीवन रूपांतरित हो जायेगा।

महावीर वाणी, भाग-२, प्रवचन#५०, ओशो

ओशो-दर्शन समूह

CamScanner

जैसे-जैसे विचार दूर होते हैं, वैसे-वैसे परमात्मा करीब होता है। जितने ज्यादा विचार तुम्हारे मन में हैं, उतनी ही परमात्मा से ज्यादा दूरी है; जितने कम विचार रह जाएंगे, उतनी ही कम दूरी विचार का अनुपात परमात्मा से दूरी है। उसी अनुपात में दूरी होती है। जिस दिन विचार बिलकुल शून्य हो जाएंगे, उस दिन कोई दूरी न रह जाएगी। संन्यास की एक ही प्रक्रिया है उनमनि मुद्रा! इसलिए संन्यास को बाहर से आयोजित नहीं करना होता क्या खाएं, क्या पीएं, कैसे उठें, कैसे बैठें यह सब गौण है। असली बात भीतर घटती है, अंतरतम में।

ओशो अहोभाव

कहै वाजिद पुकार

CamScanner

न मैं
अनुयायियों को मानता हूं,
न गुरुओं को।
न मैं किसी से प्रभावित हूं,
न किसी को
प्रभावित करने की इच्छा है।
न आपसे आशा करता हूं
कि आप तुलना करें।
सुनें। समझें। छोड़ दें–फिर।
न मेरे साथ चलने की जरूरत है।
न मेरे पीछे चलने की जरूरत है।
थोड़ी देर के लिए मिल गए।
थोड़ी देर के लिए हंस-बोल लिए।
फिर अपना-अपना रास्ता है।
कोई किसी के साथ नहीं है।
सब अकेले हैं।

CS CamScanner

इसे सुनें

1. ओशो रजनीश के तीन गुरु थे। **मग्गा बाबा, पागल बाबा और मस्तो बाबा**।
इन तीनों ने ही रजनीश को आध्यात्म की ओर मोड़ा, जिसके चलते उन्हें उनके पिछले जन्म की याद भी आई।

CamScanner

11:53 pm 19 KB/s 80%

facebook

Like Comment Share

चार धाम उत्तराखंड
11h ·

ॐ सृष्टि(वर्तमान कल्प) के आरम्भ से लेकर आज तक के सनातन धर्म का
वैदिक कैलेंडर (सनातन 4 वेदों की तारीख) 1 अरब 96 करोड़ 8 लाख 53 हजार 123वां वर्ष सृष्टि का अभी चल रहा है (1,96,8,53,123वां साल)।

यहाँ ये विचारणीय बात है कि सृष्टि की ये आयु केवल इस कल्प की है ऐसे कोटि-कोटि कल्प बीत चुके हैं और भविष्य में आने वाले है क्योंकि ये सृष्टि प्रवाह से अनादि और अनंत है और हर सृष्टि के प्रारंभ में ईश्वर मानव कल्याण के लिए अपना वेदों का ज्ञान प्रकट करता हैं 🚩🙏
बाकी मजहब और रिलीजन के किताबों की तारीख 1400-2000 सालों के आसपास ही मिलती है।
सनातन वैदिक धर्म की जय 🚩❤️ ॐ



CamScanner

॥ ओ३म् ॥



1 चतुर्युगी =

सतयुग	= 17,28,000 वर्ष
त्रेतायुग	= 12,96,000 वर्ष
द्वापरयुग	= 08,64,000 वर्ष
कलियुग	= 04,32,000 वर्ष
1 चतुर्युगी	= 43,20,000 वर्ष

1 मन्वन्तर = 71 चतुर्युगी

ब्राह्मदिन = सृष्टि उत्पत्ति व बने रहने का काल
= 1000 चतुर्युगी
= 14 मन्वन्तर + 6 चतुर्युगी

ब्राह्मरात्रि = सृष्टि का प्रलय काल
= 1000 चतुर्युगी

वर्तमान में 7 वें मन्वन्तर की 28 वीं चतुर्युगी के कलियुग का 5121 वाँ वर्ष चल रहा है।

	अ	क	ल	ह
बीत चुके 6 मन्वन्तर =	1,	84,	03,	20,000 वर्ष
7 वें मन्वन्तर की बीती 27 चतुर्युगी =		11,	66,	40,000 वर्ष
28 वीं चतुर्युगी के बीते 3 युग =			38,	88,000 वर्ष
28 वीं चतुर्युगी के कलियुग का वर्तमान वर्ष =				5,121 वाँ वर्ष

वर्तमान सृष्टि संवत् का काल = **1,96,08,53,121 वाँ वर्ष**

CamScanner

11:50 pm 29 KB/s VoLTE 4G 80%

पुरानी कथा है। एक युवा संन्यासी ने अपने गुरु को पूछा, यह संसार है क्या? गुरु ने कहा, तू ऐसा कर, तू आज गांव में जा, फला–फलां द्वार पर भिक्षा मांग लेना। लौट कर जब आएगा तब संसार क्या है, बता दूंगा। युवक तो भागा। ऐसी शुभ घड़ी ठग गई कि गुरु ने कहा कि संसार क्या है, बता दूंगा। तू भिक्षा मांग ला।

उसने जाकर द्वार पर दस्तक दी। एक सुंदर युवती ने द्वार खोला। अति सुंदर यूवती थी। युवक ने ऐसी सुंदर स्त्री कभी देखी न थी। उसका मन मोह गया। वह यह तो भूल ही गया कि गुरु के लिए भिक्षा मांगने आया था, गुरु भूखे बैठे होंगे। उसने तो युवती से विवाह का आग्रह कर लिया। उन दिनों ब्राह्मण किसी से विवाह का आग्रह करे तो कोई मना कर नहीं सकता था। युवती ने कहा, मेरे पिता आते होंगे। वे खेत पर काम करने गए हैं। हो सकेगा। घर में आओ, विश्राम करो।

वह घर में आ गया। वह विश्राम करने लगा। पिता आ गए, विवाह हो गया। वि गुरु की तो बात ही भूल गया। वह भिक्षा मांगने आया था, यह तो बात ही भूल गया। उसके बच्चे हो गए, तीन बच्चे हो गए। फिर गाव में बाढ़ आई, नदी पूर चढ़ी।' सारा गांव डूबने लगा। वह भी अपने तीन बच्चों को और अपनी पत्नी को लेकर भागने की कोशिश कर रहा है। और नदी विकराल है। और नदी किसी को छोड़ेगी नहीं। सब डूब गए हैं, वह किसी तरह बचने की कोशिश कर रहा है। एक बच्चे को बचाने की कोशिश में दो बच्चे बह गए। इधर हाथ छूटा, दो बह गए। पत्नी को बचाने। बच्चा भी बह गया। फिर अपने को बचाने की ही पड़ी तो पत्नी भी बह गई। किसी तरह खुद बच गया, किसी तरह लग गया किनारे, लेकिन इस बुरी तरह थक गया कि गिर पड़ा। बेहोश हो गया।

जब आंख खुली तो गुरु सामने खड़े थे। गुरु ने कहा, देखा संसार क्या होता है? ओर तब उसे याद आया कि वर्षों हो गए, तब मैं भिक्षा मांगने निकला था। गुरु ने कहा, कुछ भी नहीं हुआ है सिर्फ तेरी झपकी लग गई थी। जरा आंख खोल कर देख।

ओशो

CamScanner

कुछ मत करो। अंतस बहुत गहरा है। कितनी बार तुमने कोशिश नहीं की दुख रुके, कि उदासी रुके, कि यह रुके, वह रुके और कुछ भी नही रुका।

अब यह प्रयोग करो कि कुछ मत करो और दुख को उसकी समग्रता में होने दो। दुख को उसकी पूरी त्वरा में होने दो और तुम निष्क्रिय बने रहो। तुम सिर्फ दुख के साथ रहो और देखो कि क्या होता है।

जीवन परिवर्तन है। हिमालय भी बदल रहा है। तुम्हारा दुख अचल नहीं रह सकता; वह अपने आप ही बदलेगा। और तुम दुख को बदलते हुए देखोगे, उसे विलीन होते हुए देखोगे, उसे बिदा होते हुए देखोगे, और तब तुम निर्भार महसूस करोगे। और तुमने कुछ भी तो नही किया।

ओशो

CamScanner



या चित्त पूरा शांत हो जाए, तो जीवन में सत्य का अनुभव हो सकता है। अतियों पर क्रांति होती है, एक्सट्रीम पर क्रांति होती है। बीच में कोई क्रांति नहीं होती।

दुख की अति मनुष्य को दुख के बाहर फेंक देती है। लेकिन हम कभी अति तक दुखी नहीं होते। हम हर दुख को भुला लेते हैं और हर दुख को समझाने का कोई मार्ग निकाल लेते हैं।इसिलिये हम सत्य को उपलब्ध नहीं होते

अहोभाव
ओशो
अमृत की दिशा

CamScanner

गंभीर मत होओ।
अपनी गपशप का आनंद लो,
जीवन की छोटी-छोटी चीजों का,
जीवन के छोटे-छोटे सुखों का आनंद लो।
यह सब तुम्हारे अंतस को समृद्ध करते हैं।

सुगम है मंदिर जाना; मन में जाना कठिन है।
लइसलिए सुगम को लोग चुन लेते है।
पर सुगम का सत्य से कोई सम्बन्ध नहीं है।
सुविधा से सत्य का कोई सम्बन्ध नहीं है।
इसलिए,
अधिक लोग पूजा करते है, प्रार्थना करते है।
पर बहुत थोड़े लोग ध्यान करते है।
पर जो ध्यान करते है,

CS CamScanner

जैसे प्यासा पानी को खोज
ही लेता है ठीक ऐसा ही न्याय
सत्य के साथ है जिसे प्यास
होती है वह सत्य पा ही लेता है
शर्त बस एक ही है प्यास।
– Atmarpit ~आत्मार्पित
YourQuote.in

CamScanner

CS CamScanner

मन तुम्हारा गुलाम है, तुम्हारा यंत्र है; तुम मालिक हो। अपनी मालकियत की घोषणा करो। यह कोई दमन नहीं है मन का, यह सिर्फ मालकियत की घोषणा है। यह सिर्फ यह कहना है कि मैं मालिक हूं, निर्णायक मैं हूं; तेरा काम मेरे निर्णय में साथ पहुंचाना है। जल्दी ही तुम पाओगे, मन हट जाता है - ताओ उपनिषद #113

ओशो अहोभाव @ahobhav_

CamScanner

परमात्मा ने तुम्हें शरीर और आत्मा दोनों बनाया है। और तुम्हारे महात्मा तुम्हें समझा रहे हैं कि तुम सिर्फ आत्मा हो! लाख तुम्हारे महात्मा समझाते रहें कि तुम सिर्फ आत्मा हो, कैसे झुठलाओगे इस सत्य को जो परमात्मा ने तुम्हें दिया है कि तुम देह भी हो!

तुम्हारा महात्मा भी इसको नही झुठला पाता। जब भूख लगती है, तब वह नही कहता कि मैं देह नही हूं। तब चला भिक्षा मांगने! उससे कहो कि संसार माया है, कहां जा रहे हो?



CamScanner



CamScanner

जीवन के रहस्यात्मक नियमों में से
एक नियम यह है कि
जो मांगा जाएगा, वह नहीं मिलेगा;
जो नहीं मांगा जाएगा, वही मिलता है।
जिसके पीछे हम दौड़ते हैं, उसे ही खो देते हैं;
और जिसको हम दौड़ना छोड़ देते हैं जिसके पीछे,
वह हमारे पीछे छाया की तरह चला आता है।
इस नियम को न समझ पाने से जीवन में
बड़ा दुख और बड़ी पीड़ा है।
और साधारण जीवन में शायद कभी हमें
ऐसा भ्रम भी हो जाए कि मांगने से भी
कुछ मिल जाता है, लेकिन
दिव्य शक्तियों से तो कभी भी
मांगने से कुछ नहीं मिलता है।
दिव्य शक्तियों के लिए जो
अपने हृदय में द्वार खोल देता है,
उसे सब मिल जाता है,

CamScanner

CS CamScanner

जब ओशो के शरीर को जलाने के लिए ले जाया जा रहा था... तो उनकी मां ने कहा था... भगवान मेरे गर्भ में रहा... तब मैं अनजान थी.... मेरी छाती से चिपक कर रोया... मुझे ख़बर ही नहीं... मेरे आंगन खेला.... मैं पहचान न सकी... आज जब वो जाता है... तब जानती हूं... कि वो भगवान जा रहा है..... लेकिन, अब क्या! .. अब क्या!.. अब क्या!... ??

CamScanner


शिष्य और गुरु का
इतना ही अर्थ है
जिसकी तरफ से शून्य बहने लगा
वह गुरु; और जो उस शून्य को
लेने को राजी हो गया झोली फैलाकर,
अंजुली पसारकर, वह शिष्य
शून्य का आदान–प्रदान
जिनके बीच होता है
वे ही शिष्य और गुरु
ओशो

CamScanner



धार्मिक आदमी वह
नहीं जो मंदिर
जाता हो !
धार्मिक आदमी वही
है जहां पहुच जाये
वही मंदिर हो जाये !

CamScanner


तुम्हारे पास 'ध्यान' हो तो
कोई गाली तुम्हे छूती नहीं !
ना अपमान, ना सम्मान, ना यश,
ना अपयश, कुछ भी नहीं छूता।
anamcara Rames
ओशो

CamScanner

7:14 pm 879 KB/s 46%

google.com/search?q=ta

Google

tatvamasi meaning in hindi

Images Videos News Shopping Books

हिंदी में खोजें तत्वमसी मीनिंग इन हिंदी

इसे सुनें

तत्त्वमसि (तत् त्वम् असि) भारत के शास्त्रों व उपनिषदों में वर्णित महावाक्यों में से एक है, जिसका शाब्दिक अर्थ है, वह तुम ही हो। वह दूर नहीं है, बहुत पास है, पास से भी ज्यादा पास है। तेरा होना ही वही है।

https://www.bhaktibharat.com › tat...

तत्त्वमसि महावाक्य - Tatwamasi - BhaktiBharat.com

About featured snippets Feedback

People also ask

तत्वमासी का क्या अर्थ है?

चार महावाक्य कौन से हैं?

अहं ब्रह्मास्मि कौन से सिध्दांत का महावाक्य है?

CamScanner

परलोक का क्या अर्थ है ?
आमतौर से हमे यही ख्याल है कि
परलोक का अर्थ मरने के बाद है |
लेकिन जब आत्मा मरती ही नहीं तो
मरने के बाद परलोक का अर्थ ठीक नहीं है |
परलोक कहीं मरने के बाद और नहीं है ,
परलोक अभी और यहीं मौजूद है ,
जस्ट बाइदी कार्नर |
पर हमें उसका कोई पता नहीं |
जिसे अपना पता नहीं , उसे परलोक का
पता नहीं हो सकता |
क्योंकी परलोक में जाने का अर्थ स्वयं का
अस्तित्व है , स्वयं का होना है |
जिसे अपना पता है , वह एक ही साथ परलोक
और लोक की देहरी पर खड़ा हो जाता है |
इस तरफ झांकता है तो लोक,
उस तरफ झांकता है तो परलोक |
बाहर सिर करता है तो लोक ,
भीतर सिर करता है तो परलोक |
परलोक अभी और यहीं है |
ओशो

CamScanner

10:03 pm 20 KB/s 48%

more

169 2 comments • 25 shares • 2K views

Like Comment Share

OSHO SHIVDHARA
Meera Sharma · 1d ·

CamScanner

जब तक तुम्हारे जीवन का फूल न खिले और जीवन के फूल में प्रेम की सुगंध न उठे तब तक तुम बेचैन रहोगे। ओशो अहोभाव



CamScanner

9:55 pm 7 KB/s VoLTE 4G 50%

जो लोग मीरा पर किताबें लिखते हैं--वे सब लिखते हैं: दुर्भाग्य से। मैं ऐसा नहीं कह सकता। यह सौभाग्य से ही हुआ।

वे लिखते हैं दुर्भाग्य से, क्योंकि मृत्यु को सभी लोग दुर्भाग्य मानते हैं। लेकिन यही तो मीरा के जन्म का कारण बना। जितना भी प्रेम कहीं था, वह सब सिकुड़ता गया। सारा प्रेम गोपाल पर उमड़ता गया। मां से लगाव था, मां चल बसी।

उतना प्रेम जो मां से उलझा था, वह भी गोपाल के चरणों में रख दिया। फिर बाबा ने पाला, फिर बाबा चल बसे; उनसे प्रेम था, वह भी गोपाल के चरणों में रख दिया। ऐसे संसार छोटा होता गया, सिकुड़ता गया और परमात्मा बड़ा होता गया।

तो मैं नहीं कह सकता दुर्भाग्य से; मैं तो कहूंगा सौभाग्य से; क्योंकि मृत्यु का मेरे लिए कोई ऐसा भाव नहीं है, मृत्यु के प्रति कि वह कोई आवश्यक रूप से अभिशाप है। सब तुम पर निर्भर है। मीरा ने उसका ठीक उपयोग कर लिया।

जहां-जहां से प्रेम उखड़ता गया, एक-एक प्रेम-पात्र जाने लगा, वह अपने उस प्रेम को परमात्मा में चढ़ाने लगी।

अंतिम सूत्र था--पिता का रहना। पिता भी चल बसे। पति भी चल बसे, पिता भी चल बसे। पांच मृत्युएं हो गईं सतत।

जगत से सारा संबंध टूट गया। उसने ठीक उपयोग कर लिया। जगत से टूटते हुए संबंधों को उसने जगत के प्रति वैराग्य बना लिया। और जगत से जो प्रेम मुक्त हो गया, उसको परमात्मा के चरणों में चढ़ा दिया। वह कृष्ण के राग में डूब गई।

और इन मृत्युओं ने एक और सौभाग्य का काम किया, कि इन्होंने एक बात दिखा दी कि इस जगत में सब क्षणभंगुर है; अगर प्यारा खोजना हो तो शाश्वत में खोजो। यहां कुछ अपना नहीं है।

यहां भरमो मत, अपने को भरमाओ मत! यहां सब छट जाने वाला है।

CamScanner

9:42 pm 0 KB/s VoLTE 4G 51%

एक जैन मुनि से, देशभूषण महाराज से मेरा मिलना हुआ। मिलना चाहते थे, तो मैंने कहा कि जरूर। नग्न हैं, दिगंबर हैं, सब छोड़ दिया। मुझसे बोले कि आप गीता पर बोले, आप उपनिषद पर बोले, आप धम्मपद पर बोले, लेकिन कुंदकुंद के "समयसार' पर क्यों नहीं बोले? उमास्वाति के "तत्वार्थ-सूत्र' पर क्यों नहीं बोले? अरे, अपने शास्त्रों पर क्यों नहीं बोलते हो?

मैंने उनसे पूछा: अपने और पराए! आप तो सब छोड़ आए, वस्त्र भी छोड़ दिए, और अभी भी अपना-पराया मौजूद है! अभी गीता पराई! अभी धम्मपद पराया! अभी कुंदकुंद का "समयसार' अपना! अभी उमास्वाति का "तत्वार्थ-सूत्र' अपना!

वही मेरा, वही तेरा। दुकानों में बंटा था, अब मंदिरों में बंटा। बही-खातों में बंटा था, अब शास्त्रों में बंटा। मगर शास्त्र सिवाय बही-खाते के और क्या हैं? ऐसे आदमियों के हाथ में शास्त्र भी बही-खाते ही हैं।

आदमी आश्चर्यचकित कर देता है अगर उसके संबंध में सोचो! पत्ते छांटता रहता है, जड़ें नहीं काटता। और पत्ते छांटने से कहीं कोई क्रांति होने वाली है! जड़ें काटनी होंगी। जड़ है मन।

मन एव मनुष्यानां कारणं बंधमोक्षयो:।

कुछ मत छोड़ो, कहीं भागो मत। इसलिए मैं अपने संन्यासी को कहता हूं: जहां हो वहीं जागो। भागने वाले जाग नहीं पाते। भागने वाले तो भयभीत हैं, कायर हैं। मगर हम कायरों को भी बड़े प्यारे नाम दे देते हैं, उनको कहते हैं--रणछोड़दास जी! रण छोड़ भागे!

मेरे गांव में एक मंदिर था--रणछोड़दास जी का मंदिर। मैंने उस गांव के पुजारी को जाकर कहा कि देख, इस मंदिर का नाम बदल! उसने कहा, क्यों? नाम कैसा प्यारा है: रणछोड़दास जी! मैंने कहा, तूने कभी सोचा भी कि रणछोड़दास जी का मतलब क्या हुआ? भगोड़े! जिन्होंने पीठ दिखा दी जीवन को। वह थोड़ा चौंका, उसने कहा कि तुझे भी उलटी-सीधी बातें सूझती हैं! मुझे जिंदगी हो गई पूजा करते इस मंदिर में, मैंने कभी यह सोचा ही नहीं कि रणछोड़दास जी का यह मतलब होता है! बात तो तेरी ठीक, मगर अब तो दूर-दूर तक इस मंदिर की ख्याति है: रणछोड़दास जी का मंदिर। नाम बदला नहीं जा सकता है। मगर तूने एक अड़चन मेरे लिए पैदा कर दी। यह शब्द तो गलत है। कोई अगर युद्ध के क्षेत्र से पीठ दिखा दे, तो हम कायर कहते हैं उसे, और जीवन के संघर्ष से पीठ दिखा दे तो उसको महात्मा कहते हैं! कैसा

CamScanner

9:42 pm 0 KB/s 51%

Osho Thoughts
Munabai Makvana · 2h

एक जैन मुनि से, देशभूषण महाराज से मेरा मिलना हुआ। मिलना चाहते थे, तो मैंने कहा कि जरूर। नग्न हैं, दिगंबर हैं, सब छोड़ दिया। मुझसे बोले कि आप गीता पर बोले, आप उपनिषद पर ... See more

5 1 comment

Like Comment Share

osho ji
1d

CamScanner

हर हृदय में अपूर्व सुगंध भरी है : जरा संबंध जोड़ने की बात है। तुम कस्तूरी मृग हो -- कस्तूरा हो ! भागते फिरते , खोजते फिरते दूर - दूर। और जिस गंध की तलाश कर रहे हो , वह गंध तुम्हारे भीतर से ही उठ रही है। उस कस्तूरी के तुम मालिक हो। कस्तूरी कुंडल बसै ! तुम्हारे भीतर बसी है। कोई जगाए , कोई हिलाए , कोई तुम्हें सचेत करे। और जो भी तुम्हें सचेत करेगा वह तुम्हें नाराज करेगा।इतना स्मरण रहे तो सदगुरु मिल जाएगा। इतना बोध रहे कि जो तुम्हें जगाएगा वह तुम्हें जरूर नाराज करेगा, तो सदगुरु खोजना कठिन नहीं होगा। जो तुम्हें सांत्वना देते हों और तुम्हारे धावों को मलहम - पट्टी करते हों और तुम्हारे अंधेरे को छिपाते हों और तुम्हारे ऊपर रंग पोत देते हों , उनसे सावधान रहना। सांत्वना जहां से मिलती हो , समझ लेना कि वहां सदगुरु नहीं है। सदगुरु तो झकझोरेगा ; उखाड़ देगा वहां से जहां तुम हो , क्योंकि नई तुम्हे भूमि देनी है और नया तुम्हें आकाश देना है।ओशो (Dr Sohan Lal Narang)

CamScanner

9:36 pm 0 KB/s VoLTE 4G 52%

नींद क्या है? तुम जब आंखें खोले हुए होते हो, राह पर चलते, दुकान पर बैठे, तब भी तुम जागे हो? नहीं, कोई ज्ञानी इस बात से राजी नहीं कि तुम जागे हो। तुम सोए हो। तब भी तुम सोए हो। बिस्तर पर तो तुम सोते ही हो, दुकान में भी तुम सोते हो। मंदिर में भी तुम सोते हो। आंख खोलने से कुछ नींद के टूटने का संबंध नहीं है। जब तक भीतर का अंतरतम न खुल जाए, तब तक नींद नहीं टूटती। आंख खुलने से क्या नींद टूटेगी! नींद बड़ी सघन है; आंख खुली रहती हैं और तुम सोए रहते हो। राह पर चलते वक्त तुम जागे हुए थोड़े ही चल रहे हो। हजार विचार चल रहे हैं, हजार सपने और वासनाएं भीतर चल रही हैं और तुम उन्हीं में तल्लीन हो। बाहर भी चलते जा रहे हो और भीतर भी न मालूम कितने विचारों की पर्तें तुम्हें छाए हुए हैं, कितने बादलों में तुम ढंके हो! तुम्हारा सूरज बादलों के बाहर नहीं है। तुम्हारे अंतसचेतन में कोई रोशनी नहीं हो रही है। सब तरफ अंधेरा है। किसी तरह चल लेते हो अभ्यास–वश। इस चलने को तुम जागना मत समझ लेना।

जागने का अर्थ होता है: जब तुम चल रहे हो तो सिर्फ चल रहे हो–और तुम्हारे भीतर एक भी विचार नहीं है। कोई बादल नहीं तुम्हारे चित्त के आकाश पर। तुम्हारे भीतर की ज्योति बिना धूम्र के, कोई धुआं नहीं आस–पास, धूम्ररहित ज्योति है। तो तुम जागे हुए हो।

पतंजलि ने चार अवस्थाएं कही हैं: सुषुप्ति, स्वप्न, जाग्रत और तुरीय। तुरीय ही असली जाग्रत अवस्था है। जिसको हम जाग्रत कहते हैं, उसे तथाकथित जाग्रत कहा है पतंजलि ने–नाममात्र को जाग्रत, कहने मात्र को जाग्रत। वस्तुतः जाग्रत नहीं। सिर्फ बुद्ध जागे हुए हैं। जब बुद्ध चलते हैं तो सिर्फ चलते हैं। जब बुद्ध भोजन करते हैं तो सिर्फ भोजन करते हैं। जब बुद्ध सुनते हैं तो सिर्फ सुनते हैं; जब बोलते हैं तो सिर्फ बोलते हैं। बुद्ध की मौजूदगी सदा वर्तमान क्षण में होती है। इसको बुद्ध ने जागरण कहा है।

बुद्ध ने तो जागरण के ऊपर पूरा शास्त्र निर्मित किया। विपस्सना का ध्यान और सारी अनापानसतीयोग की प्रक्रियाएं जागने के लिए हैं।

मीरा भी जब कहती है: सखी, मेरी नींद नसानी हो। तो वह उसी नींद की बात नहीं कर रही, जो रात तुम बिस्तर पर सोते हो

CamScanner

9:32 pm 1 KB/s VoLTE 4G 52%

नहीं, यहां मेरे पास कुछ भी नियम नहीं है और न कोई अभ्यास है तुम्हें देने को।
सब अभ्यास अहंकार के हैं। अध्यात्म का कोई अभ्यास नहीं।
मैं तो कहता हूं.
जागो! इति ज्ञानं!
यही ज्ञान है!
इति ध्यान! यही ध्यान है!
इति मोक्ष:! यही मोक्ष है!

तुम जाग कर जीने लगो, ध्यान तुम्हारे चौबीस घंटे पर फैल जाएगा।
ध्यान कोई ऐसी चीज थोड़े ही है कि कर लिया सुबह उठ कर और भूल गए फिर।
ध्यान तो ऐसी धारा है जो तुम्हारे भीतर बहनी चाहिए। ध्यान तो ऐसा सूत्र है जो तुम्हारे भीतर बना रहना चाहिए; जो तुम्हारे सारे कृत्यों को पिरो दे एक माला में।
जैसे हम माला बनाते हैं तो फूलों को धागे में पिरो देते हैं, फूल दिखाई पड़ते, धागा तो दिखाई भी नहीं पड़ता—ऐसा ही ध्यान होना चाहिए, दिखाई ही न पड़े।
जीवन के सब काम उठना बैठना, खाना पीना, चलना, बोलना, सुनना, सब फूल की तरह ध्यान में अनस्थूत हो जाएं, ध्यान का धागा सब में फैल जाए।

तो ध्यान तो मेरे लिए जागरण और साक्षी भाव का नाम है।

और जब मैं न रहूंगा, तब निश्चित यह उपद्रव होने वाला है।
क्योंकि कोई न कोई "योग चिन्मय" इस कुर्सी पर बैठ जायेंगे।

ऐसी मुश्किल है यह कुर्सी खाली थोड़े ही रहेगी।
कोई न कोई चलाने लगेगा अनुशासन।
जिस दिन अनुशासन चलने लगे, उस दिन समझना मेरा संबंध टूट गया इस जगह से।

जिस दिन यहां नियम हो जाए,
अनिवार्यता हो जाए

CS CamScanner

9:31 pm 0 KB/s VoLTE 4G 53%

पांच बजे उठो कि चार बजे उठो कि तीन बजे उठो, तुम मूढ़ के मूढ़ ही रहोगे। मूढ़ पांच बजे उठे कि तीन बजे, कोई फर्क नहीं पड़ता। घड़ी से तुम्हारे आत्मज्ञान का कोई संबंध नहीं है।

मगर मूढ़ों को रस मिलता है। उनको कम से कम कुछ सहारा मिल जाता है। मैं उनको कोई सहारा नहीं देता

मेरे रहते इस आश्रम में कोई नियम, अनुशासन होने वाला नहीं है। मेरे रहते यह आश्रम अराजक रहेगा, क्योंकि अराजकता जीवन का लक्षण है। मैं तुम्हें परिपूर्ण स्वतंत्रता देता हूं कि तुम जो भी होना चाहो और जैसे भी होना चाहो, जागरूकता—पूर्वक वही होने में रस लो।

पूछा है "स्वामी योग चिन्मय" ने।
बार बार, चिन्मय घूम फिर कर यही पूछते हैं।
जिन मुर्दा आश्रमों में उनको जाने का दुर्भाग्य से अवसर मिला, उनसे पीछा नहीं छूटता।

क्योंकि कहीं कोई एक दफे भोजन करते हैं,
कहीं कोई तीन बजे रात उठते हैं,
कहीं कोई सिर के बल खड़े होते हैं,
नौली धोती करते हैं,
कहीं कोई योगासन साधते हैं, कहीं क्रियायोग,
कहीं कुछ,
कहीं कुछ।
और सब एक जबर्दस्त अनुशासन की तरह, कि न किया तो पाप, अपराध; किया तो पुण्य!
ये मूढ़ता के लक्षण हैं।

अब रह गई बात.. पूछा है, अनिवार्य साधना ???
कुछ अनिवार्य नहीं है यहां। क्योंकि जो भी अनिवार्य हो, वह बंधन बन जाता है। जो करना ही पड़े, वह बंधन बन जाता है।

जीवन बड़ा नाजुक है, फूल जैसा नाजुक है! इस पर अनिवार्यता के पत्थर मत रख देना. नहीं तो फल मर जाएगा।

CamScanner

9:31 pm 0 KB/s VoLTE 4G 53%

Osho Thoughts
Munabai Makvana · 2h ·

🔴मैंने देश के अनेक आश्रमों में देखा है कि वहां के आश्रम वासियों के लिए कुछ न कुछ अनिवार्य साधना निश्चित है, जिसका अभ्यास उन्हें नियमित करना पड़ता है। परंतु आश्चर्य है कि यहां ऐसा कोई साधन, अनुशासन नहीं दिखता। कृपया इस विशिष्टता पर कछ प्रकाश डालने की अनकंपा करें!

🔥मैं यहां मौजूद हूं मैं तुम्हारा अनुशासन हूं। जब मैं न रहूं तब तुम्हें नियम, व्यवस्था, अनुशासन की जरूरत पड़ेगी। शास्ता हो, तो शासन की कोई जरूरत नहीं।

जब शास्ता न हो तो शासन परिपूरक है। मुर्दा आश्रमों में तुमने जरूर यह देखा होगा।

यह एक जिंदा आश्रम है। अभी यह जिंदा है।
मरेगा कभी और तब तुम निश्चित मानो. नियम भी होंगे, अनुशासन भी होगा।

मेरे जाते ही नियम होंगे, अनुशासन होंगे; क्योंकि तुम बिना नियम अनुशासन के रह नहीं सकते ,
तुम ऐसे गुलाम हो!

मैं भी लाख उपाय करता हूं तब भी तुम बार बार पूछने लगते हो : कुछ नियम, कुछ अनुशासन! मेरी सारी चेष्टा तुम्हें समझाने की यह है कि तुम्हारे हाथ में कुछ भी नहीं है।
क्या अनुशासन ???
क्या नियम ???

तुम पांच बजे सुबह उठ आओगे तो ज्ञान को उपलब्ध हो जाओगे ???
किस मूढ़ता में पड़े हो ???

पांच बजे उठो कि चार बजे उठो कि तीन बजे उठो, तुम मूढ़ के मूढ़ ही रहोगे। मूढ़ पांच बजे उठे कि तीन बजे, कोई फर्क नहीं पड़ता। घड़ी से तुम्हारे आत्मज्ञान का कोई संबंध नहीं है।

CamScanner



बुद्ध के पास बैठोगे —उठोगे, तो उनका स्वाद लगेगा,
उनकी बूंदें तुम पर बरसेंगी, उनका स्पर्श तुम्हें होगा।
जो हवा उन्हें छुएगी, वही हवा तुम्हें भी छुएगी।
बुद्ध के पास उठोगे——बैठोगे, उनका रंग लगेगा,
उनका ढंग लगेगा।
बुद्ध के पास उठोगे —बैठोगे, तो बुद्धत्व संक्रामक है।
याद रखना, बीमारी ही थोडे ही लगती है, स्वास्थ्य
भी लग जाता है। पागलपन ही थोड़े ही लगता है;
पागलों के साथ रहोगे, पागल हो जाओगे,
मुक्तों के साथ रहोगे तो मुक्त हो जाओगे—होने लगोगे

CamScanner



तुम जाओ मंदिर में , तुम्हें परमात्मा न मिलेगा , क्योंकि तुम
बेहोश ही जाओगे वहाँ । तुम्हें जो दिखाई पड़ेगा , वह तुम्हारी ही
वासनाओं का प्रतिबिंब होगा । काश , होश होता तो मंदिर तक
जाने की जरूरत क्या थी ! होश तो तुम जहाँ हो , वहीं पाते कि
उसी का मंदिर है -- उसके अतिरिक्त कुछ और है भी नहीं
काशी और काबा , अज्ञानी ही यात्रा करेंगे । ज्ञानी तो जहाँ है ,
वहीं उसकी काशी है , वहीं उसका काबा है : क्योंकि चारों तरफ
उसी एक का विस्तार है । वह ब्रह्म कहीं कम और कहीं ज्यादा
तो नहीं , कहीं सघन और कहीं विरल तो नहीं , वह ब्रह्म कहीं
उपलब्ध और कहीं अनुपलब्ध तो नहीं -- सभी जगह है , एक सा
बँटा है:ओशो

CamScanner



CamScanner

UPC Office himanshu Singh 2
Today, 8:07 am
राम को अहंकार का ज्ञान था,
जबकि रावण को
ज्ञान का अहंकार था..!
Reply

CamScanner

प्रत्येक मनुष्य 'उसका' मंदिर है। कहीं और मंदिर खोजने मत जाना, नहीं तो असली मंदिर से वंचित रह जाओगे। सुनना हो वेद को, कुरान को, तो सुनो भीतर। वहीं से उठते है उपनिषद, वही से उठती है वास्तविक भगवत-वाणी ! और जिसने नहीं सुनी वह लाख शब्दों को याद कर ले, कंठस्थ कर ले, बस वह तोते के जैसी बात है, उसका कोई भी मूल्य नहीं है।

ओशो : होनी होय सो होय

CS CamScanner

1:31 pm 0 KB/s 4G 75%

मैंने सुना है, एक बिल्ली इंग्लैंड की यात्रा को गयी। जब लौट कर आयी तो बिल्लियों ने उसे घेर लिया और कहा—क्या देखा, इंग्लैंड में क्या—क्या देखा? रानी के दर्शन किये कि नहीं? उसका सिंहासन देखा कि नहीं? कोहनूर—जड़ा उसका मुकुट देखा कि नहीं?

और उसने कहा—गयी थी देखने, देख नहीं पायी, क्योंकि रानी सिंहासन पर बैठी थी, सिंहासन सुंदर था, मुकुट भी बड़ा प्यारा था, मुकुट में हीरा भी चमक रहा था, मगर मैं मुश्किल में पड़ गयी, क्योंकि एक चूहा सिंहासन के नीचे बैठा था। उस चूहे को देखने के कारण मैं कुछ और देख नहीं पाई। मैं तो चूहे को ही देखती रही—बड़ा प्यारा चूहा था। बड़ा गजब का चूहा था। एकदम लार टपकने लगी थी।

अब बिल्ली अगर इंग्लैंड जाए, तो और देखे भी क्या? कोहनूर भी पड़ा रहे और उसीके पास एक चूहा बैठा हो, तो बिल्ली क्या देखे? भाड़ में जाए कोहनूर! कोहनूर का करोगे क्या? खाओगे, पीओगे कि पहनोगे? जब चूहा मौजूद हो तो कौन कोहनूर की फिकिर करता है!

ऋषि अपनी भाषा बोलते हैं, हम अपनी भाषा समझते हैं। वहीं चूक हो जाती है। जब ऋषि ने कहा—सब सुखी हों, तो ऋषि यह कह रहा है कि जैसा मैं सुखी हुआ, ऐसे सब हों। तुमने सुना, तुमने कहा कि ठीक है, तो ऋषि यह कह रहे हैं कि कार मिले, बड़ा मकान मिले, कि सुंदर स्त्री मिले—तुम अपना सुख सुनने लगे,तुम अपना सुख समझने लगे। ऋषि तो अपने सुख की बात कर रहा है।

ऋषियों का सुख क्या है? कि सबको परमात्मा मिले। वहीं तो पहुँच कर सारे लोग दुख के पार होते हैं। इस संसार में तो दुख—ही—दुख है। मगर तुम्हें दुखी होने की कोई आवश्यकता नहीं है, अनिवार्यता नहीं है, तुम सुखी हो सकते हो। मैं सुखी हूँ और तुमसे कहता हूँ कि तुम भी ऐसे हो सकते हो—मैं गवाह हूँ। सारे ऋषि गवाह हैं। लेकिन तुम तो ऋषियों के पास भी जाते हो तो आशीर्वाद वही माँगते हो कि चूहा मिल जाए......
.....ओशो ......

CS CamScanner

तुम सोचते हो पाप करना पाप है और पुण्य करना पुण्य है। तुम गलती में हो। कर्ता होना पाप है, अकर्ता होना पुण्य है। अगर पुण्य करते वक्त भी तुम कहते हो, मैंने किया--मंदिर बनाए, पूजा की, इतने व्रत-उपवास किए, इतनी बार तीर्थ गया, काशी गया, हज गया, हाजी हुआ--यह तुम जितना कहोगे, मैंने किया, सब पाप हो गया। इसलिए पाप का संबंध कर्म से नहीं, भाव से है। तुम अगर अकर्ता-भाव से कर सको तो इस जगत में कोई भी पाप नहीं है। अगर तुम कर्ता-भाव से करो तो इस जगत में सभी कुछ पाप है।

CS CamScanner

7:37 am 7 KB/s 98%

चला गया है।

तिब्बती मंदिर में तो घण्टा नहीं रखते, सर्व धातुओं का बना हुआ एक बर्तन रखते हैं घड़े की भांति और उसमें लकड़ी का डण्डा रखते हैं घुमाने के लिए। उसको सात बार अन्दर घुमाकर जोर से चोट करते है। सात बार घुमाने पर, और चोट करने पर 'मणि पद्मे हुं', इसकी पूरी आवाज निकलती है—पूरा मंत्र! पूरा घड़ा चिल्लाकर कहता है, 'मीणू पद्मे हुं'! और एक दफा नहीं, सात बार। आप सात राउच्छ लेकर चोट मारकर उस पर और हाथ बाहर कर लें, फिर सात बार सुनें—ओम् मणि पद्मे हुं ओम् मणि पद्मे हुं—आवाज धीमी होती जाएगी और सात वर्तुल उसके बन जाएंगे।

ठीक आप भी मंदिर के भीतर एक घड़े की तरह जोर से अपने भीतर चोट करेंगे—ओम् मणि पद्मे हुं। मंदिर भी दोहराएगा। आपका रोया—रोया उसे यद्वा करके वापस फेंकेगा। थोड़ी ही देर में न आप रह जाएंगे, न मंदिर रह जाएगा, सिर्फ विद्युत के वर्तुल रह जाएंगे।

ध्यान रहे, ध्वनि जो है विद्युत का सूक्ष्मतम रूप है, यह भी थोड़ा खयाल में ले लेना जरूरी है। क्योंकि अब विज्ञान भी कहता है कि ध्वनि विद्युत का एक रूप है—सभी कुछ विद्युत का रूप है। लेकिन भारतीय मनीषि की पकड़ थोड़ी सी भिन्न है। वह कहता है, विद्युत भी ध्वनि का रूप है। साउण्ड इज दि बेस, इलेक्ट्रिसिटी बेस नहीं है—इसलिए कहा शब्द—ब्रह्म। विद्युत सिर्फ ध्वनि का ही एक रूप है। इसमें बहुत दूर तक समानता खड़ी हो गई। अभी विज्ञान कहने लगा है कि ध्वनि जो है, वह विद्युत का एक रूप है। अब ये थोड़ा—सा फर्क रह गया है कि प्राथमिक कौन है? विज्ञान कहता है कि विद्युत प्राथमिक है। लेकिन भारत की मनीषा तो कहती है कि ध्वनि प्राथमिक है। और ध्वनि की ही सघनता विद्युत है।

विज्ञान कहता है कि विद्युत का एक प्रकार, ध्वनि है। इस बात की बहुत सम्भावना है कि 'शब्द—ब्रह्म' की खोज बहुत निकट में विज्ञान को करनी पड़ेगी। ये मंदिर के गुम्बज के नीचे पैदा की गयी ध्वनियों का ही अनुभव है। क्योंकि जब ओम् की सघन ध्वनि की गयी तो साधक ने मंदिर के भीतर थोड़ी देर में जाना कि मंदिर भी मिट गया और मैं भी मिट गया, सिर्फ विद्युत रह गयी। यह किसी प्रयोगशाला में लिया गया निष्कर्ष नहीं है। जिन्होंने ये कहा है, उनके पास कोई प्रयोगशाला नहीं। उनके पास तो एक ही प्रयोगशाला थी, जो उनका मंदिर था। उस मंदिर में उन्होंने जाना है, और यह जाना है कि हम तो ध्वनि से शुरू करते हैं लेकिन अंततः

CamScanner

6:43 am 0 KB/s VoLTE 4G 100%

Osho Thoughts

Munabai Makvana · 11h ·

त्यागी मत बनना। भोग में कहीं छिपा है भगवान, उसे वहीं तलाश करना। जब तुम भोजन करो तो कहीं स्वाद में उसे तलाश करना। इसलिए तो अदभुत वचन कह सके उपनिषद: अन्नं ब्रह्म। यह कोई छोटे-मोटे लोगों ने नहीं कहा, छोटे-मोटे लोग तो अस्वाद सिखाते हैं। उपनिषद कह सके: अन्नं ब्रह्म, अन्न ब्रह्म है। सब सौंदर्य उसकी ही झलक है; जैसे चांद आकाश में निकला और झील में उसकी झलक पड़ी। जब कोई स्त्री या कोई पुरुष तुम्हें सुंदर मालूम पड़ता है तब झील में तुमने चांद देखा। सूफी फकीर जुन्नेद जब भी किसी सुंदर स्त्री को देखता था, भाव-विभोर होकर उसकी आंख से आंसू बहने लग जाते। रास्तों पर खड़ा हो जाता था। अनेक बार उसके शिष्यों ने कहा: अच्छा नहीं मालूम होता, आप जैसा प्रसिद्ध पुरुष, आपके सैकड़ों शिष्य आप किसी सुंदरी स्त्री को देखकर एकदम ठिठक कर खड़े हो जाते हैं!

जुन्नेद ने कहा: सुंदर स्त्री उसकी झलक है। उसकी आंख से आंसू बहने लगते थे, कृतकृत्य हो जाता था।

जुन्नेद मुझे जमता है। सुंदर स्त्री में भी उसकी झलक है, सुंदर पुरुष में भी उसकी झलक है। झलक मात्र ही है, इसलिए जल्दी ही खो जायेगी। चांद बना झील में, एक कंकड़ गिर जायेगा कि उपद्रव हो जायेगा, एक कंकड़ गिर जायेगा कि सब चांद खो जायेगा, सब झील में हलचल मच जायेगी।

देर नहीं है यहां, सब क्षणभंगुर है; मगर छाया तो उसी की है। माना कि झील में बना चांद जरा-से कंकड़ के गिरने से खो जाता है, मगर इससे भी क्या यह सिद्ध तो नहीं होता कि जो चांद झील में बन रहा है वह असली चांद की छवि नहीं है। झील में देखो चांद को और फिर तलाश में निकल जाओ असली चांद की। झील में देखो चांद को, फिर आकाश में खोजने लगो। संसार में देखो परमात्मा को, फिर आकाश में खोजने लगो। मगर संसार को छोड़कर भागने की कोई भी जरूरत नहीं है, झील को त्यागने की कोई भी जरूरत नहीं है। झील को जिसने त्याग दिया वह शायद आकाश की तरफ आंख भी न उठा पाये, कौन उसे याद दिलायेगा? कौन उसे बतायेगा कि आकाश में चांद निकला है? उसकी आंखें जमीन में गड़ी रहेंगी, और जमीन में प्रतिबिंब नहीं बनते, झील में प्रतिबिंब बनते हैं।

CamScanner

परमात्मा महाजीवन है। इसलिए तो वह अनंत रूपों में प्रगट हुआ। यह प्रगटीकरण किसी कारण से नहीं है। पक्षी सुबह गीत गाते हैं—अकारण। वृक्षों में फूल खिल जाते—अकारण। कभी तुम्हें भी लगता है कि तुम कुछ अकारण करते हो। जब तुम कुछ अकारण करते हो, तब तुम परमात्मा के निकटतम होते हो।

अष्टावक्र महागीता-भाग-3 प्र-7

ओशो

Osho wisdom

CS CamScanner

CamScanner


जीवन मे कोई उलझन है तो
बस इतनी सी ही है
हम यहाँ से जाने के लिये आये थे
FB_SHUNYASHIVA
और हम यहाँ रहने का इंतज़ाम करने लगे
जबकि हमको यहाँ रहना नहीं है,
कोई नहीं रहा...

CamScanner



CamScanner


ओशो
गुरू प्रताप
साध की
संगति
Osho Universal
गुरु को सदियों-सदियों से हमने
भगवान कहा है। कारण है उसका।
क्योंकि गुरु आखिरी पड़ाव है;
उसके बाद बस परमात्मा है।

CamScanner

पानी में स्वयं के प्रतिबिम्ब को
देखने की तीन शर्ते है:-
(१) पानी उबलता हुआ गर्म नहीं होना
चाहिए।
(२)पानी मलिन (मटमैला) नहीं होना
चाहिए।
(३)पानी में तरंगे नहीं होनी चाहिए !!
बस इसी प्रकार आत्मा में परमात्मा के
दर्शन करने हों तो :
मन में क्रोध नहीं होना चाहिए।
मन मलिन नहीं होना चाहिए, एवं
मन में तृष्णाओं की तरेंगे नहीं होनी
चाहिए !!

CamScanner



CS CamScanner

अंतर्यात्रा ही एकमात्र तीर्थयात्रा है, बाकी सब तीर्थ के धोखे हैं। भीतर जो गया, वही तीर्थ पहुंचा; बाहर जो भटके, उन्होंने ऐसे ही अपने मन को समझाया, खेल-खिलौनों में उलझे रहे।

- OSHO-(Life with Osho)

CamScanner

osho universal dhaval parmar

तुम सिर्फ साक्षी हो, वह तुम्हारा स्वरूप है। न तुम कर्ता हो—शरीर से कर्म होता है; न तुम विचारक हो—मन से विचार होते हैं; न तुम भावुक हो—हृदय से भावनाएं होती हैं; तुम साक्षी हो—भावों के, विचारों के, कृत्यों के। ये तुम्हारी तीन अभिव्यक्तियां हैं। और इन तीनों के बीच में तुम्हारा साक्षी है। उस साक्षी के सूत्र को पकड़ लो। साक्षी के सूत्र को पकड़ते ही संन्यास का फूल खिल जाता है। वह फूल ही मोक्ष है।

ओशो : क्रान्ति-सूत्र : साक्षी भाव

CamScanner

CamScanner


" अकेला मैं ही हूं भिन्न अन्यों से;
क्योंकि देता हूं मूल्य उस पोषण को,
जो मिलता है सीधा ही माता प्रकृति से। "
लाओत्से कहता है,
छोड़ता हूं अपने को मैं उसी पर, जिससे मैं पैदा
हुआ और जिसमें मैं कल खो जाऊंगा। मैं बीच में
बाधा क्यों दूं ? मैं क्यों कहूं कि मुझे मोक्ष चाहिए ?
जब मुझे अपने होने का पता नहीं, जब मैं अपने
को पैदा नहीं कर सकता, तो मैं अपने को मोक्ष
कैसे पहुंचा सकूंगा ?

CamScanner

जो बुद्ध के पास था, ठीक उतना ही लेकर तुम भी पैदा हुए हो। तुम्हारी वाणी में और बुद्ध की वाणी में रत्ती भर का फासला नहीं है। भला तुम्हारे तार ढीले हों, थोड़े कसने पड़े। या तुम्हारे तार थोड़े कसे हों, थोड़े ढीले करने पड़ें। या तुम्हारे तार वीणा से अलग पड़े हो और उन्हें वीणा पर बिठाना पड़े लेकिन तुम्हारे पास ठीक उतना ही सामान है, उतना ही साज है जितना बुद्ध के पास। अगर बुद्ध के जीवन में संगीत पैदा हो सका, तुम्हारे जीवन में भी हो सकेगा। इसी बात का नाम आस्था है।



ओशो 🌸,
एस धम्मो सनंतनो,
भाग -5

CamScanner

प्रत्येक व्यक्ति परमात्मा को अपने भीतर लिए बैठा है, थोड़े से पत्थर छाँटने हैं, थोड़ी छैनी उठानी है. उस छैनी उठाने का नाम ही साधना है. ओशो

CamScanner

मन दो चीजें जानता है, या तो क्रिया और या निद्रा। आप या तो उसे काम करने दो और या फिर वह नींद में चला जाएगा। ध्यान तीसरी दशा है। क्रिया न हो और निद्रा भी न हो, तब ध्यान फलित होगा।

~ ओशो

CamScanner

6:35 pm 93 KB/s 42%

Hor ki mangana main rab kolun, nit khair manga tere dam di
Baaj sajan lajpaal mere, main koji kede kam di
Pal pal maan javaani ve dhhola, ghadi vekhe na koi alam di,
Badr hamesha maula rakhin dhola tere nazar karam di
(Badr Muneer)

Suno saheliyon mariyon ni, meri kismat vich fatoore
Lokande dar yaar vase ek main kamali da doore
Din taan langda dhhaalam dhhaale, mainnu raat gamaande poore
Yaar Farid mera yaar milaade, naitaan sooli chadhhna manzoore
(Khwaja Ghulam Farid)

Nit khair manga soneya main teri
Dua na koi hor mangadi
Tere pairaan vich aakhir hove meri
Dua na koi hor mangadi

Kise da yaar na pardes jaave
Vichhoda na kise de pesh aave

Tere pyaar dita jadon da sahaara ve
Maiya bhul gaya mainnu jag saara ve
Khushi aiho mainnu sajna bathera

Tun milya te mil gayi khudaayi ve
Hath jod akhaan pain nahin judaai ve

CamScanner


कृष्ण जैसे व्यक्तित्व की फिर जरूरत है
जो कहे कि शुभ को भी लड़ना चाहिए
शुभ को भी तलवार हाथ में लेने की
हिम्मत रखनी चाहिए । निश्चित ही शुभ
जब हाथ में तलवार लेता है ,
तो किसी का अशुभ नहीं होता ।
अशुभ हो नहीं सकता ।
क्योंकि लड़ने के लिए
कोई लड़ाई नहीं है ।
लेकिन
अशुभ जीत न पाये ,
इसलिए लड़ाई है
OSHO
Soni Arts
कृष्ण स्मृति

CamScanner

Description

'Nit Khair Manga' sings Mukhtiyar Ali

5.1K	1,62,160	2022
Likes	Views	14 Apr

किसे दा यार ना परदेस जावे
विछोड़ा ना किसे दे पेश आवे

May no one's love leave for distant lands.
May no one suffer the pangs of parting.

Mukhtiyar Ali's spirited rendition of this Badar Muneer song embodies the Sufi spirit of imagining God as the beloved and romance as worship. In the realm of Sufi love, the earthly beloved intertwines with God, the sensual flows into the spiritual, and sentiments of selfless surrender jostle with a restless desire for union.

***

Find lyrics/translation of this song at:
http://ajabshahar.com/songs/details/2...
Discover a universe of Bhakti, Sufi, Baul poetry and music at

CamScanner

5:25 pm 85 KB/s VoLTE 4G 54%

Instagram

View all 19 comments

18 hours ago

atha.osho.quotes and osho_mania



Liked by **osho_mania** and **43 others**

atha.osho.quotes 👉 **Follow**: @atha.osho.quotes **for more astonishing OshO Hindi Quotes**.... more

View all 2 comments

CamScanner


5:25 pm
0 KB/s
4G
54%
Instagram
1.3m
849k
273k
Create a reel
shar.ma2026
मैं जिसे
कह न पाया
किसी से।
वह तू है!
56 likes
shar.ma2026 Sai...

CamScanner

5:20 pm 55%

Instagram

18 hours ago

osho__quotes

Buddha's Flute • Osho Dream



Liked by **osho_hindi_osho** and **6,523 others**

osho__quotes ❣️

View all 17 comments

1 day ago

CamScanner

5:14 pm 0 KB/s VoLTE 4G 57%

कहता है ले ही लो, मुझे, आ जाने दो मुझे भीतर। तुम्हारे संतोष में अपना घर बनाना चाहता है।

संतोष में ही तुम मंदिर होते हो और मंदिर का देवता द्वार पर दस्तक देता है, कि आ जाने दो। अब तुम राजी हो गए। अब तुम मंदिर हो, अब मैं आ जाऊं और विराजमान हो जाऊं। सिंहासन बन चुका, अब खाली रखने की कोई जरूरत नहीं है।

लेकिन तुम हो असंतोष की लपटों से भरे हुए। मंदिर तो है ही नहीं; तुम एक चिता हो, जो धू-धूकर जल रही है। परमात्मा आए तो कहां आए? तुम कहते हो: मैं परमात्मा को पाना चाहता हूं!

क्यों पाना चाहते हो? जरा कारणों में खोजो अजीब-अजीब कारण हैं। किसी की पत्नी मर गयी, वे परमात्मा की तलाश में लग गए। किसी का दिवाला निकल गया, मुंड़ मुड़ाए भये संन्यासी! अब दिवाला ही निकल गया है तो अब करना भी क्या है दुकान पर रहकर ! अब संन्यासी होने का ही मजा ले लो!

लोग जरा कारण तो देखें कि किसलिए परमात्मा को खोजने निकलते हैं! तुमने देखा जब तुम देख मग होते हो तब परमात्मा की याद करते हो। जब तुम सुख में होते हो, तब? बिलकुल भूल जाते हो।

मैं अपने संन्यासियों को कहना चाहता : जब तुम आनंदित होओ तब प्रार्थना करो। दुख को क्या उसके द्वार पर ले जाना। द्वार-दरवाजे बंद करके दुख को रो लेना; क्या परमात्मा के चरणों में चढ़ाना ! हां, जब आनंद उठे, मग्न भाव उठे, तो नाचना, तो पहन लेना पैरों में घूंघर, तो देना थाप मृदंग पर! उत्सव में उससे मिलन होगा, क्योंकि उत्सव में ही तुम अपनी पराकाष्ठा पर होते हो। उत्सव के क्षण में ही तुम्हारे भीतर के सारे द्वंद्व चले जाते हैं, तुम निद्वंद्व होते हो । उत्सव के क्षण में ही तुम्हारे भीतर दीया जलता है रोशनी होती है।

ओशो
अमी झरत बिसगत कंवल

CamScanner

5:11 pm 0 KB/s VoLTE 4G 57%

प्रचारक बामसेफ़

30m ·

प्राचीन काल में भारत विश्वगुरु था। विश्वगुरु कौन था ? किसने विश्व को शिक्षाएँ दी ? किस गुरु की प्रतिमाएँ विश्व भर में स्थापित हुईं ?

विश्वगुरु कौन था ? किसकी शिक्षाएँ विश्व भर में अनूदित हुईं ? किसे विश्व भर में शिक्षा देने के लिए बुलाया गया ? जाहिर है कि वे बौद्ध थे ।

गुणवर्मन, गुणभद्र, प्रज्ञारुचि, उपशून्य, ज्ञानभद्र, बुद्धभद्र, कमलशील, ज्ञानप्रभ, चित्रगुप्त जैसे हजारों बौद्ध विद्वान यूनान, तुर्की और मध्य एशिया से लेकर समूचे पूर्वी एशिया के देशों में शिक्षा देने के लिए बुलाए गए जिसमें एक भी बौद्धेतर विचारक शामिल नहीं हैं।

विश्वगुरु कौन था ?

बुद्ध और उनके बुद्धिज्म से दुनिया ने बहुत कुछ सीखा है।

अरब के मुल्कों ने बुद्धिज्म से ही अंक - प्रणाली सीखी है।

चीन ने मार्शल आर्ट सीखा है।

श्रीलंका ने शील सीखा है।

यूरोप ने कार्य - कारण सिद्धांत सीखा है।

जापान ने काताकाना और हिराकाना अक्षरमालाएँ बनाई हैं।

अमेरिका ने संघ - प्रणाली सीखी है।

बर्मा, स्याम, जावा, कंबोडिया आदि देशों ने संशोधित धम्म लिपि को अपनाया है।

नेपाल, तिब्बत, म्यांमार आदि पड़ोसी देशों ने अनेक पांडुलिपियाँ संरक्षित कर गुरु वाणी को बचाए रखा है।

CS CamScanner

5:09 pm 0 KB/s VoLTE 4G 58%

तालाब के किनारे, वे एकदम से उड़े। कोई दस पंद्रह बगुलों की सफेद कतार और पीछे एक काला बादल।
उस काले बादल मे से तीर की तरह उड़ गए वे सफेद बगुले एक क्षण में, जैसे बिजली कौंध गई। रामकृष्ण वही ठिठक गए, कुछ हुआ बेहोश होकर गिर गए। आसपास के किसान उन्हे घर उठाकर लाए किसी को समझ में ना आए की हुआ क्या। रामकृष्ण को भी समझ में ना आया। होश में आ गए, बात भूल गई। सबने यही कहा कि कुछ हो गया होगा। भूखा था, किसी ने कहा दिनभर का भूखा था, काम करता रहा खेत में, छोटा बच्चा है अभी, थक गया होगा, मूर्छा आ गई। जो कुछ ज्यादा होशियार थे, उन्होंने रामकृष्ण से पूछा होगा। रामकृष्ण ने कहा कि बगुलों की एक सफेद पंक्ति उड़ती हुई और पृष्ठभूमि में काला बादल, जैसे बिजली कौंध गई, कुछ हुआ मेरे भीतर! मुझे पता नहीं क्या हुआ। मगर अपूर्व आंनद हुआ! उस आंनद में मै गिर पड़ा। लोगों ने कहा होगा कि बच्चा है, अभी इसे क्या पता आंनद का।
कहा यहां आनंद और बगुलों की पंक्ति में क्या आनंद हो सकता है? उन्होंने भी बहुत बार बगुले उड़ते देखे। माना कि काले बादल की पृष्ठभूमि थी और सुंदर लगे होंगे सफेद बगुले उड़ते हुए, बड़े प्रखर लगे होंगे : जैसे काले बादल में बिजली कोंधी हो, ऐसा हुआ होगा, मगर फिर भी ऐसा क्या की आदमी मूर्च्छित हो जाए! छोटे बच्चा है।
और रामकृष्ण को तो कोई परमात्मा का अनुभव नहीं था, इसलिए यह तो कैसे कहें कि परमात्मा का अनुभव हुआ। इसका तो उपाय नहीं था। बात आई-गई, भूल गई। ऐसा रामकृष्ण को होता रहा कभी-कभी...। अर्थ तो पीछे खुला, जब पूरा परमात्मा मिला। अर्थ ही तब खुला। तब रामकृष्ण ने लौटकर देखा कि अरे! यह जो आज बरस रहा है आकाश से, इसी की बूंदें पड़ी थी। वे बूंदे इसी की थी। अब अनुभव हुआ। अब स्वाद आया, तो पुरानी स्मृतियां भी ताजा हो गई, तब सब सूत्रबध्द हो गया। तब रामकृष्ण ने कहा कि उस दिन जो सफेद बगुलों को उड़ते देखा था काले बादल के बीच, वह 'तू' ही उड़ा था। वे बगुले नहीं थे, वह काला बादल नही था, 'तु' ही उड़ा था। और मै ठिठक गया था, वह समाधि थी। मगर मैं अपरिचित, मै नासमझ, मै मूढ़, तुझे पहचान न पाया। तूने एक झलक दी थी, लेकिन मैं चूक गया।
तुम भी जिस दिन जागोगे और जानोगे, उस दिन हैरान होओगे कि बहुत बार ऐसा हुआ था।
ओशो ☘️❤️☘️ पद घुंघरू बांध--प्रवचन-06

CamScanner

4:32 pm 0 KB/s VoLTE 4G 63%

कर्मयोग कहता है: तुम गलत करते हो, ठीक करो तो पहुंच जाओगे।

ज्ञानयोग कहता है: तुम गलत जानते हो, ठीक जान लो, पहुंच जाओगे।

योगशास्त्र कहता है: तुम्हें विधियां पता नहीं हैं, मार्ग पता नहीं है। विधियां सीख लो, मार्ग सीख लो, तकनीक की बात है, पहुंच जाओगे।

भक्ति कहती है: तुम ही गलत हो। न ज्ञान से पहुंचोगे, न कर्म से पहुंचोगे, न योग से पहुंचोगे। तुम तुमसे छूट जाओ, तो पहुंचना हो जाएगा। तुम न बचो तो पहुंचना हो जाएगा।

प्रयास से मिलता ही नहीं। प्रयास से मिल जाए, वह भी कोई परमात्मा है? क्योंकि तुम्हारे प्रयास से जो मिलेगा, वह तुम्हारे प्रयास से छोटा होगा। प्रसाद से मिलता है!

इसलिए नारद अनूठी बात कहते हैं, बड़ी गहरी बात कहते हैं: "कर्म, ज्ञान और योग से भी श्रेष्ठतर है वह प्रेमरूपा भक्ति।'

कोई भक्ति का मुकाबला नहीं है। भक्ति कोई करने की बात नहीं है। शब्द से भ्रांति होती है, "भक्ति' से भी लगता है कि कुछ करना पड़ेगा, भक्ति में क्रिया है, कुछ करना; जैसे योग में कुछ करना, कर्म में कुछ करना, ज्ञान में कुछ करना, भक्ति में भी कुछ करना पड़ेगा। वहीं भूल हो जाती है।

भक्ति तो इस बात का अनुभव है कि मेरे किए कुछ होता ही नहीं। भक्ति तो अपने कृत्य की व्यर्थता का बोध है, पश्चात्ताप है। उस पश्चात्ताप में ही तुम गिर जाते हो, झुक जाते हो। ध्यान रखना, मैं नहीं कहता हूं कि तुम झुकते हो–झुक जाते हो!

क्या करोगे? कैसे खड़े रहोगे? जब सब किया अनकिया सिद्ध होता है, जब अपने पैर जहां भी ले जाते हैं, वहीं संसार मिलता है, और जब अपनी आंख जो भी दिखाती है वही पदार्थ सिद्ध होता है, और जिसकी भी तुम प्रार्थना करते हो वही प्रार्थना आखिर में कामना सिद्ध होती है, वासना सिद्ध होती है, तो फिर क्या करोगे? ठहर जाते हो! खड़े होने की

CamScanner

वास्तविकता की झलक

यदि आप गर्म चाय का कप हाथ में लिए खड़े हैं और कोई आपको धक्का दे देता है तो क्या होता है ? आपके कप से चाय छलक जाती है। अब आपसे कोई पूछे कि आपके कप से चाय क्यों छलकी ? आप का उत्तर होगा–कि अमुक ने मुझे धक्का दिया–इसलिये। जबकि वास्तविकता यह है कि आपके कप में चाय थी इसलिए छलकी। आपके कप से वही छलकेगा जो उसमें होगा Jai Shree Krishna ❤️

इसी तरह जब जीवन में हमें लोगों के व्यवहार से जब धक्के लगते हैं तो उस समय हमारी वास्तविकता ही छलकती है। आपका सच उस समय तक सामने नहीं आता जब तक आपको धक्का न लगे।

देखना ये है कि जब आपको धक्का लगा तो क्या छलकेगा–धैर्य, मौन, कृतज्ञता, स्वाभिमान, निश्चिंतता, मानवता, गरिमा या क्रोध, कड़वाहट, पागलपन, ईर्ष्या, द्वेष, या घृणा–यह निर्णय आपको करना है।

Jai Shree Krishna ❤️

CS CamScanner

मनुष्य का जो चेतन मन है, जो कांशस माइंड है, उसमें ही हममें से अधिक लोग जी कर समाप्त हो जाते हैं, इसलिए जीवन को नहीं जान पाते हैं। जीवन की जड़ें अनकांशस माइंड में, अचेतन मन में छिपी हैं। वह अदृश्य है, वह भूमि के नीचे है। वहीं से हमारा संबंध परमात्मा से, सत्य से, जीवन से है। वहीं से जड़ें पृथ्वी से जुड़ी हैं। जड़ों का संबंध ही जीवन से है। हमारे अचेतन मन में हमारी जड़ें हैं।

सत्य की जो खोज है या स्वयं की या प्रभु की, वह खोज खुद की जड़ों की खोज है। वह जो रूट्स हैं हमारे भीतर, उनकी खोज है। वे अंधेरे में छिपी हैं। और हम? हम वह जो छोटा सा कमरा है ऊपर जमीन के, वहां जहां रोशनी पड़ती है, वहीं जी लेते हैं और वहीं समाप्त हो जाते हैं।

यह जिस कमरे में थोड़ी रोशनी पड़ती है, यह जो चेतन मन है, यह जो कांशस माइंड है, यह समाज के द्वारा निर्मित होता है। शिक्षा के द्वारा, संस्कार के द्वारा। बचपन से हम इसे तैयार करते और बनाते हैं। और आज तक मनुष्य का यह जो कांशस माइंड है, यह जो चेतन मन है, यह बिना इस बात के खयाल के निर्मित किया गया है कि इसके नीचे दो मन और हैं। इसलिए अक्सर इस मन को जो बातें सिखाई जाती हैं, वे नीचे के मन के विरोध में पड़ जाती हैं, भिन्न हो जाती हैं। और तब इस ऊपर की मंजिल में और नीचे की मंजिलों में एक विरोध, एक खिंचाव, एक तनाव शुरू हो जाता है। आदमी खुद के भीतर डिवाइडेड हो जाता है, खुद के भीतर विभाजित हो जाता है।

चेतन मन में जो बातें सिखाई जाती हैं, वे अचेतन मन और अर्द्ध-चेतन मन के अगर समानांतर न हों, पैरेलल न हों, हारमनी में न हों, उनके साथ लयबद्ध न हों तो व्यक्तित्व खंडित हो जाता है। हम सबका व्यक्तित्व खंडित व्यक्तित्व है, डिसइंटीग्रेटेड। और है इसलिए कि हमारे चेतन मन को जो बातें सिखाई गई हैं, सिखाई जाती रही हैं, उनमें हमारे पूरे व्यक्तित्व का कोई ध्यान नहीं रखा गया है।

चेतन मन को कहा जाता है, क्रोध मत करो। बच्चा पैदा हुआ--हम उसे सिखाना शुरू करते हैं, क्रोध मत करो। उसके अचेतन मन में क्रोध मौजूद है। हम उसे सिखाते हैं, क्रोध मत करो। उसका ऊपर का मन

CamScanner

10:57 pm 0 KB/s 4G 23%

Prema Agrawal · 2h ·

मेरे पास कोई आये ...
तो मेरा स्वभाव है उसे प्रेम देना !
मै भूल जाता हूँ कि ......
मैं शरीर भी हूँ !
मेरे पास कम आये ....
मुझे पता नहीँ ....
शरीर पुरुष का भी है
स्त्री का भी है ...!
मैं अपने स्वभाव कों बदलू ...
ये मुश्किल है !
मेरे जैसे लोग हमेशा आचरण ...
बिगाड़ने वाले रहे .....
पुरुष आते है...तो कोई बात नहीँ
स्त्री आये तो झंझट हो जाती है ...!
तो स्त्री अगर कम उम्र की हो ...
तो बाप कों साथ लाना चाहिये !
थोड़ी ज्यादा उम्र हो तो ....
पति कों साथ लाना चहिये !
ज्यादा ही उम्र हो तो ....
बेटे कों साथ लाना चहिये !
अकेले बिल्कुल नहीँ आना चहिये मेरे पास !
क्यूकि मैं प्रेमपूर्ण ही हो सकता हूँ !
ये जो चीले आकाश मे उड़ती है ...
इनकी नज़र नीचे माँस के ...
लोथडो पर लगी रहती है ¡
मुझसे प्रेम सुगमता से हो जाता है !
प्रेम ही असली बात है !

भगवान श्री ....सदा हृदय मे धड़कते हो प्रेम से !

🙏

CamScanner

8:31 am 0 KB/s VoLTE 4G 100%

जिसको तुमने लोभ कहा है, वह तुम्हारी मूर्च्छा है। मूर्च्छा को तोड़ो। लोभ को छोड़ने की बात ही मत सोचना। क्योंकि तुम छोड़ोगे तभी, जब तुम्हें कुछ मिलने की आकांक्षा होगी। इसलिए छोड़ने की बात ही छोड़ दो। त्यागने की भाषा का उपयोग ही मत करना, क्योंकि वह भोगी की ही भाषा है। वह भोगी ही शीर्षासन कर रहा है अब। पहले पैर के बल खड़ा था, अब सिर के बल खड़ा हो गया—वह है भोगी ही। पहले गिनता था तिजोड़ी में कितने रुपए हैं, अब गिनती रखता है कि कितने त्यागे है। पहले गिनता था, अब भी गिनता है। गिनती में कोई फर्क नहीं पड़ा है। पहले सिक्के स्थूल थे, अब बड़े सूक्ष्म हो गए हैं।

तुम जाकर देखो तुम्हारे मंदिरों में बैठे हुए साधु—संन्यासियों को, हिसाब रखे बैठे हैं; डायरी भरते हैं, कितने उपवास किए; इस वर्ष कितने' उपवास किए। सिक्के कमा रहे हैं, बैंक बैलेंस इकट्ठा कर रहे हैं। ये परमात्मा के सामने जाकर अपनी पूरी फेहरिश्त रख देंगे कि देखो, इतने उपवास किए, इतनी प्रार्थना की, इतने व्रत—नियम लिए। यह लोभ ही है —नए ढंग पर खड़ा हो गया।

मैं तुमसे कहता हूं र लोभ को छोड़ने की बात ही मत करना। क्योंकि छोड़ते तो तुम तभी हो कुछ, जब पाने के लिए पहले इंतजाम कर लो। तुम पूछोगे, छोड़े किसलिए? चूंकि तुम पूछते हो, छोड़े किसलिए, कुछ जालसाज तुम्हें बताने मिल जाते हैं कि इसलिए छोड़ो कि स्वर्ग मिलेगा; इसलिए छोड़ो कि पुण्य मिलेगा; इसलिए छोड़ो कि आनंद मिलेगा, ब्रह्म मिलेगा, मोक्ष मिलेगा। छोड़ने के लिए तुम पूछते हो, किसलिए छोड़े? वे बताते हैं, इसलिए छोड़ो।

और जब तक इसलिए मन में है, तब तक लोभ है।

मूर्च्छा तोड़ो; लोभ को छोड़ो मत। लोभ को पड़ा रहने दो जहां है। तुम जागकर देखने की कोशिश करो। जैसे—जैसे तुम जागोगे, लोभ छोड़ना न पड़ेगा। लोभ ऐसे ही विदा हो जाता है, जैसे दीया जल जाए तो अंधेरा विदा हो जाता है।

कोई अंधेरे को छोड़ता है? दीया जलाकर फिर तुम क्या करते हो? अंधेरे को बाहर फेंकने जाते हो? दीया जलाकर फिर तम क्या करते हो? अंधेरे

CamScanner

